www.livehindustan.com

# हिन्दुस्तान

1936 सत्य · सार्थक · सदैव

भरोसा नए हिन्दुस्तान का

शनिवार
18 जुलाई 2026, नई दिल्ली

● पांच प्रदेश ● 23 संस्करण


राजनाथ सिंह बोले, आरएसएस 100 वर्षों से देश की सेवा कर रहा





GAURS
your own world

RERA NO.: UPRERAPRJ622344/11/2025
https://up-rera.in/projects
**COLLECTION ACCOUNT DETAILS:**
**NAME:** GAURSONS PROMOTERS PVT LTD
COLLECTION A/C FOR GAUR CHRYSALIS (Phase 1)
**PROJECT COLLECTION ACCOUNT NO.:** 9150397619
**BANK NAME:** KOTAK MAHINDRA BANK | **IFSC CODE:** KKBK0005028
**BANK ADDRESS:** FIRST FLOOR, SHOP NO. 104 & 105 & 106, HARSHA MALL, ALFA-1, COMM. BELT, GR. NOIDA | **LAUNCH DATE:** 04-11-2025

*Come, live life in all it's vibrancy*



# THEMED LUXURY RESIDENCES

NOW AT A BSP OF ₹ **8499***

3 BHK STARTING AT ₹1.32 CR.*

- Close to the Newly Proposed Metro Corridor*
- Connectivity with EPE, New Jewar–Faridabad Greenfield Expressway*
- Located in India's Most Promising Growth Corridor
- Proximity to Various Industrial Hubs & IT Parks*
- Close to Gaur Yamuna City & CBSE Affiliated Gaurs International School

All images used for representation purpose only | *T & C Apply

ANOTHER IDEA



MINUTES FROM NOIDA INTERNATIONAL AIRPORT

CALL FOR DETAILS ✆ **83739 44464**

Scan for Location

A PROJECT BY
GAURS GROUP

Corp. Office: Gaur Biz Park, Plot No. 1, Abhay Khand II, Indirapuram, Ghaziabad, (U.P.) 201014 India

Member of CREDAI

3 Decades of Unfaltering Commitment | 75+ Successfully Delivered Projects | 75,000+ Successfully Delivered Units | 3,00,000+ Happy Customers

www.livehindustan.com

# हिन्दुस्तान

1936 सत्य • सार्थक • सदैव

भरोसा नए हिन्दुस्तान का

शनिवार
18 जुलाई 2026, नई दिल्ली

वर्ष 91, अंक 170, 20 पेज, मूल्य ₹ 5.00, हिन्दुस्तान टाइम्स के साथ मूल्य ₹ 10.50 एवं एचटी एज के साथ मूल्य ₹ 6.25 • पांच प्रदेश • 23 संस्करण



बीसीसीआई ने कहा, रोहित शर्मा भारत के लिए खेलते रहेंगे P-16






**टिप्पणी: शीर्ष अदालत ने याचिका की सुनवाई के दौरान स्पष्ट किया**

# एसआईआर में नाम कटने से नागरिकता नहीं जाती

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शीर्ष अदालत ने शुक्रवार को कहा कि एसआईआर प्रक्रिया में नाम कटने की वजह से किसी की नागरिकता अपने आप खत्म नहीं होती। चुनाव आयोग नागरिकता से जुड़े मामलों पर कोई निर्णय नहीं ले सकता है। अदालत ने साफ किया कि एसआईआर से जुड़े बिहार के मामले में हमने ये पहले भी स्पष्ट किया था।

पश्चिम बंगाल में एसआईआर प्रक्रिया से जुड़ी जनहित याचिका को सुनवाई के लिए मंजूर करते हुए अदालत ने यह टिप्पणी की। सीजेआई सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्य बागची और वी. मोहना की पीठ के समक्ष पश्चिम बंगाल प्रदेश कांग्रेस कमेटी की एसआईआर समिति के अध्यक्ष प्रसेनजीत बोस की याचिका आई थी। अधिवक्ता नेहा राठी के जरिये दायर याचिका में एसआईआर के दौरान हटाए गए मतदाताओं द्वारा दायर दावों और आपत्तियों का विधानसभावार आंकड़ा सार्वजनिक करने की मांग की गई है।

**सरकारी योजनाओं से वंचित करने का मुद्दा उठाया:** याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल शंकर नारायण ने दावा किया कि मतदाता सूची से नाम हटने के बाद शिकायतों के अंतिम निस्तारण से पहले ही कई लोगों को सरकारी राशन और अन्य योजनाओं का लाभ, जाति प्रमाणपत्र जैसे नागरिक अधिकारों से वंचित किया जा रहा है। इस पर जस्टिस बागची ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने बिहार एसआईआर प्रक्रिया से जुड़े निर्णय में भी इस मुद्दे पर बात की है। उन्होंने कहा, 'बिहार मामले में दिए गए फैसले में हमने साफ किया है कि चुनाव आयोग मतदान से जुड़े अधिकारों पर निर्णय लेने के तुरंत बाद नागरिकता पर फैसला नहीं ले सकता। चुनाव आयोग की यह जिम्मेदारी है कि वह नागरिकता कानून के तहत फैसले के लिए मामले को संबंधित मंत्रालय को भेजे।'

शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया कि आयोग के अधिकार क्षेत्र में सिर्फ मतदाता सूचियों का नियंत्रण और निगरानी है। पीठ ने इस नई याचिका को पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी सहित एसआईआर से संबंधित अन्य लंबित याचिकाओं के साथ 25 अगस्त को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने पर सहमति जताई।

सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल में एसआईआर प्रक्रिया के दौरान मतदाता सूची से हटाए गए लोगों द्वारा दाखिल दावों और आपत्तियों का विधानसभा क्षेत्रवार आंकड़ा सार्वजनिक करने के अनुरोध वाली जनहित याचिका पर शुक्रवार को निर्वाचन आयोग, पश्चिम बंगाल सरकार और राज्य निर्वाचन आयोग से जवाब मांगा।

### पश्चिम बंगाल में 33 लाख अपील अब भी लंबित

अधिवक्ता नारायण ने कहा कि राज्य में 33.5 लाख अपीलें अब भी लंबित हैं। जिन मामलों का निपटारा हुआ है, उनमें 70 प्रतिशत दावे स्वीकार किए गए हैं। याचिका में कहा गया है कि राज्य में 58 लाख से अधिक वोटरों के नाम हटा दिए गए थे। 60 लाख से अधिक 'तार्किक विसंगति' वाले मामलों की पहचान करने के लिए अपनाई गई प्रक्रिया पर भी चिंता जताई गई है।

### एसओपी को बांग्ला भाषा में जारी करने की मांग

याचिकाकर्ता का कहना है कि तीन सदस्यीय न्यायिक समिति ने सात अप्रैल को एक एसओपी जारी की थी, लेकिन इसे भी सार्वजनिक नहीं किया गया है। याचिका में एसओपी को प्रकाशित करने और बांग्ला, हिन्दी और अंग्रेजी में आसान अपील गाइडलाइंस तैयार करने के निर्देश देने की मांग की गई है, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग इसमें शामिल हो सकें और प्रक्रिया तक उनकी पहुंच हो।



### याचिका में जानकारियां सार्वजनिक करने की मांग

याचिका में फॉर्म छह, सात की संख्या (दायर, स्वीकृत और अस्वीकृत) और अपीलीय न्यायाधिकरण के सामने अपील लंबित रहने पर निस्तारण से जुड़ी जानकारी सार्वजनिक करने की मांग की गई है। अधिवक्ता गोपाल शंकर नारायण ने कहा कि हटाए गए मतदाताओं के दावों-आपत्तियों के निस्तारण के लिए 18 न्यायाधिकरण जिस तरह काम कर रहे हैं, उससे कथित तौर पर देरी हो रही है। चुनाव आयोग ने निर्वाचन क्षेत्रों के हिसाब से यह डेटा जारी नहीं किया है कि कितने आवेदन मिले, कितने स्वीकार किए गए और कितने खारिज किए गए, जिससे इस प्रक्रिया की सार्वजनिक जांच सीमित हो गई है।

### नागरिकता पर निर्णय नहीं ले सकता चुनाव आयोग

शीर्ष अदालत ने शुक्रवार को स्पष्ट किया कि चुनाव आयोग नागरिकता से जुड़े मामलों पर कोई निर्णय नहीं ले सकता है। सीजेआई सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि आयोग नागरिकता तय करने वाला कोई संवैधानिक प्राधिकरण नहीं है।

### अपने नाम से डॉक्टर हटा दें : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को गाजियाबाद के दो अस्पतालों के प्रबंधनों और चिकित्सकों को कड़ी फटकार लगाई। सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि आप अपनी ड्यूटी नहीं निभाते हैं तो आपको डॉक्टर कहलाने का हक नहीं है। कोर्ट ने बच्ची से दुष्कर्म और हत्या के मामले में यह टिप्पणी की। कोर्ट ने अस्पतालों को पीड़ित परिवार को मुआवजा देने का निर्देश दिया। याचिका में कहा गया कि मार्च में घटना के बाद बच्ची को खजान सिंह मानवी हेल्थ केयर और सेंट जोसेफ (मरियम) हॉस्पिटल में भर्ती करने से इनकार कर दिया था।

# पहली स्वदेशी हाइड्रोजन ट्रेन पटरी पर दौड़ी

**उपलब्धि**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को भारत की पहली हाइड्रोजन चालित ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। मोदी ने इस ट्रेन को मेक इन इंडिया का सफल उदाहरण बताया। उन्होंने कहा कि यह दुनिया की सबसे लंबी, शक्तिशाली हाइड्रोजन से चलने वाली ट्रेन है।

> विकास नहीं रुका P09



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को जींद रेलवे स्टेशन पर देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। • प्रेट्र

## अनुराग बने दिल्ली पुलिस कमिश्नर

**नई दिल्ली, प्र.सं.।** भारतीय पुलिस सेवा के 1994 बैच के अधिकारी अनुराग कुमार को दिल्ली पुलिस का नया आयुक्त नियुक्त किया गया है। शुक्रवार को आदेश आने के बाद अनुराग कुमार ने पुलिस मुख्यालय पहुंचकर पदभार ग्रहण किया। उन्होंने सतीश गोलचा की जगह ली। > P04



**प्रमुख पांच**

### भारत पर 100% टैरिफ लगाने वाला बिल अमेरिकी संसद में पेश

1 भारत समेत चार देशों पर रूसी तेल खरीद पर 100% टैरिफ लगाने वाला बिल गुरुवार को 60 सांसदों के समर्थन से अमेरिकी संसद में पेश किया गया। इसमें चीन, स्लोवाकिया, हंगरी, अजरबैजान का भी नाम है। P15

### ब्रिटेन के नए पीएम होंगे एंडी बर्नहम

2 ब्रिटेन में शुक्रवार को सत्ताधारी लेबर पार्टी ने एंडी बर्नहम को अपना नया नेता चुन लिया। P15

### एप्पल दुनिया की सबसे मूल्यवान कंपनी बनी

3 आईफोन निर्माता कंपनी एप्पल एनवीडिया को पीछे छोड़कर दुनिया की सबसे मूल्यवान कंपनी बनी। P13

### गिग वर्कर को भविष्य निधि

4 जल्द फ्रीलांसर, गिग वर्कर्स जैसे अस्थायी कर्मचारियों को भी पीएफ की सुविधा देगा। P13

### बहस से न भागें विरोधी नेता

5 संसद का मानसून सत्र शुरू होने से पूर्व विपक्ष की मंशा रचनात्मक बहस की जगह आक्रामकता की लग रही है। ऐसा पहली बार कांग्रेस और उसके सहयोगी नहीं कर रहे हैं।

राकेश सिन्हा P10






## 20 तक जिंदा रहना चाहता हूं : वांगचुक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सोनम वांगचुक ने शुक्रवार को कहा कि वह किसी भी कीमत पर 20 जुलाई तक जीवित रहेंगे। सोनम 20 दिनों से भूख-हड़ताल पर हैं। डॉक्टरों ने चेतावनी दी है कि उनका उपवास अब गंभीर स्थिति में पहुंच गया है। > वांगचुक का अनशन P03

**न हन्यते**

## महान क्रिकेटर सर गैरी सोबर्स नहीं रहे

**ब्रिजटाउन, एजेंसी।** वेस्टइंडीज के पूर्व कप्तान और बेहतरीन ऑलराउंडरों में से एक सर गारफील्ड सोबर्स (गैरी सोबर्स) का शुक्रवार को 89 वर्ष की उम्र में निधन हो गया।



1936 में जन्मे गैरी का 28 जुलाई को 90वां जन्मदिन होता। सोबर्स ने मार्च 1954 से अप्रैल 1974 के बीच 93 टेस्ट खेले और 57.78 की औसत से 8,032 रन बनाए, जिसमें 26 शतक और 30 अर्धशतक शामिल थे। बाएं हाथ के मध्यम गति के गेंदबाज सोबर्स ने टेस्ट में 235 विकेट लिए। उन्होंने सिर्फ एक वनडे खेला, जिसमें एक विकेट लिया। > सबसे मुकम्मल खिलाड़ी P16

## अमेरिकी हमले में चाबहार बंदरगाह का टावर ढहा

- भारत ने कहा, बंदरगाह के टर्मिनल को क्षति नहीं
- ईरान पर अमेरिकी हमले में पुल और एयरपोर्ट तबाह

**नई दिल्ली/दुबई, एजेंसी।** अमेरिका ने शुक्रवार को लगातार छठी रात ईरान पर हवाई हमले किए, जिनमें भारत के सहयोग से संचालित चाबहार बंदरगाह का कंट्रोल टावर क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि, भारत ने स्पष्ट किया कि चाबहार बंदरगाह के शाहिद बेहेश्ती टर्मिनल, जिसका संचालन भारत करता है, उसे कोई नुकसान नहीं पहुंचा है।

अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने शुक्रवार को निगरानी टावर के ढहने की तस्वीर एक्स पर साझा की। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रंधीर जैसवाल ने कहा कि चाबहार बंदरगाह पर हमले की कुछ सूचना सामने आई हैं, लेकिन टर्मिनल को कोई नुकसान नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि हमने इस संबंध में कुछ खबरें देखी हैं, लेकिन हम आपको यह भी बता सकते हैं कि टर्मिनल को कोई नुकसान नहीं हुआ। चाबहार बंदरगाह में दो टर्मिनल शाहिद बेहेश्ती और शाहिद कलंतरी हैं।

भारत बेहेश्ती का संचालन कर रहा है। उन्होंने पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष को लेकर भारत का रुख दोहराते हुए कहा कि किसी भी परिस्थिति में नागरिक बुनियादी ढांचे को निशाना नहीं बनाया जाना चाहिए। मालूम हो कि अमेरिकी हमले में शुक्रवार को ईरान के कई पुलों और एक एयरपोर्ट को नुकसान पहुंचा है।

**कुछ अलग** | 10 और 20 रुपये के छोटे नोट से होगी शुरुआत, ट्रायल सफल रहा तो पॉलीमर के बड़े नोट भी आएंगे

# जल्द जेब में हो सकते हैं प्लास्टिक के नोट

**नई दिल्ली, विशेष संवाददाता।** देश में जल्द प्लास्टिक के नोटों की शुरुआत होने जा रही है। पहले 10 और 20 रुपये के छोटे नोट से ट्रायल किया जाएगा, उसके बाद बड़े पॉलिमर नोट चलन में लाए जाएंगे।

भारतीय रिजर्व बैंक ने पॉलिमर नोटों की छपाई की दिशा में काम शुरू कर दिया है। इसके लिए सुरक्षा विशेषताओं से युक्त पॉलिमर शीटों के निर्माण एवं आपूर्ति हेतु वैश्विक टेंडर आमंत्रित किया गया है। पॉलिमर सामग्री में कई आधुनिक सुरक्षा फीचर होंगे, जिनमें पारदर्शी विंडो पर चित्र, धातु वाला अंक, चुंबकीय सुरक्षा धागा, शैडो इमेज और इरिडिसेंट पैटर्न शामिल हैं। कागज के 10 और 20 के मौजूदा नोटों का जीवन चक्र काफी छोटा होता है। बड़ी संख्या में नोट प्रिंटिंग के बाद एक वर्ष में खराब होकर दोबारा मुद्रण के लिए आते हैं।

यदि पॉलिमर नोटों का ट्रायल सफल रहता है तो भविष्य में कई अन्य मूल्यवर्ग के नोटों के लिए भी बड़े स्तर पर खरीद की जाएगी। आरबीआई से जुड़े सूत्रों का कहना है कि अगले तीन से छह महीने में पॉलिमर नोट की शुरुआत होगी। उसके बाद एक साल तक ट्रायल चलेगा।

### नोटों की छपाई को लेकर कड़े नियम तय किए गए

- बोली लगाने वाली कंपनियों का चीन या पाकिस्तान से कारोबार भारत से जुड़े काम से अलग हो।
- कंपनी चीन और पाकिस्तान से कच्चा माल नहीं खरीद सकतीं
- भारत से सीमा साझा करने वाले देशों की कंपनियों के लिए उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग से मंजूरी लेना अनिवार्य



एआई तस्वीर

### 60 देशों में इस्तेमाल

दुनिया के करीब 60 देशों में प्लास्टिक नोट इस्तेमाल किए जा रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया ने सबसे पहले शुरुआत की थी। इसके बाद कनाडा, ब्रिटेन, सिंगापुर, न्यूजीलैंड जैसे कई देशों ने भी इन्हें अपनाया। हालांकि, भारत में इससे पहले भी ऐसा प्रयास हो चुका है।

### नकल करना मुश्किल

प्लास्टिक नोटों में सुरक्षा के ज्यादा मजबूत इंतजाम किए जा सकते हैं। इनकी नकल बनाना आसान नहीं होगा। इससे फर्जी नोटों की समस्या पर भी काफी हद तक रोक लग सकती है।







# सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः



**माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ, गुणवत्तापूर्ण और आधुनिक बनाने की दिशा में लगातार कार्य कर रही है। मेडिकल शिक्षा के विस्तार, आधुनिक अस्पतालों की स्थापना, आयुष सेवाओं के सुदृढ़ीकरण, नर्सिंग एवं पैरामेडिकल शिक्षा के विकास, टेलीमेडिसिन और अत्याधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं के माध्यम से प्रदेश में एक मजबूत स्वास्थ्य तंत्र विकसित किया जा रहा है।**

## मेडिकल शिक्षा का विस्तार

46 राजकीय मेडिकल कॉलेज, 02 ई.एस.आई. और 36 निजी मेडिकल कॉलेजों सहित 84 मेडिकल कॉलेज संचालित।

60 जनपद मेडिकल कॉलेज से आच्छादित।

16 असेवित जिलों में मेडिकल कॉलेज स्थापना के लिए पीपीपी मोड की नीति।

लखनऊ में अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय तथा गोरखपुर एवं रायबरेली में एम्स संचालित।

वर्तमान में सरकारी क्षेत्र में 5,700 से अधिक एम.बी.बी.एस. सीट तथा निजी क्षेत्र में 7,900 से अधिक एम.बी.बी.एस. सीट उपलब्ध।

पीपीपी मोड के तीन नये मेडिकल कॉलेजों में 350 सीटें उपलब्ध। सुपर स्पेशियलिटी की कुल 305 सीट उपलब्ध।

सरकारी क्षेत्र में एम.डी./एम.एस./डिप्लोमा सीटों की संख्या 900 से बढ़कर 1,871 हो गयी।

निजी क्षेत्र में कुल 4,995 पी.जी. सीटें।

## आधुनिक चिकित्सा एवं सुपर स्पेशियलिटी स्वास्थ्य सेवाएं

एसजीपीजीआई में डायबिटीज सेंटर की स्थापना तथा 500 बेडेड एडवांस पीडियाट्रिक सेंटर।

डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ में किडनी, लीवर, बोनमैरो ट्रांसप्लांट एवं एडवांस न्यूरो साइंसेज सेंटर का कार्य पूर्ण।

एसजीपीजीआई में क्वाटरनरी हेल्थ केयर सेंटर की स्थापना की प्रक्रिया गतिमान।

डायबिटीज एवं रेनल संबंधी रोगों का एक छत के नीचे इलाज संभव।

कल्याण सिंह सुपर स्पेशियलिटी कैंसर इंस्टिट्यूट, लखनऊ में सेंटर फॉर एडवांस मॉलिक्यूलर डायग्नोस्टिक्स एण्ड रिसर्च फॉर कैंसर स्थापित।





## आयुष सेवाओं का सुदृढ़ीकरण

वर्तमान में 2,111 आयुर्वेदिक, 254 यूनानी एवं 1,585 से अधिक होम्योपैथिक चिकित्सालय संचालित।

08 आयुर्वेदिक कॉलेज एवं उनसे सम्बद्ध चिकित्सालय, 02 यूनानी कॉलेज एवं उनसे सम्बद्ध चिकित्सालय तथा 09 होम्योपैथिक कॉलेज एवं उनसे सम्बद्ध चिकित्सालय संचालित।

आयुर्वेदिक एवं यूनानी चिकित्सालयों में प्रमाणित एवं गुणकारी औषधियों की आपूर्ति हेतु राजकीय औषधि निर्माणशालाएं लखनऊ एवं पीलीभीत में संचालित।

अयोध्या में राजकीय आयुर्वेदिक महाविद्यालय तथा वाराणसी में राजकीय होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज की स्थापना।

16 जनपदों में 50 शैय्या एकीकृत आयुष चिकित्सालय संचालित।

वर्ष 2024-25 में लगभग 6 लाख 70 हजार मरीज लाभान्वित।

प्रदेश में आयुष बोर्ड के गठन का निर्णय।

## राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट संस्थान

केजीएमयू ने वर्ष 2025 में एनआईआरएफ रैंकिंग में चिकित्सा विश्वविद्यालय की श्रेणी में 8वां, डेंटल की श्रेणी में 7वां स्थान तथा नैक रैंकिंग में A++ की सर्वोत्तम ग्रेडिंग प्राप्त की।

एसजीपीजीआई, लखनऊ ने वर्ष 2025 में एनआईआरएफ रैंकिंग में 05वां स्थान तथा NAAC रैंकिंग में A++ की सर्वोत्तम ग्रेडिंग प्राप्त की।

## नर्सिंग एवं पैरामेडिकल शिक्षा को बढ़ावा

31 से अधिक नर्सिंग कॉलेजों का निर्माण कार्य जारी।

मिशन निरामयाः के अन्तर्गत नर्सिंग व पैरामेडिकल संस्थाओं की गुणवत्ता सुधार हेतु अनेक कार्यक्रमों का संचालन।

नर्सिंग में 7,000 सीट तथा पैरामेडिकल में 2,000 सीटों की वृद्धि। बंद पड़े 35 एएनएम प्रशिक्षण केंद्रों को पुनः शुरू किया गया।

## आपातकालीन एवं समग्र स्वास्थ्य अवसंरचना

अयोध्या, फिरोजाबाद, हरदोई, चंदौली और देवरिया के मेडिकल कॉलेजों में लेवल-2 ट्रॉमा सेंटर पहले से संचालित।

अन्य मेडिकल कॉलेजों में भी ट्रॉमा सेंटर बनाने का निर्णय।

राष्ट्रीय वन हेल्थ मिशन के अनुरूप राज्य वन हेल्थ मिशन की स्थापना की जा रही है।

प्रदेश में मेडटेक सेक्टर को बढ़ावा देने के लिए सरकार निवेश और नवाचार को प्रोत्साहन।

## डिजिटल हेल्थ एवं टेलीमेडिसिन

एसजीपीजीआई, लखनऊ द्वारा टेलीकन्सल्टिंग एवं टेलीरियोलॉजी के माध्यम से उत्तराखण्ड, रोहतक (हरियाणा), उड़ीसा एवं क्रिश्चियन मेडिकल कॉलेज, वेल्लोर को परामर्श/सहायता।

टेलीआईसीयू के माध्यम से संस्थान को 6 मेडिकल कॉलेजों से जोड़ा गया।

**काम दमदार - डबल इंजन सरकार**

हिन्दुस्तान मीडिया मार्केटिंग इनिशिएटिव

# शकूरपुर से मुख्यमंत्री ने 45 जन आरोग्य मंदिरों का शुभारंभ किया

अच्छी खबर

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** राजधानी में सबको घर के पास ही बेहतर इलाज की सुविधा उपलब्ध करना हमारा मकसद है। शुक्रवार को शकूरपुर से मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने 45 नए आयुष्मान जन आरोग्य मंदिरों का शुभारंभ किया।

दिल्ली में आयुष्मान आरोग्य मंदिरों की संख्या बढ़कर 415 हो गई है। इन आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के माध्यम से दिल्ली के लोगों को घर के पास गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं मिल रही हैं। राजधानी में 1100 से अधिक आयुष्मान जन आरोग्य मंदिर शुरू करने का लक्ष्य भी जल्द पूरा होगा।

उन्होंने कहा कि लोगों को समय पर बेहतर उपचार उपलब्ध हो। आयुष्मान जन आरोग्य मंदिरों में सामान्य ओपीडी, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाएं, नियमित टीकाकरण, गैर-संचारी रोगों की निशुल्क जांच, आवश्यक दवाइयां और करीब 80 प्रकार की निशुल्क जांच सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

इसके अलावा इन केंद्रों में बीमारियों की रोकथाम के लिए स्क्रीनिंग के जरिये शुरुआती चरण में उनकी पहचान, समय पर उपचार और स्वास्थ्य जागरूकता पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। लोगों से नियमित स्वास्थ्य जांच कराने, संतुलित जीवनशैली अपनाने, योग और व्यायाम को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने की अपील भी की।

दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने भी मदनपुर डबास में एक आयुष्मान जन आरोग्य मंदिर का शुभारंभ किया। उन्होंने इस स्वास्थ्य सेवा के लिए अहम कदम बताया।

**त्रिनगर में 14 करोड़ की परियोजनाएं शुरू :** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने त्रिनगर में 14.25 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का शुभारंभ किया। इसमें नेताजी सुभाष प्लेस की पांच सड़कें, सम्राट एन्क्लेव मार्केट, गुर्जर, सैनी चौपाल और शकूरपुर श्मशान का विकास शामिल है। पीडब्ल्यूडी की 6.25 करोड़ रुपये की आठ प्रमुख सड़कों का लोकार्पण किया।

**बारिश से फसल नुकसान वालों को मदद मिलेगी :** दिल्ली सरकार भारी बारिश से फसल नुकसान झेलने वाले किसानों को 33.31 करोड़ रुपये की सहायता राशि अगले माह वितरित करेगी। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि वर्ष 2025 में अगस्त-सितंबर की बारिश से प्रभावित किसानों को 75,000 रुपये प्रति हेक्टेयर की दर से मुआवजा सीधे खाते में भेजा जाएगा।



नई दिल्ली के शकूरपुर स्थित इंदिरा गांधी पॉलीक्लीनिक में नए आयुष्मान जन आरोग्य मंदिरों के शुभारंभ करने के दौरान मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और अन्य। • हिन्दुस्तान

**1100** से अधिक आयुष्मान जन आरोग्य मंदिर शुरू करने का लक्ष्य जल्द होगा पूरा

**415** हुई जन आरोग्य मंदिरों की संख्या दिल्ली में 45 नए शुरू होने के साथ

### राजधानी में 24 नई अटल कैंटीन अगले महीने खुलेंगी

दिल्ली सरकार अगले महीने 24 नई अटल कैंटीन शुरू करने जा रही है, जिसके बाद शहर में इनकी संख्या 94 हो जाएगी। इस योजना में अन्य राज्यों की भी रुचि बढ़ रही है। पटना, लेह-लद्दाख और हरियाणा के अधिकारियों ने दिल्ली आकर कैंटीनों की व्यवस्था और संचालन की जानकारी ली है। अटल कैंटीन में लोगों को 5 रुपये में भोजन मिलता है, जबकि सरकार प्रति प्लेट 25 रुपये सब्सिडी देती है। यहां रोटी, चावल, दाल और सब्जियों वाला शाकाहारी भोजन उपलब्ध कराया जाता है।




कांग्रेस नेता पवन खेड़ा समेत कई दिग्गज जलवायु कार्यकर्ता से मिले और अनशन तोड़ने की अपील की

# वांगचुक का वजन घटा पर समर्थन बढ़ा



वांगचुक का अनशन (20वां दिन)

**नई दिल्ली, वरिष्ठ संवाददाता।** जंतर-मंतर पर चल रहे कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के प्रदर्शन में युवाओं और छात्रों की संख्या बढ़ने लगी है। दोपहर बाद ज्यादा लोगों की भीड़ जुट रही है। इस दौरान युवाओं की टोलियां व्यंगात्मक गीत गा रही हैं तो कोई पुस्तक पढ़ रहा है।

शुक्रवार को जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की भूख हड़ताल का 20वां दिन रहा। चिकित्सक टीम ने उनका लगातार वजन घटने और डिहाइड्रेशन की जानकारी दी। डॉक्टरों ने बताया कि उनकी शारीरिक हालत और खराब हो गई है। वे लगातार निगरानी में हैं। पिछले 24 घंटों में वांगचुक का वजन 350 ग्राम और कम हो गया, जिससे उनका कुल वजन लगभग 9.5 किलोग्राम कम हो गया है।

रक्तचाप 108/68 एमएमएचजी, रक्त शर्करा 80 एमजी/डीएल, पल्स रेट 72 प्रति मिनट और ऑक्सीजन संतृप्तता 96 प्रतिशत दर्ज की गई। इस दौरान उनकी पत्नी गीतांजलि जे. आंगमो भी उनसे मिलने पहुंची।

वहीं, कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने भी वांगचुक से मुलाकात कर अनशन समाप्त करने की अपील की। खेड़ा ने आंदोलन के प्रति एकजुटता जताते हुए कहा कि छात्रों की चिंताओं को गंभीरता और प्राथमिकता के साथ सुना जाना चाहिए।

प्रदर्शन में दिव्यांग छात्र भी समर्थन देने पहुंच रहे हैं। नजफगढ़ से व्हील चेयर से आए शैलेश कुमार ने बताया कि यह भविष्य की लड़ाई है। बस मन में एक ही जज्बा लेकर यहां आए हैं कि आने वाली किसी भी प्रतियोगिता परीक्षा में अनियमितताएं न हों। प्रदर्शन में शामिल होने के लिए कई लोग नौकरी से छुट्टी लेकर भी पहुंच रहे हैं। सीजेपी ने केंद्र सरकार से अपील की है कि वह प्रदर्शनकारियों से बातचीत करे और परीक्षा सुधारों की मांगों पर ध्यान दे। प्रदर्शन में शामिल होने कई लोग नौकरी से छुट्टी लेकर भी पहुंच रहे हैं।

**...तो भूत बनकर आऊंगा :** वांगचुक ने कहा कि मैं बाहर से कमजोर हूं, लेकिन अंदर से मजबूत हूं। मुझे यकीन है कि आप सभी अंदर और बाहर, दोनों तरह से मजबूत हैं। हमें 20 जुलाई के लिए इस ऊर्जा की जरूरत है, जब हम संसद तक शांतिपूर्ण मार्च निकालेंगे। हम सब मिलकर लोकतंत्र के मंदिर में अपनी बात रखेंगे। उन्होंने हल्के-फुल्के अंदाज में कहा कि मैं किसी भी हाल में 20 जुलाई तक जिंदा रहूंगा। अगर आप नहीं आए और 20 जुलाई का प्रदर्शन सफल नहीं हुआ, तो मैं भूत बनकर वापस आऊंगा।

**अनशन खत्म करने की अपील:** शिक्षाविदों, फिल्म निर्माताओं और अन्य क्षेत्र के 60 से अधिक दिग्गजों ने भूख हड़ताल खत्म करने की अपील की। इनमें नोबेल पुरस्कार विजेता अभिजीत बनर्जी, अमिताव घोष, अरुंधति रॉय, किरण देसाई शामिल हैं।



जंतर-मंतर पर शुक्रवार को अनशन पर बैठे सोनम वांगचुक से उनसे मिलने पहुंचीं पत्नी गीतांजलि जे. आंगमो। • सोनू मेहता

**20** जुलाई को जंतर-मंतर पर निगरानी मामले की हाईकोर्ट में सुनवाई

**24** घंटे के दौरान 350 ग्राम वजन कम हुआ, कुल 9.5 किलो घटा

### सुरक्षा बढ़ाई गई

प्रदर्शनस्थल पर युवाओं की अधिक संख्या को देखते हुए पुलिस सुरक्षा बढ़ा दी गई है। बिना पुलिस जांच के किसी को भी जाने नहीं दिया जा रहा है। शुक्रवार को काफी संख्या में पुलिस बल के साथ अर्ध सैनिक बल की तैनाती देखने को मिली।

### कांग्रेस, आप और राजद ने की आलोचना

कांग्रेस, राजद और आम आदमी पार्टी (आप) ने बयान को लेकर आमिर खान की आलोचना की है। विपक्षी दलों का आरोप है कि अभिनेता सरकार के डर से वे कोई स्टैंड नहीं लेना चाहते हैं। राजद के राज्यसभा सांसद मनोज झा ने उनके स्पष्टीकरण पर सवाल उठाते हुए कहा कि उन्हें यह बात कहने में कितने साल लग गए। अब तक तो सब यही जानते थे कि यह फिल्म वांगचुक के जीवन पर आधारित है। आप के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने भी अभिनेता की आलोचना की। वहीं, कांग्रेस नेता हुसैन दलवई बोले, मैं बतौर अभिनेता-निर्माता के तौर पर आमिर का सम्मान करता हूं, लेकिन डरने की क्या बात है।

## 'वांगचुक पर आधारित नहीं थी थ्री इडियट्स'

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अभिनेता आमिर खान ने कहा कि फिल्म 'थ्री इडियट्स' में उनका किरदार सोनम वांगचुक पर आधारित नहीं था। उन्होंने इसे गलत धारणा बताया। साथ ही, वांगचुक के स्वास्थ्य को लेकर चिंता जताई और अनशन समाप्त करने की अपील की।

अभिनेता ने लंदन इंडियन फिल्म फेस्टिवल के एक सत्र में वांगचुक के अनशन को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में यह बात कही, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। आमिर खान ने कहा कि फिल्म बनाने के दौरान न तो उन्हें और न ही फिल्म के लेखकों को वांगचुक के बारे में जानकारी थी। उन्होंने कहा कि जब हम फिल्म '3 इडियट्स' बना रहे थे, तब न तो फिल्म के निर्देशक राजकुमार हिरानी और न ही लेखक अभिजात और न ही मुझे वांगचुक के बारे में पता था।

**उनकी सराहना के लिए फिल्म की जरूरत नहीं :** आमिर खान ने कहा कि वांगचुक जो काम कर रहे हैं, वह किसी भी स्थिति में अच्छा काम है। उनके काम की सराहना करने के लिए यह जरूरी नहीं है कि वह 'थ्री इडियट्स' के किरदार पर आधारित हों। उन्होंने हाल ही में आए फिल्म अभिनेता ओमी वैद्य के वीडियो को भी गलत बताया।



आमिर खान ने अनशन समाप्त करने की भी अपील की

### टेक्स एक्सपो में 30 से ज्यादा करार

**नई दिल्ली, प्रसं।** भारत मंडपम में आयोजित तीन दिन के भारत टेक्सटाइल एक्सपो में देश-विदेश से आए उद्योग जगत के प्रतिनिधियों, खरीदारों, निवेशकों, नीति-निर्माताओं और विशेषज्ञों की भागीदारी रही।

एक्सपो में विभिन्न राज्यों की ओर से कपड़ा क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा देने के लिए 30 से अधिक समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इसके माध्यम से करीब 14,300 करोड़ के कपड़ा निवेश प्रतिबद्धताओं को बढ़ावा देने का दावा किया गया है।

### आइसा कार्यकर्ताओं की हालत बिगड़ी

**नई दिल्ली।** प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं के विरोध में जंतर-मंतर पर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल कर रहे तीन आइसा कार्यकर्ताओं की सेहत शुक्रवार को और बिगड़ गई है।

छात्र संगठन ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आइसा) ने बताया कि तीनों कार्यकर्ता नेहा, आमीन और मनीष 20 दिनों से भूख हड़ताल पर हैं। नेहा का ब्लड शुगर स्तर बेहद कम हो गया है। चिकित्सकों ने उन्हें अस्पताल में भर्ती होने की सलाह दी है।

### वजीराबाद रोड वाला रास्ता चौड़ा होगा

**नई दिल्ली, प्रसं।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली के मंडोली स्थित बैंक कॉलोनी और हर्ष विहार के लोगों को जल्द ही वजीराबाद रोड तक बेहतर और सुगम पहुंच मिलेगी। जाम का कारण बने 55 मीटर लंबे बॉटलनेक (संकरे हिस्से) को 18 मीटर चौड़ा किया जाएगा।

वर्तमान में यह हिस्सा केवल नौ मीटर चौड़ा है, जबकि बाकी सड़क 22 मीटर चौड़ी है। इस कारण लोगों को 20 से 30 मिनट तक जाम में फंसना पड़ता है।

## शहर 30s

### रामलीला आयोजकों को सुविधा मिलेगी

**नई दिल्ली।** श्री रामलीला महासंघ के अध्यक्ष अर्जुन कुमार के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने निगम के आयुक्त संजीव खिरवार से मुलाकात की। रामलीला मंचन की समस्याओं को हल करने का अनुरोध करते हुए ज्ञापन दिया गया। अर्जुन कुमार ने आयुक्त से लीला मंचन की तैयारी और मंचन के लिए नगर निगम के ग्राउंड आयोजकों को कम से कम 40 दिन पहले देने के लिए कहा है।

### सुभाषचंद्र बोस के दुर्लभ संग्रह की प्रदर्शनी शुरू

**नई दिल्ली।** वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने के अवसर पर लेखक बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय की स्मृति और नेताजी सुभाषचंद्र बोस के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी का उद्घाटन शुक्रवार को सरोजनी नगर के स्कूल में किया गया। एनबीसीसी के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक डॉ. केपी महादेवस्वामी ने प्रदर्शनी का शुभारंभ किया।

### स्थानीय प्रजाति के पेड़ों से हरियाली बढ़ रही : सिरसा

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने शुक्रवार को कहा कि सरकार स्थानीय प्रजाति के पेड़-पौधे लगाकर हरियाली बढ़ा रही है। दिन में रिज क्षेत्र स्थित पीबीजी ग्राउंड पर पुलिस अधिकारियों द्वारा पौधरोपण कार्यक्रम में उन्होंने यह बातें कहीं। सिरसा ने कहा कि दिल्ली में चल रहा मेगा पौधरोपण अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अभियान एक पेड़ मां के नाम से प्रेरित है।

### हाईकोर्ट में पहले-तीसरे शनिवार काम नहीं होगा

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि वह हर महीने के पहले और तीसरे शनिवार को कोर्ट लगाने के अपने फैसले को लागू करने को टाल रहे हैं। उच्च न्यायालय प्रशासन ने एक सूचना में कहा कि मुख्य न्यायाधीश देवेन्द्र कुमार उपाध्याय द्वारा बनाई गई एक समिति इस मामले को देखेगी।

### स्थायी समिति अध्यक्ष के चुनाव 27 जुलाई को

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) की स्थायी समिति के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद के लिए 27 जुलाई को सिविक सेंटर में चुनाव होगा। नामांकन 21 तक सचिव कार्यालय में जमा किए जा सकेंगे और उम्मीदवार मतदान से पहले नाम वापस ले सकते हैं। स्थायी समिति में भाजपा के 12 व आप के छह सदस्य हैं।

### वायु प्रदूषण पर जागरूकता अभियान जारी रहेगा

**नई दिल्ली।** राजधानी के स्कूलों में पढ़ने वाले छात्रों को वायु प्रदूषण की रोकथाम को लेकर जागरूक किया जाएगा। साथ ही, वायु प्रदूषण के स्रोतों और उसके असर के बारे में भी बताया जाएगा। शिक्षा निदेशालय ने परिपत्र जारी किया है।




## न्यू अशोक नगर स्टेशन पर ईवी चार्जिंग की सुविधा शुरू



न्यू अशोक नगर नमो भारत स्टेशन पर बना अल्ट्रा फास्ट ईवी चार्जिंग स्टेशन। • हिन्दुस्तान

सहूलियत

**नई दिल्ली, प्रसं।** न्यू अशोक नगर नमो भारत स्टेशन पर उच्च क्षमता वाला इलेक्ट्रिक व्हीकल (ईवी) चार्जिंग स्टेशन शुरू किया गया है। यह राजधानी के सबसे बड़े अल्ट्रा-फास्ट ईवी चार्जिंग स्टेशनों में शामिल है।

स्टेशन पर 14 डीसी चार्जिंग पॉइंट लगाए गए हैं, जिनमें 240, 360 और 480 किलोवॉट क्षमता के चार्जर शामिल हैं। यहां निजी, व्यावसायिक ईवी और इलेक्ट्रिक बसें एक साथ चार्ज की जा सकेंगी। चार्जिंग स्टेशन में आधुनिक सुरक्षा और निगरानी प्रणाली भी स्थापित की गई है।

वाहन चालक मोबाइल ऐप के जरिए चार्जिंग स्टेशन की लोकेशन और सेवाओं का उपयोग कर सकेंगे। एनसीआरटीसी के अनुसार, इस सुविधा से नमो भारत स्टेशन तक निजी ईवी से आने वाले यात्रियों और आसपास के लोगों को लाभ मिलेगा। इसके साथ ही अब साहिबाबाद, आनंद विहार और मेरठ साउथ सहित कुल नौ नमो भारत स्टेशनों पर ईवी चार्जिंग सुविधा उपलब्ध हो गई है।

### अस्पताल के शौचालयों का नवीनीकरण होगा

**नई दिल्ली, प्रसं।** पीतमपुरा के भगवान महावीर अस्पताल में मरीजों, तीमारदारों और अस्पताल कर्मियों को जल्द बेहतर शौचालय मिलने की उम्मीद है। लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने अस्पताल के 26 पुरुष और महिला शौचालयों के नवीनीकरण की योजना बनाई है। इस काम में करीब 2.75 करोड़ रुपये का खर्च आएगा। इस अस्पताल में बड़ी संख्या में मरीज और उनके तीमारदार आते हैं।

## ट्रैफिक पुलिस बोली, 24 स्थानों पर व्यवस्था दुरुस्त किए जाने की जरूरत

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** राजधानी में 24 स्थानों पर जलनिकासी व्यवस्था दुरुस्त नहीं होने से जलभराव की समस्या अधिक है। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने समन्वय बैठक में विभागों को उनकी जानकारी देकर जलनिकासी व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए कहा है।

ट्रैफिक पुलिस ने बताया कि एनएसजी रेड लाइट, डीसीएम चौक, शास्त्री नगर, ओखला अंडरपास, जहांगीरपुरी मेट्रो स्टेशन, गाजीपुर मुर्गा मंडी, मुकरबा चौक से सिंधु बार्डर, फूल मंडी, गदाईपुर, रतिया मार्ग, बत्रा अस्पताल, जामिया हमदर्द टी-पाइंट, खानपुर से हमदर्द टी-पाइंट, निजामुद्दीन खत्ता, पुल प्रहलादपुर अंडरपास, आयरन ब्रिज, पांडव नगर अंडरपास, मदर टेरेसा क्रिसेंट, पंचशील मार्ग, सत्य मार्ग, एनएच-48 पर दो स्थान, कापसहेड़ा और अशोक कंट्री रिजार्ट के सामने इस बार हुई मानसून की पहली बारिश में जलभराव देखा गया है। इन स्थानों पर जलभराव से यातायात प्रभावित भी होता है।

**डेरा मंडी रोड के लिए नई योजना : मंत्री**
डेरा मंडी क्षेत्र में लंबे समय से बनी जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान के लिए दिल्ली सरकार ने नई योजना तैयार की है। लोक निर्माण एवं जल मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने छतरपुर स्थित डेरा मंडी रोड का निरीक्षण कर अधिकारियों को डेरा मंडी रोड से बांध रोड तक प्रीकास्ट आरसीसी ड्रेन बनाने के निर्देश दिए, इससे लोगों को राहत मिलेगी।

## एम्स में ब्रेकीथेरेपी सेवा प्रभावित

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** कैंसर के इलाज में इस्तेमाल होने वाली ब्रेकीथेरेपी में पांच से सात मिनट लगने चाहिए, लेकिन एक से सवा घंटा लग रहा है। एम्स के कैंसर सेंटर डॉ. बीआर अंबेडकर आईआरसीएच (इंस्टीट्यूट ऑफ रोटरी कैंसर हॉस्पिटल) में इन दिनों मरीज इस समस्या से जूझ रहे हैं।

ब्रेकीथेरेपी मशीन में रेडिएशन सोर्स के रूप में इरिडियम का इस्तेमाल होता है, जिसकी हाफ लाइफ 73 दिन है। करीब हर तीन माह पर सोर्स की रेडिएशन क्षमता घटकर आधी रह जाती है। इस सोर्स को हर तीन माह में बदलना आवश्यक होता है। एम्स में ब्रेकीथेरेपी मशीन में आखिरी बार सोर्स को पिछले वर्ष नवंबर में बदला गया था। इस वजह से ब्रेकीथेरेपी मशीन ठीक से काम नहीं कर पा रही है। बताया जा रहा है कि सामान्य तौर पर प्रतिदिन 12 से 15 मरीजों की ब्रेकीथेरेपी होती है। जबकि अभी मुश्किल से दो-तीन मरीजों को ब्रेकीथेरेपी दी जाती है। इसे मरीजों का इलाज प्रभावित हो रहा है।

डॉक्टरों के अनुसार, ब्रेकीथेरेपी कैंसर मरीजों को रेडिएशन थेरेपी देने की अत्याधुनिक तकनीक है। इसके माध्यम से ट्यूमर पर बेहद नजदीक से हाई डोज रेडिएशन दिया जाता है। सर्वाइकल कैंसर, यूटेराइन कैंसर, एंडोमेट्रियल जैसे महिलाओं से संबंधित कैंसर के इलाज में ब्रेकीथेरेपी का इस्तेमाल अधिक होता है। इसके अलावा स्तन कैंसर, ओरल कैंसर, प्रोस्टेट, फेफड़े के कैंसर और सारकोमा के इलाज में भी इस्तेमाल होती है।

■ कैंसर मरीजों के लिए पांच से सात मिनट की जगह एक से सवा घंटे से अधिक का समय लग रहा









# आईबी के अनुभवी अनुराग कुमार की दिल्ली पुलिस में दूसरी पारी

**नए कमिश्नर**

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के वरिष्ठ अधिकारी अनुराग कुमार को दिल्ली पुलिस का नया मुखिया नियुक्त किया गया है।

एजीएमयूटी कैडर के 1994 बैच के अधिकारी अनुराग कुमार दिल्ली के 28वें पुलिस आयुक्त बने हैं। वह दिल्ली में पहले कई जिलों के डीसीपी रह चुके हैं। वह पिछले करीब 20 वर्षों से खुफिया ब्यूरो (आईबी) में केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर थे, जहां उन्होंने देश और विदेश में विभिन्न संवेदनशील पदों पर रहकर राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े जटिल मुद्दों को सुलझाया। अब उन्हें उनके मूल कैडर में वापस भेजकर दिल्ली पुलिस की कमान सौंपी गई है। आतंकवाद और आंतरिक सुरक्षा के खतरों से जूझ रही राष्ट्रीय राजधानी को उनके इस लंबे अनुभव का सीधा लाभ मिलेगा।

**बीटेक से लेकर राष्ट्रपति पदक तक का सफर :** अनुराग कुमार ने बीटेक करने के बाद सिविल सेवा परीक्षा पास की। 1994 में आईपीएस बनने के बाद उन्होंने दिल्ली में उत्तर-पूर्वी और उत्तरी जिले के डीसीपी जैसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां संभालीं। वर्ष 2006 में वह आईबी में चले गए।

**अहम विभागों का नेतृत्व:** आईबी में रहते हुए उन्होंने दिल्ली, जम्मू-कश्मीर डेस्क सहित कई संवेदनशील ऑपरेशनों का नेतृत्व किया। वे अमेरिकी दूतावास में भी तैनात रहे। आंतरिक सुरक्षा और वीवीआईपी सिक्योरिटी में उनका लोहा माना जाता है। उन्हें 2010 में सराहनीय सेवा के लिए पुलिस पदक और 2016 में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित किया जा चुका है।



दिल्ली के नवनियुक्त पुलिस कमिश्नर अनुराग कुमार (बाएं) को शुक्रवार को निवर्तमान पुलिस आयुक्त सतीश गोलचा (दाएं) बैटन देकर प्रभार सौंपते हुए। • हिन्दुस्तान

### पहली चुनौती : 20 जुलाई को संसद घेराव का ऐलान

जंतर-मंतर पर धरना दे रही कॉकरोच जनता पार्टी ने संसद के मानसून सत्र के दौरान 20 जुलाई को संसद घेराव का आह्वान किया है, जिसे विपक्षी दलों का भी समर्थन है। नई दिल्ली जैसे अति-संवेदनशील इलाके में कानून-व्यवस्था बनाए रखना उनकी सबसे पहली परीक्षा होगी। इसके अलावा साइबर अपराध, संगठित आपराधिक गैंग, वीवीआईपी सुरक्षा जैसी कई चुनौतियां हैं।

### सतीश गोलचा को अचानक हटाना चर्चा का विषय बना

सतीश गोलचा को अचानक पुलिस आयुक्त के पद से हटाया जाना इस समय गलियारों में सबसे बड़ी चर्चा का विषय बना हुआ है। गोलचा का रिटायरमेंट अगले साल अप्रैल में है। आदेश में उन्हें हटाकर कोई नई पोस्टिंग नहीं दी गई है, बल्कि सीधे एलजी ऑफिस में रिपोर्ट करने को कहा गया है। दिल्ली पुलिस में किसी कमिश्नर के साथ ऐसा पहली बार हुआ है।

### राजधानी में पहले भी बीच में हटे कमिश्नर

- **एसबीके सिंह :** 1988 बैच के आईएएस अधिकारी सिर्फ 21 दिन ही इस पद पर रह सके थे।
- **बालाजी श्रीवास्तव :** वर्ष 2021 में एसएन श्रीवास्तव के बाद महज एक महीने के लिए कार्यवाहक कमिश्नर बने थे, जिन्हें हटाकर गुजरात कैडर के राकेश अस्थाना को लाया गया था।

## आईआरएस अफसर के घर लूट और बेटी से दुष्कर्म मामले में 973 पन्नों की चार्जशीट

# कपड़ों पर खून के दाग ने साबित की दरिंदगी, आरोपपत्र दाखिल



**अमर कॉलोनी हत्याकांड**

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) के एक वरिष्ठ अधिकारी की बेटी से दुष्कर्म और हत्या के मामले में चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। आरोपी के कपड़ों पर मिले खून के दाग इस मामले में अहम सबूत साबित हुए हैं।

पुलिस ने अदालत में दाखिल 973 पन्नों के आरोपपत्र में दावा किया है कि अफसर के पूर्व घरेलू सहायक ने जुए और ऑनलाइन गेमिंग की लत में इस वारदात को अंजाम दिया। जुए की लत के कारण उस पर काफी कर्ज था। यही वारदात का कारण बनी।

इसी साल 22 अप्रैल को ईस्ट ऑफ कैलाश के कैलाश हिल्स इलाके में हुई वारदात की जांच पूरी करने के बाद अमर कॉलोनी थाना पुलिस ने गुरुवार को अदालत में आरोप-पत्र दायर किया। अधिकारियों ने बताया कि मामला 18 जुलाई को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध है। पुलिस ने कहा कि आरोपी 23 वर्षीय राहुल मीणा पहले अफसर के घर में घरेलू सहायक था। रुपयों के हेरफेर के कारण उसे इस साल फरवरी में उसे नौकरी से निकाल दिया गया था। इस दौरान उसके ऊपर काफी कर्ज हो गया था। कर्ज चुकाने के लिए उसने लूट की साजिश रची थी। घटना के वक्त अफसर की 22 वर्षीय बेटी घर पर अकेली थी। माता-पिता जिम गए थे। आरोपी ने अफसर की बेटी से दुष्कर्म के बाद फोन की केबल से उसका गला घोंट दिया था। फिर आरोपी सात लाख रुपये नगद चुराए, पीड़िता के भाई के कपड़े पहने और भाग गया। आरोप-पत्र में कहा गया है कि अपराध स्थल से मिले अंगुलियों के निशान आरोपी से मेल खाते हैं। उसका डीएनए पीड़िता के शरीर से एकत्र किए गए नमूनों से मेल खाता है।



विनोद नगर में अफसर के घर वारदात के बाद जांच में जुटी पुलिस। • फाइल फोटो

### गुनाह साबित करेंगे ये पांच महत्वपूर्ण सबूत

1. घटना के बाद आरोपी ने अफसर के कपड़े पहने और अपने वहीं छोड़ दिए। कपड़ों से आरोपी और मृतका दोनों के खून के दाग मिले थे।
2. अधिकारी के घर की तिजोरी पर आरोपी के फिंगर प्रिंट मिले थे। फोरेंसिक जांच में ये फिंगर प्रिंट आरोपी राहुल मीणा के पाए गए हैं। इससे आरोप और पुख्ता होते हैं।
3. मृतका के निजी वस्त्रों पर आरोपी का सीमन पाया गया था। इसकी जांच में पुष्टि हुई है कि मृतका के कपड़ों पर मिला सीमन आरोपी राहुल मीणा का ही था।
4. अधिकारी के घर से जो गहने चोरी हुए थे आरोपी की गिरफ्तारी के बाद इनकी शिनाख्त हो गई है। अधिकारी ने इन गहनों की पहचान की है।
5. पुलिस ने इलाके के 100 से ज्यादा सीसीटीवी फुटेज की जांच की। आरोपी को अधिकारी के घर में सुबह साढ़े छह बजे घुसते और 7:20 बजे बाहर निकलते देखा गया। यही घटना का समय भी है।

### सौ सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई

पुलिस ने कहा कि अपराध से पहले और बाद में आरोपी द्वारा अपनाए गए मार्ग का पता लगाने के लिए 100 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज का विश्लेषण किया गया। फुटेज में मीणा को सुबह करीब साढ़े छह बजे कथित तौर पर आवासीय परिसर में प्रवेश करते और लगभग 7:20 बजे बाहर निकलते हुए देखा गया। मीणा को 22 अप्रैल को शाम में द्वारका के एक होटल से गिरफ्तार किया गया था।

### सात लाख रुपये के कर्ज में डूबा था आरोपी

पुलिस ने बताया कि मीणा को जुए की लत थी। ऑनलाइन गेमिंग ऐप के कारण उस पर पांच से सात लाख रुपये का कर्ज हो गया था। पूछताछ के दौरान आरोपी ने कथित तौर पर जांच अधिकारियों को बताया कि वह अफसर के घर सिर्फ रुपये मांगने गया था। घबराहट में यह अपराध हो गया। पुलिस ने इस मामले में कुल 82 लोगों को सरकारी गवाह बनाया है।

# मुस्तफाबाद में हिस्ट्रीशीटर को सरेराह गोलियों से भूना

**सनसनीखेज**

- गैंगवार और रंजिश को पुलिस मान रही वजह
- हत्या का केस दर्ज, कैमरों से तलाश रहे सबूत

**नई दिल्ली, कार्यालय संवाददाता।** दयालपुर थाना क्षेत्र के ओल्ड मुस्तफाबाद इलाके में शुक्रवार शाम दिलशाद मस्जिद के पास एक अज्ञात हमलावर ने एक 24 वर्षीय युवक पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसा दीं। घायल को आननफानन में अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

मृतक की पहचान साजिद उर्फ 'आलू दादा' के रूप में हुई है, जिसका पुराना आपराधिक रिकॉर्ड रहा है। इस कत्ल के पीछे गैंगवार या रंजिश की आशंका जताई जा रही है। डीसीपी राहुल अलवाल के अनुसार, 17 जुलाई शाम लगभग 6:00 बजे दयालपुर पुलिस को सूचना मिली कि बाबू नगर के गली संख्या सात निवासी निसार अहमद के बेटे साजिद पर किसी अज्ञात शख्स ने जानलेवा हमला किया है। गोली लगने से लहूलुहान हुए साजिद को उसके परिचित तुरंत गंभीर हालत में जीटीबी अस्पताल लेकर भागे। जहां उसे मृत घोषित कर दिया।

क्राइम और फोरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल का निरीक्षण कर वहां से महत्वपूर्ण सुराग और वैज्ञानिक साक्ष्य इकट्ठा किए।

# हिरासत में पिटाई से युवक की मौत का आरोप, हंगामा

**नई दिल्ली, व. सं.।** महरौली इलाके में एचआईवी एड्स से पीड़ित युवक की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। मौत के बाद गुस्साए परिजनों ने सड़क जाम कर दी और पुलिस पर पिटाई करने आरोप लगाकर नारेबाजी की।

प्रदर्शन की सूचना मिलने पर पुलिस अधिकारी पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अधिकारियों ने परिजनों को जांच के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया, जिसके बाद प्रदर्शन खत्म हुआ। अधिकारी ने बताया कि महरौली निवासी पीड़ित 21 वर्षीय युवक सैलून में काम करता था। परिजनों का आरोप है कि महरौली थाना पुलिस ने 14 जुलाई को युवक और उसके भाई को हिरासत में लिया था। इस दौरान दोनों से मारपीट की गई। मामले में विजिलेंस जांच के आदेश दिए गए हैं।

> परिजनों ने पुलिस पर जो आरोप लगाए हैं, वह गलत है। युवक के शरीर पर चोट का कोई भी निशान नहीं है, युवक पहले से बीमार था। जिसके चलते उसकी मौत हुई है।
> -अनंत मित्तल, पुलिस उपायुक्त, दक्षिणी दिल्ली

## शहर 30s

### हादसे में मौत पर परिवार को मुआवजा

**नई दिल्ली।** उत्तरी दिल्ली में 2020 की सड़क दुर्घटना में जान गंवाने वाली 4 वर्षीय बच्ची के माता-पिता को अदालत ने 40.37 लाख रुपये का मुआवजा देने का आदेश दिया है। मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के पीठासीन अधिकारी सुनील कुमार ने कहा कि हादसा कार चालक की लापरवाह ड्राइविंग के कारण हुआ था। अदालत ने कार चालक और बिना बीमा वाली कार के मालिक को संयुक्त रूप से तथा अलग-अलग, ब्याज सहित मुआवजा राशि देने का निर्देश दिया।

### धारदार हथियार से गोवंश को मार डाला

**नई दिल्ली।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली के न्यू उस्मानपुर क्षेत्र में पशु क्रूरता का मामला सामने आया है। यहां यमुना खादर के तीसरे पुश्ते पर स्थित हनुमान मंदिर के सामने एक गोवंश की धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी गई। पेशे से वकील शिकायतकर्ता प्रिंस डेढ़ा ने बताया 13 जुलाई की सुबह करीब 4 बजे जब वे रोजाना की तरह मंदिर पहुंचे, तो उन्होंने गोवंश को खून से लथपथ मृत अवस्था में पाया। न्यू उस्मानपुर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### मेट्रो स्टेशन पर शाफ्ट में गिरे सफाईकर्मी की मौत

**नई दिल्ली।** मायापुरी मेट्रो स्टेशन पर सफाई के दौरान 54 वर्षीय कर्मचारी की शाफ्ट में गिरने से मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलने पर पहुंची आईजीआई एयरपोर्ट मेट्रो थाना पुलिस ने मृतक रमेश के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर रही है। पुलिस लगाने की कोशिश कर रही है कि शाफ्ट में सफाई के दौरान सुरक्षा मानकों का पालन किया गया था या नहीं। अन्य पहलुओं पर भ

### वाहन भिड़ाकर लूट करने वाले बदमाश दबोचे

**नई दिल्ली।** ग्रीन पार्क मेट्रो स्टेशन के पास कार चालक से मारपीट कर मोबाइल लूटने वाले दो बदमाशों को हौज खास थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की पहचान विशाल उर्फ विष्णु और रोहित यादव के रूप में हुई है। विशाल पर पहले से 18 आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज से बाइक की पहचान की और कांस्टेबल नरेंद्र ने करीब दो किलोमीटर पीछा कर विशाल को दबोच लिया। उसकी निशानदेही पर रोहित भी पकड़ा गया।

### चोरी की स्कूटी के साथ बदमाश गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दक्षिणी दिल्ली जिला पुलिस की ऑटो एंटी थेफ्ट स्क्वॉड (एएटीएस) ने वाहन और मोबाइल चोरी करने वाले एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया है। आरोपी प्रदीप उर्फ प्रवीन से चोरी की एक एक्टिवा स्कूटी और चार चोरी के मोबाइल बरामद किए हैं। पुलिस अधिकारी ने बताया कि 15 जुलाई को सूचना मिली थी कि एक ऑटो लिफ्टर इलाके में चोरी की स्कूटी के साथ आने वाला है। इंस्पेक्टर अमित दत्त शर्मा की टीम ने जाल बिछाकर आरोपी को दबोच लिया।

### काव्य-समग्र 'मन मुर्शिद' का लोकार्पण

**नई दिल्ली।** उर्दू घर स्थित सैयदना सैफुद्दीन ऑडिटोरियम में अपनी विशिष्ट काव्य-शैली के लिए प्रसिद्ध शायर कृष्ण बिहारी नूर के काव्य-समग्र 'मन मुर्शिद' का भव्य लोकार्पण हुआ। इस अवसर पर उर्दू और हिंदी के साहित्यकारों, कवियों ने कृष्ण बिहारी नूर की काव्यगत विशेषताओं पर विचार रखे। इस काव्य-संकलन का संपादन प्रसिद्ध शायर मोईन शादाब ने किया है। संस्था इबारत पब्लिकेशन ने इसका प्रकाशन किया है। अध्यक्षता प्रसिद्ध हिंदी कवि बाल स्वरूप राही ने की।

### मैक्सिकन फिल्म पोस्टरों की अनूठी प्रदर्शनी



कनॉट प्लेस में लगी प्रदर्शनी में कलाकार जोसेप रेनाउ के सिनेमा पोस्टर दर्शकों को मैक्सिकन फिल्म इतिहास और कलात्मक विरासत से रूबरू करा रहे हैं। • हिन्दुस्तान

**नई दिल्ली।** कनॉट प्लेस स्थित इंस्टीट्यूटो सर्वेंटेस में मैक्सिकन फिल्म 'पोस्टर्स: द गोल्डन एज ऑफ सिनेमा' प्रदर्शनी शुरू हो गई है। इसमें प्रसिद्ध कलाकार जोसेप रेनाउ की ओर से तैयार किए गए पोस्टर प्रदर्शित किए गए हैं। यह प्रदर्शनी 18 सितंबर तक चलेगी। प्रदर्शनी में मैक्सिकन फिल्म इतिहास और दृश्य कला के अनूठे मेल को करीब से देखने का अवसर मिलेगा।

# छात्रा के यौन शोषण में शिक्षक पकड़ा

**शर्मनाक**

**नई दिल्ली, कार्यालय संवाददाता।** सीमापुरी थाना क्षेत्र स्थित एक सरकारी स्कूल में एक शिक्षक पर छठीं कक्षा की मासूम का यौन शोषण करने और उसे धमकाने का आरोप लगा है।

छात्रा की शिकायत पर सीमापुरी पुलिस ने शुक्रवार को यौन शोषण और पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कर आरोपी शिक्षक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस को दी गई शिकायत के अनुसार, यौन शोषण माई महीने में शुरू हुआ। जब पीड़िता स्कूल की विज्ञान प्रयोगशाला में गई थी, तब आरोपी शिक्षक ने उसे गलत तरीके से छुआ। छात्रा किसी तरह वहां से बचकर भाग निकली। अगले ही दिन, जब वह अपनी सहेली के साथ बोतल में पानी भरने जा रही थी, तो उसी शिक्षक ने उसे रास्ते में रोक लिया और गलत तरीके से छूने लगा। इस बीच छात्रा काफी घबरा गई और किसी तरह बचकर वहां से भाग निकली।

### किसी को बताने पर गंभीर अंजाम भुगतने की धमकी दी

आरोप है कि शिक्षक ने उसे लड़कियों की तरह चलकर दिखाने को कहा और उसे गलत नीयत से घूरता रहा। आरोपी ने धमकी दी कि अगर उसने किसी को कुछ बताया तो उसे गंभीर अंजाम भुगतने होंगे। इसके बाद स्कूल में छुट्टियां पड़ गईं। जुलाई में दोबारा स्कूल खुलने पर शिक्षक ने फिर से छात्रा के यौन शोषण का प्रयास किया तो उसने परिजनों व स्कूल प्रशासन को आपबीती बता दी।

## मोबाइल में विस्फोट की फुटेज वायरल

**नई दिल्ली, प्र. सं.।** सोशल मीडिया पर एक दुकान में मोबाइल में विस्फोट की सीसीटीवी फुटेज शुक्रवार को वायरल हो रही। यह फुटेज जहांगीरपुरी इलाके की बताई जा रही है। इस हादसे में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है।

फुटेज के अनुसार मोबाइल की दुकान में मरम्मत के लिए फोन काउंटर पर रखा हुआ था। इसी दौरान फोन से धुआं निकलने लगा जिसे देखकर भगदड़ मच गई। फिर धुएं के बाद तेज धमाके से मोबाइल फोन में विस्फोट हो गया।

# बहन को अपशब्द बोलने पर एसयूवी से कुचला

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** कंझावला पुलिस ने एसयूवी से स्कूटी सवार की कुचलकर हत्या करने के मामले में शुक्रवार को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

आरोपी सागर ने बताया कि मृतक युवक ने उसकी बहन को अपशब्द कहा था जिसकी वजह से उसने हत्या कर दी। जानकारी के अनुसार 44 वर्षीय दीपक परिवार सहित माजरा डबास गांव में रहता था।

वह गुरुवार को स्कूटी से गांव के बाहर किसी के काम से गया था। इसी दौरान एक एसयूवी ने स्कूटी को जोरदार टक्कर मारी। फिर चालक ने वाहन को रोकने की जगह रफ्तार बढ़ा दी। प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि चालक ने एसयूवी से करीब दो सौ मीटर तक घसीटा। जब स्कूटी से दीपक अलग हो गया तो एसयूवी से कई बार रौंद दिया। वह बार-बार एसयूवी आगे-पीछे करता रहा। जब दीपक के मरने की पुष्टि हो गई तो वाहन लेकर चालक फरार हो गया।

### आरोपी ने जुर्म कबूला, घटना की वजह भी बताई

पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों की फुटेज और प्रत्यक्षदर्शियों से मिली सूचना के आधार पर माजरा डबास गांव से सागर को पकड़ा। पुलिस को घटनास्थल से वाहन का टूटा हुआ बम्फर भी मिल गया। पुलिस ने वाहन पर लगे खून के धब्बे को एफएसएल से संरक्षित कराया। पूछताछ में सागर ने बताया कि दीपक ने उसकी बहन को अपशब्द कहा था जिसकी वजह से उसने हत्या कर दी।

### पुराना रिकॉर्ड खंगाल रहे

मामले की जांच कर रही पुलिस ने बताया कि आरोपी का पुराना आपराधिक रिकॉर्ड खंगाला जा रहा है। इससे पहले उस पर कोई केस दर्ज था या नहीं यह जानकारी भी जुटाई जा रही है।

प्रत्यक्षदर्शी मनीष ने पुलिस को घटना की सूचना दी और दीपक को अस्पताल पहुंचा जहां उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद पुलिस ने केस दर्ज की जांच शुरू कर दी है।

## सोमनाथ भारती की याचिका को मंजूरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने आप के नेता सोमनाथ भारती की याचिका पर सुनवाई को सहमति दे दी। याचिका में 2025 के दिल्ली विधानसभा चुनाव में मालवीय नगर से भाजपा विधायक सतीश उपाध्याय के चुनाव को चुनौती दी गई है।

दिल्ली चुनाव में उपाध्याय ने भारती को 2131 वोटों के अंतर से शिकस्त दी थी। भारती ने याचिका में उपाध्याय पर जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के उल्लंघन का आरोप लगाया है।

# शरजील की जमानत अर्जी पर पुलिस से जवाब तलब

**नई दिल्ली, प्र. स.।** हाईकोर्ट ने दिल्ली हिंसा के पीछे बड़ी साजिश से जुड़े मामले में यूएपीए के तहत दर्ज मामले में शरजील इमाम की जमानत याचिका पर दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने पुलिस को जवाब दाखिल करने के निर्देश दिए हैं।

न्यायमूर्ति प्रतिभा एम. सिंह और विकास महाजन की पीठ ने शुक्रवार को शरजील की अपील पर नोटिस जारी किया है। इस अपील में अधीनस्थ अदालत के चार जुलाई के उस फैसले को चुनौती दी गई थी जिसमें शरजील की दूसरी नियमित जमानत याचिका खारिज कर दी गई थी।

पीठ ने दिल्ली पुलिस को अपील का जवाब दाखिल करने के लिए दो सप्ताह का समय दिया है। साथ ही मामले की सुनवाई के लिए 27 अगस्त की तारीख तय की।

# कैदियों से सुरक्षा के नाम पर वसूली

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** रोहिणी जेल में कैदियों को सुविधाएं दिलाने के लिए वसूली का खेल काफी समय से चल रहा था। गिरोह के सदस्य कैदियों के परिजनों से यूपीआई और बार कोड के जरिए प्रोटेक्शन मनी मंगाते थे। इस बात का खुलासा एसीबी की जांच में हुआ है।

एसीबी अब तक कुल 11 लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है जिसमें सात जेल कर्मचारी शामिल हैं। दरअसल, इस साल नौ फरवरी को एसीबी को एक शिकायत मिली थी जिसमें रोहिणी जेल में बंद हत्यारोपी पिता-पुत्र को प्रताड़ित किया जा रहा था। जेल अधिकारियों की मांग पर परिजनों ने घर तक बेच दिया लेकिन उसके बाद भी वसूली जारी रही। यहां तक कि दोनों को जेल में पिटवाया भी जाता था। एसीबी ने एफआईआर दर्ज कर जेल वार्डर दिनेश, पंकज एवं रवि और हेडवार्डर जोगेंद्र को गिरफ्तार किया था। इसके साथ मध्यस्थ कमलेश मनीष और आशीष राणा को भी गिरफ्तार किया था। इनके कब्जे से घूस की एक लाख रुपये मिले थे।

### अफसर समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया

मामले की जांच के दौरान एसीबी ने आरोपियों के बैंक खातों से मनी ट्रेल का पता लगाया। इसके बाद बुधवार को रोहिणी जेल के सहायक अधीक्षक सुनील कुमार, हेड वार्डर योगेश एवं वार्डर जगबीर और दो मध्यस्थ हरेंद्र बंसल एवं विप्लव खारी को गिरफ्तार किया। पूछताछ में मालूम हुआ कि जेल अधिकारी कैदियों को प्रताड़ित करते थे और उन्हें परिजनों से रुपये मंगाने पर विवश करते थे।

# आदर्श नगर में युवक की लाठी-डंडों से पीटकर हत्या

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** आदर्श नगर इलाके में गुरुवार देर रात 23 वर्षीय आरिफ की बदमाशों ने पीट पीटकर हत्या कर दी।

वहीं शुक्रवार को पोस्टमार्टम के बाद परिजन शव को सड़क पर रखकर प्रदर्शन करने लगे। हालांकि काफी मशक्कत के बाद उन्हें मना कर हटाया गया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरिफ परिवार सहित कुशल सिनेमा के पास सी ब्लाक जहांगीरपुरी में रहता था। वह गुरुवार देर रात आदर्श नगर इलाके में घूम रहा था। इसी दौरान एक गुट के युवकों ने लाठी डंडों से पीट दिया। गंभीर रूप से घायल होने की वजह से उसे बीजेआरएम अस्पताल से एलएनजेपी अस्पताल रेफर किया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया।

# प्रेम विवाह की जिद पूरी नहीं होने पर किशोरी ने जान दी

**नई दिल्ली, वरिष्ठ संवाददाता।** इंद्रपुरी इलाके में 16 वर्षीय किशोरी द्वारा आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। शुरुआती जांच में पता चला है कि किशोरी एक युवक से प्रेम करती थी और उसी से शादी करना चाहती थी।

परिवार के विरोध के चलते वह मानसिक रूप से परेशान थी। जिसके चलते उसने आत्महत्या कर ली। मामले की सूचना मिलने पर पहुंची इंद्रपुरी थाना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल की मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया है और मामले की जांच कर रही है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि मृतका अपने परिवार के साथ इन्द्रपुरी इलाके में रहती थी। परिवार में माता-पिता के अलावा तीन बहनें शामिल हैं। पुलिस अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार को इंद्रपुरी थाना पुलिस को एक किशोरी के आत्महत्या करने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और उसे तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

- इंद्रपुरी इलाके में घटना, परिवार के विरोध के बाद उठाया घातक कदम

**कार्रवाई** | एक दुकान पर नकली नोट चलाते वक्त पकड़े गए बुजुर्ग से मिला अहम सुराग, नकली नोटों की फैक्टरी का भंडाफोड़, सरगना समेत तीन आरोपी गिरफ्तार

# मुंबई में छापे फर्जी नोट दिल्ली में चलाने आया गिरोह बेनकाब

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** वेब सीरीज 'फर्जी' में अभिनेता शाहिद कपूर जिस तरह बारीकी से नकली नोट छापकर उन्हें बाजार में खपाने की कोशिश करते हैं, ठीक वैसा ही फिल्मी नजारा असल जिंदगी में दिल्ली में देखने को मिला।

'फर्जी' सीरीज के एक सीन की तरह ही इस गिरोह के सदस्य यह परखने के लिए दिल्ली आए थे कि उनके छापे हुए जाली नोट बाजार में चल पाएंगे या नहीं। लेकिन भलस्वा डेयरी के दुकानदार ने इनके मंसूबों पर पानी फेर दिया और इस रियल लाइफ के 'फर्जी' गिरोह का भंडाफोड़ हो गया। वहीं से शुरू हुई जांच ने मुंबई में चल रही नकली नोटों की फैक्टरी का पर्दाफाश कर दिया। पुलिस ने सरगना समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर नकली नोट, प्रिंटर, और नोट छापने में इस्तेमाल होने वाला सामान बरामद किया।

डीसीपी शोभित डी सक्सेना ने बताया कि 29 जून की रात बुजुर्ग ने भलस्वा डेयरी स्थित दुकान से सामान खरीदा, बदले में सौ-सौ के छह नोट दिए। दुकानदार पंकज को नोटों के नकली होने का शक हुआ। उन्होंने हेड कॉन्स्टेबल प्रतीक को सूचना दी। तलाशी में बुजुर्ग के पास से 100-100 के 96 नकली नोट बरामद हुए। डीसीपी ने बताया कि आरोपी की पहचान 62 वर्षीय नटराजन मोहन कंचन के तौर पर हुई। नटराजन ने बताया कि वह पहाड़गंज के होटल में ठहरा है और मुंबई से आया है। पुलिस ने होटल से 100 के 180 और 500 के 13 नकली नोट बरामद किए। आरोपी ने बताया कि वह दिल्ली में सुभाष नाम के शख्स को नकली नोट देता था। सुभाष को 30 जून को मकसूदपुर से गिरफ्तार कर लिया। नटराजन नवी मुंबई निवासी विनोद मुन्नी लाल से नोट लाता था।



### कस्टम क्लीयरेंस एजेंट जाली नोट के धंधे में उतरा

पुलिस अधिकारी ने बताया कि नटराजन मुंबई में कस्टम क्लीयरेंस एजेंट का काम करता था। वहीं विनोद होमियोपैथिक डॉक्टर के पास दवा लाने ले जाने का काम करता था। विनोद को प्रिंटिंग की अच्छी जानकारी थी। ढाई साल पहले क्लीनिक पर नटराजन की मुलाकात विनोद से हुई। दोनों नकली नोट बनाने का काम करने लगे। सुभाष की भी कस्टम क्लीयरेंस के मामले में नटराजन से मुलाकात हुई थी। वह भी गिरोह में शामिल हो गया। पुलिस ने बताया कि विनोद इंटरनेट से देखकर नकली नोट बनाना सीख गया। वह नकली नोट बनाता और 50 फीसदी कमीशन पर नटराजन देश के विभिन्न हिस्सों में प्रसारित करता था।

> 13 जुलाई को मुंबई स्थित विनोद के ठिकाने पर छापा मारकर नकली नोट बनाने की फैक्टरी का खुलासा किया। नोट छापने में इस्तेमाल होने वाला सामान बरामद किया।
> -शोभित डी सक्सेना, डीसीपी



Loot Blink
SATURDAY
WEEKEND DHAMAKA!
MAST DEALS. BADI BACHAT!
SAVE MORE SPEND LESS!
100% REAL DEALS | LIMITED TIME OFFERS | BEST PRICES GUARANTEED | EASY RETURNS
SABSE BADI BACHAT!
UP TO 90% OFF
HUGE DISCOUNTS
TOP BRANDS • BEST QUALITY • LIMITED STOCK
LIMITED STOCK
JOIN KARO AUR LO SABSE BADI LOOT DEALS!
iPhone 13 128GB ₹59,900 ₹5,399 91% OFF YOU SAVE ₹54,501
SAMSUNG 32" HD Smart TV 89% OFF YOU SAVE ₹22,301
realme Narzo N55 (6GB+128GB) ₹13,999 ₹799 94% OFF YOU SAVE ₹13,200
boAt Airdopes 141 ₹2,990 ₹249 92% OFF YOU SAVE ₹2,741
Noise Pulse 2 Smart Watch ₹4,999 ₹349 93% OFF YOU SAVE ₹4,650
ASUS Vivobook 15 (i3 12th Gen, 8GB/512GB SSD) ₹40,990 ₹4,499 89% OFF YOU SAVE ₹36,491
ZEBRONICS Headphones ₹1,499 ₹169 89% OFF YOU SAVE ₹1,330
WILDCRAFT Backpack ₹1,999 ₹149 93% OFF YOU SAVE ₹1,850
PHILIPS Trimmer Series 3000 ₹1,995 ₹199 90% OFF YOU SAVE ₹1,796
AGARO Air Fryer 4.5L ₹6,999 ₹699 90% OFF YOU SAVE ₹6,300
SAMSUNG 980 500GB NVMe SSD ₹6,999 ₹6,400 91% OFF YOU SAVE ₹599
PUMA Men's Running Shoes ₹3,999 ₹699 91% OFF YOU SAVE ₹3,300
PORTABLE Laptop Table Foldable ₹1,299 ₹129 90% OFF YOU SAVE ₹1,170
boAt Stone 650 Bluetooth Speaker ₹3,999 ₹199 95% OFF YOU SAVE ₹3,800
GREEN SOUL Office Chair Ergonomic ₹14,999 ₹1,499 90% OFF YOU SAVE ₹13,500
UPTO 90% OFF ON TOP BRANDS | PRICE DROP ALERTS BE THE FIRST TO KNOW | 100% GENUINE PRODUCTS | FAST DELIVERY ACROSS INDIA
DEALS ITN BADHI, KI CHOOK GAYE TO PACHTAUGE!
ABHI JOIN KARO AUR LOOTNA SHURU KARO!
JOIN OUR WHATSAPP CHANNEL
Instant Deal Alerts
Exclusive Offers
Limited Stock Updates
CLICK HERE
JOIN OUR TELEGRAM CHANNEL
Latest Deals & Offers
Price Drops Alerts
Limited Time Offers
CLICK HERE
SAVE TIME SHOP SMART
SAVE MONEY LIVE BETTER
SMART CHOICES. BRIGHTER FUTURE!
SHOP SMART. SAVE BIG. SHINE BRIGHT.
JOIN 1 LAKH+ SMART SHOPPERS & SAVE THOUSANDS EVERY MONTH!

# वह विश्वविद्यालय, जहाँ आपके बच्चों की सफलता हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है

*बीस वर्ष पहले, ऐमिटी यूनिवर्सिटी की स्थापना दिल्ली-एनसीआर की पहली गैर-लाभकारी नॉट-फॉर-प्रॉफिट प्राइवेट यूनिवर्सिटी के रूप में हुई थी और यह देश की शुरुआती प्राइवेट यूनिवर्सिटियों में से एक है। विश्वस्तरीय विश्वविद्यालय बनाने और ऐसा माहौल तैयार करने के उद्देश्य से, जो विद्यार्थियों को सफल, आत्मविश्वासी, भावनात्मक रूप से संतुलित और उच्च नैतिक मूल्यों वाले नेतृत्वकर्ता बनने के लिए प्रेरित करे, हमने भारत और दुनिया भर के शिक्षा, उद्योग और सरकार के विशेषज्ञों से विचार-विमर्श किया।*

*विद्यार्थियों की व्यक्तिगत देखभाल की हमारी मजबूत संस्कृति, शोध और नई सोच पर आधारित शैक्षणिक वातावरण, उत्कृष्ट शिक्षकों और वैज्ञानिकों का मार्गदर्शन, मूल्यों और अनुशासन से युक्त शिक्षण प्रणाली, मेधावी विद्यार्थियों के लिए बड़ी संख्या में छात्रवृत्तियाँ, उद्योग जगत से मजबूत जुड़ाव जिसके परिणामस्वरूप बेहतर प्लेसमेंट मिलते हैं, हमारे वैश्विक कैंपस का नेटवर्क तथा विद्यार्थियों और शिक्षकों के लिए अत्याधुनिक सुविधाओं ने ऐमिटी यूनिवर्सिटी को लगातार दिल्ली-एनसीआर की सर्वोच्च रैंक प्राप्त निजी यूनिवर्सिटी, देश की अग्रणी यूनिवर्सिटियों में से एक तथा विश्व की शीर्ष 3% यूनिवर्सिटियों में स्थान दिलाया है।*

*यदि आप अपने बच्चों को दिल्ली-एनसीआर में पढ़ाना चाहते हैं, तो ऐसे कई महत्वपूर्ण पहलू हैं जिनमें ऐमिटी अन्य सभी नॉट-फॉर-प्रॉफिट प्राइवेट विश्वविद्यालयों से एक कदम आगे है:*

## शोध आधारित विश्वविद्यालय, प्रतिष्ठित शिक्षकों के साथ

- सबसे उच्च स्कोपस एच-इंडेक्स (212) - यह ऐमिटी के शिक्षकों और वैज्ञानिकों द्वारा किए जा रहे उच्च स्तरीय शोध कार्य की गुणवत्ता को दर्शाता है
- विश्व के टॉप 2% वैज्ञानिकों की सूची में सर्वाधिक (84) फैकल्टी सदस्य - यह सूची स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं द्वारा प्रकाशित की जाती है
- सबसे अधिक पेटेंट (500+) प्राप्त - जिनमें से अनेक का सफलतापूर्वक व्यावसायीकरण भी किया गया है
- सबसे अधिक रामालिंगास्वामी एवं रामानुजन फेलो (45) - ये भारत सरकार द्वारा वित्तीय सहायता प्राप्त वे प्रतिभाशाली युवा वैज्ञानिक हैं, जो विदेशों के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों से भारत लौटकर शोध कार्य कर रहे हैं
- सरकारी एवं अंतरराष्ट्रीय शोध परियोजनाओं (500+) की सर्वाधिक संख्या
- फैकल्टी द्वारा विकसित 5,300+ केस स्टडीज़ - जिन्हें दुनिया भर के 3,000 से अधिक संस्थानों ने खरीदा है, जिनमें हार्वर्ड यूनिवर्सिटी, स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी, यूनिवर्सिटी ऑफ ऑक्सफोर्ड, केपीएमजीऔर मैकेंज़ी एंड कंपनी जैसे प्रतिष्ठित संस्थान शामिल हैं
- 2,500 से अधिक शोधार्थियों के साथ सबसे बड़ा Ph.D. एवं फेलोशिप कार्यक्रम
- कैंपस में उपलब्ध सबसे शक्तिशाली सुपरकंप्यूटिंग सुविधा (10 पेटाफ्लॉप)
- भारत सरकार से नेशनल इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी अवॉर्ड प्राप्त करने वाला एकमात्र विश्वविद्यालय

## प्रतिभाशाली विद्यार्थी, व्यक्तिगत देखभाल की संस्कृति और भविष्य-केंद्रित पाठ्यक्रम

- छात्रों द्वारा 1,450 से अधिक पेटेंट दाखिल किए गए हैं तथा 9,500 से अधिक शोध-पत्र प्रकाशित किए गए हैं
- विद्यार्थियों को खुराना, मैरी क्यूरी, भारती एयरटेल जैसी स्कॉलरशिप / फेलोशिप तथा GATE फाउंडेशन, DST और ICMR जैसी प्रतिष्ठित संस्थाओं से रिसर्च सहायता मिलती है
- ऐमिटी इन्क्यूबेटर ने 100 से अधिक छात्र-स्टार्टअप्स को सफलतापूर्वक स्थापित करने में मदद की है तथा इन स्टार्टअप्स के लिए ₹350 करोड़ से अधिक का निवेश आकर्षित किया है
- प्रत्येक विद्यार्थी की प्रगति के लिए पर्सनल मेंटर्स और 24×7 काउंसलिंग सुविधा उपलब्ध है, साथ ही अनुशासन एवं नियमित उपस्थिति अटेंडेंस पर विशेष जोर दिया जाता है
- मेधावी विद्यार्थियों को ₹220 करोड़ से अधिक मूल्य की छात्रवृत्तियाँ प्रदान की गई हैं
- आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) और उसके विभिन्न क्षेत्रों में उपयोग से संबंधित पाठ्यक्रमों को प्रत्येक कार्यक्रम में शामिल करने वाले अग्रणी विश्वविद्यालयों में से एक
- ऐमिटी बाउंडलेस एक फ्लेक्सिबल अंडरग्रेजुएट प्रोग्राम है, जिसमें विद्यार्थी अपने करियर लक्ष्यों के अनुसार 90 विषयों में से माइनर, सेकंड मेजर और ओपन इलेक्टिव्स चुन सकते हैं।

## वैश्विक मान्यताएँ और प्रतिष्ठित रैंकिंग्स

- भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय की NIRF रैंकिंग में निजी विश्वविद्यालयों में सर्वोच्च स्थानों में शामिल
- अमेरिका की WASC (स्टैनफोर्ड, USC, UC जैसे विश्वविद्यालयों को मान्यता देने वाली) और ब्रिटेन की QAA से मान्यता प्राप्त एकमात्र विश्वविद्यालय, जो ऐमिटी की वैश्विक गुणवत्ता के प्रति प्रतिबद्धता दर्शाता है
- ब्रिटेन की प्रतिष्ठित रैंकिंग एजेंसियों QS वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग्स और Times Higher Education (UK) द्वारा विश्व के अग्रणी विश्वविद्यालयों में स्थान प्राप्त
- India Today द्वारा 11 वर्षों से भारत की टॉप निजी विश्वविद्यालयों में शामिल
- Times Higher Education (UK) रैंकिंग्स 2026 में इंटरडिसिप्लिनरी साइंस के क्षेत्र में विश्व के शीर्ष 100 विश्वविद्यालयों में स्थान प्राप्त
- Times Higher Education (UK) सब्जेक्ट रैंकिंग्स में कंप्यूटर साइंस तथा बिजनेस एंड इकोनॉमिक्स विषयों के लिए भारत की नंबर 1 निजी विश्वविद्यालय के रूप में रैंक प्राप्त

## अंतरराष्ट्रीय अवसरों के माध्यम से वैश्विक अनुभव

- 5,000 से अधिक विद्यार्थी Study Abroad Program के तहत ऐमिटी और उसके पार्टनर कैंपसों में लंदन, न्यूयॉर्क, सिंगापुर, दुबई, पेरिस, मेलबर्न तथा अन्य प्रमुख शहरों में अध्ययन करने का अवसर प्राप्त करते हैं
- Dual Degree Program के तहत विद्यार्थियों को ऐमिटी यूनिवर्सिटी के साथ-साथ अमेरिका, ब्रिटेन या ऑस्ट्रेलिया की पार्टनर यूनिवर्सिटी से दूसरी डिग्री मिलती है, जिससे उन्हें अंतरराष्ट्रीय शिक्षा और बेहतर करियर अवसर प्राप्त होते हैं।

## उत्कृष्ट प्लेसमेंट और उच्च शिक्षा के अवसर

- Times Higher Education (UK) द्वारा लगातार चौथे वर्ष ऐमिटी को उन चुनिंदा वैश्विक विश्वविद्यालयों में स्थान दिया गया है, जो सबसे अधिक रोज़गार-योग्य ग्रेजुएट तैयार करते हैं
- ऐमिटी के छात्र दुनिया की अग्रणी कंपनियों में कार्यरत हैं, जैसे मैकेंजी एंड कंपनी, डेलॉइट, केपीएमजी, गूगल, यूनिलीवर, अमेज़न और माइक्रोसॉफ्ट जैसी प्रतिष्ठित संस्थाएँ
- विद्यार्थियों का चयन विश्व की अग्रणी विश्वविद्यालयों में हुआ है, जैसे हार्वर्ड, मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, स्टैनफोर्ड, ऑक्सफोर्ड, कोलंबिया, कैम्ब्रिज, जॉन्स हॉपकिन्स, लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स, येल...
- ऐमिटी के कॉर्पोरेट रिसोर्स सेंटर विद्यार्थियों को करियर के लिए पूरी तरह तैयार करने में सहायता करते हैं। इसके अंतर्गत प्लेसमेंट सपोर्ट, इंटर्नशिप, उद्योग जगत के CEOs के साथ संवाद, लाइव प्रोजेक्ट्स, मॉक इंटरव्यू और करियर मार्गदर्शन जैसी सुविधाएँ प्रदान की जाती हैं।



**ऐमिटी स्नातक (UG), स्नातकोत्तर (PG) और पीएच.डी. स्तर पर 400 से अधिक डिग्री प्रोग्राम प्रदान करता है, जिनमें करियर-केंद्रित विषयों और क्षेत्रों में पढ़ाई करने का व्यापक विकल्प उपलब्ध है।**

- Acting
- Actuarial Science
- Advertising
- Aeronautical Engg.
- Aerospace Engg.
- Agriculture
- Animation
- Anthropology
- Applied Science
- Architecture
- Artificial Intelligence
- Automobile Engg.
- Avionics
- Banking & Insurance
- Biochemistry
- Bioinformatics
- Biotechnology
- Business Economics
- Chemistry
- Clinical Psychology
- Cognitive Science
- Commerce
- Computer Applications
- Computer Sc. Engg.
- Construction & Real Estate Mgmt.
- Cyber Security
- Data Science
- Defence & Strategic Studies
- Defence Technology
- Digital Marketing
- Economics
- Education
- Electric Vehicle Tech.
- Engineering
- English Literature
- Entrepreneurship
- Environmental Sc.
- Fashion
- Film, TV & Web Series
- Finance
- Fine Arts
- Food Technology
- Foreign Language
- Forensic Science
- Forestry & Wildlife Sc.
- Genome Engineering
- Geography
- Geo Informatics System & Remote Sensing
- Horticulture
- Hospital Administration & Public Health
- Hotel Management
- Information Technology
- Interior Design
- International Relations
- Journalism
- Law
- Life Sciences
- Logistics & Supply Chain Management
- Management
- Marine Science
- Mass Communication
- Mathematics
- Medical Laboratory Sc.
- Microbial Science
- Molecular Medicine & Stem Cell Research and Cancer Biology
- Natural Resources & Sustainable Development
- Neuropsychology & Neurosciences
- Nuclear Sc. & Tech.
- Nutrition & Dietetics
- Occupational Therapy
- Performing Arts
- Pharmacy
- Physical Education
- Physics
- Physiology
- Physiotherapy
- Political Science
- PR & Event Mgmt.
- Product Design
- Psychology
- Public Policy
- Quantum Technologies
- Sanskrit Studies
- Social Work
- Sociology
- Space Science
- Special Education
- Statistics
- Translational Medicine
- Travel & Tourism
- Urban Planning/ Design
- Virology & Immunology
- Visual Effects & Animation
- Zoology

*and many more...*

| स्कॉलरशिप्स | 100% | 50% |
|---|---|---|
| **200+ स्नातक पाठ्यक्रमों हेतु स्कॉलरशिप्स:** | | |
| कक्षा 12 (agg.)* | 95% | 90% |
| **190+ स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों हेतु स्कॉलरशिप्स:** | | |
| कक्षा 12 (agg.)* | 95% | 90% |
| स्नातक (agg.) | 80% | 75% |

*ये स्कॉलरशिप्स छात्रों की पूरी शैक्षणिक फीस को कवर करती हैं, सिर्फ उसका एक हिस्सा नहीं।*

*अधिक जानकारी हेतु देखें:* **amity.edu/scholarships**

*CBSE / ISC Boards

आवेदन करने के लिए www.amity.edu पर जाएँ।

- ऐमिटी यूनिवर्सिटी, सेक्टर-125, नोएडा : www.amity.edu/noida | हेल्पलाइन : 0120-2445252
- ऐमिटी यूनिवर्सिटी, गुरुग्राम कैंपस : www.amity.edu/gurugram | हेल्पलाइन : 7303-399-399

AMITY UNIVERSITY

जनसभा में मुख्यमंत्री ने सपा-कांग्रेस पर निशाना साधा, कांवड़ यात्रा में अनुशासन बनाए रखने की अपील

# 'कांवड़ रोकने वाले आस्था की बात कर रहे'

संबोधन

**गाजियाबाद, विशेष संवाददाता।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को मुरादनगर की जनसभा में सपा और कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने राम मंदिर का नाम लिए बगैर कहा कि कांग्रेस और समाजवादी पार्टी आज आस्था की बात कर रही हैं। इनके मुंह से आस्था की बात हास्यास्पद लगती है। उन्होंने कहा कि आज वो लोग आस्था की चर्चा कर रहे हैं, जिन्होंने कभी कांवड़ यात्रा पर रोक लगाई थी।

मुख्यमंत्री मुरादनगर में पूर्व कैबिनेट मंत्री राजपाल त्यागी की प्रतिमा के अनावरण के बाद जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने विपक्ष पर कटाक्ष करते हुए, कहा कि इनको हर-हर बम-बम पर आपत्ति थी। किसी व्यापारी पर बम फेंकने पर आपत्ति नहीं होती थी। इन्हें केसरिया रंग से ही चिढ़ होती थी। ये वही लोग हैं, जिन्होंने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के त्योहार को रोका। राम नवमी की शोभायात्रा को प्रतिबंधित किया और आज आस्था की बात कर रहे हैं। सीएम ने जनसभा में मौजूद लोगों से कहा कि आज देश की सबसे बड़ी




गाजियाबाद के मुरादनगर में शुक्रवार को आयोजित जनसभा के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को गदा देकर स्वागत किया गया। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप और भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष नवाब सिंह नागर मौजूद रहे। • हिन्दुस्तान

कांवड़ यात्रा हरिद्वार से गाजियाबाद के बीच से निकलती है। विदेश से लोग इस यात्रा को देखने आते हैं। बहुत शीघ्र फिर से कांवड़ यात्रा शुरू होगी। मुख्यमंत्री ने सभी शिव भक्तों और कांवड़ संघों से अपील करते हुए कहा कि यह आयोजन हमारा अपना है। यात्रा की मर्यादा और अनुशासन को स्वयं बनाना है। किसी विरोधी को कोई मौका नहीं देना है। कोई भी अनुशासनहीनता न करे।

### प्रदेश में अब तुष्टीकरण नहीं

शुक्रवार को शामली पहुंचे मुख्यमंत्री ने कैराना में विजय सिंह पथिक राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित जनसभा में 581 करोड़ रुपये की 89 परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहाकि दस साल पहले कैराना और कांधला पलायन, भय और गुंडागर्दी के लिए चर्चा में रहते थे।

### दलित को लड़ा रहे

शामली से बिजनौर पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वर्धमान डिग्री कॉलेज के मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहाकि जो सरकारें स्वयं अपशकुन थीं उन्हें बिजनौर भी अपशकुन लगता था। अपराध और दंगों की पहचान वाला बिजनौर आज विकास की नई इबारत लिख रहा है।

### गौतमबुद्ध नगर के विकास पर भी चर्चा की

मुख्यमंत्री ने कहा कि गाजियाबाद और एनसीआर देख रहा है कि विकास कैसे होता है। उन्होंने कहा कि गंगा एक्सप्रेसवे को मेरठ से हरिद्वार तक ले जाया जाएगा। उन्होंने पड़ोसी जिले गौतमबुद्ध नगर के विकास भी चर्चा करते हुए कहा कि पिछले दिनों प्रधानमंत्री ने नोएडा एयरपोर्ट का उद्घाटन किया। यमुना अथॉरिटी में फिल्म सिटी का निर्माण हो रहा है। अपैरल पार्क, मेडिकल सिटी और इलेक्ट्रॉनिक सिटी का निर्माण हो रहा है।

### बहन से मिलने राजनगर एक्सटेंशन पहुंचे मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री शुक्रवार देर शाम राजनगर एक्सटेंशन स्थित एसजीआई घरौंदा सोसाइटी में अपनी बहन से मिलने पहुंचे। करीब एक घंटे तक बहन के घर रुके। बाद में वह पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस पहुंच गए। वह गेस्ट हाउस में ही रात्रि विश्राम करेंगे। शनिवार सुबह वह यहां से बुलंदशहर के लिए रवाना होंगे। मुख्यमंत्री को अपनी सोसाइटी में देखकर उत्साहित लोगों ने योगी आदित्यनाथ की जय और जय श्री राम के नारे भी लगाए।

## दीवार गिरने से तीन बच्चे घायल

**ट्रांस हिंडन।** इंदिरापुरम थाना क्षेत्र के मकनपुर में शुक्रवार दोपहर एक निर्माणाधीन मकान के तीसरी मंजिल पर बने छज्जे की दीवार गिर गई। दीवार का मलवा गिरने से नीचे से गुजर रहे तीन स्कूली छात्र घायल हो गए।

तीनों को पास के निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है, जहां उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। मकनपुर निवासी निर्देश शर्मा अपने मकान का निर्माण करवा रहे हैं। तीसरी मंजिल पर छज्जे की दीवार पर बंदर कूद गया जिससे कच्ची दीवार गिर गई।

## भोजन बनाने में देरी पर पत्नी की हत्या

**फरीदाबाद।** श्याम कॉलोनी में गुरुवार दोपहर खाना बनाने में देरी से नाराज पति ने पत्नी की ब्लेड से गला रेतकर हत्या कर दी। किरण पति अरुण कुमार के साथ श्याम कॉलोनी में रहती थीं।

मृतका की बहू रुचि ने बताया कि गुरुवार दोपहर परिवार के सदस्य सो गए थे, जिससे खाना बनने में देरी हो गई। इसी बात पर उसके ससुर अरुण कुमार गुस्से में आ गए और सास की गर्दन पर ब्लेड से वार कर दिया। बेटे की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज किया है।

## एनसीआर 30 S



गुरुग्राम के द्वारका एक्सप्रेसवे पर सेक्टर-36 के पास सरिए से लदे ई-रिक्शा में पीछे से कैब ने टक्कर मार दी। इसमें कैब चालक की मौत हो गई। • हिन्दुस्तान

### कैब में सरिया घुसने से चालक की मौत

**गुरुग्राम।** द्वारका एक्सप्रेसवे पर शुक्रवार दोपहर एक बेहद दर्दनाक और दिल दहला देने वाला सड़क हादसा सामने आया है। एटीएल सोसाइटी के पास सरिया लदे एक ई-रिक्शा में पीछे से तेज रफ्तार कैब ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ई-रिक्शा से बाहर निकला एक भारी सरिया कैब का अगला शीशा तोड़कर अंदर घुस गया और चालक की गर्दन तोड़ते हुए पिछली सीट तक चला गया। हादसे में कैब चालक की मौके पर ही तड़प-तड़पकर मौत हो गई।

### नहर में डूबने से नर्सिंग छात्र की जान गई

**गुरुग्राम।** धनकोट नहर में गुरुवार शाम को एसजीटी यूनिवर्सिटी के एक छात्र की डूबने से संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। शुक्रवार सुबह पुलिस ने नहर से 21 वर्षीय मोहन का शव बरामद किया। मृतक के परिजनों ने उसके दोस्तों पर मारपीट करने और हत्या कर शव नहर में फेंकने का आरोप लगाया है। दोस्तों का कहना है कि छात्र नशे में खुद नहर में नहाने उतरा था और डूब गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने पोस्टमार्टम मेडिकल बोर्ड से कराने का फैसला किया है।

### पूर्व विधायक की जमानत याचिका खारिज

**गुरुग्राम।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को माहिरा होम्स समूह हाउसिंग घोटाले के मुख्य आरोपी कांग्रेस के पूर्व विधायक धर्म सिंह छोकर की जमानत याचिका खारिज कर दी। कोर्ट ने पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के आदेश में दखल देने से इंकार कर दिया, जिसमें पूर्व विधायक को ईडी के धन शोधन अधिनियम के तहत चल रहे मामले में नियमित जमानत देने से इनकार किया था। सीजेआई सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और वी.मोहना की बेंच ने सभी पक्षों को सुना।

### पशु तस्कर मुठभेड़ में गोली लगने से घायल

**नूंह।** फिरोजपुर झिरका के रावली बांध क्षेत्र में शुक्रवार को पुलिस मुठभेड़ के दौरान एक पशु तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पर फायरिंग करने के बाद आरोपी जवाबी कार्रवाई में घायल हो गया। उसके दोनों पैरों में गोली लगी है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान जमशेद निवासी अगोन, फिरोजपुर झिरका के रूप में हुई है। वह पशु तस्करी के एक मामले में वांछित चल रहा था। शुक्रवार सुबह पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि आरोपी रावली बांध के रास्ते राजस्थान की ओर जाने की कोशिश कर रहा है।

### एयरपोर्ट का कचरा धनौरी में निस्तारित होगा

**ग्रेटर नोएडा।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से निकलने वाले ठोस अपशिष्ट का निस्तारण धनौरी वेटलैंड के पास होगा। यहां शत प्रतिशत कचरे को रि-साइकिल करने की व्यवस्था की जाएगी। इसके लिए 200 मीटर भूमि किराये पर दी जाएगी। जानकारी के मुताबिक, प्रथम चरण में एयरपोर्ट से प्रतिदिन छह टन कचरा निकलेगा, जबकि अंतिम चरण तक यह 40 टन प्रतिदिन हो जाएगा। वैसे तो एयरपोर्ट पर कचरा निस्तारण के लिए उत्तर पूर्वी हिस्से में दो एयरोपोर्ट बनाए गए हैं। उत्तरी भाग वाला एसटीपी यात्रियों और सपोर्ट सुविधाओं के लिए होगा।

# परिवार को मुआवजा देने का निर्देश

अदालत से

**नई दिल्ली/गाजियाबाद, एजेंसी।** शीर्ष अदालत ने शुक्रवार को नंदग्राम थानाक्षेत्र में 16 मार्च को चार साल की बच्ची से दुष्कर्म और हत्या के मामले में गाजियाबाद स्थित दो निजी अस्पतालों के प्रबंधनों और चिकित्सकों की कड़ी फटकार लगाई। अदालत ने दोनों अस्पतालों को पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा देने का निर्देश दिया है।

इस मामले की सुनवाई अगले सप्ताह फिर होगी। सुनवाई के दौरान दोनों अस्पतालों से जुड़े कुछ चिकित्सक और प्रबंधन के लोग कोर्ट में पेश हुए। कोर्ट ने सख्त शब्दों में बच्ची के साथ अस्पतालों के कथित उपेक्षापूर्ण रवैये पर नाराजगी जताई। पीठ ने चिकित्सकों से कहा, 'अगर आप अपनी जिम्मेदारी नहीं निभाते हैं, तो आपको डॉक्टर कहलाने का कोई अधिकार नहीं है।

### अदालत ने पुलिस की भूमिका पर भी उठाए थे सवाल

मामले में गाजियाबाद पुलिस पर भी कथित तौर पर घटना को गंभीरता से नहीं लेने के आरोप थे। अप्रैल में सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत ने इस मामले में मुकदमा दर्ज करने और घटना की जांच करने को लेकर गाजियाबाद पुलिस की 'अनिच्छा' पर सवाल उठाते हुए कड़ी नाराजगी जताई थी। कोर्ट ने पुलिस के रवैये को संवेदनहीन करार देते हुए आलोचना की थी।

### बच्ची के पिता ने कहा, कोर्ट के फैसले से संतुष्ट

सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई से बच्ची के पिता संतुष्ट हैं। उनका कहना है कि कोर्ट का फैसला संतोषजनक है। आगे की लड़ाई अभी भी जारी है। वह अस्पतालों के साथ पुलिस भी कार्रवाई चाहते हैं। उन्होंने बताया कि उनकी बच्ची के साथ जो हुआ वह गलत था। किसी भी गरीब के बच्चे के साथ नहीं होना चाहिए। उचित इलाज मिलना चाहिए।



### एक साल से बिना लाइसेंस के चल रहा अस्पताल

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को गाजियाबाद के दो निजी अस्पतालों को मुआवजा देने के आदेश दिए हैं। खास बात यह है कि इनमें से एक अस्पताल बिना लाइसेंस के एक साल से संचालित है। मामले में एसीएमओ डॉ. अमित विक्रम का कहना है कि सीएमओ कार्यालय में खजान सिंह का नर्सिंग होम का कोई पंजीकरण नहीं है।

## एसी में धमाके से फ्लैट में आग लगी

**नोएडा।** सेक्टर-137 स्थित पारस टियरा सोसाइटी में सातवें तल के फ्लैट में गुरुवार रात एसी में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। फ्लैट से धुआं निकलता देखकर लोगों में अफरातफरी मच गई। दमकल विभाग के पहुंचने से पहले ही मेंटेनेंस टीम ने आग को बुझा दिया। गनीमत रही कि आग के दौरान जानमाल का कोई नुकसान नहीं हुआ।

मुख्य अग्निशमन अधिकारी प्रदीप कुमार चौबे ने बताया कि गुरुवार रात 11 बजे सोसाइटी के टावर नंबर-26 के सातवें तल के फ्लैट में लगे एसएी में तेज आवाज के साथ ब्लास्ट हुआ। बालकनी से धुआं उठने लगा। मेंटेनेंस टीम और पड़ोस के फ्लैटों में रहने वाले लोगों ने सजगता दिखाई। अग्निशमन टीम के पहुंचने से पहले ही आग पर काबू पाया। सीएफओ ने बताया कि टीम ने पहुंचने के बाद पूरे फ्लैट का निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया।

# कागजों में कंपनियां खोल देशभर के लोगों को ठगा

**नोएडा, संवाददाता।** शहर में किराए की जगह पर कागजों में कंपनियां खोलकर देशभर के सैकड़ों लोगों से करोड़ों की ठगी करने के बाद फरार होने का मामला सामने आया है। एनसीआरपी से मिली जानकारी पर सेक्टर-58 थाना पुलिस ने दो बैंक खाते के जरिए जांच की। जांच में दोनों में से एक भी कंपनी अस्तित्व में नहीं मिली।

जांच के बाद दो मुकदमे दर्ज कर आरोपियों की धरपकड़ शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि साइबर अपराधियों के खिलाफ डीजीपी के आदेश पर प्रदेश में साइबर बज्र अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान में साइबर अपराधियों के बैंकों के बैंकों के म्यूल खाते नंबरों की जांच की जा रही है। इन म्यूल खातों के खिलाफ राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायतें

- पुलिस ने बैंक खातों के जरिए जांच की
- दोनों ही कंपनियां अस्तित्व में नहीं मिलीं

दर्ज हैं। पोर्टल से मिली जानकारी पर सेक्टर-58 थाना पुलिस को दो बैंक खाते मिले जिन्हें सेक्टर-61 स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की शाखा में खोले गए थे। यह खाते शहर में अलग-अलग स्थान पर स्थापित कंपनियों के नाम पर खोले गए थे। जालसाजों ने जीएसटी नंबर भी प्राप्त कर रखा था।

पुलिस ने बताया कि बैंक में एक खाता सेक्टर-62 स्थित आईथम टावर में खोली गई कंपनी के नाम पर खोला गया था। इस बैंक खाते के खिलाफ एनसीआरपी पर देश के विभिन्न राज्यों से कुल 89 शिकायतें दर्ज हैं।

# दाखिले के पहले चरण में डीयू की आधी से ज्यादा सीटें भरीं

मिशन एडमिशन

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** दिल्ली विश्वविद्यालय में प्रवेश को लेकर इस साल भी छात्रों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। गुरुवार को डीयू ने पहले चरण की सीट आवंटन सूची जारी की थी। एक दिन बाद ही शुक्रवार को आधी से ज्यादा सीटें छात्रों ने स्वीकार कर ली हैं।

विश्वविद्यालय ने 67 कॉलेजों के 221 स्नातक कार्यक्रमों के लिए 93 हजार से ज्यादा अभ्यर्थियों को सीटें आवंटित की थीं। शुक्रवार तक 66,251 छात्रों ने अपनी सीट स्वीकार कर ली है। 6,826 आवेदन अप्रूवल बाई प्रिंसिपल चरण में हैं। हालांकि, अभी 896 छात्रों की ओर से ही निर्धारित शुल्क जमा किया गया है। वहीं, 5,141 अभ्यर्थियों को उनकी पहली पसंद के अनुसार आवंटन मिला है। वहीं, स्नातक पाठ्यक्रमों में खेल कोटा में प्रवेश के लिए, ट्रायल का आयोजन 29 जुलाई से तीन अगस्त के बीच विभिन्न कॉलेजों और खेल परिसरों में आयोजित किया जाएगा।

**आंबेडकर विश्वविद्यालय में 20 तक स्वीकार होंगे आवेदन :** डॉ. बीआर आंबेडकर विश्वविद्यालय में सीयूईटी-पीजी के माध्यम से 28 दो वर्षीय और सात एक वर्षीय मास्टर पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया 21 मई से शुरू हुई थी। 1,613 सीटों पर अब तक 12,445 पंजीकरण प्राप्त हुए। वहीं, स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया एक जुलाई से शुरू हुई थी। 23 कार्यक्रमों में उपलब्ध 1,194 सीटों के लिए अब तक 14,758 आवेदन प्राप्त हुए।

### खेल कोटे के तहत ट्रायल इस दिन होंगे

- **29 जुलाई :** तीरंदाजी, महिला बैडमिंटन, महिला बास्केटबॉल, मुक्केबाजी, पुरुष क्रिकेट, महिला फुटबॉल-हैंडबॉल, पुरुष हॉकी, महिला नेटबाल, स्क्वैश, टेबल टेनिस, भारोत्तोलन के ट्रायल होंगे।
- **30 जुलाई :** एथलेटिक्स, पुरुष बैडमिंटन, शतरंज, महिला क्रिकेट, फेंसिंग, पुरुष फुटबॉल, पुरुष कबड्डी, पुरुष खो-खो, ताइक्वांडो, शूटिंग, टेनिस और पुरुष वॉलीबॉल के ट्रायल आयोजित किए जाएंगे।
- **31 जुलाई :** पुरुष बेसबॉल, पुरुष बास्केटबॉल, जिम्नास्टिक, पुरुष हैंडबॉल, महिला हॉकी, जूडो, महिला कबड्डी, महिला खो-खो, महिला सॉफ्टबॉल, महिला वॉलीबॉल और कुश्ती के ट्रायल होंगे।
- **03 अगस्त :** तैराकी के ट्रायल आयोजित किए जाएंगे।

## एबीवीपी का प्रदर्शन

**नई दिल्ली, प्र.सं.।** एबीवीपी ने एक वर्षीय स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में सीटों की अपर्याप्त संख्या के विरोध में दिल्ली विश्वविद्यालय कला संकाय के बाहर प्रदर्शन किया। डीयू रजिस्ट्रार को मांगों से संबंधित ज्ञापन भी सौंपा गया।

संगठन के दिल्ली प्रांत मंत्री सार्थक शर्मा ने कहा कि एक वर्षीय स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। इसलिए, विश्वविद्यालय प्रशासन को तत्काल प्रभाव से सीटों की संख्या में पर्याप्त वृद्धि करनी चाहिए। अगर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं होता है तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

# छात्रसंघ चुनाव में प्रिंटेड सामग्री पर प्रतिबंध रहेगा

**नई दिल्ली, प्र.सं.।** डीयू छात्रसंघ चुनावों में इस बार पहले से ज्यादा सख्ती रहेगी। इस दौरान परिसर और उसके आस-पास सार्वजनिक संपत्ति को खराब नहीं किया जाएगा और खंबों पर कोई भी होर्डिंग (प्रिंटेड और डिजिटल) बैनर नहीं लगाए जाएंगे।

चुनाव को लेकर शुक्रवार को डीयू प्रॉक्टर टीम, डूसू पदाधिकारियों और छात्र प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गई। प्रॉक्टर प्रो. मनोज कुमार सिंह ने बताया कि प्रिंटेड सामग्री पर पूरी तरह से रोक है। सिर्फ हाथ से बनी सामग्री ही तय वॉल ऑफ डेमोक्रेसी पर लगाने की इजाजत है। दीवारों पर ब्लाक प्रिंटिंग या स्प्रे पेंटिंग नहीं की जा सकता है।

एमसीडी के विज्ञापन बोर्ड पर कोई भी फ्लेक्स पोस्टर नहीं लगाया जा सकता है। किसी भी गाड़ी जैसे कार, जीप, बस, ऑटो, ई-रिक्शा आदि पर उम्मीदवार के नाम लिखे स्टिकर नहीं लगाए जाएंगे। वह भी साफ किया गया है कि चुनाव प्रचार के दौरान हर उम्मीदवार के लिए सिर्फ पांच कारों की इजाजत है। ट्रैक्टर, जेसीबी जैसे वाहन या जानवरों के इस्तेमाल की अनुमति नहीं है। उम्मीदवार के नाम वाले कोई भी तोहफे या यादगार चीजें नहीं बांटी जाएंगी।

## प्रताड़ना के मामले में हेड वॉर्डन तलब

**नई दिल्ली, प्र.सं.।** उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को एक दोषी समेत तीन कैदियों पर हिरासत में प्रताड़ना के आरोपों पर जेल अधिकारियों से जवाब मांगा है। उच्च न्यायालय ने हेड वॉर्डन (जिसके खिलाफ प्रताड़ना के आरोप हैं) को अगली सुनवाई की तारीख पर मौजूद रहने का निर्देश दिया है।

आरोप है कि वॉर्डर ने 15 हजार रुपये सुरक्षा रकम की मांग पूरी न करने पर दोषी आशीष उर्फ विक्की को प्रताड़ित किया। न्यायमूर्ति प्रतिभा एम सिंह और न्यायमूर्ति विकास महाजन की पीठ ने निर्देश दिया कि घटना की तारीख का सीसीटीवी फुटेज 29 जुलाई को कोर्ट में पेश किया जाए।

# 'मतदाताओं की निर्वाचन नामावली जीवंत दस्तावेज'

**नई दिल्ली, प्र.सं.।** मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा कि देश में चुनाव संविधान, जन प्रतिनिधि अधिनियम और समय-समय पर निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार होते हैं। देश की करीब 95 करोड़ मतदाताओं वाली निर्वाचन नामावली एक जीवंत दस्तावेज है।

मुख्य चुनाव आयुक्त ने लोकतंत्र को मजबूत करना, चुनावों में मीडिया की भूमिका विषय पर शुक्रवार को आयोजित पहले अखिल भारतीय मीडिया कॉन्क्लेव-2026 को संबोधित करते हुए ये बातें कहीं। उन्होंने बताया कि मतदाता सूची तैयार करने की प्रक्रिया में कानूनी सुरक्षा प्रावधानों के तहत 12 लाख से अधिक बूथ लेवल अधिकारी और 15 लाख से अधिक बूथ लेवल एजेंट सक्रिय रूप से भाग लेते हैं और समवर्ती ऑडिटर के रूप में कार्य करते हैं।

उन्होंने कहा कि हाल में हुए विधानसभा चुनावों में अब तक का सर्वाधिक मतदान इस बात का प्रमाण है कि भारतीय मतदाताओं का देश की चुनावी व्यवस्था और लोकतंत्र पर गहरा विश्वास है। कार्यक्रम में देशभर से 380 से अधिक पत्रकार शामिल हुए।

## अपील लंबित रहने तक मिलेगा भत्ता

**नई दिल्ली, प्र.सं.।** उच्च न्यायालय ने कहा कि हिंदू विवाह अधिनियम, 1955 के तहत तलाक के फैसले के खिलाफ अपील लंबित रहने के दौरान पत्नी अंतरिम गुजारा भत्ता पाने की हकदार है। अपील असल में वैवाहिक कार्यवाही का ही हिस्सा है।

न्यायमूर्ति विवेक चौधरी और न्यायमूर्ति रेनू भटनागर की पीठ ने सेना के अधिकारी को निर्देश दिया है कि वह पत्नी को अंतरिम गुजारा भत्ता देना जारी रखे। भत्ता उनके वेतन का 30 फीसदी होगा। यह भुगतान तब तक जारी रहेगा, जब तक कि शादी खत्म करने के फैसले को चुनौती देने वाली पत्नी की अपील पर सुनवाई चल रही है।

# जवाद सिद्दीकी की अंतरिम जमानत याचिका खारिज

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** हाईकोर्ट ने अल फलाह यूनिवर्सिटी ग्रुप के चेयरमैन जवाद अहमद सिद्दीकी को छह सप्ताह की अंतरिम जमानत देने से मना कर दिया है।

सिद्दकी दो धनशोधन मामलों में हिरासत में है। हालांकि, न्यायमूर्ति सौरभ बनर्जी की पीठ ने सिद्दीकी को तीन तारीखों पर कस्टडी पैरोल पर अपनी पत्नी (जो स्टेज 4 आक्रामक कैंसर की मरीज हैं) से मिलने की इजाजत दे दी।

सिद्दीकी ने इस आधार पर अंतरिम जमानत मांगी थी कि उनकी पत्नी की सेहत बहुत खराब है। पीठ ने कहा कि रिकॉर्ड में ऐसा कुछ नहीं था जिससे कोई आपातकालीन स्थिति दिखे। असल में मेडिकल रिकॉर्ड से पता चला कि सिद्दीकी की पत्नी की हालत बिगड़ नहीं रही है, बल्कि सुधर रही है। पीठ ने आगे कहा कि सिद्दीकी के भागने का जोखिम हो सकता है। अगर रिहा किया गया तो वह गवाहों को प्रभावित कर सकता है या सबूतों से छेड़छाड़ करने की कोशिश कर सकता है।

- अल फलाह यूनिवर्सिटी ग्रुप के चेयरमैन को हाईकोर्ट से झटका

# बच्चों की हार्ट सर्जरी जल्द शुरू होगी

अच्छी खबर

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** गीता कॉलोनी स्थित चाचा नेहरू बाल चिकित्सालय में नवजात और बच्चों के लिए हार्ट सर्जरी की सुविधा जल्द शुरू होगी।

यह यमुनापार का पहला सरकारी अस्पताल होगा, जहां जन्मजात हृदय रोग (कंजेनिटल हार्ट डिजीज) से पीड़ित नवजात और बच्चों की सर्जरी की जा सकेगी। साथ ही, दिल्ली का तीसरा सरकारी अस्पताल होगा, जहां यह सुविधा उपलब्ध होगी। इसके साल के अंत तक शुरू होने की उम्मीद है। अस्पताल प्रशासन के अनुसार, यह सेवा राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) के तहत शुरू की जाएगी। फिलहाल पूर्वी दिल्ली और आसपास के इलाकों से आने वाले बच्चों को हार्ट सर्जरी के लिए एम्स या जीबी पंत अस्पताल रेफर करना पड़ता है। इन दोनों अस्पतालों में मरीजों का



- चाचा नेहरू बाल चिकित्सालय में साल के अंत तक सुविधा मिलेगी

दबाव बहुत अधिक होने के कारण सर्जरी के लिए लंबी प्रतीक्षा करनी पड़ती है। कई मामलों में मरीजों को छह महीने से लेकर एक साल तक इंतजार करना पड़ता है। इस दौरान कई बच्चों की बीमारी गंभीर हो जाती है और समय पर इलाज नहीं मिलने से उनकी जान तक चली जाती है। लंबे इंतजार के कारण कई परिवार बच्चों की हार्ट सर्जरी के लिए निजी अस्पतालों का सहारा लेने को मजबूर होते हैं, जहां इलाज पर लाखों रुपये खर्च होते हैं।

अस्पताल में सुविधा शुरू होने से पूर्वी दिल्ली, शाहदरा, उत्तर-पूर्वी दिल्ली के साथ गाजियाबाद, नोएडा, मेरठ, बागपत, हापुड़ और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के मरीजों को राहत मिलेगी।

आफत | सफदरजंग में 31 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ न्यूनतम तापमान, मौसम विभाग ने शनिवार और रविवार के लिए भीषण गर्मी और उमस का येलो अलर्ट जारी किया

# बीते पांच साल में सबसे गर्म रही 16 जुलाई की रात

मौसम का मिजाज

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** मानसून की बेरुखी से राजधानी में दिन के साथ-साथ रात के तापमान में भी बढ़ोतरी देखने को मिली है। दिल्ली की मानक वेधशाला सफदरजंग में न्यूनतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो जुलाई माह में पिछले पांच वर्षों में सबसे ज्यादा है।

दिल्ली के लोगों को मानसून के मौसम में भी भीषण गर्मी और उमस का सामना करना पड़ रहा है। दिन में जहां कड़ी धूप परेशान कर रही है वहीं रात के तापमान में भी अपेक्षित गिरावट नहीं आने के चलते लोगों को बेचैनी और असहजता का अहसास हो रहा है। मानक वेधशाला सफदरजंग में दिन का अधिकतम तापमान 38.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो सामान्य से 3.6 डिग्री ज्यादा है।

मौसम विभाग के आंकड़े बताते हैं कि इससे पहले वर्ष 2021 की एक जुलाई को न्यूनतम तापमान 31.7 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया था। यानी दिल्ली की रात का तापमान बीते पांच साल में सबसे ज्यादा रिकॉर्ड किया गया। सफदरजंग में आर्द्रता का स्तर 46 से 74 फीसदी तक रहा। मौसम विभाग का अनुमान है कि अगले दो दिनों के बीच भी भीषण गर्मी और उमस का यह दौर बना रहेगा। शनिवार को दिल्ली का अधिकतम तापमान 36 से 38 डिग्री सेल्सियस रहेगा।

न्यूनतम तापमान 28 से 30 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है। दिन के समय 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार वाली हवाएं चल सकती हैं और इस दौरान बेहद हल्की बूंदाबांदी भी हो सकती है। रविवार को भी मौसम कमोबेश ऐसा ही रहने के आसार हैं। इन दोनों दिनों के लिए भीषण गर्मी और उमस का येलो अलर्ट जारी किया गया है।



मानसून की बेरुखी के चलते लोगों को गर्मी और उमस का सामना करना पड़ रहा है। तेज धूप के कारण शुक्रवार को लोधी गार्डन में पर्यटकों की संख्या कम नजर आई। • हिन्दुस्तान

### रविवार के बाद राहत संभव

मौसम विभाग का अनुमान है कि रविवार के बाद मौसम में हल्की राहत देखने को मिल सकती है। अलग-अलग स्थानों पर तेज हवाओं के साथ हल्की बारिश हो सकती है जबकि दिन भर बादल छाए रह सकते हैं। इससे तापमान में तीन से चार डिग्री तक की गिरावट आएगी।

### मध्यम श्रेणी में एक्यूआई

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक, दिल्ली का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक 177 रहा। इस स्तर की हवा को मध्यम श्रेणी में रखा जाता है। एक दिन पहले यह 176 अंक पर था। अगले दो दिनों के बीच भी वायु गुणवत्ता का यह स्तर साफ-सुथरा स्तर बना रहेगा।

# यौन शोषण मामले में जांच अधिकारी से रिपोर्ट मांगी

अदालत से

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** एक कंपनी के कुछ वरिष्ठ अधिकारियों के खिलाफ यौन शोषण की शिकायत की जांच कर रहे जांच अधिकारी को अदालत ने नोटिस जारी किया है।

न्यायिक मजिस्ट्रेट नीतिका कपूर की अदालत ने हीरो फ्यूचर एनर्जीज के वरिष्ठ अधिकारियों के खिलाफ शिकायत की सुनवाई करते हुए यह नोटिस जारी किया है। इस मामले को आगे विचार के लिए 30 जुलाई के लिए सूचीबद्ध किया गया है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि रिन्यूएबल एनर्जी कंपनी के सीईओ ने एक महिला कर्मचारी द्वारा कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी के खिलाफ बार-बार यौन शोषण के आरोप के बारे में जानने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की।

शिकायत में आगे आरोप लगाया गया कि सीईओ ने कथित अपराधों की रिपोर्ट पुलिस को नहीं दी, सबूत दबाए व अपनी कानूनी जिम्मेदारियों को नजरअंदाज किया। महिला ने एससी/एसटी (अत्याचार निवारण) अधिनियम की धाराओं सहित व सजा के नियम जोड़ने की मांग की है।

# Weaving the Future of Viksit Bharat Inspired by the Prime Minister's Vision



"Bharat Tex is becoming a strong platform for engagement, collaboration and partnership for the policymakers, CEOs and industry leaders from across the world"

**Narendra Modi**
**Prime Minister**

## A Grand Opening to a Global Textile Movement

The third edition of Bharat Tex commenced on a momentous note with its inauguration by Giriraj Singh, Union Minister of Textiles at Bharat Mandapam, New Delhi. Organised by the Bharat Tex Trade Federation (BTTF) with the support of the Ministry of Textiles, Government of India, the event marked the opening of the world's largest integrated textile value chain platform.

The inaugural ceremony was graced by Pabitra Margherita, Union Minister of State for Textiles and External Affairs; Neelam Shami Rao, Secretary, Ministry of Textiles along with Ministers and senior officials from partner States, international ministerial delegations, global buyers, industry leaders, exporters, investors, and representatives from the global textile ecosystem.




Reflecting on Bharat Tex's growing international profile, the ceremony was also attended by Timur Gavaev, Minister of Agriculture, Russian Federation, Mark Patterson, Minister for Rural Communities and Associate Minister of Agriculture, New Zealand. Ministerial delegations from Sri Lanka also participated in the event, while industry and business delegations from the United States, Japan, Spain, United Kingdom, Portugal, Russia, South Africa, New Zealand, Germany, the UAE, Thailand, Bangladesh and Sri Lanka among others also participated.



"The textile industry possesses substantial potential for job creation. Furthermore, this sector accounts for a significant portion of international exports."
**Giriraj Singh,**
Union Minister of Textiles



"Serving as a cornerstone of our economy, the textile sector possesses the capacity to elevate the livelihoods of millions as it continues to expand."
**Pabitra Margherita**
Union Minister of State for Textiles and External Affairs



"The objective of Bharat Tex 2026 is to highlight the competitive strength of India's complete textile value chain, positioning the nation at the vanguard of the global textile sector."
**Neelam Shami Rao**
Secretary, Ministry of Textiles



"I am confident that India would become the global recycling hub for textiles and we intent to invest USD 500 million (approximately ₹4,800 crore) in textiles waste recycling, promoting circularity and create large scale employment opportunities."
**Fatih Konukoglu**
Chairman, RE&UP, Turkey



"In just three editions, Bharat Tex has emerged as one of the world's most significant textile platforms. By bringing together the entire textile value chain, it has created unparalleled opportunities for global brands, buyers, innovators, and manufacturers to connect, collaborate, and build the future together."
**Padma Shri Dr. Rajinder Gupta,**
MP, Rajya Sabha and Chairman Emeritus of Trident Group



"India is currently New Zealand's second largest market for wool – it is a key market for Kiwi wool growers and exporters and there is strong potential for further growth."
**Mark Patterson**
Minister for Rural Communities and Associate Minister of Agriculture, New Zealand



"Bharat Tex has emerged as a remarkable platform that brings together policymakers, industry leaders, designers, manufacturers, buyers, and innovators to collectively shape the future of Indian textiles."
**Vaishali Shadangule**
VAISHALI S



"My key takeaway from the Bharat Tex roundtable was one simple but p'owerful thought: India has reached a defining moment in its journey from being a supplier to becoming a creator of globally respected brands."
**Rahul Mishra**
AFEW Rahul Mishra



"Earlier, we used to go abroad to convince buyers to buy from us. At Bharat Tex, buyers are reaching out to us to book orders. This platform has given us significant global visibility."
**Sundaramurthy**
Ramraj Cotton, Tiruppur



## States & Global Trade in Focus

Bharat Tex 2026 spotlighted state as India's textiles growth engine with dedicated investment led sessions by Uttar Pradesh, Bihar, Punjab, Karnataka, Gujarat, Madhya Pradesh, Maharashtra and Tamil Nadu showcasing their policy initiatives, textile ecosystems and manufacturing strengths.

Dr. Mohan Yadav, Chief Minister, Madhya Pradesh and Bhagwant Mann, Chief Minister, Punjab led a large delegation from their States and highlighted the policy landscape, world class industrial infrastructure, including reliable power supply and strong value chain capabilities.



## Weaving Global Partnerships

Bharat Tex 2026 was a landmark in international textile collaboration, bringing together over 600 global speakers, industry leaders, CXOs, policymakers, and thought leaders from more than 20 countries, supported by a dedicated International Pavilion for cross-border engagement. Special bilateral sessions highlighted the India–US cotton partnership, India–New Zealand wool ecosystem, India-Russia Roundtable, India–UK FTA in action where trade, investments and collaborations were discussed at bilateral level, with clearly defined actionable for Indian Textiles Industry players. In addition, investment focussed sessions explored India's world class PM MITRA Parks and the policy incentives provided for foreign and domestic investors.



## Business Outcomes

**₹14,300** Crore of textile Investment Commitments with
**30+ MoUs**
**100+ B2G/G2G** Meetings

## Knowledge Programme

**100+** knowledge sessions
**50+** partner agencies onboarded

## From Business Hub to Innovation Engine

Bharat Tex 2026 has evolved from a global textile hub into India's largest innovation platform. Exhibition halls showcased sustainable fabrics, AI-powered matchmaking, and technical textiles for healthcare, defence, and agriculture. At the Sanrachna Pavilion, young innovators presented impactful ideas—protective garments for farmers, wound-care bandages, and insulated mattresses for soldiers—proving classrooms can drive change.

## Scale & Numbers

**6,000+** International Buyers
**138** Countries Visited
**94,000+** Trade Visitors
**28,500+** B2B Meetings
**20,000+** Textile Products on Display
**1.6 million sq. ft.** of Exhibition Space
**1,600+** Exhibitors
Intl. Exhibitors from 16 Countries
**600+** Speakers from **20+** Countries

## Spotlight on Sustainability

Bharat Tex 2026 drew strong global participation, with discussions centering on circularity, responsible sourcing, traceability and resource efficiency. At Bharat Tex 2026, a dedicated Eco-Stitch Sustainability & Circularity Hub was set-up underscoring its role in advancing India's leadership in sustainable, circular and globally competitive textile and apparel manufacturing. More than 30 knowledge sessions were organized by multilateral bodies and international think tanks focusing on sustainability, circularity and closed loop manufacturing.

**INSPIRED BY THE 5F VISION**
FARM TO
FIBRE TO
FACTORY TO
FASHION TO
FOREIGN

Inspired by the Prime Minister's 5F vision—Farm to Fibre to Factory to Fashion to Foreign— Bharat Tex has rapidly grown into the world's largest integrated textile expo, uniting the entire value chain. Launched in 2024, it has become a strategic platform for policy dialogue, trade partnerships, and technology collaboration across 110+ countries.

By blending traditional craftsmanship with advanced technical textiles, Bharat Tex is shaping the future of global trade while reinforcing India's role in sustainability, innovation, and future ready manufacturing. In a time of shifting supply chains and expanding trade agreements, Bharat Tex 2026 offered a timely platform to co-create resilient textile value chains. From business centre to innovation engine, it stood as a symbol of India's textile revolution—where commerce met creativity, and tradition met technology.

## State Participation

**8 Sponsor States**
**9 Exhibitor States/UTs**

## Glimpses of Bharat Tex 2026



Russian delegates at Bharat Tex 2026



International Buyer interacting with Exhibitor at Bharat Tex 2026




Premiere Vision to collaborate with BTTF to strengthen India-Europe market linkage



Global industry body - International Apparel Federation conducted their Board Meeting at Bharat Tex

## Together Towards Viksit Bharat

We are honoured to be part of this transformative journey, and grateful for the opportunity to advance the vision of Viksit Bharat—one thread at a time.

GLOBAL TEXTILE EXPO
Bharat TEX 2026
TEXTILES | FASHION | SUSTAINABILITY

शानदार पढ़ाई अब सिर्फ बड़े शहरों या नामी कोचिंग संस्थानों तक सीमित नहीं, देशभर के 66 शहरों से 138 टॉपर निकले

# नीट में छोटे शहरों का दबदबा बढ़ रहा

**उपलब्धि**

**नई दिल्ली, विशेष संवाददाता।** मेडिकल एंट्रेंस एग्जाम (नीट यूजी) में टॉप करने का ट्रेंड बदल रहा है। अब कोटा, दिल्ली के बड़े कोचिंग संस्थानों में पढ़ने वाले ही टॉप नहीं कर रहे बल्कि इस साल देश के 66 अलग-अलग शहरों से 138 टॉपर्स निकले हैं।

इससे पता चलता है कि अब शानदार पढ़ाई और बेहतरीन गाइडेंस सिर्फ बड़े शहरों या नामी कोचिंग सेंटर्स तक सीमित नहीं है, बल्कि छोटे-छोटे कस्बों से निकलने वाले बच्चे भी अपनी मेहनत के बूते पहचान बना रहे हैं। शिक्षा मंत्रालय के अधिकारी इसकी बड़ी वजह परीक्षा प्रक्रिया को बताते हैं, जिनमे कोचिंग संस्थानों का प्रभुत्व समाप्त करने की सोच के साथ कुछ बदलाव किए गए हैं।

**यूपी में सबसे ज्यादा छात्र पास :** नीट परिणाम का ट्रेंड बता रहा है कि इस साल देश के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से स्टूडेंट्स संतुलित अनुपात में पास हुए हैं। इसमें शीर्ष शीर्ष 20 में अधिकतर छात्र पंजाब, राजस्थान, बिहार और उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों से पास हुए। उत्तर प्रदेश से सबसे ज्यादा 1.7 लाख से ज्यादा छात्रों ने परीक्षा पास की है।

**720** का परफेक्ट स्कोर किसी को नहीं मिला

**58** फीसदी से ज्यादा लड़कियों ने इस वर्ष परीक्षा पास की



परिक्षा परिणाम आने के बाद खुशी से झूमतीं छात्राएं। ● फाइल फोटो

### इस साल कटऑफ में भारी उछाल आया

साल 2020 और 2021 के बाद यह पहली बार है जब किसी भी स्टूडेंट को 720 में से 720 का परफेक्ट स्कोर नहीं मिला है। इस साल पेपर के लेवल और कॉम्पिटिशन की वजह से कटऑफ में भारी उछाल आया है। जनरल कैटेगरी का क्वालिफाइंग मार्क्स 144 से बढ़कर सीधे 213 अंक पहुंच गया है। वहीं, ओबीसी, एससी और एसटी के लिए यह 113 से बढ़कर 177 अंक हो गया है।

### किस राज्यों से कितने उम्मीदवार हुए उत्तीर्ण

| राज्य | पास छात्र |
|---|---|
| उत्तर प्रदेश | 1,70,770 |
| राजस्थान | 1,33,140 |
| महाराष्ट्र | 1,07,304 |
| बिहार | 68,968 |
| कर्नाटक | 65,901 |
| तमिलनाडु | 61,306 |
| पश्चिम बंगाल | 52,746 |
| केरल | 51,782 |
| गुजरात | 38,146 |
| तेलंगाना | 38,026 |

### किसे कितने मार्क्स मिले

**19** छात्रों को 700 या उससे ज्यादा अंक मिले

**650** या उससे ज्यादा अंक लाने वाले छात्र 1,492 हैं

**600** या उससे ज्यादा अंक लाने वाले 10,160 छात्र

**90** हजार 780 छात्रों को 500 या उससे ज्यादा अंक मिले

**हिंदी माध्यम से परीक्षा देने वाले छात्र ने हासिल की 11वीं रैंक**

नीट यूजी 2026 में हिंदी माध्यम से परीक्षा देने वाले अभिलाष ने ऑल इंडिया रैंक (एआईआर) 11 हासिल कर देशभर में मिसाल कायम की है। राजस्थान के हनुमानगढ़ जिले के पल्लू कस्बे के रहने वाले अभिलाष के पिता किसान हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने सीकर में रहकर तैयारी की और शानदार सफलता प्राप्त की।

### पहली बार परीक्षा देने वालों का कमाल

अक्सर लोग सोचते हैं कि नीट क्रैक करने के लिए 2-3 साल का ड्रॉप लेना पड़ता है, लेकिन इस बार के आंकड़े कुछ और ही कह रहे हैं। टॉप स्कोर करने वाले 138 स्टूडेंट्स में से 93 फीसदी से ज्यादा ने पहली ही बार में यह कठिन परीक्षा पास कर ली है। इनमें से 99 फीसदी टॉपर्स की उम्र 17 से 19 साल के बीच है। यानी 12वीं के साथ ही सही तैयारी से टॉप रैंक हासिल की जा सकती है। संभव है कि इन्होंने दिन-रात मेहनत की और उसका बेहतरीन परिणाम भी हासिल किया है।

### मेडिकल में लड़कियों का दबदबा भी बढ़ता जा रहा

मेडिकल की पढ़ाई में लड़कियों का दबदबा लगातार बढ़ता जा रहा है। इस साल परीक्षा पास करने वाले कुल छात्रों में से 58 फीसदी से ज्यादा लड़कियां हैं। सिर्फ संख्या में ही नहीं, बल्कि सफलता रेट में भी लड़कियां लड़कों से आगे हैं। जहां लड़कियों का पास प्रतिशत 56.8 फीसदी है, वहीं लड़कों का 55.1 प्रतिशत रहा।

## स्कोर कार्ड निकाल सकेंगे : एनटीए

**नई दिल्ली, एजेंसी।** नीट के अभ्यर्थी को अब अपने स्कोरकार्ड खोने की चिंता नहीं करनी पड़ेगी, क्योंकि वे जल्द ही पिछले वर्षों के अपने स्कोर कार्ड दोबारा प्राप्त कर सकेंगे।

एनटीए ने केंद्रीय सूचना आयोग को बताया है कि पिछले वर्षों नीट स्कोर कार्ड हासिल करने के लिए डिजिलॉकर आधारित व्यवस्था विकसित करने का काम अंतिम चरण में है। इस व्यवस्था के लागू होने के बाद छात्रों को अपने स्कोरकार्ड खो जाने या उन तक पहुंच नहीं होने की चिंता नहीं करनी पड़ेगी।

## पुनर्परीक्षा में भी नहीं बढ़े लाखों आवेदक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** नीट-यूजी की पुनर्परीक्षा में 2.7 लाख से अधिक कम छात्र शामिल हुए। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, यह अब तक की सबसे बड़ी अनुपस्थिति है।

इससे पहले 3 मई को हुई पहली परीक्षा में 22.05 लाख छात्र शामिल हुए थे, जबकि 21 जून को आयोजित दोबारा परीक्षा में कुल 19.99 लाख छात्र (87.725%) उपस्थित हुए थे। इससे पहले 2020 में कोविड-19 महामारी के दौरान आयोजित की गई परीक्षा में 2.30 लाख उम्मीदवारों ने परीक्षा छोड़ी थी।

**सवाल-जवाब**

## राष्ट्रीय और राज्य कोटा के जरिये होती है काउंसलिंग

नीट-यूजी 2026 के नतीजे घोषित होने के बाद एमबीबीएस सीट के लिए अब अगला चरण काउंसलिंग का है। कई उम्मीदवार सोचते हैं कि नीट यूजी पास करने के बाद वे स्वयं एक ही काउंसलिंग प्रक्रिया में शामिल हो जाते हैं, लेकिन ऐसा नहीं है। बल्कि दाखिले के समय दो समानांतर प्रणालियां राष्ट्रीय और राज्य कोटा काम करती हैं।

### किसकी काउंसलिंग होगी



उम्मीदवारों को अपनी कैटगरी के लिए निर्धारित न्यूनतम क्वालिफाइंग परसेंटाइल प्राप्त करके नीट यूजी पास करना अनिवार्य है। आमतौर पर जनरल और ईडब्ल्यूएस के उम्मीदवारों के लिए 50वां परसेंटाइल और एससी/एसटी और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के उम्मीदवारों के लिए 40वां परसेंटाइल होता है।

### किस तरह काउंसलिंग प्रक्रिया पूरी होगी

1 मेडिकल काउंसलिंग कमेटी (एमसीसी) सरकारी मेडिकल कॉलेजों में 15 प्रतिशत ऑल इंडिया कोटा सीटों के लिए काउंसलिंग आयोजित करती है। यह केंद्रीय विश्वविद्यालयों, एम्स, जवाहरलाल स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान, डीम्ड विश्वविद्यालयों आदि की 100 प्रतिशत सीटों पर दाखिले संभालती है।

2 सरकारी मेडिकल कॉलेजों की शेष 85 प्रतिशत राज्य कोटा सीटें राज्य काउंसलिंग अधिकारियों द्वारा भरी जाती हैं। ये अधिकारी अपने संबंधित राज्यों के तहत आने वाले निजी (प्राइवेट) मेडिकल कॉलेजों के लिए भी दाखिले आयोजित करते हैं। यानी जो उम्मीदवार ऑल इंडिया कोटा और राज्य कोटा दोनों सीटों के लिए प्रयास कर रहे हैं।

### कितने चरण होते हैं

- **पहला चरण :** सभी पात्र पंजीकृत उम्मीदवारों के लिए खुला है। पंजीकरण और काउंसलिंग शुल्क के भुगतान के बाद, उम्मीदवार अपने पसंदीदा कॉलेजों और पाठ्यक्रमों को भरते हैं और लॉक करते हैं। सीट आवंटन नीट रैंक, आरक्षण श्रेणी और सबमिट किए गए विकल्पों के क्रम पर आधारित होता है।
- **दूसरा चरण :** इसमें जो उम्मीदवार राउंड 1 में शामिल नहीं हुए थे या जिन्होंने फ्री एग्जिट विकल्प का उपयोग किया था, वे राउंड 2 के लिए पंजीकरण कर सकते हैं।
- **तीसरा चरण :** मॉप-अप राउंड है, जो मुख्य रूप से उन उम्मीदवारों के लिए होता है जिन्हें पहले दो दौर के बाद भी सीट नहीं मिली है।
- **चौथा चरण :** यह चरण खाली रह गई सीटों को भरने के लिए होता है। डीम्ड यूनिवर्सिटी की सीटें चाहने वाले उम्मीदवारों के लिए कोई नया पंजीकरण नहीं होता है। सीट आवंटन पंजीकृत उम्मीदवारों के मौजूदा पूल से ही किया जाता है।

### प्रवेश के लिए ये जरूरी

नीट-यूजी एडमिट कार्ड, रैंक लेटर, मेडिकल काउंसलिंग कमेटी का अंतिम आवंटन पत्र, कक्षा 10वीं और 12वीं की मार्कशीट और सर्टिफिकेट, फोटो पहचान पत्र, श्रेणी प्रमाण पत्र (यदि लागू हो), चार से पांच पासपोर्ट आकार के फोटोग्राफ।

### विकल्प भरना अहम हिस्सा

काउंसलिंग में विकल्प भरना सबसे महत्वपूर्ण हिस्सों में से एक है। सीट मैट्रिक्स जारी होने के बाद उम्मीदवार जितने चाहें उतने कॉलेजों और पाठ्यक्रमों की सूची बना सकते हैं, जिन्हें वे चुनने के इच्छुक हैं। प्राथमिकताओं की संख्या पर कोई सीमा नहीं है।

### ये गलतियां पड़ेंगी भारी

■ प्रमाणपत्रों से मेल न खाने वाले विवरण दर्ज करना ■ विकल्पों को लॉक करना भूल जाना ■ बाद में बेहतर विकल्प मिलने की उम्मीद में शुरुआती काउंसलिंग दौर को छोड़ देना ■ सीट आवंटन के बाद रिपोर्टिंग की समय-सीमा चूक जाना ■ पंजीकरण के बाद श्रेणी के विवरण को संशोधित करने का प्रयास करना शामिल

## एमबीबीएस के लिए यूपी में 13 हजार सीटों पर प्रवेश

**तैयारी**

- सरकारी कॉलेजों में 5700 और निजी में 7900 सीटें
- बीडीएस में निजी व सरकारी 2270 सीटों पर दाखिले होंगे

**लखनऊ।** नीट यूजी 2026 का परिणाम घोषित होने के बाद अब अभ्यर्थियों की नजर काउंसिलिंग प्रक्रिया पर टिकी है। यूपी में एमबीबीएस सहित बीडीएस, बीएएमएस, बीएचएमएस और बीयूएमएस पाठ्यक्रमों की 21,712 सीटों पर दाखिला होना है।

इस वर्ष एनटीए द्वारा घोषित क्वालिफाइंग कटऑफ पिछले वर्ष की तुलना में बढ़ी है। इसका प्रमुख कारण उच्च अंकों वाले अभ्यर्थियों की संख्या में वृद्धि है। विशेषज्ञों का मानना है कि शीर्ष सरकारी मेडिकल कॉलेजों की प्रवेश कटऑफ में भी बढ़ोतरी होना तय है, जबकि मध्यम व निचली रैंक वाले कॉलेजों में सीट वृद्धि के कारण मामूली राहत मिल सकती है।

**निजी संस्थानों के बच्चों का दबदबा ज्यादा :** सरकारी विद्यालयों के बच्चों की तुलना में निजी स्कूलों के बच्चों का दबदबा ज्यादा है। नीट की तैयारी कराने वाली कोचिंगों से मिली जानकारी के अनुसार यूपी में नीट में सबसे ज्यादा बच्चे निजी संस्थानों के हैं। इसके बाद केंद्रीय विद्यालयों एवं अन्य सरकारी स्कूलों के बच्चे हैं।

**सफलता की कहानी**

### दादी को खोया तो डॉक्टर बनने की ठानी : आर्यन



**लुधियाना।** नीट-यूजी 2026 में संयुक्त रूप से शीर्ष पर रहने वाले दो छात्रों में से एक लुधियाना निवासी आर्यन गुप्ता ने टॉपर रहने पर खुशी जताई और कहा कि वह कैंसर रोग विशेषज्ञ बनना चाहते हैं, क्योंकि उन्होंने कैंसर से अपनी दादी को खो दिया था। हरियाणा के पांशुल बंसल के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष स्थान हासिल करने वाले गुप्ता (720 में से 715 अंक प्राप्त किए) ने गुरुवार को अपनी तैयारी के दौरान मिले अटूट सहयोग के लिए माता-पिता को श्रेय दिया और बताया कि वे दिन में लगभग 16-17 घंटे पढ़ाई करते थे। वहीं, पांशुल ने कहा कि मेहनत जरूरी है।

### लगातार मेहनत ने दिलाई सफलता : उपलक्ष्य गोयल



**जयपुर।** राजस्थान के रहने वाले उपलक्ष्य गोयल ने नीट-यूजी परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक 3 हासिल की है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अनुशासित तैयारी, लगातार अभ्यास और अपने माता-पिता व शिक्षकों के सहयोग को दिया है। गोयल ने बताया कि वे रोजाना लगभग 10 से 12 घंटे पढ़ाई करते थे और डॉक्टर बनने के अपने लक्ष्य पर पूरी तरह केंद्रित थे। उन्होंने छात्रों को सलाह दी नियमित रूप से सवालों का अभ्यास करना चाहिए।

### सपना, लगन और पक्का इरादा : श्रावणी कुडाले



**पुणे।** महाराष्ट्र के पुणे जिले की बारामती निवासी श्रावणी कुडाले ने ऑल इंडिया रैंक 5 हासिल की है। उनके मुताबिक, वर्षों की तैयारी, कड़ी मेहनत और स्कूल के दिनों में बनी मजबूत नींव के कारण ही एग्जाम में 720 में से 710 अंक हासिल किए। उन्होंने कहा कि ऐसा लग रहा है, जैसे सपना सच हो गया हो। स्कूल के दिनों से ही नीट में शामिल होने का लक्ष्य बना रही थी। जब वह नौवीं कक्षा में थी, तभी से परीक्षा की तैयारी शुरू कर दी थी।

### पिता-चाचा जेल में, बेटी ने मनवाया प्रतिभा का लोहा



**बागपत।** खेकड़ा की रहने वाली भारती धामा ने हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा बेहतर अंकों के साथ पास करने के बाद उसने डॉक्टर बनने का सपना देखा। अब इस बिटिया ने नीट परीक्षा पास कर 4543वीं रैंक प्राप्त कर नाम रोशन किया है। उसके पिता जयवीर और दो चाचा को 2017 के दोहरे हत्याकांड में उम्रकैद की सजा सुना दी गई। पूरा परिवार टूट गया, लेकिन भारती ने पढ़ाई नहीं छोड़ी और सपना पूरा किया।

**आर्यमन बोले, फायदेमंद साबित हुई पुनर्परीक्षा**



**जबलपुर।** मध्य प्रदेश के जबलपुर के छात्र आर्यमन सोलंकी ने नीट-यूजी परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक 46 हासिल की है। उनके मुताबिक, नीट की दोबारा हुई परीक्षा उनके लिए फायदेमंद साबित हुई। इस परीक्षा में आर्यमन मध्य प्रदेश के टॉपर बने हैं। उन्होंने कहा कि पहली परीक्षा रद्द होने के बाद उन्हें शुरू में निराशा हुई थी, लेकिन बाद में इसे स्वीकार किया और अपनी तैयारी पर ध्यान दिया। पुनः परीक्षा सही फैसला था और उसी वजह से मेरे मार्क्स और रैंक में सुधार हुआ।

## फिल्म 'महाप्रभु जगन्नाथ' यात्रा के बाद रिलीज होगी

**नई दिल्ली, वि.सं.।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को एनिमेटेड फिल्म 'महाप्रभु जगन्नाथ' को 17 जुलाई को ही रिलीज करने की अनुमति देने से इनकार कर दिया। शीर्ष अदालत ने फिल्म को भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा का उत्सव समाप्त होने के बाद देशभर में 28 जुलाई या उसके बाद रिलीज करने की अनुमति दी।

जस्टिस बी. वी. नागरत्ना और आर. महादेवन की पीठ ने कहा कि यह एनिमेटेड फिल्म उस वेब सीरीज पर आधारित है, जिसे पहले ही यूट्यूब पर जारी किया जा चुका है। पीठ ने यह भी उल्लेख किया कि केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड ने फिल्म के प्रदर्शन के लिए प्रमाणपत्र जारी किया है। फिल्म के निर्माताओं ने ओडिशा उच्च न्यायालय के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें एले एनिमेशंस प्राइवेट लिमिटेड को फिल्म रिलीज करने से रोक दिया था।

## युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ : राहुल

**संवाद**



कांग्रेस नेता ने देहरादून में सरकार पर तीखा हमला बोला

**देहरादून, मुख्य संवाददाता।** देहरादून में आयोजित 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम में कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने का गंभीर आरोप लगाया है।

उन्होंने मंच पर एक विस्तृत प्रस्तुतिकरण के माध्यम से देश में रोजगार के संकट और पेपर लीक के चौंकाने वाले आंकड़े साझा किए। देहरादून के रेसकोर्स स्थित बन्नू स्कूल मैदान में शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम में राहुल गांधी ने बताया कि सरकारी नौकरी की आस में देश का युवा लगातार पांच वर्षों तक रोजाना दस-दस घंटे की कड़ी तैयारी करता है। इस लंबी तैयारी के दौरान हर छात्र के परिवार का औसतन नौ लाख रुपये खर्च हो जाता है। इस भारी-भरकम आर्थिक बोझ के साथ-साथ युवा लगातार पारिवारिक दबाव और आयु सीमा खत्म होने के मानसिक तनाव से भी गुजरता है।

उन्होंने देश के रोजगार संकट की भयावहता को रेखांकित करते हुए कहा कि वर्तमान में देश में छह लाख सरकारी नौकरियों के लिए नौ करोड़ अभ्यर्थी परीक्षा दे रहे हैं, जिसका सीधा मतलब यह है कि प्रत्येक 150 अभ्यर्थियों में से केवल एक छात्र को ही नौकरी मिल पाती है।

## हाईकोर्ट से अलफलाह के चेयरमैन को राहत नहीं

**नई दिल्ली, प्र.सं.।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने अल फलाह यूनिवर्सिटी ग्रुप के चेयरमैन जवाद अहमद सिद्दीकी को छह सप्ताह की अंतरिम जमानत देने से मना कर दिया। सिद्दकी दो धनशोधन मामलों में हिरासत में है।

हालांकि न्यायमूर्ति सौरभ बनर्जी की पीठ ने सिद्दीकी को तीन तारीखों पर कस्टडी पैरोल पर अपनी पत्नी (जो स्टेज 4 ओवेरियन कैंसर की मरीज हैं) से मिलने की इजाजत दे दी। सिद्दीकी ने इस आधार पर अंतरिम जमानत मांगी कि उनकी पत्नी की सेहत बहुत खराब है।

पीठ ने कहा कि रिकॉर्ड में ऐसा कुछ नहीं था, जिससे कोई आपातकालीन स्थिति दिखे। असल में मेडिकल रिकॉर्ड से पता चला कि सिद्दीकी की पत्नी की हालत बिगड़ नहीं रही है, बल्कि सुधर रही है।

## 'देशभर की अदालतों में शौचालय की सुविधा होनी चाहिए'

**नई दिल्ली, वि.सं.।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को अपने-अपने अधिकार क्षेत्र में आने वाली सभी अदालतों (जिला और तालुका स्तर की अदालतों सहित) में वॉशरूम की सुविधा सुनिश्चित करने का आदेश दिया है।

मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची और वी. मोहना की पीठ ने यह आदेश कुछ महिला वकीलों की ओर से दाखिल याचिका पर दिया है।

**शराब-तंबाकू पर कर बढ़ाएं तो आपत्ति नहीं :** सीजेआई ने कहा कि कुछ राज्य/ केंद्र शासित प्रदेश कह सकते हैं कि इस काम के लिए पर्याप्त फंड उपलब्ध नहीं है। हालांकि, वॉशरूम की सुविधा के मामले में ऐसा बहाना मंजूर नहीं होगा, क्योंकि यह एक बुनियादी सुविधा है।

## 'मुआवजा नहीं रोक सकता रेलवे'

**अदालत से**

**यात्री की पत्नी ने मांगी थी सहायता**

यह मामला चंद्रकांत ठक्कर की मौत से जुड़ा है, जो कथित तौर पर नवंबर 2015 में रायपुर से अहमदाबाद जाते समय अहमदाबाद-हावड़ा मेल ट्रेन से गिर गए थे। उनका ट्रैवल बैग, जिसमें कथित तौर पर ट्रेन का टिकट था, हादसे के बाद गायब हो गया था। इसके बाद उसकी पत्नी ने मुआवजे की मांग की थी।

**नई दिल्ली, विशेष संवाददाता।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा कि रेल दुर्घटना के मामले में, मरने वाले यात्री के शरीर पर सिर्फ ट्रेन टिकट न होना पीड़ित के परिवार को मुआवजा देने से इनकार करने का आधार नहीं हो सकता।

शीर्ष अदालत ने रेलवे क्लेम ट्रिब्यूनल और मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के पिछले आदेशों को रद्द करते हुए यह फैसला दिया है। जस्टिस संजय करोल और एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने रेल यात्रियों और उनके परिवारों के अधिकारों को मजबूत करने के मकसद से दिए गए इस फैसले में वर्ष 2015 में चलती ट्रेन से गिरकर मरने वाले एक व्यक्ति की विधवा लता को आठ लाख रुपये मुआवजा देने का भी आदेश दिया है। पीठ ने उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ विधवा की अपील को स्वीकार करते हुए यह फैसला दिया है। रेलवे क्लेम ट्रिब्यूनल ने इस आधार पर मुआवजे की मांग को खारिज कर दिया था कि मृतक के पास से टिकट बरामद नहीं हुआ था। ट्रिब्यूनल के फैसले को उच्च न्यायालय ने भी सही ठहराया था।

पीठ ने कहा, 'सिर्फ इसलिए कि मरने वाले के पास ट्रेन यात्रा का टिकट नहीं मिला, इससे उसके असली यात्री होने का स्टेटस नहीं बदलेगा।'

### बम की झूठी धमकी पर केस

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर इंडिगो की उड़ान के अहमदाबाद के लिए निर्धारित प्रस्थान से पूर्व उसमें बम होने की झूठी धमकी मिलने पर शुक्रवार को प्राथमिकी दर्ज की गई। पुलिस ने यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि 16 जुलाई को रात आठ बजे इंडिगो की उड़ान 6ई-6423 यहां से प्रस्थान करने वाली थी, उससे पूर्व यह घटना घटी।


**पहचान की अपील**



एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक शख्स जिसका **नामः** नामालूम, **पुत्रः** नामालूम, **निवासीः** नामालूम, **उम्रः** लगभग 38 वर्ष, **ऊंचाईः** 5 फुट 7 इंच, **रंगः** सांवला, **शरीरः** मध्यम, **पहनावाः** काले रंग की गोल गले वाली टी-शर्ट और नीले रंग की जींस पहने हुए, **बरामदगी का स्थानः** नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर A.G. साइड बाइक पार्किंग के पास मृत अवस्था में मिला। इस संबंध में **डीडी संख्या 4ए** दिनांकः **13.07.2026** के तहत थाना नई दिल्ली रेलवे स्टेशन, दिल्ली में दर्ज की गई है।

यदि किसी भी व्यक्ति को इस मृतक के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो निम्नलिखित को सूचित करने की कृपा करें:-

**थानाध्यक्ष -**
**थाना नई दिल्ली रेलवे स्टेशन, दिल्ली,**
**दूरभाष नंबर: 011-23744073, 8750871305, 9910538490**

DP/9760/Rly/2026

**पहचान की अपील**



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यह व्यक्ति (फोटो में प्रदर्शित) जिसका **नामः** अज्ञात **पुत्रः** अज्ञात **पताः** अज्ञात **उम्रः** लगभग 35 साल, **लिंगः** पुरूष, **कदः** 5 फुट 6 इंच **चेहराः** अंडाकार, **रंगः** गेंहुआ, **शरीरः** सामान्य, **पहनावाः** ऊपरी शरीर पर बिना कपड़ों के तथा निचले भाग में काले रंग की जींस पहने हुए, **दिनांक 25.06.2026** को दिल्ली के निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन, सराय काले खां रोड पर बेहोशी की हालत में मिला और फिर दिल्ली के एम्स हॉस्पिटल ले जाया गया जहाँ डॉक्टर ने उसे मृत अवस्था में लाया गया घोषित किया, **थाना अन्तर्गत सनलाईट कॉलोनी, नई दिल्ली।**

इस संदर्भ में **DD No.32A दिनांक 25.06.2026, थाना सनलाईट कॉलोनी, नई दिल्ली** में दर्ज है।

हर संभव कोशिश के बाद भी अब तक इस मृतक व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी या सुराग नहीं मिल पाया है।

मृतक के पहचान के लिए एम्स ट्रॉमा सेंटर, नई दिल्ली के शवगृह में 72 घंटे के लिए संरक्षित रखा गया है। यदि किसी भी व्यक्ति को इस मृतक व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो अधोहस्ताक्षरी को निम्नलिखित पते पर सूचित करने की कृपा करें।

**थाना प्रभारी**
**थाना सनलाईट कॉलोनी, नई दिल्ली**
**फोनः 011-26347482, 8750870928**

DP/9787/SE/2026

**पहचान के लिए अपील**



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक अज्ञात लड़का जिसका **नामः वंश, पुत्रः अज्ञात, पताः अज्ञात जोकि दिनांक 05.07.2026 को रात 7:19 बजे दिल्ली के छावला थाना क्षेत्र के कंगनहेरी गाँव में मिला।** इस संदर्भ में **DD No. 93A, Dated: 05.07.2026** पुलिस थाना **छावला, नई दिल्ली** में रिपोर्ट दर्ज है। नीचे अज्ञात लड़के का हुलिया दिया गया है :

**नामः वंश, उम्रः 7.8 साल, कदः 3'6", रंगः गेहुँआ, चेहराः गोल, शरीरः पतला, पहनावाः नीले रंग की टी–शर्ट और भूरे रंग का पजामा।**

अगर किसी को इस लड़के के बारे में कोई जानकारी मिले कृपया नीचे दिए गए नंबर पर संपर्क करें।

**थाना प्रभारी**
**पुलिस थाना छावला, नई दिल्ली**
**फोनः 011-25351003, 8750871031**

DP/9516/DW/2026

**पहचान की अपील**



एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक अज्ञात व्यक्ति का शव जिसका नाम **सरमनी पुत्रः अमुल मिश्रा पताः नामालूम उम्रः** 50 वर्ष, **कदः** 5', **रंगः** गेहुँआ, **बालः** काले और सफेद, जिसने सफेद रंग की टी–शर्ट और नीले रंग का लोअर पहना था। जो डीएसआइआइडीसी मैदान के पट्रोल पम्प के पास, नरेला, दिल्ली में रोड पर पड़ा मिला और जिसे एसआरएचसी अस्पताल में CR No. 71255/2026 के तहत भर्ती कराया गया, जहाँ इलाज के दौरान दिनांक 28.06.2026 को डॉक्टर ने उसे मृत घोषत कर दिया। इस संदर्भ में **DD No. 42A दिनांक 28.06.2026 U/s 194 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023, थाना नरेला इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली** में दर्ज है।

यदि किसी भी व्यक्ति को इस मृतक के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो अधोहस्ताक्षरी को निम्नलिखित पते या फोन नंबरों पर सूचित करने की कृपा करें।

**थानाध्यक्ष**
**थाना नरेला इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली**
**फोनः 7065036324, 9910930811**

DP/9826/ON/2026

**गुमशुदा/अपहृत की तलाश**



अंजलि त्रिपाठी

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक लड़की (फोटो में दर्शायी गई) जिसका नाम **अंजलि त्रिपाठी पुत्री राकेश कुमार त्रिपाठी निवासी मकान नं. जी-87, गली नं. 4, शास्त्री पार्क, दिल्ली** जो दिनांक **04.07.2026** को **प्रातः 10:00 बजे, गेट नं. 5, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली** से लापता/अपहृत है। इस संदर्भ में एक एफआईआर नं./डीडी नं. **117ए, दिनांक 04.07.2026 को थाना सब्जी मण्डी, उत्तरी जिला, दिल्ली** में रिपोर्ट दर्ज है। स्थानीय पुलिस ने इस लड़की का पता लगाने के लिए गंभीर प्रयास किए लेकिन अब तक कोई सुराग नहीं मिला है। जिसका हुलिया नीचे दिया गया है:-

**लिंगः** स्त्री, **आयुः** 24 वर्ष, **कदः** 5' 1" फीट, **रंगः** गेंहुँआ, **चेहराः** गोल, **शरीरः** मज़बूत, **पहनावाः** सफेद रंग का टॉप, काले रंग की जींस पेंट व पैरों में जूते पहने है।

अगर किसी को इस गुमशुदा लड़की के बारे में कोई जानकारी मिले तो निम्नलिखित पते पर सूचित करें:-

**थाना प्रभारी**
**थानाः सब्ज़ी मण्डी, दिल्ली**
**फोनः 011-23827354**
**मोबाइलः 8750870186**

**वेबसाइट: http://cbi.nic.in**
**ई-मेल: cic@cbi.gov.in**
**टेली. न.: 011-24368638/24368641**
**फैक्स नं.: 011-24368639**

DP/9666/N/2026

**मध्य रेल**

**एच.टी. कनेक्शनों में पावर फैक्टर सुधार हेतु**

**खुली ई–निविदा सूचना क्र.: 19 / 2026 दिनांक 15.07.2026**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए प्रतिष्ठित ठेकेदारों से खुली ई–निविदा वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। **निविदा सूचना क्र.: 19/2026, BB.LG.W.KYN.2026.01; कार्य का विवरणः** मुंबई मंडल के विभिन्न स्थानों पर एच.टी. कनेक्शनों में पावर फैक्टर सुधार और आरसीबीओ (RCBO) एवं अर्थिंग का प्रावधान कार्य करने हेतु। **कार्य की औसत लागतः** रु. 2,37,44,608/-; **बोली प्रतिभूतिः** रु. 4,74,900/-; **वैधताः** 60 दिन; **समापन अवधिः** 06 माह (समापन); **अनुदेशः** 1. उपर्युक्त निविदा की बंद होने की तिथि एवं समय **06.08.2026** को 13:00 बजे और उसी दिन 13:00 बजे बाद खोली जाएगी। 2. निविदाकर्ताओं से अनुरोध है कि निविदा के विस्तृत विवरण एवं शुद्धिपत्र, यदि कोई हो तो, की अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** को देखें। 3. निविदाकर्ता वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से केवल ऑनलाइन निविदा में भाग ले सकते हैं एवं मेनुअल रूप से निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। 4. आगे की अधिक जानकारी के लिए वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (सामान्य) मध्य रेलवे एनेक्स बिल्डिंग, पहली मंजिल, सी.एस.एम.टी. –400001 से संपर्क कर सकते हैं। 5. यह निविदा, सार्वजनिक खरीद नीति आदेश 2017 दिनांक 15.06.2017 का अनुपालन करती है।

DE/371

सुरक्षित यात्रा करें, फुटबोर्ड पर यात्रा न करें

## प्रधानमंत्री बोले, सरकार समस्या से पहले तलाशती है समाधान

# ईंधन संकट में भी विकास नहीं रुकने दिया : मोदी

**उपलब्धि**

**जींद, हमारे संवाददाता/ एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को



कहा कि एनडीए सरकार ने ईंधन संकट के बावजूद देश और रेलवे का विकास प्रभावित नहीं होने दिया।

जींद में प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत समुद्री मार्ग होर्मुज से बड़ी मात्रा में पेट्रोल, डीजल, एलपीजी गैस और खाद मंगाता था। कुछ महीनों से यह संघर्ष का केंद्र बना हुआ है। मोदी ने कहा कि, पश्चिम एशिया संकट जैसी स्थिति 2014 से पहले होती तो देश की ट्रेन के पहिए थम गए होते क्योंकि अधिकतर ट्रेन का संचालन डीजल से होता था। उन्होंने कहा कि आज केंद्र सरकार किसी भी समस्या से पहले ही उसका समाधान तलाश लेती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि जींद के दौरे से पुरानी यादें ताजा हो गई हैं। मैं यहां से मिले प्यार को नहीं भूल सकता।

**मेक इन इंडिया का उदाहरण:** मोदी ने देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन को 'मेक इन इंडिया' अभियान का सफल उदाहरण बताया। उन्होंने हरियाणा में शिक्षा, स्वास्थ्य और मूलभूत ढांचे से जुड़ी 14,700 करोड़ की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी किया। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि ये भारतीय इंजीनियरिंग क्षमता की ऐतिहासिक उपलब्धि है।

**खिलाड़ियों, युवाओं को लाभ:** मोदी ने युवाओं से कहा कि 2030 में भारत राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी करेगा और 2036 में ओलंपिक मेजबानी की कोशिश है। इसे देखते हुए भारतीय एथलीट को पूरी शिद्दत के साथ तैयारी करनी चाहिए। भाजपा की डबल इंजन सरकार आपकी पूरी मदद करेगी। विदेश दौरों का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड सरकार से हरियाणा के युवाओं और खेल पर चर्चा की। इससे हरियाणा के युवाओं को लाभ होगा।

**सिख संग्रहालय की आधारशिला:** मोदी ने कुरुक्षेत्र में सिख संग्रहालय की आधारशिला रखी। 164 करोड़ रुपये से तैयार होने वाला यह संग्रहालय सिख इतिहास को प्रदर्शित करेगा।

**स्वास्थ्य क्षेत्र में बदलाव:** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत के हेल्थकेयर सेक्टर में अभूतपूर्व बदलाव आया है। उन्होंने 2017 की राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति को व्यापक और अहम बदलाव बताया।

**मोदी से मिले मनीष तिवारी:** चंडीगढ़ में कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने मोदी से मुलाकात की। मंच पर दोनों बातचीत करते नजर आए।

### देश के 20 राज्यों में 75 रेलवे स्टेशन लोकार्पित किए

**जींद/ जालंधर।** मोदी ने हरियाणा में दिल्ली- अमृतसर कटरा एक्सप्रेस का उद्घाटन किया। इससे दिल्ली- कटरा का सफर छह घंटे में पूरा होगा। वहीं दिल्ली से अमृतसर चार घंटे में पहुंच सकेंगे। बाद में उन्होंने जालंधर में 5470 करोड़ की परियोजनाओं और अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत देश के 20 राज्यों में 75 पुनर्विकसित रेलवे स्टेशनों का भी उद्घाटन किया। 1,570 करोड़ रुपये की लागत से इन स्टेशनों पर आधुनिक और यात्री-अनुकूल सुविधाएं विकसित की गई हैं।

### 'पंजाब में केवल भाजपा ही ला सकती है बदलाव'

**जालंधर।** मोदी ने पंजाब की आम आदमी पार्टी की सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि राज्य में कानून-व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त है। आरोप लगाया कि केंद्र से आने वाले करोड़ों रुपये का सही इस्तेमाल नहीं हो रहा। शिरोमणि अकाली दल और कांग्रेस पर भी निशाना साधते हुए कहा कि दोनों आंतरिक मामलों में उलझे हैं। पंजाब में भाजपा ही बदलाव ला सकती है।

### ट्रेन के संचालन की तिथि अभी तय नहीं की गई

हाइड्रोजन ट्रेन के संचालन की तिथि जल्द तय होगी। रेलवे के एक बयान के अनुसार, ट्रेन जींद से सुबह 07:40 बजे रवाना होगी और 09:40 बजे सोनीपत पहुंचेगी। 12 स्टेशन से ये ट्रेन गुजरेगी। अभी छह ट्रेन का इस्तेमाल किया जाएगा। अनुमानित किराया 10 से 35 रुपये हो सकता है। अधिकतम गति 110 किमी प्रतिघंटा है जबकि संचालन 75 किमी प्रतिघंटे पर होगा।

### चंडीगढ़ को मिलीं 4700 करोड़ की योजनाएं

**चंडीगढ़।** प्रधानमंत्री मोदी ने 4700 करोड़ की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि चंडीगढ़ का विकास होगा तो इसका लाभ पंजाब, हरियाणा और हिमाचल को मिलेगा।



अहमदाबाद स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर में 149वीं रथयात्रा के दौरान गृह मंत्री अमित शाह को स्मृति चिह्न भेंट किया गया। • प्रेट्र

# शाह बंगाल में सीमा सुरक्षा की समीक्षा करेंगे

**सिलीगुड़ी, एजेंसी।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शुक्रवार रात पश्चिम बंगाल के तीन दिन के दौरे पर यहां बागडोगरा एयरपोर्ट पहुंचे।

पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने उनका स्वागत किया। एयरपोर्ट पहुंचने के बाद शाह यहां कदमतला में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के नॉर्थ बंगाल फ्रंटियर मुख्यालय गए। शनिवार को वह बांग्लादेश सीमा के पास जुमागाछ में बीएसएफ की 18वीं बटालियन की बॉर्डर आउटपोस्ट का दौरा करेंगे।

**■ बीएसएफ की जुमागाछ सीमा चौकी पर जाएंगे**

इससे पहले गुरुवार को उन्होंने गांधीनगर में पौधरोपण अभियान की समीक्षा की। इसके बाद गृह मंत्री गुजरात भाजपा मुख्यालय 'कमलम' गए और शीर्ष नेताओं के साथ बैठक की। इसके साथ ही 149वीं रथ यात्रा से पहले भगवान जगन्नाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की।

# वीजा टेंडर पर सुनवाई 20 को

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र सरकार ने वीजा सेवाओं की टेंडर प्रक्रिया से जुड़े दिल्ली उच्च न्यायालय के एक आदेश को शीर्ष अदालत में चुनौती दी है।

अदालत ने याचिका स्वीकार करते हुए सोमवार (20 जुलाई) को सुनवाई करने की सहमति दी है। दिल्ली उच्च न्यायालय ने 15 जुलाई के आदेश में अबूधाबी, कुवैत, सिंगापुर और कैनबरा स्थित भारतीय मिशनों में कॉन्सुलर, पासपोर्ट और वीजा सेवाओं के लिए निजी कंपनियों को जारी टेंडर रद्द कर दिए थे।

# बुलेट ट्रेन पर जापान के पूर्व मंत्री का दावा खारिज

**नई दिल्ली, विशेष संवाददाता।** भारत ने जापान के पूर्व मंत्री के उन आरोपों को खारिज किया है जिसमें बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट में देरी के लिए भारतीय अधिकारियों को जिम्मेदार ठहराया गया था। प्रोजेक्ट को लेकर दोनों देशों में मतभेदों होने को भी गलत बताया है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रंधीर जैसवाल ने शुक्रवार को कहा कि जापान के पूर्व मंत्री हिदेकी माकिहारा का बयान उनकी निजी राय है जो तथ्यों से परे है। जैसवाल ने कहा कि मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड ट्रेन कॉरिडोर पर भारत और जापान के बीच बातचीत अच्छी तरह से आगे बढ़ रही।

### माकिहारा ने यह लिखा था

जापान के पूर्व मंत्री हिदेकी माकिहारा ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि भारत की बुलेट ट्रेन परियोजना से मैं स्वयं जुड़ा रहा हूं। बैठकों और वार्ताओं में जो बात सामने आई, वह भारतीय पक्ष की बार-बार दिखाई देने वाली अव्यवस्था थी।

**पाक की आपत्ति स्वीकार योग्य नहीं :** भारत ने हाल में जारी भारत-जापान संयुक्त बयान में सीमा पार आतंकवाद के संदर्भ पर पाकिस्तान की आपत्तियों को दरकिनार कर दिया। मंत्रालय ने कहा कि संयुक्त बयान स्पष्ट है और साझा दृष्टिकोण को दर्शाता है।

# संघ समाज की सेवा में, फिर भी गलतफहमियां : राजनाथ सिंह

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ 100 वर्षों से



लगातार देश और समाज की सेवा कर रहा। इसके बावजूद समाज का एक बड़ा वर्ग संगठन के बारे में या तो जानकारी के अभाव में है या फिर भ्रामक धारणाओं का शिकार है।

शुक्रवार को उपराष्ट्रपति एन्क्लेव में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने ये बात कही। रक्षा मंत्री ने कहा कि अमेरिकी विद्वानों वाल्टर एंडरसन और श्रीधर डी दामले ने अपनी किताब 'द ब्रदरहुड सैफरॉन' में लिखा है कि संघ को समझना कठिन है और गलत समझना आसान। उन्होंने कहा कि यह पुस्तक उस कमी को काफी हद तक दूर करेगी। रक्षा मंत्री ने उन आरोपों को खारिज किया कि स्वतंत्रता आंदोलन में संघ की भूमिका नहीं थी।

### कांग्रेस पर निशाना साधा

राजनाथ ने कहा कि हाल में एक वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने सवाल उठाया था कि संघ पंजीकृत संगठन क्यों नहीं है। उन्होंने कहा कि मां के प्रेम के लिए किसी लाइसेंस की जरूरत नहीं होती। शिक्षक के संस्कार किसी सरकारी मुहर पर निर्भर नहीं होते। गंगा को बहने के लिए किसी अनुमति की आवश्यकता नहीं।

**उपराष्ट्रपति बोले, संघ पवित्र गंगा की तरह:** उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने संघ की तुलना पवित्र गंगा से करते हुए कहा कि संगठन 100 वर्षों से बिना किसी स्वार्थ के समाज के कल्याण के लिए निरंतर काम कर रहा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की तुलना अक्सर पवित्र गंगा से की जाती है, जो बिना किसी अपेक्षा के दूसरों के कल्याण के लिए निरंतर बहती रहती है।

# शेख हसीना के प्रत्यर्पण अनुरोध पर जांच जारी : विदेश मंत्रालय

**नई दिल्ली, विशेष संवाददाता।** बांग्लादेश सरकार ने पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के



प्रत्यर्पण के लिए भारत सरकार से अनुरोध किया है जिसकी जांच भारत सरकार कर रही है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रंधीर जैसवाल ने शुक्रवार को कहा कि शेख हसीना के प्रत्यर्पण के औपचारिक अनुरोध की सभी कानूनी एवं न्यायिक प्रक्रियाओं के तहत समीक्षा की जा रही है। यह एक कानूनी मामला है जिसे कानूनी तरीके से ही देखा जा रहा है। बता दें कि हाल में शेख हसीना ने एक इंटरव्यू में कहा था कि वे इस साल दिसंबर में बांग्लादेश लौटेंगी। बांग्लादेश सरकार ने इसका स्वागत करते हुए कहा कि उन्हें अपने खिलाफ चल रही कानूनी प्रक्रिया का सामना करना चाहिए। वहां की विशेष अदालत ने उन्हें मृत्युदंड की सजा सुनाई है।

शेख हसीना सरकार के खिलाफ 2024 में बांग्लादेश में विद्रोह हुआ था जिसके बाद हालात बिगड़ने पर वह भारत पहुंची थीं। तब से वे भारत में ही रह रही हैं। इस बीच बांग्लादेश में नई सरकार गठित होने के बाद उन्हें सौंपे जाने का अनुरोध भारत को किया गया है।

# मणिपुर में जवान बुलेटप्रूफ वाहनों से ही निकलें

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मणिपुर में असम राइफल्स पर हुए घातक हमलों के बाद केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) ने राज्य में तैनात जवानों के लिए नए दिशानिर्देश जारी किए हैं।

इसके तहत जवानों को केवल बुलेटप्रूफ वाहनों में ही आवाजाही करने और अनावश्यक या अकेले बाहर निकलने से बचने के निर्देश दिए गए हैं। यह एसओपी मणिपुर में तैनात लगभग 200 सीआरपीएफ कंपनियों के करीब 20 हजार जवानों के साथ-साथ हाल ही में भेजी गई कोबरा कमांडो की दो बटालियनों पर भी लागू होगी। इसका उद्देश्य जवानों की सुरक्षा बढ़ाना है।

एक अधिकारी ने बताया कि मणिपुर में तैनात जवानों को केवल बुलेटप्रूफ वाहनों के इस्तेमाल और अनावश्यक आवाजाही से बचने की सलाह दी गई है।


**इन्द्रप्रस्थ गैस लिमिटेड**
(गेल (इंडिया) लिमिटेड, बीपीसीएल और एनसीटी दिल्ली सरकार का संयुक्त उद्यम)
(सीआईएन : एल23201डीएल1998पीएलसी097614)

**अभिरुचि की सूचना**

हरियाणा के फरीदाबाद–I भौगोलिक क्षेत्र तिगांव, दयालपुर और महोना क्षेत्रों को कवर करता है) और गुरुग्राम–I भौगोलिक क्षेत्र पटौदी, हैलीमंडी और फारुखनगर जिलों के कुछ हिस्सों को कवर करता है में डीलर के स्वामित्व वाले डीलर द्वारा संचालित (डीओडीओ) मॉडल पर सीएनजी स्टेशन स्थापित करने के लिए योग्य पार्टियों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। विवरण www.iglonline.net पर डीलरशिप टैब के अंतर्गत उपलब्ध है। इच्छुक आवेदक ऑनलाइन आवेदन जमा करने के लिए वेबसाइट पर जा सकते हैं।

हर एक काम देश के नाम

**कार्यालय आबकारी आयुक्त, उत्तराखण्ड देहरादून**

संख्याः 8227/सात लाई०-48/ आबकारी नीति-2025 / देहरादून दिनांकः 17 जुलाई, 2026

**:: सार्वजनिक विज्ञप्ति शुद्धि पत्र ::**

कार्यालय आबकारी आयुक्त, उत्तराखण्ड के पत्रांक 8177 / सात लाई०- 48/ आबकारी नीति-2025 / देहरादून दिनांक जुलाई 16, 2026 के द्वारा सार्वजनिक विज्ञप्ति में उल्लिखित कि उक्त विज्ञप्ति विभागीय वेबसाइट www.uttrakhandexcise.org.in व www.uk.nic.in पर भी उपलब्ध है त्रुटिवश अंकित हो गया था, इसके स्थान पर विभागीय वैबसाईड www.uttrakhandexcise.org.in व uk.gov.in पर भी उपलब्ध है, पढ़ा जाये।

(अनुराधा पाल)
आबकारी आयुक्त,
उत्तराखण्ड।

**राष्ट्रीय पुस्तक न्यास, भारत**
शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार
5 इंस्टीट्यूशनल एरिया, वसंत कुंज, नई दिल्ली–110070
फोन : 011–35464688, ई–मेल : recruitment@nbtindia.gov.in
nbt.india एक: सूते सकलम्

**रिक्ति सूचना**

विज्ञा. सं. स्था. / 108 / 2026

राष्ट्रीय पुस्तक न्यास, भारत, निम्नलिखित पद के लिए पूर्ण रूप से अनुबंध के आधार पर (प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से) आवेदन आमंत्रित करता है (एनबीटी ई–बुक ऐप के लिए):–

| क्र. सं. | पद का नाम | पदों की संख्या |
|---|---|---|
| 1. | ई–पब एसोसिएट (एनबीटी ई–बुक ऐप के लिए) | 06 |

आवेदन–पत्र जमा करवाने की अंतिम तिथि रोजगार समाचार में विज्ञापन के प्रकाशन की तारीख से 07 दिन है।

अधिक जानकारी के लिए राष्ट्रीय पुस्तक न्यास की वेबसाइट: www.nbtindia.gov.in पर जाएँ।

CBC 21103/11/0010/2627

**उत्तराखण्ड चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड**
लेन नं० 3 भवन नं० 23, शास्त्रीनगर हरिद्वार रोड, देहरादून, उत्तराखण्ड 248001
Website : www.ukmssb.org, Email: ukmssbdun@gmail.com, Ph. 0135-2665366

विज्ञप्ति संख्या :– 32 / 2026 दिनांकः 17 जुलाई 2026

**चिकित्सा अधिकारी (एलोपैथिक) परीक्षा–2026**

**कर्मचारी राज्य बीमा योजना, श्रम चिकित्सा सेवायें उत्तराखण्ड के अन्तर्गत चिकित्सा अधिकारी (एलोपैथिक) के रिक्त 47 पदों पर अभिलेख सत्यापन एवं साक्षात्कार सम्बन्धी सूचना**

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि कार्यालय उत्तराखण्ड चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड द्वारा विज्ञापन संख्याः उ0चि0से0च0बो0 / परी0 / 06 / 2024–25 / 294, दिनांकः 09 अप्रैल 2026 के माध्यम से कर्मचारी राज्य बीमा योजना, श्रम चिकित्सा सेवायें उत्तराखण्ड के अन्तर्गत चिकित्सा अधिकारी (एलोपैथिक) के रिक्त 47 पदों पर सीधी भर्ती हेतु विज्ञापन प्रकाशित किया गया था।

उक्त के क्रम में अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि अर्ह अभ्यर्थियों के अभिलेख सत्यापन / साक्षात्कार दिनांक **03 अगस्त 2026 (सोमवार)** से कार्यालय उत्तराखण्ड चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड में आयोजित किये जायेंगे। अभ्यर्थी को साक्षात्कार / अभिलेख सत्यापन के सम्बन्ध में तिथि एवं समय, साक्षात्कार स्थल एवं महत्त्वपूर्ण सूचनाएं प्रवेश पत्र के माध्यम से प्रसारित की जायेगी। अर्ह अभ्यर्थी अभिलेख सत्यापन / साक्षात्कार हेतु प्रवेश पत्र दिनांक **25 जुलाई 2026** से चयन बोर्ड कार्यालय की आधिकारिक वेबसाइट **www.ukmssb.org** पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से डाउनलोड कर सकते हैं।

नोट– अंतिम रुप से अनर्ह अभ्यर्थियों की सूची एवं साक्षात्कार के सम्बन्ध में विस्तृत दिशा–निर्देश बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से दिनांक 21 जुलाई, 2026 को प्रकाशित किये जायेंगे। अतः अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि वे समय–समय पर बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट का अवलोकन करते रहें।

सचिव

**कार्यालय-सहायक आयुक्त राज्य कर,**
सचल दल, दशम इकाई, गाजियाबाद

**नीलामी सूचना-**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सचल दल दशम इकाई, गाज़ियाबाद कार्यालय में अभिग्रहीत माल परचून के 359 नग की प्रथम बार नीलामी जहां है, जिस स्थिति में है, के आधार पर दिनांक 24.03.2026 दिन मंगलवार को पूर्वाह्न 11:00 बजे कार्यालय सहायक आयुक्त, राज्य कर, सचल दल दशम इकाई, राज्य कर, गाज़ियाबाद मोहन नगर चेक पोस्ट, गाज़ियाबाद में की जायेगी। नीलामी को स्वीकार करने / अस्वीकार करने का पूर्ण अधिकार नीलामी कमेटी का होगा। नीलामी के नियम एवं नीलाम की जाने वाली वस्तु से संबन्धित अन्य कोई जानकारी अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में संपर्क करके की जा सकती है।

(करतार सिंह)
सहायक आयुक्त (प्रभारी) राज्यकर
सचलदल यूनिट-10, गाजियाबाद

**LOKPAL OF INDIA**
**Engagement of Court Master on contract basis**

Lokpal of India has issued a Vacancy Circular dated 16.07.2026 for engagement of retired Public Servants as Consultant (Court Master) on contract basis. The last date for the receipt of applications is 14.08.2026. For more details, please visit the website of Lokpal of India. Link: www.lokpal.gov.in

**LOKPAL OF INDIA**
**Engagement of (PSO/Sr.PPS/PPS/PS) on contract basis**

Lokpal of India has issued a Vacancy Circular dated 16.07.2026 for engagement of retired Public Servants as Consultant (PSO/Sr. PPS/PPS/PS) on contract basis. The last date for the receipt of applications is 14.08.2026. For more details, please visit the website of Lokpal of India. Link: www.lokpal.gov.in

**अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, बीबीनगर, हैदराबाद**
**ALL INDIA INSTITUTE OF MEDICAL SCIENCES, BIBINAGAR, HYDERABAD**
"An INI under the aegis of Ministry of Health & Family Welfare, Govt. of India"
हैदराबाद मेट्रोपोलिटन क्षेत्र (एचएमआर), तेलंगाना - 508126, भारत
Hyderabad Metropolitan Region (HMR), Telangana - 508126, India

संख्या/No. AIIMS/BBN/RECT/FACULTY/2026/1341 दिनांक/Dtd.: 02.06.2026

**भर्ती सूचना**

**एम्स बीबीनगर में सीधी भर्ती आधार पर विभिन्न फैकल्टी पदों की भर्ती**

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, बीबीनगर, प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना (पीएमएसएसवाई) के अधीन स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा स्थापित किया जा रहा राष्ट्रीय महत्व का एक स्वायत्त संस्थान तथा शीर्ष हेल्थकेयर संस्थान है जिसका उद्देश्य देश में विश्वसनीय तृतीयक स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता में क्षेत्रीय असंतुलन को दूर करना तथा गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा शिक्षा के लिए सुविधाओं का संवर्धन करना भी है।

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, बीबीनगर, हैदराबाद, तेलंगाना में सीधी भर्ती के आधार पर जिसमें असफल रहने पर अल्प अवधि अनुबंध द्वारा निम्नलिखित **फैकल्टी पदों (ग्रुप-ए)** के लिए भारतीय नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। **रिक्तियों की कुल संख्या 51 है।**

| क्र. सं. | पद | रिक्तियां |
|---|---|---|
| 1 | प्रोफेसर | 20 (7-अनारक्षित, 7-अ.पि.वर्ग, 5-अ.जा., 1-अ.ज.जा.) |
| 2 | एडिशनल प्रोफेसर | 5 (2-अनारक्षित, 1-अ.ज.जा., 1-अ.पि.वर्ग, 1-अ.जा.) |
| 3 | एसोसिएट प्रोफेसर | 9 (4-अनारक्षित, 4-अ.पि.वर्ग, 1-अ.जा.) |
| 4 | असिस्टेंट प्रोफेसर | 17 (6-अनारक्षित, 4-अ.पि.वर्ग, 4-अ.जा., 3-अ.ज.जा.) |

शैक्षिक योग्यता, आयु, अनुभव, शुल्क, अन्य पात्रता मानदंड आदि सहित भर्ती अधिसूचना की अधिक जानकारी के लिए, कृपया संस्थान की वेबसाइट https://aiimsbibinagar.edu.in देखें। **ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि एम्प्लॉयमेंट न्यूज/रोजगार समाचार में भर्ती सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन है।**

उपनिदेशक प्रशासन/Deputy Director Administration
एम्स, बीबीनगर/AIIMS, Bibinagar

सीबीसी 17186/11/0001/2627

**रेल भूमि विकास प्राधिकरण**
रे भू वि प्रा – भूमि से सम्पदा

ई–निविदा के माध्यम से निविदाएँ आमंत्रित करता है

**गुरुग्राम रेलवे स्टेशन पर 19,369 वर्ग मीटर निर्मित क्षेत्रफल को पट्टे पर देने हेतु खुदरा/कार्यालय स्थान/होटल आदि के लिए**

राजस्व साझाकरण मॉडल पर

(आरएफपी सूचना संख्याः आरएलडीए/2026/आरएफपी/सीडी–49 ऑफ 2026 दिनांक 02.07.2026)




*अस्वीकरणः वास्तविक दृश्य ऊपर दिए गए कलात्मक दृश्य से भिन्न हो सकता है।

निर्मित क्षेत्र – लगभग 2.08 लाख वर्ग फीट
पट्टा अवधि – 45 वर्ष
आरक्षित मूल्य (एनपीवी के संदर्भ में) – ₹ 185 करोड़

**मुख्य विशेषताएँ**
- मल्टी-लेवल कार पार्किंग वाली अत्याधुनिक भवन
- आधुनिक वास्तुकला
- वाणिज्यिक मंजिलों के लिए अलग और समर्पित प्रवेश/निकास (वार्म-शेल)
- द्वारका एक्सप्रेसवे और मिलेनियम सिटी सेंटर, गुरुग्राम से आसानी से पहुँचा जा सकता है
- समर्पित ड्रॉप-ऑफ तथा पिक-अप क्षेत्र
- स्थानीय परिवहन नेटवर्क से अच्छी तरह जुड़ा हुआ
- प्रस्तावित मेट्रो स्टेशन के पास
- हुडा सिटी सेंटर से लगभग 5 कि.मी.
- आईजीआई हवाई अड्डे से लगभग 12 कि.मी.
- संभावित समापन तिथि 31.08.2026

**विशेषताएँ**
- निर्बाध बिजली आपूर्ति
- समर्पित पार्किंग
- केंद्रीकृत एसी
- प्रमाणित ग्रीन बिल्डिंग




ऑफलाइन और ऑनलाइन प्री–बिड मीटिंग का विवरण
05.08.2026 को 11:00 बजे
स्थानः आरएलडीए मुख्यालय, नई दिल्ली–110002

अधिक जानकारी के लिए यहाँ स्कैन करें

ऑनलाइन ई–बोली जमा करने की अंतिम तिथि व समय
09.09.2026 को 15:00 बजे तक

इस परियोजना से संबंधित विस्तृत जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइटः https://rlda.indianrailways.gov.in या ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टलः https://www.tenderwizard.in/rlda पर 'टेंडर/ई–टेंडर' शीर्षक के अंतर्गत देखें।

नोटः कोई भी शुद्धिपत्र या परिशिष्ट उपरोक्त वेबसाइटों पर ही प्रकाशित किया जाएगा।

किसी भी स्पष्टीकरण के लिए, कृपया संपर्क करें

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| श्री मोहित कुमार | श्री ओ. पी. देशवाल | श्री पवन पांडे | श्री अनुभव त्रिपाठी | श्री ज्योतिरंजन जेना/उपाध्यक्ष/ | ई-निविदा पूछताछ हेतु: |
| सीपीएम/एनडी-4 | जेजीएम/प्रोजेक्ट/डीएलआई | एएम/इलेक्ट्रिकल | एमएम/सिविल | स्ट्रेटेजी एंड ट्रांजैक्शन/अर्नस्ट एंड यंग/एलएलपी | श्री मयंक सिंह (सीईएल) |
| मो.: +91 9717428300 | मो.: +91 8368535779 | मो.: +91 9717600545 | मो.: +91 7820005351 | मो.: +91 9650075233 | मो. +91 8800115628 |
| cpmnd4@gmail.com | dgmpdli2@rlda.railnet.gov.in | pawan.pandey94@gov.in | anubhav.tripathi@gov.in | Jyotiranjan.Jena@in.ey.com | mayank.s@etenderwizard.com |

आरएलडीए मुख्यालय का पता – रेल भूमि विकास प्राधिकरण, यूनिट संख्या 702–बी, 7वां तल, कनेक्टस टॉवर–II, डीएमआरसी बिल्डिंग, अजमेरी गेट, नई दिल्ली – 110002

हिन्दुस्तान
1936
सत्य · सार्थक · सदैव

# हाइड्रोजन रेल

भारतीय रेल भी अब हरित ऊर्जा की दिशा में दौड़ चली है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिंद जंक्शन से भारत की पहली स्वदेशी हाइड्रोजन-चालित ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर एक शानदार आगाज किया है। यह स्वच्छ परिवहन के मोर्चे पर एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। जिंद स्टेशन पर ही एकीकृत हाइड्रोजन संयंत्र निर्मित हुआ है और भारत में हाइड्रोजन ऊर्जा उत्पादन और उपयोग की एक बेहतरीन शुरुआत हुई है। आसमानी नीले और सफेद रंग की ब्रॉड-गेज ट्रेन में दो हाइड्रोजन-चालित पावर कार और आठ ट्रेलर कोच जोड़े गए हैं। बताया जा रहा है कि यह अब तक विकसित विश्व की सबसे लंबी हाइड्रोजन-चालित यात्री ट्रेन में से एक है। अगर यह प्रयोग सफल हुआ, तो देश में हाइड्रोजन ट्रेनों का उपयोग बढ़ेगा। नीलगिरी, दार्जिलिंग और कांगड़ा घाटी सहित अनेक चर्चित पहाड़ी मार्गों पर ऐसी 35 ट्रेनें चलाने की योजना सराहनीय है। ये ऐसे इलाके हैं, जहां ट्रेनों को बहुत तेज नहीं चलाया जा सकता, पर इस ट्रेन को 110 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से दौड़ने के लिए तैयार किया गया है। हालांकि, पहाड़ी रास्तों पर 75 किलोमीटर प्रतिघंटा की गति भी बहुत फायदेमंद रहेगी।

कोई दोराय नहीं, हरित ऊर्जा या हरित वाहन की दिशा में यह कदम पर्यावरण को लाभ पहुंचाएगा। जिंद और सोनीपत के बीच चली यह नमो ग्रीन रेल अपने लिए ऊर्जा स्वयं बनाएगी। हाइड्रोजन को ट्रेन के अंदर ही ऊर्जा में बदला जाएगा। डीजल गाड़ियों की तुलना में हाइड्रोजन गाड़ियां ज्यादा अनुकूल हैं, इनका रखरखाव भी किफायती है। हाइड्रोजन वाहन केवल वाष्प उत्सर्जन करते हुए शोर भी बहुत कम करते हैं। आज देश में ज्यादातर रेल गाड़ियों को दौड़ने के लिए सतत बिजली का प्रवाह चाहिए, जबकि हाइड्रोजन रेल को किसी बाहरी ऊर्जा के सहारे की जरूरत नहीं है। इसे चलाने की बुनियादी लागत भी कम आएगी। अगर किसी दुर्गम जगह पर ट्रेन चलाने की जरूरत है, तो रेल विभाग के पास बिजली संचार तंत्र का ढांचा खड़ा करने के अलावा भी एक विकल्प है। जैसे-जैसे हाइड्रोजन से चलने वाली रेलों की संख्या बढ़ेगी, वैसे-वैसे ताप विद्युत केंद्रों पर पड़ने वाला दबाव भी कम होता जाएगा। एक बड़ी खुशखबरी है कि यह तकनीक भारत में ही विकसित की गई है। यह 'मेक इन इंडिया' के तहत मिली ऐसी वैज्ञानिक कामयाबी है, जो इस क्षेत्र में भारत की महारत साबित करती है। अभी तक जर्मनी, चीन, जापान और अमेरिका ही अपने रेल नेटवर्क में हाइड्रोजन का उपयोग कर रहे थे।

**यह अब तक विकसित विश्व की सबसे लंबी हाइड्रोजन-चालित यात्री ट्रेन है। अगर यह प्रयोग सफल हुआ, तो देश में हाइड्रोजन ट्रेन का उपयोग बढ़ेगा।**

हालांकि, इस तकनीक पर और काम करने की जरूरत है। क्या भारत जैसे देश में हाइड्रोजन आधारित परिवहन मुफीद है। भारत में बहुत लंबे प्रयास और संसाधनों के उपयोग से रेल लाइनों का विद्युतीकरण हुआ है। यह देखने वाली बात होगी कि हाइड्रोजन अनुकूल ढांचा बनाने में कितना खर्च होगा? क्या हाइड्रोजन में कम ऊर्जा दक्षता होती है? क्या इसमें रूपांतरण के दौरान काफी ऊर्जा नष्ट हो जाती है? हाइड्रोजन संबंधी सुरक्षा और भंडारण को बहुत चौकसी से संभालना पड़ेगा। एक आशंका यह भी जताई जा रही है कि व्यावसायिक हाइड्रोजन के निर्माण में भी जीवाष्म ईंधन का इस्तेमाल होने लगा है। अतः भारत में ऐसी अनेक सावधानियां हैं, जिन्हें सुनिश्चित करते हुए आगे बढ़ना होगा। वैज्ञानिकों को सचेत रहना होगा। लोग हाइड्रोजन रेल की ओर उम्मीद से देख रहे हैं कि यह ऊर्जा हर तरह से हरित हो, निर्दोष हो और परोक्ष या प्रत्यक्ष रूप से पर्यावरण पर प्रहार न करे।

## हिन्दुस्तान Hindustan | 75 साल पहले 18 जुलाई, 1951

### गतिरोध का अन्त

कोरिया युद्धबन्दी वार्ता में अनपेक्षित रूप में गतिरोध उत्पन्न हो गया था। संयुक्त राष्ट्रीय पक्ष ने आग्रह किया कि वार्ता-क्षेत्र में पत्र-प्रतिनिधियों के दल को भी जाने दिया जाये। साम्यवादी पहरेदारों ने इसकी अनुमति नहीं दी। इसलिए संयुक्त राष्ट्रीय प्रतिनिधिमण्डल वापस लौट गया और युद्धबन्दी वार्ता की प्रगति बीच में ही रुक गई। जो लोग कोरिया में शीघ्र ही युद्ध बन्द हो जाने की आशा लगाये हुए थे, उन्हें इस आकस्मिक व्याघात से निराशा हुई। साम्यवादियों का कहना था कि वार्ता अभी अपने प्रारम्भिक दौर में से होकर गुजर रही है और पत्र-प्रतिनिधियों के वार्ता क्षेत्र में जाने से अड़चन होगी। इसके विपरीत संयुक्त राष्ट्रीय पक्ष का कहना था कि शांति सम्मेलन की कार्रवाई साम्यवादी रेडियो और समाचारपत्रों द्वारा पूरी की पूरी प्रसारित की गई। इसका यह अर्थ होता है कि साम्यवादी पत्र-प्रतिनिधियों को वार्ता की प्रगति से परिचित रहने की पूरी सुविधाएं दी गई थीं। शांति सम्मेलन की गतिविधि से परिचित रहने की सुविधा दोनों पक्षों के पत्र-प्रतिनिधियों को समान रूप से मिलनी चाहिए।

इसके अलावा, संयुक्त राष्ट्रीय पक्ष के लिए एक और प्रतिष्ठा का प्रश्न उठ खड़ा हुआ था। वह वार्ता क्षेत्र में साम्यवादियों की विशेष स्थिति को स्वीकार नहीं कर सकता था। वार्ता क्षेत्र में प्रविष्ठ होने के लिए साम्यवादी सशस्त्र सैनिकों की पूर्व अनुमति क्यों आवश्यक होनी चाहिए थी? वार्ता का स्थान तटस्थ क्षेत्र में होना चाहिए था। अतः संयुक्त राष्ट्रीय प्रधान सेनापति ने साम्यवादी सेनापतियों के सामने दो शर्तें पेश कीं। एक तो यह कि कायसोंग का क्षेत्र तटस्थ क्षेत्र घोषित किया जाये। दूसरी यह कि संयुक्त राष्ट्रीय प्रतिनिधिमण्डल को अपने काफिले में पत्र-प्रतिनिधियों को लाने की स्वतंत्रता हो। इन शर्तों की पूर्ति पर वार्ता का पुनः प्रारम्भ होना निर्भर करता था।

मुख्य प्रश्न यह था कि युद्धबन्दी वार्ता का सफल अन्त हो और पिछले एक वर्ष से कोरिया में जो तबाही हो रही है, वह बन्द हो जाये। विस्तार की बातों पर मतभेद उत्पन्न हो जाने से मूल उद्देश्य की पूर्ति में बाधा पैदा हो सकती थी। किन्तु संयुक्त राष्ट्रीय पक्ष यह धारणा भी उत्पन्न नहीं होने देना चाहता है कि उसने साम्यवादियों के आगे शांति की याचना की है और शांति की खातिर वह साम्यवादियों की हर उचित अनुचित बात को स्वीकार कर लेगा।

**सोमवार 20 जुलाई से संसद का मानसून सत्र आरंभ हो रहा है। विपक्ष के पास सत्ता पक्ष को घेरने के लिए नीट पेपर लीक, राम मंदिर में चढ़ावा चोरी, ऑपरेशन सिंदूर के संदर्भ में नए खुलासे, तृणमूल-शिव सेना में तोड़फोड़ से लेकर इसरो से अनेक वैज्ञानिकों के इस्तीफे तक इतने ज्यादा प्रखर मुद्दे शायद ही कभी रहे होंगे, वहीं सत्ता पक्ष विपक्षी पार्टियों की अंदरूनी कलह से आश्वस्त है। इस सत्र की संभावनाओं पर दो विचार :**

## आमने-सामने

# हर मोर्चे पर नाकामी का हिसाब मांगेगा विपक्ष



यहां स्कैन करें

सुप्रिया श्रीनेत | अध्यक्ष, सोशल मीडिया, कांग्रेस

- आज सरकार की नाकामी पर जवाब मांगना अपराध बन चुका है।
- इस सरकार की विदेश नीति पर विपक्ष के पास कई सवाल हैं।
- राजनीतिक प्रतिनिधित्व का संतुलन बिगाड़ देश को बांटने का विरोध होगा।

संसद लोकतंत्र का मंदिर है, जिसकी सार्थकता तभी है, जब वहां देश के लोगों की समस्याओं, तकलीफों, उनके सपनों और उनकी चिंताओं के लिए कुछ किया जाए। दुर्भाग्य से आज देश में सरकार से उसकी हर नाकामी, हर घोटाले और हर जन-विरोधी नीति पर जवाब मांगना अपराध बन चुका है। सरकार समस्याओं का समाधान ढूंढ़ने के बजाय या तो उनसे मुंह मोड़ रही है या फिर मूल मुद्दों से भटकाने के लिए व्यर्थ के मुद्दे खड़े कर रही है।

ऐसे वक्त में संसद का आगामी मानसून सत्र भारतीय लोकतंत्र के लिए एक ऐतिहासिक क्षण साबित होने वाला है। एक सशक्त और जिम्मेदार विपक्ष के रूप में कांग्रेस समेत सभी विपक्षी पार्टियां जनता के हक और सत्ता की जवाबदेही तय करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

बीते दिनों देश में नीट परीक्षा का पेपर एक बार फिर लीक हुआ। सीबीएसई की ओएसएम मार्किंग में हुई गड़बड़ी ने छात्रों को बहुत परेशान किया। पेपर लीक और ऐसे घोटाले हमारे नौनिहालों के खिलाफ एक जघन्य अपराध है। हताश होकर 30 से ज्यादा बच्चों ने अपनी जान दे दी, मगर सरकार ने भ्रष्टाचारियों पर कोई कड़ा एक्शन नहीं लिया। इसलिए मानसून सत्र में विपक्ष सरकार से जवाब लेकर ही रहेगा। कैसी विडंबना है, युवाओं के दर्द पर मरहम लगाने के बजाय सरकार इसी सत्र में 'विकसित भारत शिक्षा अधिष्ठान विधेयक' पारित कराने की तैयारी में है। इस लुभावने नाम की आड़ में जो खेल खेला जा रहा है, वह गरीब व मध्यम वर्ग बच्चों को उच्च शिक्षा से हमेशा के लिए बेदखल करने की साजिश है। शिक्षा को चंद अमीर घरानों की जागीर बनाने और इसके बेतहाशा निजीकरण के काले मसौदे का विपक्ष संसद में जोरदार विरोध करेगा, क्योंकि शिक्षा व्यापार नहीं, देश के हरेक बच्चे का बुनियादी हक है।

सिर्फ युवाओं को ही नहीं, भाजपा और आरएसएस ने करोड़ों हिंदुओं की आस्था को भी चोटिल किया है। जिस देश में दिन की शुरुआत प्रभु राम का नाम लेकर होती हो, जहां श्री राम आस्था के आधार हों, उस रामलला के दरबार में हुई डकैती से आज हर भारतीय का मन आहत है। भगवान राम के नाम पर वोट मांगने वाली भाजपा के संरक्षण और आरएसएस की देख-रेख में भयंकर लूट हुई और जांच के नाम पर सिर्फ लीपापोती हो रही। विपक्ष देश के सामने उन लोगों के चेहरे उजागर करेगा, जिन्होंने आस्था को दिनदहाड़े रौंदने का काम किया।

देश की आम जनता आज भीषण महंगाई और अनर्गल टैक्स की मार से त्रस्त है। ऐसे में, पर्यावरण और 'क्लीन एनर्जी' के नाम पर गुपचुप तरीके से अपने सगे-संबंधियों को मालामाल करने के लिए 'इथेनॉल ब्लेंडिंग' के घोटाले से जनता को परेशानियों से गुजरना पड़ रहा है, देशवासियों की नई-नई गाड़ियां खराब हो रही हैं, जनता की जेब पर डाका डालने का सुनियोजित प्रयास किया जा रहा है। विपक्ष इस पर संसद में चर्चा की मांग करेगा, क्योंकि पर्यावरण के नाम पर की जा रही इस सुनियोजित लूट से देश को बचाना जरूरी है।

इस सरकार की विफल विदेश नीति का खामियाजा पूरा देश भुगत रहा है। हमारे पड़ोसी देशों से हमारे रिश्ते लगातार तल्ख हो रहे हैं, चीन हमारी सीमा में घुसा बैठा है। एक तरफ यह सरकार अमेरिका के हरेक आदेश का पालन करने को मजबूर है, तो दूसरी तरफ वाशिंगटन में हम पर अब 100 प्रतिशत टैरिफ लगाने की मांग उठ रही है। पाकिस्तान, बांग्लादेश और नेपाल जैसे देश भी हमको कई मोर्चों पर आंखें दिखा रहे हैं। सीमा सुरक्षा को लेकर सरकार का रहस्यमयी मौन हर सच्चे देशभक्त को बेचैन कर रहा है। भारत की अस्मिता और राष्ट्रीय सुरक्षा के नजरिये से इस सरकार की विदेश नीति पर विपक्ष सवाल पूछेगा।

सत्ता के मद में चूर यह सरकार एजेंसियों के दुरुपयोग और प्रलोभन-भयादोहन के बल पर विपक्षी पार्टियों को खत्म करने की जो कोशिश कर रही है, वह लोकतंत्र का चीरहरण है। तृणमूल कांग्रेस और शिव सेना जैसी पार्टियों में सत्ता के बल पर दरारें पैदा करके जो खेल किया गया है, वह देश के सामने है। यह संघीय ढांचे को लहूलुहान करना है। जाहिर है, महिला आरक्षण की ओट लेकर परिसीमन की जो बिसात बिछाई जा रही है, उसका इरादा बेहद खतरनाक है। जिन राज्यों ने जनसंख्या नियंत्रण जैसे राष्ट्रीय लक्ष्यों को पूरी निष्ठा से लागू किया, जिन्होंने शिक्षा व स्वास्थ्य निवेश में सफलता हासिल की- उन्हें सजा क्यों मिले? राजनीतिक प्रतिनिधित्व का संतुलन बिगाड़कर इस देश को बांटने की नापाक कोशिश का संसद में विरोध होगा।

इस सत्र में सरकार कुछ ऐसे विधेयक लाने पर आमादा है, जो सीधे-सीधे जनता और समाज की स्वतंत्र आवाज पर हमला है। उनमें से एक है, विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम (एफसीआरए) विधेयक। इसके जरिये सरकार देश के उन सामाजिक संगठनों और एनजीओ का गला घोंटना चाहती है, जो जमीन पर गरीबों, शोषितों और आदिवासियों के हक की लड़ाई लड़ते हैं और सरकार को आईना दिखाते हैं। विपक्ष इस दमनकारी सोच का संसद में जमकर विरोध करेगा।

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए), 2013 में संशोधन गरीबों के खिलाफ साजिश है। यह मनमोहन सिंह सरकार द्वारा बनाया गया वह कानून है, जो देश के सबसे कमजोर इंसान को भोजन की गारंटी देता है। आज जब महंगाई आसमान छू रही है, सरकार गुपचुप तरीके से इस कानून में संशोधन करके गरीबों के हक के राशन में कटौती करने का रास्ता खोज रही है, लेकिन विपक्ष गरीबों की थाली से रोटी छीनने की सरकार की इस कोशिश को नाकाम करेगा।

विपक्ष का कर्तव्य सरकार को उसकी जिम्मेदारी याद दिलाना, विफलताओं को उजागर करना और जनता के हक में समाधान ढूंढ़ना है। आज जब मोदी सरकार का आम जनमानस से नाता टूट चुका है, ऐसे में लोगों को अब कांग्रेस और विपक्ष से ही न्याय की उम्मीद है। हम लोकतंत्र के मंदिर को सत्ता के अहंकार का अखाड़ा नहीं बनने देंगे।

(ये लेखिका के अपने विचार हैं)



# सदन में सार्थक बहस से न भागें विरोधी नेता



यहां स्कैन करें

राकेश सिन्हा | पूर्व भाजपा सांसद

- मानसून सत्र में विपक्ष का इरादा कारगर बहस के बजाय टकराव का लग रहा है।
- राजग सांसद गंभीर चर्चा करते हैं, पर विपक्ष सीखने के लिए तैयार नहीं है।
- मृत मुद्दों पर भड़ास तो निकाली जा सकती है, इससे किसी का भला न होगा।

भगवान बुद्ध का संदेश तो मगध साम्राज्य के लिए था, लेकिन उसकी प्रासंगिकता आज के जनतांत्रिक वातावरण में कहीं अधिक हो गई है। मगध सम्राट अजातशत्रु ने अपने मंत्री वस्सकार को भगवान बुद्ध के पास लिच्छवी (वैशाली) गणतंत्र के खिलाफ आक्रमण करने की योजना पर सलाह लेने के लिए भेजा था। भगवान बुद्ध ने किसी राज्य की समृद्धि और उसके अपराजेय बने रहने के लिए जिन बातों का संकेत किया था, उनमें से एक बात लोकतांत्रिक संस्थाओं के कार्यकलाप से संबंधित थी। उन्होंने कहा था कि जिस गणतंत्र में लोकतांत्रिक संस्थाएं लोगों के हितों से जुड़े विषयों पर सद्भावपूर्व विचार करती रहती हैं, तो वह गणतंत्र कभी पराजित नहीं हो सकता।

यह प्रश्न भारतीय लोकतंत्र के लिए अत्यंत ही समीचीन है। संसद की बहस में मौलिकता की अपेक्षा रहती है, परंतु वहां हो क्या रहा है? संसद का मानसून सत्र शुरू होने से पूर्व विपक्ष की मंशा रचनात्मक बहस की जगह आक्रामकता की लग रही है। कांग्रेस और उसके सहयोगी दल ऐसा पहली बार नहीं कर रहे हैं। वे अगर अपनी भाषायी आक्रामकता बनाए रखें, तब भी वह पाच्य होगा, परंतु आक्रामकता का अर्थ सदन में शोर-गुल, नारेबाजी और भड़काऊ भाषण हो जाए, तब ऐसा संसदीय आचरण गणतंत्र को स्खलित करता है। पिछले कई संसद सत्रों से ऐसा ही हो रहा है।

विपक्ष आज जिन मुद्दों, जैसे नीट परीक्षा, राम मंदिर के चढ़ावे के पैसे की गिनती में अनियमितता, ऑपरेशन सिंदूर जैसे विषयों पर कमर कस रहा है, तो ये वे प्रश्न हैं, जिन पर संसद के बाहर बहस हो चुकी है और पक्ष-विपक्ष के बीच सवाल-जवाब भी खूब हुए हैं। सरकार द्वारा इन सभी मुद्दों पर पारदर्शी कार्रवाई भी की गई है। ऐसे में, मृत मुद्दों को उठाकर भड़ास तो निकाली जा सकती है, लेकिन इससे न विपक्ष का भला होगा, न ही जनता का।

विपक्ष ऐसा अकारण नहीं कर रहा। कांग्रेस, सपा, तृणमूल, शिवसेना (उद्धव) आदि पार्टियां विचारहीन हो चुकी हैं। इसका परिणाम सामने है। उनके पास नेताओं की फौज तो है, विरासत की पूंजी भी है, मगर उनका वर्तमान अंधकारमय है। उनका सामाजिक समर्थन आधार भी सिमटता जा रहा है। इसे बढ़ाना तो दूर, बचाकर रखने की भी योजना उनके पास नहीं है, न इच्छाशक्ति है। इसकी भरपायी वे संसद-सत्र को हंगामेदार बनाकर करना चाहते हैं। पिछले सत्र और मानसून सत्र के बीच तीन महीने का अंतराल रहा। कांग्रेस, सपा और विपक्ष के अन्य दलों ने इस समय का उपयोग किस हेतु किया? वे सिर्फ एक काम करते हैं, जहां कहीं भी कोई विरोध का स्वर होता है, वहां वे प्रधानमंत्री के विरुद्ध असंतोष फैलाने पहुंच जाते हैं।

सत्तारूढ़ भाजपा का विस्तार जितना जमीन पर हो रहा है, उतना ही संसद में भी। परिवार व व्यक्ति केंद्रित दलों में प्रतिकूलता का सामना करने की प्रतिरोधक क्षमता नहीं होती है। इसका प्रमाण बंगाल और महाराष्ट्र के क्षेत्रीय दल हैं। विधानसभा चुनाव में हार के बाद ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस के ज्यादातर सांसद अपना अलग रास्ता अख्तियार कर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के सहयोगी बन गए हैं। यही हाल उद्धव ठाकरे की शिवसेना का है।

जनता को दुष्प्रचार के बल पर गोलबंद करना संभव नहीं है। वह भी तब, जब लोगों की चेतना का स्तर सूचनाओं की सहज सुलभता के कारण स्वाभाविक रूप से ऊपर गया हो। मानसून सत्र में राम मंदिर से लेकर नीट परीक्षा तक विपक्ष इसी हथकंडे का उपयोग करेगा। जब विश्व में बड़े-बड़े देश युद्ध के कारण आर्थिक रूप से बेचैनी महसूस कर रहे हों, तब भारत के नेतृत्व ने देश की जनता को इस बेचैनी का हिस्सा नहीं बनने दिया। यह नेतृत्व की सफलता है कि भारत अपनी आर्थिक समृद्धि की राह पर असामान्य अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों में भी बढ़ रहा है। यह वह समय था, जब विपक्ष अपनी रचनात्मकता से सरकार की जिम्मेदारी तय करने में नहीं चूकता और अंतरराष्ट्रीय प्रश्नों पर वह सरकार के साथ कदम मिलाकर चलता, लेकिन ऐसा कदापि नहीं होगा।

मौजूदा विपक्ष के पास मर्यादित आचरण व रचनात्मक सहयोग अब हैं ही नहीं। इसका उदाहरण पिछला सत्र है। लाल आतंक के देश से जड़-मूल से समाप्त होने पर संसद में चर्चा हुई। यह सामान्य उपलब्धि नहीं है, मगर विपक्ष ने इस पर अपने आप को उदासीन बनाए रखा। हंगामे की बलि हमेशा जन-सरोकार के मुद्दे चढ़ते रहे हैं। संसद में जनजातीय, पिछड़े क्षेत्रों, न्यायपालिका, विकास-कार्य, विदेशी प्रत्यक्ष निवेश, आधारभूत संरचना जैसे मुद्दों पर बहस ठीक से नहीं हो पाती। कई विधेयक शोरगुल में या एकपक्षीय बहस के आधार पर पारित हो जाते हैं।

प्रश्न-काल, शून्य-काल, विशेष उल्लेख जैसे संसदीय अवसर, जिनके द्वारा जन-सामान्य के सरोकार के मुद्दों को उठाने और सरकार की जिम्मेदारी तय करने का सुनहरा अवसर सांसदों के पास होता है, उसे भी विपक्ष गंवा देता है। सत्तारूढ़ पार्टी संसद में सिर्फ संख्या से समृद्ध नहीं है, अपने सिद्धांतों और नेतृत्व की बौद्धिक क्षमता के कारण भी प्रबल है।

विपक्ष बनना आसान नहीं होता है। इसके लिए परिश्रम के साथ सालों भर जनता के बीच काम करना पड़ता है। आज की सत्तारूढ़ पार्टी भाजपा जनसंघ के दिनों, यानी बीते सात दशकों से अपने विचार व मूल्यों के साथ जन-सामान्य के बीच काम कर रही है। उसकी आदत अब भी वही है। विपक्ष के सांसद, विधायक और कार्यकर्ता इस स्थिति से कोसों दूर हैं। यही कारण है कि संसद में भारतीय जनता पार्टी हमेशा विपक्ष के उत्साह पर भारी पड़ती है और इस मानसून सत्र में भी ऐसा ही होगा।

विपक्षी सदस्यों को संसद में अपने भाषणों की समीक्षा कर देखना चाहिए कि वे भाषण कितने जनतांत्रिक मूल्यों, जन सरोकारों और पीढ़ियों को प्रेरणा देने वाले रहे? विपक्ष के सांसद न सामूहिक रूप से मिलते हैं, न सामूहिक चर्चा करते हैं। उधर जनतांत्रिक गठबंधन के सांसद सामूहिक चर्चा करते हैं, परंतु विपक्ष सीखने को तैयार नहीं है।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

## मनसा वाचा कर्मणा

### पांच बंधन

हममें से अनेक लोगों ने अपने मन को लाडले लड़के के समान कर डाला है। वह जो कुछ चाहता है, उसे वही दे दिया करते हैं। इसीलिए क्रिया योग का सतत अभ्यास आवश्यक है, जिससे मन को संयत करके वश में लाया जा सके। इस संयम के अभाव में ही योग के सारे विघ्न उपस्थित होते हैं और उनसे फिर क्लेश की उत्पत्ति होती है। उनको दूर करने का उपाय है- क्रिया योग द्वारा मन को वशीभूत कर लेना, उसे अपना कार्य न करने देना।

याद रखो, अविद्या, अहंकार, राग, द्वेष और जीवन के प्रति मोह, अर्थात अभिनिवेश- ये पांचों क्लेश हैं। ये पांचों बंधन ही हमें इस संसार से बांधकर रखते हैं। इनमें से अविद्या ही कारण है और शेष चार क्लेश इसके कार्य हैं। अविद्या ही हमारे दुख का एकमात्र कारण है। भला और किसकी शक्ति है, जो हमें इस प्रकार दुख में रख सके? आत्मा तो नित्य आनंदस्वरूप है। उसे अज्ञान, भ्रम, माया के सिवा और कौन दुखी कर सकता है?

अविद्या ही अस्मिता, राग, द्वेष और अभिनिवेश का कारण है। ये संस्कार समूह विभिन्न मनुष्यों के मन में विभिन्न अवस्थाओं में रहते हैं। कभी-कभी वे प्रसुप्त रूप में रहते हैं। योगी में ये संस्कार सूक्ष्म भाव से रहते हैं। योगी उन्हें दबाकर रख सकते हैं। उनमें उन संस्कारों को प्रकाशित न होने देने की शक्ति रहती है। कभी-कभी कुछ प्रबल संस्कार अन्य कुछ संस्कारों को कुछ समय के लिए दबाकर रख सकते हैं, किंतु जैसे ही वह दबाए रखने वाला कारण चला जाता है, वे पूर्व संस्कार फिर उठ जाते हैं। इसी अवस्था को विच्छिन्न कहते हैं। अंतिम अवस्था है उदार। इस अवस्था में संस्कार समूह अनुकूल परिस्थितियों का सहारा पाकर शुभ या अशुभ रूप में कार्य करते हैं।

**स्वामी विवेकानंद**

**मलाला यूसुफजई | नोबेल विजेता**



**यूरोप ऐसे शासन को मान्यता न दे, जो मानवाधिकार हनन के बदतरीन उदाहरणों में से एक के लिए जिम्मेदार है। तालिबान के साथ कोई भी बातचीत अफगान औरतों के अधिकारों से ही शुरू और खत्म होनी चाहिए।**

## अनुलोम-विलोम

### नए मतदाता




# असमंजस पैदा करने वाले प्रावधान

देश में तीसरे चरण की एसआईआर यानी विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान शुरू हो गया और बखूबी चल भी रहा है, लेकिन इसमें नियम में किसी तरह का बदलाव किए बिना ही चुनाव आयोग ने नए मतदाताओं के लिए फॉर्म-6 में माता-पिता की एसआईआर स्थिति का कॉलम जोड़ दिया है। यह सांविधानिक तौर पर तो गलत है ही, व्यावहारिक स्तर पर भी इसमें कई तरह के झोल सामने आते हैं। एसआईआर करने वाले कर्मियों द्वारा आवेदकों से तीन जानकारियां मांगी जा रही हैं। मसलन, 'मेरा नाम पिछली एसआईआर की वोटर लिस्ट में है, मेरे माता-पिता (दादा, दादी भी) के नाम पिछली एसआईआर की मतदाता सूची में हैं, तीसरा विकल्प कि न तो मेरा और न ही मेरे माता-पिता का नाम पिछली एसआईआर-सूची में है'।

हालांकि, इस कॉलम को अनिवार्य नहीं बताया गया है, लेकिन जब तक इसका जवाब नहीं मिलता, वे आवेदन को आगे नहीं बढ़ा पाते हैं। फॉर्म-6 के 'जे व के' हिस्सों के बीच एक अतिरिक्त, बिना नाम वाला 'डिक्लेरेशन फॉर्म' सेक्शन दिखाई दिया। इसमें यह जानकारी मांगी गई है। हालांकि, उसी पोर्टल पर ऑफलाइन फॉर्म भरने के लिए उपलब्ध फॉर्म-6 की प्रति में यह खंड शामिल नहीं है। अगर आवेदक पहले दो विकल्पों में से कोई एक चुनते हैं, तो उन्हें पिछली एसआईआर में अपनी या अपने परिवार के सदस्य से जुड़ी जानकारी देनी होगी, जैसे कि विधानसभा क्षेत्र, बूथ नंबर और सीरियल नंबर। जो यह नहीं ढूंढ़ पाते, वे तीसरा विकल्प चुन सकते हैं। हालांकि, पोर्टल यह नहीं बताता कि उस विकल्प का क्या मतलब होगा?

गजट नोटिफिकेशन से पता चलता है कि नए मतदाताओं के लिए 'फॉर्म-6' में कोई बदलाव नहीं किया गया है। 'जन प्रतिनिधित्व अधिनियम-1950' की धारा 28 के तहत, चुनावी नियम बनाने और उन्हें अधिसूचित करने का अधिकार केंद्र सरकार के पास है। इसमें कहा गया है, 'केंद्र सरकार चुनाव आयोग से परामर्श करने के बाद गजट अधिसूचना के जरिये नियम बना सकती है। चुनाव आयोग के ही पूर्व अधिकारी और कर्मचारी फॉर्म में किसी भी बदलाव के लिए कम से कम कानून मंत्रालय से संशोधन और अधिसूचना की जरूरत बता रहे हैं, क्योंकि आयोग के पास खुद ऐसे बदलाव करने का अधिकार नहीं है। आयोग खुद फॉर्म में एक कॉमा भी नहीं जोड़ सकता है। अगर चुनाव आयोग इस तरह का बदलाव मनमर्जी तरीके से कर रहा है, तो यह बहुत गंभीर मामला बनता है। मतदाता सूची में नाम जोड़ने के नियम में कोई बदलाव बिना सार्वजनिक चर्चा और सांविधानिक प्रावधान के नहीं किया जाना चाहिए।

**ओम बाबू, छात्र**

# नए मतदाता बनाने के नियम सही

चुनाव आयोग ने फॉर्म-6 में जो बदलाव किया है, वह सराहनीय है। जो लोग इस फॉर्म के बारे में नहीं जानते, उनको बता दूं कि यह उन आवेदकों को भरना पड़ता है, जो मतदाता सूची में पहली बार अपना नाम दर्ज कराना चाहते हैं, यानी पहली बार मतदाता बनने का आवेदन करने वाले यह फॉर्म भरते हैं। चुनाव आयोग ने इस फॉर्म के ऑनलाइन फॉर्मेट में बदलाव किया है और उसमें आवेदक के माता-पिता के एसआईआर की जानकारी भी मांगी है। बिना इसके ऑनलाइन आवेदन स्वीकार नहीं किए जा रहे।

आलोचक इस नई व्यवस्था पर सवाल उठा रहे हैं। उनकी मानें, तो ऐसा करना गलत है, क्योंकि एसआईआर को लेकर अब भी देश में विवाद की स्थिति बनी हुई है। हालांकि, ऐसा कहते हुए वे यह भूल जाते हैं कि एसआईआर प्रक्रिया को लेकर शीर्ष अदालत तक संतुष्ट है। उसने इसे सांविधानिक व वैध माना है। यह प्रक्रिया इसलिए भी जरूरी है, क्योंकि देश के विभिन्न हिस्सों में बड़ी संख्या में अवैध बांग्लादेशी, पाकिस्तानी और रोहिंग्या घुसपैठिए बसे हुए हैं। वे फर्जी दस्तावेजों के माध्यम से भारतीय नागरिक बन गए हैं और लोकतांत्रिक व्यवस्था का हिस्सा बनने को आतुर हैं। उनको रोकने के लिए उचित ही एसआईआर की शुरुआत की गई, ताकि मतदाता-सूची से फर्जी मतदाताओं को बाहर किया जा सके। यही कारण है कि जिन-जिन राज्यों में अब तक यह प्रक्रिया पूरी हुई है, वहां से लाखों मतदाताओं के नाम मतदाता-सूची से काटे गए हैं। मुमकिन है कि इनमें से कुछ सही मतदाता भी होंगे, जिनके लिए कई राजनीतिक पार्टियां व संस्थाएं आवाज भी उठा रही हैं, लेकिन इनमें अधिकतर फर्जी मतदाता हैं, इस बात में शायद ही कोई संदेह है। यही वजह है कि अब जबकि एसआईआर के तीसरे चरण की शुरुआत हुई है, उसका उस कदर विरोध नहीं हो रहा, जितना पहले चरण में हुआ था। इस बार 19 राज्यों व केंद्रशासित क्षेत्रों में यह प्रक्रिया चल रही है, जिसमें मतदाता-सूचियों की शुद्धता सुनिश्चित की जाएगी, ताकि सही मतदाता ही भारतीय लोकतंत्र का हिस्सा बने रह सकें।

ऐसी स्थिति में यदि फॉर्म-6 में माता-पिता की एआईआर-जानकारी मांगी जा रही है, तो इसमें गलत क्या है? इससे तो मतदाता-सूची की शुद्धता ही सुनिश्चित होगी। इस कारण कोई भी फर्जी मतदाता येन-केन-प्रकारेण मतदाता-सूची का हिस्सा नहीं बन सकेगा। आलोचकों को यह भी समझना चाहिए कि शुद्ध मतदाता-सूची लोकतंत्र का आधार है। यह सूची जितनी निष्पक्ष होगी, लोकतंत्र की इमारत उतनी ही मजबूत होगी।

**सौम्या तिवारी, टिप्पणीकार**

# किफायती वाहनों में स्मार्ट बदलाव

**एंट्री लेवल कार को अपग्रेड या कस्टमाइज कर उसकी खूबसूरती, आराम या परफॉर्मेंस को बेहतर बनाने का ट्रेंड जोरों पर है। गाड़ी के बाहरी, अंदरुनी लुक को बेहतर बनाने के साथ ही उसके सेफ्टी फीचर्स को भी अपग्रेड कराने का चलन देखने में आ रहा है। हालांकि, इस तरह के स्मार्ट बदलाव करने या कराने से पहले आपके पास नियम-कानून की पूरी जानकारी होनी चाहिए, वरना वाहन का मॉडिफिकेशन महंगा पड़ सकता है। बता रही हैं अंशु सिंह**

भारतीय ऑटोमोबाइल बाजार में कार मॉडिफिकेशन का चलन बढ़ रहा है। रेट्रोफिटिंग में किफायती कीमतों में एडवांस फीचर्स मिलने से कई कार मालिक अपनी मौजूदा गाड़ियों को अपग्रेड कर रहे हैं। खासकर युवा और छोटे शहरों के ग्राहक बेस मॉडल में जरूरत के अनुसार फीचर्स जोड़ रहे हैं। मॉडिफिकेशन भी दो तरह से देखने को मिल रहे हैं : एक, जो कार को आकर्षक बनाने के लिए उपयोग हो रहे हैं, दूसरे कार की कार्यप्रणाली को बेहतर करते हैं। साथ ही कार को स्मार्ट/टेक अपग्रेड भी किया जा रहा है।



## कार बन रही और खूबसूरत

बाजार में ऐसे उत्पाद मौजूद हैं, जिनसे कार के इंटीरियर में बदलाव करके सुविधा और ड्राइविंग अनुभव बेहतर किया जा सकता है। इसमें एडवांस एंटरटेनमेंट सिस्टम, एम्बिएंट लाइटिंग, प्रीमियम सीट, स्मार्ट सेफ्टी एक्सेसरीज, स्टारलाइट रूफ और कार्बन फाइबर फिनिश जैसे विकल्प शामिल हैं। कुछ अन्य कस्टम बदलाव भी किए जा सकते हैं। कार के बाहरी लुक को बेहतर बनाने के लिए कस्टम बंपर, साइड स्कर्ट और स्पॉइलर लोकप्रिय हैं। कस्टम पेंट जॉब और विनाइल रैप की मदद से कार का रंग बदल सकते हैं। स्टाइलिश व हल्के अलॉय व्हील से कार के लुक के साथ परफॉर्मेंस में भी सुधार आ सकता है। आमतौर पर 4 से 5 साल या करीब 40-50 हजार किलोमीटर तक चलने के बाद टायर बदलने की जरूरत पड़ती है। जरूरत के अनुसार अच्छी ग्रिप वाले स्नो, मड, हाइवे या ऑल-टेरेन टायर भी लगाए जा सकते हैं। बेहतर विजिबिलिटी और मॉडर्न लुक के लिए एलईडी लाइट्स या डीआरएल लगा सकते हैं।



## स्मार्ट टेक के बदलाव

ग्राहकों में सुरक्षा को लेकर जागरूकता बढ़ रही है। वे सॉफ्टवेयर-बेस्ड फीचर्स और सेफ्टी रेट्रोफिट्स के जरिए पुरानी कारों को और सुरक्षित बना रहे हैं। जैसे :

- **एडवांस्ड ड्राइवर असिस्टेंस सिस्टम:** यह कैमरा, रडार और सेंसर की मदद से ड्राइवर को अलर्ट करने, ऑटोमैटिक ब्रेकिंग और स्टीयरिंग कंट्रोल जैसी सुरक्षा सुविधाएं देता है।
- **टचस्क्रीन और वायरलेस कनेक्टिविटी:** पुरानी कारों में पोर्टेबल या एंड्रॉयड ऑटो स्क्रीन लगाकर टचस्क्रीन सुविधा जोड़ी जा सकती है। इससे एप्पल कारप्ले और एंड्रॉयड ऑटो के जरिए गूगल मैप्स, कॉलिंग व अन्य फीचर मिलते हैं।
- **360 डिग्री कैमरा और बैकअप कैमरा:** ये कैमरे सुरक्षा के लिहाज से मददगार होते हैं। साथ ही पार्किंग के दौरान भी मदद मिलती है।

## फंक्शनल सुधार

ये बदलाव गाड़ी की उपयोगिता बढ़ाएंगे। जैसे :

- **अपग्रेडेड सस्पेंशन सिस्टम:** सस्पेंशन अपग्रेड से राइड क्वालिटी, कॉर्नरिंग और हैंडलिंग बेहतर हो सकती है। खासकर खराब सड़कों पर ड्राइविंग अनुभव में सुधार आता है।
- **इंजन एफिशिएंसी :** इंजन ट्यूनिंग और पार्ट्स अपग्रेड से परफॉर्मेंस और ईंधन दक्षता में सुधार किया जा सकता है। बेहतर सुरक्षा के लिए एडवांस्ड ब्रेकिंग सिस्टम लगवा सकते हैं।
- **आफ्टरमार्केट सीएनजी किट :** सीएनजी किट भी बाहर से लगवाई जा सकती है। कुछ मामलों में पेट्रोल-डीजल कारों को ईवी में बदलने के लिए रेट्रोफिटमेंट के विकल्प भी उपलब्ध हैं।

## जोखिम भी जानें

कार बनाने वाली कंपनियां इस शर्त पर वारंटी देती हैं कि गाड़ी अपनी मूल हालत में रहे। अगर उसके इंजन, फ्यूल सिस्टम या इलेक्ट्रिकल वायरिंग जैसे जरूरी सिस्टम में कोई छेड़छाड़ होती है, तो वारंटी की शर्तें टूट जाती हैं। जैसे, इंजन कंट्रोल मॉड्यूल बहुत संवेदनशील होते हैं। आफ्टरमार्केट ट्यूनिंग या सीएनजी किट लगाने से सेंसर में गड़बड़ी हो सकती है।

इसी तरह, इलेक्ट्रिकल सिस्टम एक तय लोड के हिसाब से काम करने के लिए डिजाइन किए जाते हैं। बिना मंजूरी वाली एक्सेसरीज लगाने से शॉर्ट सर्किट हो सकता है या बैटरी भी खत्म हो सकती है। अनअप्रूव्ड ब्रांड की सीएनजी किट लगाते हैं, तो सुरक्षा का खतरा हो सकता है, इंजन की वारंटी भी खत्म हो जाती है। सस्पेंशन में बदलाव से अलाइनमेंट, राइड कम्फर्ट और टायर घिसने जैसी चीजों पर असर पड़ सकता है।

- **सुरक्षित तरीका क्या हो :** कंपनी या आरटीओ की मंजूरी और असली पार्ट्स के साथ किए गए बदलाव ज्यादा सुरक्षित होते हैं।

### कौन से बदलाव हैं गैर-कानूनी?

बड़े संरचनात्मक बदलाव, कस्टम बॉडी किट या चेसिस में संशोधन के लिए अधिकृत प्रमाणन जरूरी होता है। इंजन और एग्जॉस्ट में किए गए बदलाव उत्सर्जन मानकों के अनुरूप होने चाहिए, जबकि तेज आवाज वाले एग्जॉस्ट या बिना अनुमति टर्बो मॉडिफिकेशन अवैध माने जा सकते हैं। इसी तरह, हेडलाइट, इंडिकेटर, टेल लैंप, एयरबैग, सीट बेल्ट और ब्रेक में बदलाव सुरक्षा व तय मानकों के अनुसार ही होने चाहिए।

### कुछ ऐसे बदलाव, जो संभव हैं

इनमें गाड़ी का रंग बदलना, कस्टम बॉडी रैप्स, टायर और व्हील अपग्रेड, सस्पेंशन, आफ्टरमार्केट एयर फिल्टर, सीट कवर व अपहोल्स्ट्री, इंफोटेनमेंट अपग्रेड, एलईडी डीआरएल जैसी सुविधाएं शामिल हैं। दिव्यांग लोगों की जरूरत के अनुसार किए गए बदलाव भी अनुमति के दायरे में आते हैं। हालांकि, इंजन, एग्जॉस्ट या अन्य तकनीकी बदलावों के लिए नियमों का पालन और जरूरी मंजूरी लेना आवश्यक है।

### विशेषज्ञ की राय

आजकल बेस मॉडल को बाहर से टॉप मॉडल जैसे फीचर अपग्रेड देने का चलन बढ़ रहा है। ऐसे बदलाव मोटर वाहन नियमों और आरटीओ की मंजूरी के अनुसार ही किए जाने चाहिए। कई लोग ऐसे बदलाव करा लेते हैं, जो कानूनन मान्य नहीं होते। जैसे, इलेक्ट्रिक कारों में छेड़छाड़ से शॉर्ट सर्किट का जोखिम बढ़ता है। -निखिल रामचंदानी, ऑटोमोटिव एक्सपर्ट

### कितना होगा खर्च

पुरानी कार को अपग्रेड कराने का खर्च इस बात पर निर्भर करता है कि आप कार में कितना और किस प्रकार का कस्टमाइजेशन करवाते हैं। जैसे, सिर्फ बॉडी पैनल के पेंट को बदलवाने में दो से तीन हजार रुपये का खर्च आता है। अगर, टायर बदलवाते हैं, तो उस पर 15 से 20 हजार रुपये का खर्च आता है। अलॉय व्हील बदलने का खर्च थोड़ा और अधिक होता है। सीट कवर 15 से 20 हजार रुपये में आ जाएंगे।

| | |
|---|---|
| बेसिक मॉडिफिकेशन | 20000-80000 |
| मिड-लेवल मॉडिफिकेशन | 80000- 200000 |
| प्रीमियम मॉडिफिकेशन | 2,00,000 से ज्यादा |

बीएमडब्ल्यू, ऑडी, मर्सिडीज-बेंज और पोर्शे जैसी कारों में मॉडिफिकेशन का खर्च 3-5 लाख रुपये से ज्यादा हो सकता है।

## विविध

### रिवर्स करना होगा आसान

ट्रैक्टर के पीछे बंधी ट्रॉली या बड़े ट्रेलर को बैक करना अक्सर मुश्किल होता है। जर्मनी की ऑटो पार्ट्स निर्माता कंपनी ऑमोवियो (पहले कॉन्टिनेंटल) ने इसका समाधान 'अन-डू बैकट्रैक' तकनीक से निकाला है। सीईएस 2026 में प्रदर्शित इस तकनीक में वाहन का कंप्यूटर पीछे चलते समय पूरे रास्ते को याद रखता है। संकरी या बंद जगह में फंसने पर यह स्टीयरिंग और एक्सेलेरेटर को नियंत्रित कर वाहन व ट्रेलर को उसी रास्ते से सुरक्षित बाहर निकाल देता है।

### तेजी से बढ़ रहे ईवी चार्जिंग स्टेशन

एचटी ऑटो के एक लेख के अनुसार केंद्र सरकार ने देश के 74 प्रमुख नेशनल हाईवे और एक्सप्रेसवे पर इलेक्ट्रिक व्हीकल चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने के लिए राज्य सरकारों और एनएचएआई को जमीन व बिजली की उपलब्धता का पूरा प्लान तैयार करने का निर्देश दिया है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य लंबी दूरी का सफर तय करने वाले ईवी चालकों के मन से बैटरी खत्म होने का डर दूर करना है, जिसके तहत एक्सप्रेसवे पर हर 40 से 60 किलोमीटर के दायरे में फास्ट-चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए जाएंगे। इन्हें हाईवे पर मिलने वाली बुनियादी सुविधाओं, जैसे फूड कोर्ट व फ्यूल स्टेशनों के साथ जोड़ा जाएगा।

### फोर्ड ने दोहराया इतिहास

हाल ही में हुए 2026 गुडवुड फेस्टिवल ऑफ स्पीड के मंच पर रेसिंग इतिहास के एक बेहद ऐतिहासिक पल को दोबारा जीवंत किया गया। इस इवेंट में उन तीनों प्रसिद्ध फोर्ड जीटी40 कारों ने फिर से एक साथ फिनिशिंग लाइन पार की। ये वे कारें हैं, जिन्होंने 1966 की ऐतिहासिक 'ले मैंस' रेस में एक साथ जीत दर्ज की थी। दरअसल, 1966 की रेस जीतने के लिए फोर्ड के तत्कालीन प्रमुख हेनरी फोर्ड द्वितीय और रेस कार डिजाइनर कैरोल शेल्बी ने कोई कसर नहीं छोड़ी थी। रेस के आखिरी दौर में फेरारी के बाहर होते ही फोर्ड की जीत तय हो गई। तब फोर्ड कंपनी के अधिकारियों और हेनरी फोर्ड द्वितीय को यह विचार आया कि रेस में प्रतिभागी उनकी तीनों कारों को एक साथ फिनिश लाइन पर लाकर पार करवाया जाए। वे दुनिया को दिखाना चाहते थे कि फोर्ड ने उस वक्त की रेस पर पूरी तरह कब्जा कर लिया था।



# लंबी रेंज की नई इलेक्ट्रिक कार

**इलेक्ट्रिक एसयूवी बाजार में किआ इस महीने अपनी नई सिरोस ईवी ला सकती है। इसमें लंबी रेंज, तेज चार्जिंग और कई आधुनिक फीचर्स मिलते हैं। कुछ और लॉन्च भी हुए हैं।**

## नई गाड़ी



**किआ** सिरोस ईवी में 526 किमी तक की रेंज का दावा किया गया है। इसमें 171 पीएस की इलेक्ट्रिक मोटर मिलेगी। कंपनी के अनुसार, फास्ट चार्जर से इसे करीब 39 मिनट में 10 से 80 प्रतिशत तक चार्ज किया जा सकेगा। बैटरी पर लाइफटाइम वारंटी भी मिलेगी।

- **7 ट्रिम और कई सुरक्षा फीचर्स :** सिरोस ईवी के 7 ट्रिम में पेश किया जाएगा, जैसे कि-एचटीके, एचटीके+, एचटीएक्स आदि। इसमें 30 इंच का ट्रिनिटी पैनोरमिक डिस्प्ले, किआ कनेक्ट 2.0, वेंटिलेटेड सीटें और पैनोरमिक सनरूफ जैसे फीचर्स मिलेंगे। सुरक्षा के लिए 6 एयरबैग, एडवांस्ड ड्राइवर असिस्टेंस सिस्टम (एडीएएस), 360 डिग्री कैमरा और कई सेफ्टी फीचर दिए गए हैं।
- **कई रंगों में :** किआ सिरोस ईवी को ग्लेशियर व्हाइट पर्ल, फ्रॉस्ट ब्लू, ग्रेविटी ग्रे, मैग्मा रेड, आइवरी सिल्वर और ऑरोरा ब्लैक पर्ल जैसे रंग विकल्पों में पेश किया गया है। एक्स-लाइन वर्जन में मैट ग्रेफाइट और ऑरोरा ब्लैक पर्ल का विकल्प भी मिलेगा।
- **कीमत और लॉन्च :** 23 जुलाई को लॉन्च की जा सकती है। कीमतों का खुलासा नहीं किया गया है। अनुमानित कीमत 13-18 लाख रुपये एक्स शोरूम हो सकती है।

### वीडा वीएक्स2 प्लस

हीरो मोटोकॉर्प के इलेक्ट्रिक ब्रांड वीडा ने वीएक्स2 प्लस का नया 4.4 केडब्लूएच वेरिएंट पेश किया है। इसमें ज्यादा क्षमता वाली बैटरी दी गई है, जो 187 किमी तक की रेंज देने का दावा करती है। इसे सात रंगों में खरीद सकते हैं।

- **90 किमी प्रति घंटा स्पीड :** रिमूवेबल बैटरी मिलती है, जिसे स्कूटर से अलग करके चार्ज किया जा सकता है। स्कूटर की टॉप स्पीड 90 किमी प्रति घंटा है। इसमें 1000 वॉट का चार्जर दिया गया है।
- **राइडिंग मोड :** ईको, राइड और स्पोर्ट जैसे राइडिंग मोड हैं। सुरक्षा के लिए डिस्क और ड्रम ब्रेक का कॉम्बिनेशन दिया गया है।
- **कीमत :** वीएक्स 2 प्लस 4.4 केडब्लूएच की कीमत 1,13,990 रुपये और 3.4 केडब्लूएच बैटरी वाले वेरिएंट की कीमत 92,990 रुपये है।

### यामाहा की पहली फ्लेक्स-फ्यूल बाइक

यामाहा मोटर इंडिया ने एफजेड सीरीज में अपनी पहली फ्लेक्स-फ्यूल मोटरसाइकिल एफजेड ब्लू फ्लेक्स पेश की है। यह बाइक ई20 से ई85 तक इथेनॉल मिश्रित ईंधन के इस्तेमाल के लिए तैयार की गई है।

- **149 सीसी इंजन :** एफजेड ब्लू फ्लेक्स में 149 सीसी का इंजन, एलईडी हेडलैंप, एलईडी टेल लैंप, डिजिटल स्पीडोमीटर और डिजिटल फ्यूल गेज जैसे फीचर मिलते हैं। 12 लीटर का फ्यूल टैंक भी दिया गया है।
- **सुरक्षा के लिए :** बाइक में एबीएस की सुविधा दी गई है। इसके अलावा आगे टेलीस्कोपिक फोर्क और पीछे स्विंगआर्म सस्पेंशन मिलता है। एफजेड ब्लू फ्लेक्स को कंपनी ने इथेनॉल मिश्रित ईंधन के विकल्प को ध्यान में रखते हुए पेश किया है।
- **कीमत कितनी :** 1.24 लाख रुपये (एक्स-शोरूम) रखी गई है।

# ई20 हो या पेट्रोल, सही आदतें बढ़ाएंगी माइलेज

**भारत में ई20 पेट्रोल यानी 80 प्रतिशत पेट्रोल और 20 प्रतिशत इथेनॉल मिश्रण वाले ईंधन का इस्तेमाल तेजी से बढ़ रहा है। पर्यावरण के लिहाज से भी इसे बेहतर विकल्प माना जा रहा है। ऐसे में अगर आपकी गाड़ी ई20 पेट्रोल पर चल रही है, तो बेहतर माइलेज और गाड़ी की देखभाल के लिए कुछ जरूरी बातों को जानना आपके लिए फायदेमंद होगा**

## टिप्स

ई20 पेट्रोल के साथ कार या बाइक की देखभाल का तरीका भी थोड़ा बदल जाता है। हाल के कुछ अध्ययन कहते हैं कि इथेनॉल की अलग रासायनिक प्रकृति के कारण इसके इस्तेमाल के दौरान वाहन के प्रति ज्यादा सतर्कता बरतनी होगी। अगर आप इस ईंधन को अपनाने जा रहे हैं, तो कुछ बातों की जांच-परख कर लें।

- **गाड़ी की अनुकूलता जांचें:** ज्यादातर नई गाड़ियां ई20 कंप्लायंट होती हैं, जिनके पार्ट्स इस ईंधन के हिसाब से तैयार किए जाते हैं। वहीं, पुरानी गाड़ियों में लंबे समय तक ई20 के इस्तेमाल से रबर सील और कुछ प्लास्टिक पार्ट्स पर असर पड़ सकता है। ई20 इस्तेमाल से पहले जांच लें कि गाड़ी इसके लिए तैयार है या नहीं।
- **लंबे समय तक पार्किंग :** कई लेखों में मिलता है कि इथेनॉल हवा में मौजूद नमी को जल्दी सोख लेता है। ऐसे में अगर गाड़ी कई हफ्तों तक खड़ी रहती है, तो टैंक में पड़े ई20 ईंधन में नमी आ सकती है, जिससे स्टार्टिंग या इंजन की क्षमता प्रभावित हो सकती है। खट-खट की आवाज या पिकअप कम होने जैसे संकेत दिखें तो जांच करवाएं।
- **फिल्टर और पाइप की जांच करें:** इथेनॉल एक सॉल्वेंट की तरह काम करता है, जो फ्यूल टैंक में जमा पुरानी गंदगी को घोल सकता है। इससे फ्यूल फिल्टर में रुकावट आने की संभावना बढ़ सकती है। इसलिए सर्विसिंग के दौरान फ्यूल फिल्टर और रबर पाइप की जांच करवाएं। सख्त होने पर बदलें।
- **भरोसेमंद पेट्रोल पंप चुनें:** हमेशा प्रतिष्ठित और ज्यादा बिक्री वाले पेट्रोल पंप से ही ईंधन लें। ऐसे पंपों पर ईंधन की खपत ज्यादा होने से स्टॉक लंबे समय तक जमा नहीं रहता, जिससे गुणवत्ता या टैंक में नमी जैसी आशंका कम हो सकती है।
- **माइलेज पर रखें नजर:** ई20 के इस्तेमाल के बाद माइलेज, पिकअप या इंजन की आवाज में बदलाव महसूस हो, तो समय पर जांच करवाएं। इससे संभावित समस्या को समय रहते पहचान कर गाड़ी की परफॉरमेंस बेहतर कर सकते हैं। - रिया शर्मा

### माइलेज बेहतर रखने के तरीके




- अचानक एक्सीलरेटर दबाने या तेज ब्रेक मारने से पेट्रोल ज्यादा खर्च होता है। हाईवे पर 60 से 80 किमी प्रतिघंटा की किफायती गति बनाए रखें। इससे अचानक ब्रेक की जरूरत कम ही पड़ेगी।
- हर 5,000 किमी चलने के बाद गाड़ी का एयर फिल्टर साफ करवाएं या खुद करें, ताकि इंजन पर अतिरिक्त भार न पड़े।
- यदि रेड लाइट या ट्रैफिक जाम में 20 सेकंड से अधिक रुकना पड़े, तो गाड़ी तुरंत बंद कर दें, क्योंकि कहा जाता है कि खड़ी गाड़ी में इथेनॉल तेजी से भाप बनकर उड़ता है।
- कार के बूट स्पेस या बाइक से भारी सामान हटाएं, ताकि इंजन को कम ताकत लगानी पड़े।
- टायर प्रेशर सही रखें। इससे सड़क से घर्षण घटेगा और माइलेज 3% तक सुधर सकता है।

# रोजनामचा



पं. राघवेन्द्र शर्मा
ज्योतिषाचार्य

**मेष :** मन प्रसन्न रहेगा। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग भी बन रहे हैं। किसी मित्र का साथ भी मिल सकता है।

**वृष :** आत्मसंयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। आय में वृद्धि होगी। किसी मित्र से भेंट हो सकती है। वाहन सुख में वृद्धि हो सकती है।

**मिथुन :** पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिवार के किसी बुजुर्ग से धन की प्राप्ति हो सकती है। सेहत का ध्यान रखें।

**कर्क :** धैर्यशीलता बनाए रखने के प्रयास करें। कारोबार में निवेश कर सकते हैं। माता-पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। परिवार का साथ मिलेगा।

**सिंह :** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मन प्रसन्न रहेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। आय में वृद्धि होगी।

**कन्या :** आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परंतु मन परेशान भी हो सकता है। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। वस्त्रों पर खर्च बढ़ सकते हैं।

**तुला :** मन में उतार-चढ़ाव हो सकते हैं। किसी नए कारोबार की शुरुआत हो सकती है। पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। किसी दूसरे स्थान पर भी जा सकते हैं।

**वृश्चिक :** आत्मविश्वास से तो लबरेज रहेंगे, परंतु मन परेशान भी हो सकता है। नौकरी में स्थान परिवर्तन की संभावना बन रही है। भागदौड़ बढ़ेगी।

**धनु :** आत्मसंयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में लाभ के अवसर मिल सकते हैं।

**मकर :** धैर्यशीलता में कमी रहेगी। आत्मसंयत रहें। कारोबार के लिए यात्रा पर जाना हो सकता है। किसी मित्र का साथ भी मिल सकता है। सेहत का ध्यान रखें।

**कुंभ :** कारोबार में वृद्धि होगी। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है। कारोबार के लिए यात्रा लाभप्रद रहेगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं।

**मीन :** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। संतान की सेहत का ध्यान रखें। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी। लाभ के अवसर भी मिलेंगे।

स्कैन करें
भविष्यफल और व्रत-त्योहार जानने के लिए

### व्रत और त्योहार | पंचांग | पं. ऋभुकांत गोस्वामी

18 जुलाई, शनिवार, **शक संवत्:** 27, आषाढ़, (सौर) 1948, **पंजाब पंचांग:** 03, श्रावण मास प्रविष्टे 2083, **इस्लाम:** 03, सफर, 1448, **विक्रमी संवत्:** आषाढ़ शुक्ल पंचमी रात्रि 03.43 मिनट तक पश्चात षष्ठी तिथि, पूर्वा फाल्गुनी नक्षत्र सायं 06.01 मिनट तक पश्चात उत्तरा फाल्गुनी नक्षत्र, वरीयान योग रात्रि 08.46 मिनट तक, चन्द्रमा सिंह राशि में रात्रि 11.59 मिनट तक।

सूर्य दक्षिणायन। सूर्य उत्तर गोल। वर्षा ऋतु। प्रातः 09 बजे से प्रातः 10.30 मिनट तक राहुकालम्।

### वास्तु सलाह | आचार्य मुकुल रस्तोगी

घर में क्लेश न हो और जीवन में शांति बनी रहे, इसके लिए वास्तु उपाय

- घर पर बने भोजन या नाश्ते आदि का थोड़ा सा भाग पहले निकाल कर रखें। उस भोजन को घर के अग्नि कोण में रख दें। ऐसा तीनों समय के भोजन के साथ करना चाहिए।
- घर के दक्षिण-पश्चिम में एक चीनी मिट्टी के बर्तन में धागे वाली मिश्री रखें। 21 दिन के बाद उस मिसरी को अपने सभी सदस्यों को चाय या खीर आदि में खाने को दें।
- विभिन्न प्रकार के फूलों के गुलदस्ते के चित्र या गुलदस्ता पूर्व उत्तर पूर्व दिशा में लगाएं। फूल एक गुच्छे में अवश्य बंधे हो।

### वर्ग पहेली : 8393

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | | 3 | | ■ | 4 | ■ |
| | ■ | | ■ | | ■ | 5 | | |
| 6 | | | 7 | | 8 | ■ | | ■ |
| | ■ | ■ | | ■ | | ■ | 9 | 10 |
| | ■ | 11 | | | | | ■ | |
| 12 | 13 | ■ | | ■ | | ■ | ■ | |
| ■ | | ■ | 14 | 15 | | 16 | | |
| 17 | | | ■ | | ■ | | ■ | |
| ■ | | ■ | 18 | | | | | |

**बाएं से दाएं**

1. परिचय पत्र; पहचान का पत्र; शिनाख्ती पत्र (6)
5. थक जाना; पराजित होना; विफल होना (3)
6. आंखों को अच्छा लगने वाला; सुंदर; चंद्रमा (6)
9. लास्य नामक नृत्य; कोलाहल; विलास; लगाम (2)
11. अनुरोध मानना; आदर करना; कहना मानना (2,3)
12. आनंद; अमृत; सुधा; निचोड़; निर्यास; द्रव; नीर; शोरबा; सार; तत्व (2)
14. बहुत प्रसन्न होना; स्वयं नाचते हुए दूसरों को नाचने के लिए खींच कर लाना (3,3)
17. कुल; समग्र; सारा (3)
18. अनुकरण करना; स्वांग करना; टीपना (3,3)

**ऊपर से नीचे**

1. पवनज; पवनतनय; पवनसुत; भीमसेन; हनुमान (6)
2. अनुरागपूर्वक देखना; इच्छा करना; पसंद करना; प्रेमपूर्वक देखना; स्नेह करना (3)
3. निगरानी; रक्षा प्रबंध; रखवाली (3)
4. जो मोटा न हो; क्षीणकाय; फुर्तीला (4)
7. गुथना; टकराना; मुकाबला होना (3,2)
8. बड़ा होना; विशाल होना; श्रेष्ठ होना (3,2)
10. प्रशंसा होना; तारीफ होना (4,2)
13. डरना; भयभीत होना; सिमटना (4)
15. ज्योति; आभा; कांति; प्रकाश (3)
16. औषर, करकच; खारी; लवण (3)

**हरीश चन्द्र सन्सी, विविधा विधा, दिल्ली**
(उत्तर अगले अंक में)

### वर्ग पहेली : 8392

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 प | रि | 2 ज | न | ■ | 3 चि | प | 4 क | ना |
| ह | ■ | ड़ि | ■ | 5 आ | ■ | ■ | स | ■ |
| 6 चा | ह | त | ■ | रा | ■ | 7 अ | म | 8 न |
| न | ■ | ■ | 9 सु | ध | र | ना | ■ | ज |
| क | ■ | 10 सा | ■ | ना | ■ | म | ■ | र |
| र | ■ | 11 धि | ध | क | ना | ■ | ■ | ब |
| 12 ना | 13 म | क | ■ | र | ■ | 14 वि | वा | द |
| ■ | न | ■ | ■ | ना | ■ | वा | ■ | ल |
| 15 व | न | च | र | ■ | 16 ल | ह | रा | ना |

### सुडोकू : 8347

*आसान

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | 9 | 7 | | 6 | 2 | | |
| | | | | | | 4 | | 8 |
| 5 | | | | 4 | 1 | | | |
| 9 | 6 | 8 | | | | | | 2 |
| | | | | 1 | | | | |
| 3 | | | | | | 6 | 5 | 4 |
| | | | 5 | 3 | | | | 1 |
| 7 | | 3 | | | | | | |
| | | 4 | 9 | | 7 | 8 | 6 | |

**खेलने का तरीका :** दिमागी खेल और नंबरों की पहेली है यह। ऊपर नौ-नौ खानों के नौ खाने दिए गए हैं। आपको 1 से 9 की संख्याएं इस तरह लिखनी हैं कि खड़ी और पड़ी लाइनों के हरेक खाने में 1 से 9 की सभी संख्याएं आएं। साथ ही 3x3 के हरेक बक्से में भी 1 से 9 तक की संख्याएं हों। पहेली का हल हम कल देंगे।

### सुडोकू : 8346

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 4 | 6 | 8 | 2 | 7 | 9 | 3 | 5 |
| 8 | 3 | 2 | 5 | 9 | 4 | 6 | 1 | 7 |
| 7 | 5 | 9 | 1 | 3 | 6 | 8 | 2 | 4 |
| 9 | 7 | 5 | 2 | 1 | 8 | 4 | 6 | 3 |
| 2 | 8 | 3 | 4 | 6 | 5 | 7 | 9 | 1 |
| 4 | 6 | 1 | 3 | 7 | 9 | 5 | 8 | 2 |
| 5 | 1 | 7 | 9 | 8 | 3 | 2 | 4 | 6 |
| 6 | 2 | 8 | 7 | 4 | 1 | 3 | 5 | 9 |
| 3 | 9 | 4 | 6 | 5 | 2 | 1 | 7 | 8 |

# संविधान संशोधन विधेयक के लिए सरकार तैयार

**नई दिल्ली। विशेष संवाददाता।** संसद के मानसून सत्र से पहले सरकार ने साफ किया है कि वह दोनों सदनों में किसी भी संविधान संशोधन विधेयक को पारित कराने के लिए पूरी तरह से तैयार है।

सरकार की तैयारी महिला आरक्षण विधेयक व उससे जुड़े परिसीमन विधेयक को लाने की है। यह विधेयक बीते बजट सत्र में लोकसभा में दो तिहाई सांसदों का समर्थन न होने से पारित नहीं हो सका था। तब से अब तक राजग का आंकड़ा दोनों सदनों में बढ़ा है और उसके समर्थक दोस्त भी बढ़े हैं।

रक्षा मंत्री व सरकार की संसदीय मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीपीए) के अध्यक्ष राजनाथ सिंह के साथ शुक्रवार को राजग के प्रमुख मंत्रियों से संसद सत्र के एजेंडे, तैयारी व रणनीति को लेकर विचार विमर्श किया है। यह एक अनौपचारिक बैठक थी, जिसमें गृह मंत्री अमित शाह, विदेश मंत्री एस जयशंकर, कृषि मंत्री शिवराज सिंह, केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी, राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, के राम मोहन नायडू, किरेन रिजिजू, अर्जुनराम मेघवाल भी मौजूद थे। बाद में सरकार के एक प्रमुख नेता ने कहा कि यह सत्र को लेकर मंत्रियों के समूह की अनौपचारिक बैठक थी।



- राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में राजग के मंत्रियों ने किया रणनीति पर मंथन
- कांग्रेस और सपा को छोड़कर अन्य सभी प्रमुख दलों के संपर्क में सरकार

### मंगल मिलन बैठक

संसद सत्र के दौरान 21 जुलाई (मंगलवार) को राजग संसदीय दल की बैठक होगी। इस बैठक को मंगल मिलन नाम दिया गया है। दरअसल, राजग संसदीय दल की बैठक सत्र के दौरान मंगलवार को ही होती रही है। इसीलिए इस बैठक को यह नाम दिया गया है।

राजनाथ सिंह के मंत्रालय के कक्ष में लगभग एक घंटे चली बैठक में लाए जाने वाले प्रमुख विधेयक, संविधान संशोधन के लिए जरूरी दो तिहाई का आंकड़ा, विपक्ष की रणनीति से निपटने आदि पर चर्चा हुई। सरकार के एक प्रमुख मंत्री ने कहा है कि मानसून सत्र में सरकार ने किसी भी संविधान संशोधन विधेयक को लाकर पास करने की तैयारी कर ली है। कांग्रेस और सपा को छोड़कर लगभग सभी पार्टियों से सरकार संपर्क में है। तृणमूल कांग्रेस से अलग हुए सांसदों के नई पार्टी में विलय व शिवसेना (उद्धव) के बागी सांसदों के शिवसेना में शामिल होने को भी लोकसभा अध्यक्ष के शनिवार को मान्यता दिए जाने की संभावना है।

सरकार ने संकेत दिए हैं सबसे पहले सरकार बीते सत्र के बाद लाए अध्यादेशों पर विधेयक लेकर आएगी। सूत्रों के अनुसार, सरकार जिन पांच नए विधेयकों को संसद में पेश करने की तैयारी कर रही है, उनमें इनकम टैक्स (संशोधन) विधेयक, 2026, सुप्रीम कोर्ट (जजों की संख्या) संशोधन विधेयक, 2026, जन्म और मृत्यु पंजीकरण (संशोधन) विधेयक, 2026, राष्ट्रीय सम्मान के अपमान की रोकथाम (संशोधन) विधेयक, 2026 और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) विकास संशोधन विधेयक, 2026 शामिल हैं। पहले से लंबित दो विधेयक विदेशी अंशदान (विनियमन) संशोधन विधेयक 2026, जिसे 25 मार्च 2026 को लोकसभा में पेश किया गया था।

## देश 30s



अमृतसर में शुक्रवार को एक होटल में आग लगने के बाद धुआं और लपटें उठती दिखीं। इस दौरान पूरे इलाके में हड़कंप की स्थिति रही। • एएनआई

### भोजशाला में हिंदू पक्ष ने ज्ञापन सौंपा

धार। मध्यप्रदेश में धार स्थित ऐतिहासिक भोजशाला परिसर के समीप नमाज की व्यवस्था को लेकर हिंदू पक्ष ने शुक्रवार को कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर मांग की कि उच्चतम न्यायालय के अंतरिम आदेश का पालन करते हुए नमाज की व्यवस्था भोजशाला के 300 मीटर के दायरे से बाहर की जाए। हिंदू पक्ष के प्रतिनिधि गोपाल शर्मा ने कहा कि उच्च न्यायालय और उच्चतम न्यायालय के आदेशों में भोजशाला को मां सरस्वती का मंदिर बताया गया है।

### अभिनेता सिद्धांत कपूर की एफआईआर रद्द

बेंगलुरु। कर्नाटक उच्च न्यायालय ने वर्ष 2022 के बेंगलुरु मादक पदार्थ मामले में अभिनेता सिद्धांत कपूर के खिलाफ दर्ज एफआईआर को रद्द कर दिया। इसके साथ ही इस मामले में उनके खिलाफ चल रही कानूनी कार्रवाई समाप्त हो गई। यह मामला जून 2022 का है, जब बेंगलुरु पुलिस ने शहर में एक पार्टी के दौरान मादक पदार्थों के सेवन के आरोपों में सिद्धांत कपूर और कुछ अन्य लोगों को हिरासत में लिया था। तलाशी के दौरान सिद्धांत के पास कोई नशीला पदार्थ नहीं मिला था।

### राष्ट्रपति तीन देशों की यात्रा पर 19 को जाएंगी

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 19-25 जुलाई तक तीन देशों मोल्दोवा, नॉर्थ मैसेडोनिया और रोमानिया की राजकीय यात्रा पर रहेंगी। विदेश मंत्रालय में सचिव (पश्चिम) सीबी जार्ज ने बताया कि मोल्दोवो और नार्थ मैसेडोनिया में राष्ट्रपति की यात्रा पहली बार हो रही है, जबकि रोमानिया की यात्रा करीब 30 साल बाद हो रही है। यात्रा से तीनों देशों के साथ भारत के व्यापारिक और कूटनीतिक रिश्ते मजबूत होंगे।

### नदियों को पुनर्जीवित करने की रूपरेखा तैयार

नई दिल्ली। नेशनल मिशन फॉर क्लीन गंगा (एनएमसीजी) ने शुक्रवार को छोटी नदियों को फिर से जीवित करने के लिए एक रूपरेखा तैयार की है। इसमें कहा गया है कि नमामि गंगे जैसे बड़े नदी संरक्षण कार्यक्रम की तुलना में इनके लिए एक अलग नजरिए की जरूरत है। छोटी नदियों को फिर से जीवित करने (एसआरआर) की यह रूपरेखा राष्ट्रीय कार्यशाला में पेश की गई, जिसमें विशेषज्ञ, वैज्ञानिक, सरकारी अधिकारी, राज्य सरकारें और सिविल सोसाइटी के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।

### केंद्र-राज्य स्वास्थ्य कार्यक्रम की समीक्षा करेंगे

नई दिल्ली। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि केंद्र और राज्य हर महीने स्वास्थ्य कार्यक्रम की समीक्षा करेंगे। सभी राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों ने स्वास्थ्य कार्यक्रम के कार्यान्वयन, निगरानी और मूल्यांकन को मजबूत करने के लिए सर्वसम्मति से परफॉर्मेंस इंडिकेटर (केपीआई) फ्रेमवर्क को अपनाया है। मंत्रालय ने कहा कि केंद्र-राज्य केपीआई के आधार पर प्रगति करने और कमियों को दूर करने के लिए हर महीने समीक्षा करने पर सहमत हुए हैं।

## नौसेना को मिला एक और सीहॉक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत स्थित अमेरिकी दूतावास ने जानकारी दी है कि भारतीय नौसेना को एक और एमएच-60आर सीहॉक बहुउद्देशीय समुद्री हेलीकॉप्टर सौंप दिया गया है।

इसके साथ ही दो अन्य हेलीकॉप्टर भी जल्द ही भारत पहुंचने वाले हैं। एक्स पर एक पोस्ट में दूतावास ने लिखा कि यह हेलीकॉप्टर पिछले सप्ताह कोच्चि में नौसेना को सौंपा गया था। मौसम के अनुकूल काम करने वाले हेलीकॉप्टर का निर्माण लॉकहीड मार्टिन कंपनी ने किया है। भारत ने फरवरी 2020 में अमेरिका के साथ 24 ऐसे हेलीकॉप्टर खरीदने का समझौता किया था।

## 'नामित सदस्य वोट नहीं दे सकते'

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि नगर पालिकाओं में नामित सदस्य विधान परिषद चुनाव में वोट देने के हकदार नहीं हैं। कोर्ट ने 2021 के चुनाव में वोटों की दोबारा गिनती के खिलाफ भाजपा के कर्नाटक विधान परिषद सदस्य प्राणेश एम.के. की याचिका को खारिज कर दिया।

सीजेआई सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्य बागची और विपुल एम. पंचोली की पीठ ने गुरुवार को दिए आदेश में कहा कि कर्नाटक नगर पालिका अधिनियम के तहत चार नगर पंचायतों में नियुक्त 12 नामित सदस्य मतदान के लिए हकदार नहीं थे।

हिन्दुस्तान क्लासीफाइड
www.livehindustan.com
विज्ञापन के लिए संपर्क करें
1800 103 1800

● आवश्यकता

● अकादेमिक

CRPF PUBLIC SCHOOL
Sec-14, Rohini, Delhi
011-47548445
Vacancy
PGT-Chemistry, Physics
TGT-Maths
Counselor, LDC (Admn)
PRT-General, (Music)
➢ Visit school website for detailed requirements
www. crpfpsrohini.org.in
➢ Availability & submission of Application forms till 1st Aug, 2026 at the school reception.

**URGENTLY REQD.** Experienced PGT (Psychology), TGT (Sanskrit), TGT (Computer Science ) Contact / Mail- Resume, Photo & Documents at Sona Modern Public School, A-3/4, Devli Road, Khanpur. Cont: 9625070538 Email- smps_khanpur@yahoo.co.in

● बिक्री और विपणन

BUYER SELLER PLATFORM
www.buyersellerplatform. com
A STARTUP B2B COMPANY REQUIRES:
1. MARKETING MANAGERS / EXECUTIVES
2. WEBSITE DEVELOPERS.
APPLY TO
Email: vinodkaul34@gmail.com
Whatsapp: 9810090914

● प्रोपर्टी

● पूर्वी दिल्ली

FLOORS/KOTHI, SHOPS/OFFICES
Sanju Anand
9810035490

**PREET VIHAR,** Anand, Rishabh, Vivek, Yojna,Ram,SurajmalVihar,Hargobind Jagriti Enclave,Vigyan,Shrestha vihar Savita Vihar,Pushpanjali, Madhuban, Surya Nagar, Ramprastha & Vaishali.

● गुरुग्राम

CONTACT OWNER
9910055853
TATA GATEWAY FLAT
PLOT 902 SQ YDS

**PLOT 902** Sq. yds 24 Metre Road, Sec- 108 The Westerlies Gurugram (13.5 Cr) & Pent House Tata Gate Way 6600 sq. ft. 5bhk, Sec. 112 (9 cr.) (Dwarka Exp. way) #9717215764

● डीएलएफ- सुशांतलोक

DLF
APARTMENTS FOR SALE
Park Place
Belaire
Summit
KHUSHAL SETHI
Housing Solutions (P) Ltd.
9810090598

● नाम परिवर्तन

**I, VEERATHAVAMANI** P, Mother of No. 15192430H L/Hav Anbalagan P, R/o- North Street, Saluppapatti (Vill) Kudiseri (Po) Peraiyur (Teh) Madurai (Dist) Tamilnadu- 625705, have changed my name from Veerathavamani P to Veerathavamani Kumarthevar, vide affidavit dated 17/07/2026 before Notary Public Delhi.

**I, DHARMENDRA** Panwar, S/o Balwant Singh, R/o B-118, Ramprastha Colony, Ghaziabad-201011, U.P. have changed the Name of my minor daughter from Medini to Medini Panwar, and she shall hereafter be known as Medini Panwar for all future purposes.

**मैं, सुषमा** त्यागी, पत्नी श्री धर्म पाल त्यागी, निवासी मकान संख्या- ए-270, गली संख्या 3, मीत नगर, दिल्ली-110094, घोषणा करती हूँ कि मेरे नाम की सही वर्तनी Sushma Tyagi है, न कि Sushama Tyagi.

**I, HAVE** changed my name from Jitender Tyagi to Jitendra Tyagi S/o Ram Nath Tyagi, R/o 262, Makanpur, Indirapuram, Shipra Sun City, Ghaziabad, UP-201014 for all future purposes.

**I, ABHINIT** Kumar S/o Om Prakash Singh R/o Swaroop Nagar, Delhi, changed my name from Abhineet Kumar to Abhinit Kumar.

● शिक्षा/नामांकन

ADMISSION OPEN
LL.B (3 Year) Course
BA LL.B (5 Year) Course
B.Ed (2 Year) Course
DIMT COLLEGE
Affiliated to C.C.S. University & Approved by BCI & NCTE
ADMISSION OFFICES:
• Near Sector-10 Metro Station, Dwarka, New Delhi
• Parsvanath Mall, Near Kaushambi Metro Station, Gzb
9899215598, 9811697650

● नाम परिवर्तन

**IT IS** for general information that, I Deepa Sharma alias Deepa Jawahar Mohamed alias Deepa J Mohamed Daughter of Shiv Kumar Sharma, and Ex. Wife of Pudiapura Jawahar Mohamed resident of K-142, 14th Floor, DLF Capital Greens, PH.III, Moti Nagar, Delhi-110015, Declare That I got divorce from my husband vide Court Decree No. SMA02/2025 dated 01.02.2025 Further I have changed my name, shall hereafter be known as Deepaa Sri Sharma, I also declare that I have changed only my name and not my religion. It is certified that I have complied with other legal requirements in this connection.

**IT IS** for general information that I, Ajay Rai S/o Sh. Haqiqat Rai presently residing at F-67, Second Floor, Green Park (Main), New Delhi-110016 and permanent R/o D-27, Sumit City of Dreams, Kachna, Raipur, Raipur, C.G. 492094. I declare that name of mine has been wrongly written as Ajay in my service records and all my educational documents and name of mine and my father has been wrongly written as Ajay Haqiqat Rai and Haqiqat Ram Lal Rai in my PAN Card No. AEPPR5788H. The actual name of mine and my father are Ajay Rai and Haqiqat Rai respectively, which may be amended accordingly.

**THIS IS** to notify that Shri Baijnath Pandit, son of Late Shri Nathu Pandit, and Shri Baijnath Prajapati, son of Late Shri Nathu Pandit, are one and the same person. The surname Prajapati has been adopted by him and his family as they belong to the Kumhar (OBC) community. Accordingly, his son is known and recorded in all educational, identity, and other official documents as Mahesh Kumar Prajapati, son of Shri Baijnath Prajapati. Both names of Shri Baijnath shall be treated as referring to the same individual for all legal, official, and administrative purposes

**I, UMESH** Saxena S/o Ram Shankar Saxena R/o 47/4, Old Rajinder Nagar New Delhi- 110060, declare that my name is Umesh Kumar S/o Ram Shankar (in High School Certificate), Umesh Kumar Saxena S/o Ramshankar Saxena (in Birth Certificate Reg. No. B20260990380 0000537), and Umesh Saxena S/o R.S. Saxena (in UID no. 4729 8613 9136), the name of the one and the same person. In future I will be known as Umesh Saxena S/o Ram Shankar Saxena, for all purposes.

**I, SHAMIM** Fatima, W/o. Mohd Ashraf Khan, R/o. L-22, Flat No. 5, Batla House, Jamia Nagar, New Delhi-110025, declare that my name has been incorrectly recorded as Shameem Fatma, Nasheem Fatma, and Naseem Fatima in various documents, and as Naseem Fatima in my daughter's passport. My correct and actual name is Shamim Fatima. All the above names refer to one and the same person.

**मैं, ठाकोर** संगीताबेन रंजीत सिंह, पत्नी नं.14892750N सिपाही ठाकोर रंजीतसिंह रमनभाई, निवासी- गांव: बोर, पोस्ट: बार, तह: वीरपुर, जिला: महिसागर, गुजरात- 388265, ने अपना नाम ठाकोर संगीताबेन रंजीत सिंह से बदलकर ठाकोर संगीताबेन रंजीतसिंह कर लिया है, द्वारा शपथपत्र दिनांक 17/07/2026 समक्ष नोटरी पब्लिक दिल्ली

**I, SAWARJEET** S/o Shri Babu Ram Residing at C-162, Block-C, Near Bajrang chowk, Jai Vihar Extension Phase-3, Baprola Najafgarh New Delhi-110043, have changed the names of my minor son, Srijan (aged 9 years 11 months), and my minor daughter, Sanjhi (aged 8 years 6 months). Henceforth, they shall be known as Srijan Prajapati and Sanjhi Prajapati, respectively.

**मैं, अखिलेश** कुमार, पुत्र स्वर्गीय जगदीश राय, निवासी मकान संख्या 741/635, गली संख्या-79, संजय कॉलोनी, सेक्टर-22, फरीदाबाद, हरियाणा- 121005, ने अपना नाम परिवर्तित कर लिया है और भविष्य में मैं अखिलेश राय के नाम से ही जाना जाऊँगा।

**I, REJI** Pulikottamvila Thomas S/o P Y Thomas R/o 294/FF-1, Shalimar Garden Extnsion-1, Sahibabad, Ghaziabad (U.P) 201005 have changed my name from Reji Pulikottamvila Thomas to P T Reji for all purposes.

**I, DEEPAK** S/o Prem Chand R/o A-145, Second Floor, Dilshad Colony, Jhilmil, East Delhi, Delhi-110095 have changed my name to Deepak Narang.

● नाम परिवर्तन

**IT IS** for general information that I, Mohd Tashrif S/o Lal Mohammad R/o D-406, Gali No. 6, Noor Elahi, North East Delhi - 110053, declare that name of mine and my father has been wrongly written as Tashrif and Lal Mohd in my 10th Class educational documents. The actual name of mine and my father are Mohd Tashrif and Lal Mohammad which may be amended accordingly.

**I WAHID** Hussain S/o Muzammil Hussain R/o M-104A M Block Laxmi Nagar Delhi-92, hereby declare that my name has been wrongly mentioned as Wahid in the earlier passport of my son, Rahil Ansari. My correct name, is Wahid Hussain as appearing in my Aadhaar Card. Henceforth, Wahid and Wahid Hussain shall be treated as the same person.

सदस्य कृपया ध्यान दें कि एजीएम सूचना और वार्षिक रिपोर्ट (वित्तीय वर्ष 2025-26) की प्रतियां कंपनी की वेबसाइट https://www.hcltech.com, उन स्टॉक एक्सचेंजों की वेबसाइटों जहाँ कंपनी सूचीबद्ध है, यानी क्रमशः बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट https://www.bseindia.com और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट https://www.nseindia.com, तथा नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड की वेबसाइट https://www.evoting.nsdl.com पर भी उपलब्ध हैं, जो एजीएम के लिए ई-मतदान (दूरस्थ ई-मतदान सहित) की सुविधा प्रदान करने के लिए नियुक्त एजेंसी है। जो सदस्य एजीएम सूचना और वार्षिक रिपोर्ट (वित्तीय वर्ष 2025-26) की भौतिक प्रतियां प्राप्त करना चाहते हैं, वे कंपनी को investors@hcltech.com पर लिख सकते हैं।

**एजीएम में ई-मतदान (रिमोट ई-मतदान सहित) के माध्यम से मत डालने का तरीका**

क) सदस्यों के पास ई-मतदान (दूरस्थ ई-मतदान सहित) के माध्यम से एजीएम में निर्धारित किए गए व्यवसायों पर अपना मतदान देने का अवसर होगा। डिमैटिरिलाइज्ड / भौतिक रूप से शेयर धारण करने वाले सदस्यों को ई-मतदान (दूरस्थ ई-मतदान सहित) की विधि, एजीएम सूचना में प्रदान की जाएगी।

ख) ई-मतदान की सुविधा एजीएम में भी उपलब्ध कराई जाएगी और एजीएम में वीसी/ओएवीएम के माध्यम से उपस्थित होने वाले वे सदस्य, एजीएम के दौरान ई-मतदान प्रणाली द्वारा मतदान देने के लिए पात्र होंगे जिन्होंने दूरस्थ ई-मतदान अवधि के दौरान प्रस्तावों पर अपना मतदान नहीं दिया है और ऐसा करने से वे वर्जित नहीं है।

ग) ई-मतदान (दूरस्थ ई-मतदान सहित) के माध्यम से मतदान डालने के लिए लॉग-इन सूचना सदस्यों को ईमेल के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएंगी। जिन सदस्यों को ईमेल प्राप्त नहीं होता है या जिनके ईमेल पते कंपनी/ डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट के पास पंजीकृत नहीं हैं, वे एजीएम सूचना और वार्षिक रिपोर्ट (वित्तीय वर्ष 2025-26) प्राप्त करने के उद्देश्य से नीचे दिए गए निर्देशों का पालन करके अपने ईमेल पते पंजीकृत/ अद्यतन कर सकते हैं।

**ई-मेल पतों को पंजीकरण/ अद्यतन करने का तरीका**

| | |
|---|---|
| **भौतिक रूप से रखे शेयरों के लिए** | भौतिक रूप में शेयर रखने वाले सदस्यों को पंजीकृत सदस्यो द्वारा हस्ताक्षरित फॉर्म ISR -1 के साथ फॉर्म में उल्लिखित आवश्यक दस्तावेजों को कंपनी के इश्यू का रजिस्ट्रार और शेयर हस्तांतरण एजेंट के पास भेजे :<br>मेसर्स एमयूएफजी इनटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (इकाई: एचसीएल टेक्नोलॉजीज़ लिमिटेड) सी-101, एम्बेसी 247, एल.बी.एस. मार्ग, विक्रोली (पश्चिम), मुंबई - 400083 दूरभाष - + 91 8108116767 ईमेल पता: investor.helpdesk@in.mpms.mufg.com |
| **डिमैटिरियलाइज्ड रूप में रखे शेयरों के लिए** | इलेक्ट्रॉनिक विधि में शेयर रखने वाले सदस्यों से अनुरोध है कि अपने ई-मेल पतों को उस डिपाजिटरी पार्टिसिपेंट में पंजीकृत/अद्यतन करवाएं जहाँ उनके संबंधित डिमैट खाते है। |

कृते एचसीएल टेक्नोलॉजीज़ लिमिटेड

दिनांक : जुलाई 17, 2026
स्थान : नोएडा (उ.प्र.), भारत

मनीष आनंद
कम्पनी सचिव

तैयारी

# कम लागत में सैटेलाइट लॉन्चिंग की राह आसान करेगा विक्रम-1

भारतीय स्पेस-टेक स्टार्टअप 'स्काईरूट एयरोस्पेस' शनिवार को 'विक्रम-1' रॉकेट का पहला ऑर्बिटल लॉन्च करने के लिए तैयार है। आगमन' नाम का यह मिशन भारत की पहली ऐसी कोशिश होगी जिसमें पूरी तरह से निजी तौर पर बनाए गए लॉन्च व्हीकल का इस्तेमाल करके किसी पेलोड को ऑर्बिट में भेजा जाएगा। यह रॉकेट श्रीहरिकोटा के सतीश धवन स्पेस सेंटर से उड़ान भरेगा।

**प्रमुख तथ्य**

**400** से अधिक स्टार्टअप्स काम कर रहे अंतरिक्ष क्षेत्र में

- भारत का अंतरिक्ष क्षेत्र वैश्विक औसत से दोगुनी रफ्तार से बढ़ रहा
- साल 2030 तक भारत का लक्ष्य अपनी हिस्सेदारी को बढ़ाकर 8% करना है
- अनुमान है कि भारत की अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था 8.4 अरब डॉलर से बढ़कर 2033 तक लगभग 44 अरब डॉलर हो जाएगी

**किफायती तकनीक में आगे**

निजी स्पेस स्टार्टअप्स के मामले में भारत तेजी से शीर्ष देशों में शामिल हो रहा है। दुनिया का कोई देश लागत के मामले में भारत का मुकाबला नहीं कर सकता। निजी स्टार्टअप्स कम खर्च में बेहतर सैटेलाइट और रॉकेट्स बना रहे हैं।



**विक्रम-1 के बारे में**

ऊंचाई **20** मीटर

व्यास **1.7** मीटर

**350** किलोग्राम तक वजन वाले छोटे सैटेलाइट को पृथ्वी की निचली कक्षा तक ले जाने को बनाया गया है डिजाइन।

- चार-स्टेज वाला ऑर्बिटल लॉन्च वाहन
- रॉकेट का ढांचा कार्बन कंपोजिट से बना है।
- इसमें 3डी-प्रिंटेड इंजन व हाई-थ्रस्ट सॉलिड-फ्यूल रॉकेट बूस्टर लगे है।

**निजी अंतरिक्ष क्षेत्र के लिए भी लॉन्च अहम**

भारत ने 2020 में अंतरिक्ष क्षेत्र को प्राइवेट कंपनियों के लिए खोला था। सिर्फ छह सालों में, स्टार्टअप्स ने रॉकेट इंजन, सैटेलाइट, व मैन्युफैक्चरिंग क्षमताएं विकसित कर ली हैं। अगर विक्रम-1 सफल हुआ तो स्काईरूट उन चुनिंदा प्राइवेट कंपनियों में शामिल होगी जिनमें स्पेसएक्स, रॉकेट लैब, फायरफ्लाई एयरोस्पेस और ऑबेक्स कमर्शियल कंपनियां शामिल हैं।

**आम आदमी को क्या फायदे**

- हजारों नए स्टार्टअप्स आने से नौकरियां पैदा हो रही
- उपग्रहों से मौसम, आपदाओं की समय पर सटीक भविष्यवाणी संभव
- मैप्स सहित तमाम एप सैटेलाइट से काम करते है, इससे ट्रैफिक की लाइव जानकारी में आसानी होती है

**देश में अंतरिक्ष के क्षेत्र में काम कर रहीं कंपनियां**

1 **स्काईरूट एयरोस्पेस: हैदराबाद** वर्ष 2022 में 'विक्रम-एस' लॉन्च करके भारत का पहला निजी रॉकेट अंतरिक्ष में भेजने का इतिहास रचा था

2 **अग्निकुल कॉसमॉस: चेन्नई** रॉकेट 'अग्निबाण' के लिए एक साथ चार सेमी क्रायोजेनिक 3डी-प्रिंटेड इंजनों की क्लस्टर फायरिंग का सफल परीक्षण किया है।

3 **पिक्सेल: बेंगलुरु** गूगल समर्थित यह कंपनी अत्याधुनिक पृथ्वी निगरानी सैटेलाइट्स की मदद से डाटा एनालिसिस का काम करती है।

4 **ध्रुव स्पेस: हैदराबाद** कंपनी 'सैटेलाइट बस' (उपग्रह का मुख्य ढांचा) और सैटेलाइट डिप्लॉयर्स (अंतरिक्ष में

**दुनिया में कौन-कौन देश निजी अंतरिक्ष क्षेत्र में**

**अमेरिका** दुनिया में सबसे आगे। कंपनियां नासा के अंतरिक्ष यात्रियों को आईएसएस तक ले जाने और चंद्रमा मिशनों पर भी काम कर रही हैं।

**चीन** चीन में निजी कंपनियों को रॉकेट बनाने की अनुमति है। ये कंपनियां लिक्विड-फ्यूल व रीयूजेबल रॉकेटों का परीक्षण कर रही हैं।

**जापान** जापान की निजी कंपनियां चंद्र मिशनों और छोटे सैटेलाइट लॉन्च करने के बाजार में काफी सक्रिय है।

- ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी में स्पेस स्टार्टअप्स छोटे सैटेलाइट्स को लॉन्च करने के लिए 'माइक्रो-लॉन्चर्स' बनाने पर काम कर रहे हैं।

## फाटक पर ट्रेन की कार से टक्कर, चार छात्रों समेत पांच मरे

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में शुक्रवार को एक खुले लेवल क्रासिंग (फाटक) पर ट्रेन ने एक पूल कार को टक्कर मार दी इस हादसे में चार स्कूली छात्रों, एक साइकिल सवार व्यक्ति समेत पांच लोगों की मौत हो गई।

हादसे में कार का चालक और तीन बच्चे भी घायल हो गए। तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो लोगों की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हुई। अधिकारियों ने बताया कि ड्यूटी में लापरवाही के आरोप में गेटमैन को गिरफ्तार किया, जबकि रेलवे के एक परमानेंट वे इंस्पेक्टर (पीडब्ल्यूआई) को निलंबित कर दिया। मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी ने कहा कि इस घटना की गहन जांच कराई जाएगी। जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### अंतिम रिपोर्ट से पहले सरकार से अतिरिक्त समय मांग सकता है विशेष जांच दल

# एसआईटी कोर्ट को रिपोर्ट सौंपेगी

चढ़ावे में चोरी

**लखनऊ, विशेष संवाददाता।** अयोध्या स्थित श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में चढ़ावा चोरी की जांच के लिए गठित एसआईटी सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में अंतरिम रिपोर्ट सौंप सकती है। यह भी कहा जा रहा है कि एसआईटी ने अंतिम जांच के लिए अतिरिक्त समय मांगा है। शासन से जुड़े सूत्रों का यह भी कहना है कि जांच लगभग पूरी है। केवल कुछ बिंदुओं के तथ्य चेक किए जा रहे हैं।

सूत्रों के मुताबिक, विशेष जांच दल (एसआईटी) ने अपनी रिपोर्ट का मसौदा भी तैयार कर लिया है। यह भी कहा जा रहा है कि रिपोर्ट शासन को सौंपने के बजाय कुछ दिन रोके रखा गया है क्योंकि सोमवार को प्रदेश सरकार सुप्रीम कोर्ट के समक्ष जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने वाली है। इसके बाद ही एसआईटी अंतिम रिपोर्ट सौंप सकती है।

सूत्रों के अनुसार, 20 जुलाई को राज्य सरकार की ओर से सुप्रीम कोर्ट में जांच रिपोर्ट सौंपी जाएगी। इसके बाद एसआईटी अपनी अंतिम रिपोर्ट औपचारिक रूप से सरकार को सौंपेगी। रिपोर्ट में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई, सुरक्षा एवं प्रक्रिया संबंधी खामियों की पहचान तथा श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में चढ़ावे के प्रबंधन, सुरक्षा और ऑडिट व्यवस्था को और अधिक पारदर्शी एवं मजबूत बनाने के लिए व्यापक सुधारों की सिफारिश किए जाने की संभावना है। रिपोर्ट मिलने के बाद प्रदेश सरकार ऐसी घटनाओं पर रोक लगाने के लिए कोई निर्णय ले सकती है। शासन ने विस्तृत जांच के लिए 15 जुलाई तक का समय दिया था। यह समय अब पूरा हो चुका है इस बीच सुप्रीम कोर्ट ने कई याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए रिपोर्ट तलब की है।

उधर, चढ़ावा चोरी मामले की जांच कर रही पुलिस ने 53 पैन का विवरण आयकर विभाग से मांगा है। ये सभी पैन गिरफ्तार किए गए आठ आरोपियों और उनके परिजनों-करीबियों से जुड़े हैं।



अयोध्या में स्थित रामजन्मभूमि मंदिर। • फाइल फोटो

**रामलला के पास सभी का जवाब : चंपत राय**

श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के पूर्व महासचिव चंपत राय ने अपने मौन धारण का कारण बताते हुए कहा कि सभी के मन में तरह-तरह के सवाल हैं। यह सवाल भी कौतूहल से है, इसलिए सबको जवाब देना और जवाब से उत्पन्न जिज्ञासाओं का समाधान संभव नहीं है। समय ही सबको उत्तर देगा और रामलला बैठे है, इनके पास सभी का जवाब है। उन्होंने कहा ईश्वर जो करता है, ठीक करता है। वर्तमान घटनाक्रम के पीछे भी उसकी कोई मंशा होगी, जो हम तुच्छ बुद्धि के लोगों से परे है।

**टिन्नू-मनीष की 39 घंटे की कस्टडी रिमांड मंजूर**

**अयोध्या।** राममंदिर चढ़ावा चोरी प्रकरण में विशेष न्यायाधीश एंटी करप्शन की कोर्ट ने आरोपी रामशंकर यादव उर्फ टिन्नू और उसके भतीजे मनीष यादव की 39 घंटे की पुलिस कस्टडी रिमांड मंजूर कर ली है। अदालत के आदेश के अनुसार दोनों आरोपी शनिवार सुबह आठ बजे से लेकर रविवार रात 11 बजे तक पुलिस रिमांड पर रहेंगे।

**चढ़ावा व्यवस्था को हाईटेक सुरक्षा प्रोटोकॉल लागू**

राम मंदिर में चढ़ावा व्यवस्था को अधिक सुरक्षित, पारदर्शी और त्रुटिरहित बनाने के लिए जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट व बैंक प्रबंधन ने कई बड़े बदलाव लागू किए हैं। इनका उद्देश्य दान संग्रह, नकदी की गिनती और बैंक तक पहुंचाने की पूरी प्रक्रिया को डिजिटल निगरानी और कड़े सुरक्षा मानकों के दायरे में लाना है।

## किसान की हत्या में चार लोगों को फांसी की सजा

**मुजफ्फरनगर, संवाददाता।** लूट के विरोध पर किसान की गोली मारकर हत्या करने वाले चार दोषियों को अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक कोर्ट ने फांसी की सजा सुनाई है।

कोर्ट ने प्रत्येक दोषी पर एक लाख 20 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। कोर्ट ने अपराध को विरल से विरलतम श्रेणी का मानते हुए दोषियों को सजा सुनाई है। साथ ही कहा कि दोषियों को तब तक फांसी के फंदे पर लटकाया जाए, जब तक उनकी मृत्यु न हो जाए।

**2011 में बदमाशों ने लूटपाट के विरोध में की थी किसान की गोली मारकर हत्या**

डीजीसी राजीव शर्मा ने कहा, दर्ज रिपोर्ट में बताया गया था कि 20 अगस्त 2011 को उसके मामा अपने गांव के बिजेन्द्र के साथ बाइक पर गांव आ रहे थे। गांव के पूर्व प्रधान नरेंद्र के बाग में घात लगाए बदमाशों ने उन्हें घेर लिया। और लूटपाट को अंजाम दिया।

## घुसपैठ कराने वालों के ट्रस्टों को विदेशों से होती थी फंडिंग

**लखनऊ, विशेष संवाददाता।** प्रवर्तन निदेशालय लखनऊ ने घुसपैठ कराने वालों को विदेशी फंडिंग की जांच शुरू कर दी है। गुरुवार को एक पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश समेत 13 स्थानों पर की गई छापेमारी में कई दस्तावेज, लाखों कैश तथा कागजात बरामद किए हैं। ईडी संदिग्ध दस्तावेजों तथा विदेशी फंडिंग की जांच कर रहा है।

छापों के दौरान साफ हुआ कि रोहिंग्या तथा बांग्लादेशी नागरिकों की घुसपैठ कराने के बाद पुनर्वासित कराने वाले ट्रस्टों को विदेशों से फंडिंग होती थी। जांच में यह भी साफ हुआ कि एक सिंडिकेट 'फारेन कंट्रीब्यूशन रेगुलेशन एक्ट' के तहत पंजीकृत पब्लिक चैरिटेबल ट्रस्ट के जरिए काम करता था। ट्रस्ट को यूके स्थित संस्थाओं से वित्तीय मदद मिलती थी। इसके बाद भारत में बसने में मदद के लिए संदिग्ध व्यक्तियों को छोटी-छोटी किश्तों में पैसे ट्रांसफर किए जाते थे।

देश 30s

**तिलक हटवाने पर स्कूल में हंगामा**

**शामली।** जलालाबाद स्थित एक स्कूल में शुक्रवार को एक शिक्षिका पर छात्र-छात्राओं के माथे से तिलक हटाने और हाथों में बंधा कलावा काटने का आरोप लगा तो हंगामा हो गया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं के प्रदर्शन के बाद शिक्षिका को स्कूल से हटाने की कार्रवाई हुई तब हंगामा शांत हो सका। अल्पाईन स्कूल की शिक्षिका पर आरोप है कि स्कूल में कुछ छात्र-छात्राओं के तिलक हटवा दिए और उनके हाथों से कलावा काट दिया। इस जानकारी के बाद अभिभावकों और एबीवीपी कार्यकर्ताओं में आक्रोश फैल गया।

**लालू की तबीयत बिगड़ी, जांच के बाद घर लौटे**

**पटना।** पूर्व मुख्यमंत्री और राजद प्रमुख लालू प्रसाद की शुक्रवार को तबीयत बिगड़ने के बाद आईजीआईएमएस में भर्ती कराया गया। करीब ढाई घंटे तक चेकअप के बाद रात करीब पौने नौ बजे उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। लालू प्रसाद आंख की जांच के लिए शाम में आईजीआईएमएस पहुंचे थे इसी दौरान उनकी बीपी में उतार-चढ़ाव होने लगा। इसके बाद उन्हें कॉर्डियोलॉजी विभाग ले जाया गया, जहां उनका ईसीजी किया गया।

**प्रधानाध्यापिका ने लहराया चाकू, निलंबित**

**कौशाम्बी।** कड़ा ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय लुकिया से शुक्रवार की सुबह हैरान कर देने वाली खबर सामने आई। आरोप है कि यहां की इंचार्ज प्रधानाध्यापिका शिखा सिंह पटेल चाकू और चापड़ लेकर स्कूल पहुंचीं। स्कूल परिसर में भी धारदार हथियार लहराए। इससे दहशतजदा विद्यार्थी भाग खड़े हुए। प्रधानाध्यापिका की करतूत का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ है। हालांकि, आपका अपना अखबार 'हिन्दुस्तान' इस वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है।

**नोटों का भी निजीकरण होगा क्या: अखिलेश**



**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शुक्रवार को कटाक्ष करते हुए कहा कि भ्रष्ट भाजपा राज में अब नोटों का भी निजीकरण हो जाएगा क्या? उन्होंने कहा कि कमीशनखोरी का मॉडल इस हद तक गिर जाएगा, देश की जनता ने सोचा न था। जब देश की मुद्रा ही आत्मनिर्भर नहीं होगी, तो अर्थव्यवस्था और देश आत्मनिर्भर कैसे होगा? अखिलेश ने शुक्रवार को भारतीय रिजर्व बैंक नोट मुद्रण प्राइवेट लिमिटेड द्वारा दिए टेंडर पर यह बयान जारी किया।

**वसूली करते पकड़े गए फर्जी एसडीएम-आरटीओ**

**बांदा।** यूपी के बांदा जिले में फर्जी एसडीएम, आरटीओ और खनन अधिकारी बनकर वाहन चालकों से रंगदारी वसूलने वाले चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी ई-रिक्शा, ट्रक और अन्य वाहनों को चालान और सीज करने का डर दिखाकर अवैध वसूली करते थे। पुलिस ने उनके कब्जे से वसूली में प्रयोग एक बोलेरो, लैपटॉप, चार मोबाइल, फर्जी दस्तावेज और 5,400 रुपये नगद बरामद किए हैं। पूछताछ में पता चला कि वह आस-पास के जिलों में भी अवैध वसूली करते हैं।

**ललिता हत्याकांड में सीओ के खिलाफ जांच के आदेश**

**मेरठ।** ललिता गौतम हत्याकांड में सीओ सौम्या अस्थाना के खिलाफ जांच का आदेश दिया गया है। डीआईजी ने विवेचनात्मक कार्रवाई के दौरान पाई गई कमियों का हवाला दिया है और जांच-अनुशासनात्मक कार्रवाई का आदेश दिया है। दूसरी ओर, इस मामले में संयुक्त निदेशक अभियोजन से विधिक राय लेने और केस की खामियों को दूर करने के लिए टीम लगाने का आदेश भी दिया है। उधर, ललिता गौतम अपहरण और हत्याकांड में नया मोड़ आया है। फॉरेंसिक लैब से आई रिपोर्ट में मृतका के साथ रेप की पुष्टि नहीं हुई है।

**अग्निवीरों के पुनर्वास को विशेष प्रकोष्ठ होगा: धामी**

**देहरादून।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि चार वर्ष की सेवा के बाद रिटायर होकर के लौटने वाले अग्निवीरों के पुनर्वास के लिए सरकार देश का पहला विशेष प्रकोष्ठ का गठन करेगी। इसके साथ ही पर्यटन विभाग की होम स्टे योजना में सेवा निवृत्त अग्निवीर और पूर्व सैनिकों को सामान्य अनुदान के साथ अतिरिक्त विशेष अनुदान भी दिया जाएगा। शुक्रवार को युवा अग्निवीर संवाद में धामी ने तीन घोषणाएं की। मुख्यमंत्री ने कहा कि सीमांत क्षेत्रों में स्वरोजगार स्थापित करने में भी सरकार पूर्व सैनिकों और अग्निवीरों की सहायता करेगी।



वाराणसी में शुक्रवार को दशाश्वमेध घाट पर बाढ़ जैसे हालात नजर आए। इस दौरान पानी में डूबे मंदिर में एक व्यक्ति बच्चे को गोद में लेकर पूजा करता दिखा। बताते कि पहाड़ों पर भारी बारिश से गंगा का जलस्तर बढ़ा हुआ है। • प्रेट्र

## शिकोहाबाद में पुलिस ने दो इनामी बदमाश मार गिराए

**शिकोहाबाद (फिरोजाबाद)।** तीन जिलों की पुलिस ने शुक्रवार की दोपहर लाइव एनकाउंटर करते हुए इटावा में डॉक्टर से लूट में वांछित दो हिस्ट्रीशीटर बदमाश मार गिराए।

करीब एक घंटे चले घटनाक्रम के दौरान बदमाशों और पुलिस के बीच लगातार फायरिंग होती रही, लेकिन बदमाश बच न सके। दोनों बदमाश इटावा के भरथना निवासी थे। मुठभेड़ में दो सिपाही घायल भी हुए हैं। शुक्रवार सुबह पुलिस को सूचना मिली कि लूट करने वाले दो बदमाश शिकोहाबाद रेलवे स्टेशन पर संबलपुर एक्सप्रेस से झारखंड भागने की फिराक में हैं। एसओजी ने ट्रेन का पीछा किया और शिकोहाबाद स्टेशन पर घेराबंदी की।

इसके बाद जनरल कोच में बैठे दोनों लुटेरे ट्रेन से उतरकर भागने लगे। एसओजी ने पीछा किया तो लुटेरों ने फायरिंग शुरू कर दी। बदमाशों ने एक बच्ची को ढाल बनाकर बचने की कोशिश की। हालांकि बाद में एसओजी इनको घेरा और मुठभेड़ में ढेर कर दिया।

## संभल में सरकारी भूमि पर बना इमामबाड़ा ध्वस्त

उत्तर प्रदेश

**संभल, कार्यालय संवाददाता।** जिले के सिरसी क्षेत्र स्थित ग्राम मुकर्रबपुर में शुक्रवार को प्रशासन ने सरकारी जमीन पर बना इमामबाड़ा और हजरत शाह मियां नीम की मजार को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया।

इस कार्रवाई के दौरान पूरा क्षेत्र छावनी में तब्दील नजर आया। भारी पुलिस बल, पीएसी और आरएएफ की मौजूदगी में करीब तीन घंटे चली कार्रवाई के दौरान पांच बुलडोजर और एक पोकलेन मशीन से ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई।



संभल के सिरसी क्षेत्र में शुक्रवार को प्रशासन ने सरकारी जमीन पर बना इमामबाड़ा और हजरत शाह मियां नीम की मजार को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया। • एएनआई

**बेदखली के आदेश से मची खलबली**

**सहारनपुर।** कलेक्ट्रेट परिसर स्थित मस्जिद को लेकर बेदखली आदेश जारी होने के बाद शुक्रवार को मस्जिद में सामान्य दिनों की तुलना में अधिक संख्या में नमाजी पहुंचे।

नमाज के दौरान मस्जिद की हिफाजत को लेकर विशेष दुआ कराई गई। नमाज में सांसद इमरान मसूद और एमएलसी शाहनवाज खान शामिल हुए। दोनों ने मस्जिद के जिम्मेदारों संग बात की और मामले में सहयोग का भरोसा दिलाया।

## यूपी में तीन सीटों पर नहीं होंगे उपचुनाव

**लखनऊ।** यूपी में घोसी, दुद्धी व फरीदपुर विधानसभा सीटों पर अब उप चुनाव नहीं होंगे। भारत निर्वाचन आयोग इन सीटों पर कम समय होने से उपचुनाव नहीं करा सकेगा। लगभग छह माह बाद अगले विधानसभा चुनाव भी होने हैं, ऐसे में अब इन तीन सीटों पर उपचुनाव नहीं कराए जा सकेंगे।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने शुक्रवार को कहा कि यहां विधानसभा चुनाव में एक वर्ष से भी कम समय बचा है। ऐसे में यहां अब उप चुनाव नहीं कराए जाएंगे आम विधानसभा चुनाव ही होंगे।

## जौहर विश्वविद्यालय पर सियासत तेज

**रामपुर, संवाददाता।** सपा के वरिष्ठ नेता आजम खां के ड्रीम प्रोजेक्ट, मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय को लेकर सूबे की सियासत एक बार फिर से तेज गर्मा गई है।

सपा-कांग्रेस और आप समेत कई पार्टियों के नेता जौहर विवि के समर्थन में आ गए हैं। रामपुर विकास प्राधिकरण द्वारा विवि परिसर की 40 में से 38 इमारतों को अवैध घोषित कर ध्वस्तीकरण का आदेश जारी करने के बाद से यह मामला सोशल मीडिया पर शीर्ष ट्रेंड में है। प्रशासनिक कार्रवाई के खिलाफ सपा और कांग्रेस लामबंद हो गई हैं। सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव से लेकर कांग्रेस सांसद व शायर इमरान प्रतापगढ़ी तक सोशल मीडिया पर इस फैसले को राजनीतिक द्वेष व अकादमिक संस्थान पर हमला बताकर लगातार पोस्ट लिख रहे हैं। विपक्ष का आरोप है कि सरकार जानबूझकर यूनिवर्सिटी को निशाना बना रही है। उधर, रामपुर बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष ने एक बड़ा दांव खेलते हुए, सीधे रामपुर के जिलाधिकारी आवास का ही आधिकारिक नक्शा मांग लिया है। उन्होंने जनहित का हवाला देते हुए, पूछा है कि क्या डीएम आवास और अन्य सरकारी बंगलों के नक्शे पास हैं।

> बुलडोजर कार्रवाई का आदेश मुख्यमंत्री की सांप्रदायिक राजनीति की पराकाष्ठा है। प्रशासनिक आदेश न्यायालय के अंतिम निर्णय का विकल्प नहीं हो सकता।
> -चंद्रशेखर आजाद, सांसद, नगीना

> जौहर यूनिवर्सिटी में पढ़ने वाले छात्रों का भविष्य राजनीतिक विवाद से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है। तालीम पर बुलडोजर चलाने वालों को आने वाली नस्लें हिकारत से देखेंगी।
> -फैसल खान लाला, आप प्रवक्ता

## पीएनजी पाइपलाइन फटी, गैस रिसाव से सात बेहोश

बिहार

**मुशहरी, हिन्दुस्तान संवाददाता।** बिहार में मुजफ्फरपुर-पूसा एनएच किनारे नाला निर्माण के लिए पोकलेन मशीन से गड्ढा खोदने के दौरान शुक्रवार को पीएनजी पाइपलाइन फट गई।

इससे वहां राजकीयकृत एसबीएस पब्लिक प्लस टू उच्च माध्यमिक विद्यालय की कक्षाओं में गैस भरने से छात्र-छात्राओं को खांसी होने लगी। इसी दौरान सात छात्राएं व दो शिक्षिका बेहोश हो गईं। उन्हें मुशहरी पीएचसी में भर्ती कराया, जहां से सभी को मेडिकल रेफर कर दिया। इस दौरान स्कूल में अफरातफरी मची रही। शिक्षक इधर-उधर भाग गए। पास स्थित मध्य विद्यालय रोहुआ के प्रबंधन ने एहतियातन सभी बच्चों को घर भेज दिया। गैस रिसाव की सूचना पर अग्निशमन पदाधिकारी रामनिवास पांडेय दो फायरब्रिगेड संग घटनास्थल पर पहुंचे। टीम के साथ पाइपलाइन को ठीक किया।

## नैनीताल में ट्रैफिक दबाव, जाम पर हाईकोर्ट चिंतित

**नैनीताल, संवाददाता।** हाईकोर्ट ने नैनीताल शहर में लगातार बढ़ते ट्रैफिक के दबाव, जाम और पार्किंग की समस्या पर गंभीर चिंता जताई है।

**कोर्ट ने नगर पालिका और सरकार से मामले में तीन हफ्ते में जवाब मांगा**

मुख्य न्यायाधीश मनोज कुमार गुप्ता और न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ ने जनहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर स्वतः संज्ञान लिया और शुक्रवार को सुनवाई की। खंडपीठ ने कहा, नैनीताल में वाहनों का अनियंत्रित प्रवेश शहर के लिए गंभीर समस्या बन चुकी है। मामले में कोर्ट ने नगर पालिका और सरकार से तीन सप्ताह में जवाब मांगा है।

**मरीजकी जान को पैदा हो सकता है खतरा:** खंडपीठ ने कहा कि यह सर्वविदित है कि पर्यटन सीजन और विशेषकर सप्ताह के अंत में नैनीताल आने वाले वाहनों की संख्या कई गुना बढ़ जाती है। हजारों पर्यटकों के कारण शहर में कई घंटे तक ट्रैफिक जाम की स्थिति बनी रहती है। ऐसे हालात में यदि किसी स्थानीय निवासी या पर्यटक की तबीयत अचानक बिगड़ जाए तो उसे समय पर अस्पताल पहुंचाना लगभग असंभव हो सकता है, जिससे उसकी जान का खतरा भी पैदा हो सकता है।

## ड्राइवर के इश्क में पति को सांप से डसवाया

खौफनाक

**मेरठ/हस्तिनापुर, हिन्दुस्तान टीम।** देशभर में चर्चित सांप कांड एक बार फिर से दोहराया गया है। पिछले साल बहसूमा के अकबरपुर सादात गांव में सांप से डसवाकर पति को मारने की घटना की ही तरह गुरुवार रात को हस्तिनापुर में इसी तरह की वारदात को अंजाम दिया गया।

यहां स्कूल संचालिका ने प्रेमी ड्राइवर के इश्क में पति को दूध में 10 नींद की गोलियां खिलाई गईं और इसके बाद जहरीले सांप से डसवा कर उसकी हत्या कर दी। पोस्टमार्टम कराने की बात हुई तो पत्नी मना करने लगी। पुलिस ने फिलहाल हत्यारोपी पत्नी और उसके प्रेमी ड्राइवर समेत चार को गिरफ्तार कर लिया है। बहसूमा के भंडोरा गांव निवासी अतुल पत्नी दामिनी और छह साल के बेटे मानिक के साथ हस्तिनापुर की जे ब्लॉक कॉलोनी में रह रहे थे। गुरुवार रात दंपति बेटे के साथ बाहर बैठक में सोए थे। शुक्रवार सुबह दामिनी अतुल को चाय देने गई तो वह अचेत अवस्था में पड़ा था। इसके बाद दामिनी ने ससुर को फोन किया और बताया सांप ने डस लिया है अतुल की मौत हो गई है। इसके बाद दामिनी और स्कूल बस के चालक की मदद से अतुल को अस्पताल पहुंचाया गया।

**जांच में खुलासा :** पुलिस ने घटनास्थल पर जांच की तो दो नींद की गोलियां मिलीं। दामिनी और तुषार को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की गई। खुलासा हुआ कि दोनों में प्रेम प्रसंग है और इसलिए, अतुल की हत्या की प्लानिंग की। तुषार ने नींद की गोलियां खरीदकर दामिनी को दी थी। दो दिन पहले एक सांप भी सपेरे से खरीदकर लाए थे। गुरुवार रात को दूध में 10 नींद की गोलियां मिलाकर दामिनी ने अतुल को दी थी। अतुल के बेहोश होने के बाद दामिनी और तुषार ने मिलकर सांप से अतुल को कटवा दिया और हत्या कर दी। मौत की पुष्टि करने के लिए गला भी दबाया था। सुबह के समय दामिनी ने ड्रामा किया और परिजनों को सूचना दी।



पत्नी दामिनी व बेटे के साथ अतुल कुमार।

**अतुल कहता था, मां वो मुझे मरवा देगी**

अतुल जब गांव में रहता था तो अपनी मां संतोष देवी से उसने कहा था दामिनी का किसी अन्य से प्रेम प्रसंग चल रहा है। अपने हत्या की आशंका भी जताई थी। अपनी मां से अतुल ने कहा था कि 'मां वो मुझे मरवा देगी'। हालांकि उस समय दामिनी पर किसी को शक नहीं था।

## मगरमच्छ बच्चे को निगल गया, लोग वीडियो बनाते रहे

**बहराइच।** जिले में गुरुवार शाम दिल दहला देने वाला हादसा हुआ। लोगों के देखते-देखते ही मगरमच्छ ने 12 वर्षीय बच्चे को अपना निवाला बना डाला। इस पूरी घटना के दौरान लोग तमाशबीन बने रहे और वीडियो बनाते रहे। किसी ने बच्चे को बचाने की कोशिश नहीं की। घटना का खौफनाक वीडियो सामने आया है।

वन विभाग के रेंजर ने बताया कि सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और शव को बरामद किया। उन्होंने बताया कि गुरुवार को शाम को खेत में टहल रहे सुनील सिंह को मगरमच्छ नदी में खींच लिया, जिसमें उसकी मौत हो गई। ग्रामीणों ने कहा कि प्रशासन पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता दे।



बहराइच जिले में शुक्रवार को खेत में टहल रहे 12 वर्षीय बच्चे को मगरमच्छ नदी में खींच लिया। • वीडियो ग्रैब

साजिश : आतंकियों को सहायता उपलब्ध कराना मकसद, गहन प्रशिक्षण दिया जा रहा

# पाक के आतंकी संगठन तैयार कर रहे घातक महिला दस्ता



**02** से 4 सप्ताह तक चलते हैं प्रशिक्षण कार्यक्रम, जिन्हें 'लाइफ स्किल्स' सिखाने के नाम पर आयोजित किया जाता है

■ ड्रोन संचालन, खुफिया जानकारी जुटाना और हनी-ट्रैप का प्रशिक्षण दिया जा रहा

### ऑपरेशन सिंदूर के बाद रणनीति में बदलाव

खुफिया अधिकारियों का कहना है ऑपरेशन सिंदूर के बाद आतंकियों की भर्ती रणनीति में यह बड़ा बदलाव देखा गया है। महिलाओं की पहचान उनकी क्षमता और भूमिका के आधार पर की जा रही है और उन्हें विशेष कार्यों के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है।

**नई दिल्ली, वि.सं.** । भारत की केंद्रीय खुफिया एजेंसियों के ताजा आकलन में पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठनों की रणनीति में बड़ा बदलाव सामने आया है। खुफिया इनपुट के अनुसार, आतंकी संगठन अब महिलाओं की सुनियोजित तरीके से भर्ती के लिए गुप्त प्रशिक्षण कार्यक्रम चला रहे हैं। इन प्रशिक्षण मॉड्यूल का उद्देश्य महिलाओं को आतंकवादी नेटवर्क में अलग-अलग भूमिकाओं के लिए तैयार करना है।

ये प्रशिक्षण कार्यक्रम 2 से 4 सप्ताह तक चलते हैं और इन्हें व्यावसायिक प्रशिक्षण तथा जीवन कौशल सिखाने के नाम पर आयोजित किया जाता है। हालांकि, वास्तविक मकसद महिलाओं को आतंकी संगठनों के लिए तैयार करना है। एजेंसियों के अनुसार, इन कार्यक्रमों के लिए बैच बनाए जाते हैं। कुछ चुनिंदा मदरसों को भी इस अभियान का हिस्सा बनाया जाता है।

इन स्थानों पर आने वाली महिला परिजनों के जरिए भर्ती और प्रशिक्षण की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम का प्रचार ऐसे किया जाता है कि यह मजबूत आस्था और उद्देश्यपूर्ण जीवन जीने की इच्छा रखने वाली महिलाओं के लिए है। इसके जरिए धार्मिक प्रतिबद्धता व व्यक्तिगत विकास को प्रमुख उद्देश्य बताकर महिलाओं को आकर्षित किया जाता है।

**ड्रोन संचालन की ट्रेनिंग :** प्रशिक्षण में महिलाओं को विभिन्न भूमिकाओं के लिए तैयार किया जा रहा है। इनमें शामिल हैं बैक-एंड लॉजिस्टिक और ऑपरेशनल सपोर्ट, तकनीकी सहायता, ड्रोन संचालन, खुफिया जानकारी जुटाना, हनी-ट्रैप के जरिए लक्ष्यों को फंसाना और समझौता कराने जैसी गतिविधियां। यह व्यवस्था आतंकियों को जमीनी स्तर पर मजबूत बैक-एंड सपोर्ट उपलब्ध कराने के उद्देश्य से तैयार की जा रही है।

**कई ठिकाने चिन्हित :** खुफिया एजेंसियों ने बहावलपुर, फैसलाबाद सहित आधा दर्जन से अधिक ऐसे स्थानों की पहचान की है, जहां महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। ये इलाके पिछले दो दशकों से विभिन्न आतंकी संगठनों के प्रशिक्षण और लॉजिस्टिक केंद्र माने जाते रहे हैं।

## बड़े धमाके की फिराक में थे जैश के पांच आतंकवादी

■ गुजरात एटीएस ने गिरफ्तार किया, अदालत ने रिमांड पर भेजा

**अहमदाबाद, एजेंसी।** गुजरात में आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के मॉड्यूल से संबंध के आरोप में दो दिन पहले गिरफ्तार पांच संदिग्ध बम बनाने की तकनीक सीख रहे थे और बम धमाके की तैयारी में थे।

राज्य आतंकवाद रोधी दस्ते ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। एटीएस की ओर से कथित जैश मॉड्यूल का भंडाफोड़ करने के बाद 15 जुलाई को राज्य के अलग-अलग जिलों से पांच संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया था। मेहसाणा की अदालत ने सभी को आठ दिन के लिए एटीएस की हिरासत में भेजा है। एटीएस के उप महानिरीक्षक (डीआईजी) सुनील जोशी ने बताया कि गिरफ्तार मोहम्मद अमीन शेरा से पूछताछ के दौरान चौंकाने वाला खुलासा हुआ था। एटीएस के अनुसार, बिलाल शेरा, मोहम्मद अय्यूब कडीवाल, मोहम्मद अय्यूबभाई सुनसारा, शफी रईस मुखी और वर्षीय मोहम्मद हसन हनीफभाई करदिया को गिरफ्तार किया था।

## यूएन बोला, पीओके में हुई मौतों की निष्पक्ष जांच हो

**जेनेवा, एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र (यूएन) ने शुक्रवार को पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में हालिया अशांति के दौरान हुई दर्जनों मौतों की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। यह हिंसा 27 जुलाई को होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले भड़की है।

संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार उच्चायुक्त वोल्कर टुर्क ने क्षेत्र में शांति बनाए रखने की अपील की है। जिनेवा में यूएन प्रवक्ता जेरेमी लॉरेंस ने बताया कि जून से अब तक प्रदर्शनकारियों और कानून-व्यवस्था से जुड़े कर्मियों समेत दर्जनों लोगों के मारे जाने की खबरें हैं। लॉरेंस ने कहा कि टुर्क ने अशांति के दौरान हुई सभी मौतों की त्वरित, व्यापक और निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है, जिससे प्रदर्शनकारियों और सुरक्षा बलों दोनों से जुड़े मामलों की निष्पक्ष पड़ताल हो सके। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कार्यालय ने जॉइंट अवामी एक्शन कमेटी (जेएएसी) के कई नेताओं की हालिया गिरफ्तारियों पर भी चिंता जताई है।

### ब्रिटेन में प्रदर्शन

**ब्रैडफोर्ड (ब्रिटेन)।** जम्मू-कश्मीर नेशनल इंडिपेंडेंस अलायंस के अध्यक्ष महमूद कश्मीरी ने पाकिस्तान पर पीओके (पाक अधिकृत कश्मीर) में नागरिकों के खिलाफ हिंसा व दमन करने का आरोप लगाया है। उन्होंने ये आरोप ब्रैडफोर्ड स्थित पाकिस्तानी वाणिज्य दूतावास के बाहर हुए विरोध प्रदर्शन के दौरान लगाए।

## पाकिस्तान के 45 से अधिक सैनिक मार गिराने का दावा

**क्वेटा, एजेंसी।** बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत के मस्तुंग जिले में पाकिस्तानी सैन्य काफिले पर हुए हमले की जिम्मेदारी ली है। इस हमले में 45 से अधिक सैनिक मारे गए और दर्जनों घायल हुए हैं।

बीएलए के प्रवक्ता जीयंद बलोच ने दावा किया कि गुरुवार को मस्तुंग के खड़कूचा इलाके में संगठन की 'फतह स्क्वाड' ने यह हमला किया। प्रवक्ता के अनुसार, संगठन ने उन बसों के काफिले को निशाना बनाया, जिनमें पाकिस्तानी सेना के जवान थे। वहीं, पाकिस्तानी अधिकारियों ने भी सैन्य काफिले पर हमले की पुष्टि की है, लेकिन हताहतों की संख्या को लेकर कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी है। वहीं, स्थानीय सूत्रों के हवाले से 'द बलूचिस्तान पोस्ट' ने बताया कि मस्तुंग के खड़कूचा इलाके में गुरुवार को पाकिस्तानी सुरक्षा बलों की कथित गोलीबारी में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि चार बच्चों समेत 11 अन्य घायल हो गए। यह घटना सैन्य काफिले पर हुए हमले के बाद क्षेत्र में बढ़े तनाव के बीच हुई।

### सेना ने 24 आतंकी मारे

पाक के खैबर पख्तूनख्वा में सेना ने आतंकियों के खिलाफ शुरू किए ऑपरेशन में बीते 24 घंटे में 24 आतंकियों को मार गिराया। सेना ने शुक्रवार को बताया कि यह ऑपरेशन अशांत बन्नू जिले और आसपास के क्षेत्रों में चलाया गया। आतंकियों के पास से भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया।

## विदेश 30s

### गैंगस्टर नीतिश कौशल गिरफ्तार

**वाशिंगटन।** अमेरिका में वांछित गैंगस्टर नीतिश कौशल को अमेरिकी जांच एजेंसी एफबीआई ने गिरफ्तार कर लिया। उस पर हत्या, अपहरण और मादक पदार्थों की तस्करी में शामिल होने का आरोप है। यह गिरफ्तारी उसे मंगलवार को मोस्ट वांटेड अपराधियों की सूची में शामिल करने के कुछ ही दिनों बाद हुई है। एफबीआई ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर जानकारी दी कि उसे वरमोंट से गिरफ्तार किया गया है। कौशल ने कथित तौर पर भगवानपुरिया गिरोह का हिस्सा है।

### पुतिन को चुनौती देने वाले नादेजदिन दोषी करार

**मॉस्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के कट्टर आलोचक और यूक्रेन के खिलाफ सैन्य कार्रवाई से सार्वजनिक रूप से असहमति जता चुके बोरिस नादेजदिन को अदालत ने शुक्रवार को चरपंथी प्रतीकों को प्रदर्शित करने का दोषी करार दिया। अदालत के इस फैसले के साथ ही नादेजदिन इस साल होने वाले संसदीय चुनाव के लिए अयोग्य हो सकते हैं। उन्होंने 2024 के चुनाव में राष्ट्रपति पुतिन को चुनौती देने की कोशिश की थी।

### कोलेस्ट्रॉल घटाने वाली दवा को मंजूरी

**वाशिंगटन।** अमेरिका के खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने एक ऐसी दवा को मंजूरी दी है, जो उच्च जोखिम वाले मरीजों में कोलेस्ट्रॉल की मात्रा को बहुत तेजी से कम कर सकती है। अब तक यह उपचार केवल अत्यधिक महंगे टीकों के माध्यम से ही संभव था, मगर अब यह लिपफेंड्रा नामक गोली के रूप में भी संभव होगा। इस दवा को मर्क कंपनी ने तैयार किया है। यह उन मरीजों के लिए मंजूर की गई है, जिनकी धमनियों में कोलेस्ट्रॉल स्टैटिन जैसी दवाएं लेने के बाद भी कम नहीं हो रहा था।

### फिलीपींस के लोगों को बंदर के तौर पर दिखाया

**मनीला।** चीनी मीडिया 'चाइना डेली' ने एक वीडियो में फिलीपींस के लोगों को बंदर के रूप में दिखाया है, जिस पर फिलीपींस की सरकार ने कड़ी आपत्ति दर्ज कराई। साथ ही वीडियो हटाने की अपील की है। यह वीडियो 10 जुलाई को फेसबुक पर पोस्ट किया गया था, जिसमें फिलीपींस की पारंपरिक पोशाक पहने एक बंदर को दिखाया गया था। वीडियो में एक बंदर को 'दक्षिण चीन सागर मध्यस्थता फैसले' लिखा कागज पकड़े दिखाया गया है।

### यूक्रेन पर रूस ने किए ड्रोन और मिसाइल हमले

**कीव।** रूस ने गुरुवार देर रात से शुक्रवार तक यूक्रेन पर 100 से ज्यादा ड्रोन-मिसाइल हमले किए। हमले में चार लोगों की मौत हो गई और 20 से ज्यादा घायल हैं। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने बताया कि जेपोरिजिया में हुए हमले में भी दो लोग मारे गए और पांच घायल हुए। खार्किव में भी हमले हुए। यूक्रेन के पांच अन्य इलाकों में रूसी हमलों में और भी लोग घायल हुए।

### लंदन के मेयर समेत 26 को ब्रिटेन में सम्मान

**लंदन।** लंदन के मेयर सादिक खान और भारतीय मूल के जाने-माने मनोचिकित्सक प्रोफेसर स्वर्ण सिंह सहित 26 हस्तियों को हाउस ऑफ लॉर्ड्स में पीयर नामित किया गया है। निवर्तमान प्रधान मंत्री कीर स्टारमर के पद छोड़ने से पहले यह सम्मान सूची जारी की गई थी। स्टारमर इस संबंध में सोमवार को किंग चार्ल्स तृतीय से मुलाकात करेंगे।

## इंडिया पर 100% टैरिफ वाला बिल पेश

**वाशिंगटन, एजेंसी।** भारत समेत चार देशों पर रूसी तेल खरीद पर 100 फीसदी टैरिफ लगाने वाला बिल गुरुवार को 60 सांसदों के समर्थन से अमेरिकी संसद में पेश किया गया।

इस बिल में रूस से तेल खरीदने वाले पांच देशों में भारत और चीन के अलावा स्लोवाकिया, हंगरी और अजरबैजान का नाम भी शामिल है। हालांकि, मॉस्को से गैस खरीदने वाले यूरोपीय देशों को छूट दी गई है। यह बिल डेमोक्रेट सीनेटर रिचर्ड ब्लुमेंथल व दिवंगत रिपब्लिकन सीनेटर लिंडसे ग्राहम ने तैयार किया था। बिल में अमेरिका द्वारा अपने परमाणु रिएक्टरों और मेडिकल जरूरतों के लिए रूसी यूरेनियम की खरीद को छूट दी गई है। इसमें परमाणु और अंतरिक्ष क्षेत्रों में अमेरिका-रूस सहयोग के तहत की जाने वाली गतिविधियों को शामिल नहीं किया गया है। बिल का मकसद रूसी अर्थव्यवस्था को तेल से मिलने वाले लाभ से वंचित करना है, जिसका इस्तेमाल यूक्रेन युद्ध में किया जा रहा है।

### प्रस्ताव पर करीब से नजर रख रहे : भारत

**नई दिल्ली।** भारत ने कहा कि वह अमेरिका में प्रस्तावित उस विधेयक पर करीब से नजर रख रहा जिसमें भारत, चीन और रूस से कच्चा तेल खरीदने वाले कुछ देशों पर 100 फीसदी टैरिफ लगाने का प्रावधान किया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने रूस से तेल खरीदने के संबंध में सवाल पर कहा कि हम दुनिया के विभिन्न देशों से तेल खरीदते हैं। यह हमारी ऊर्जा स्रोतों के विविधीकरण और ऊर्जा सुरक्षा संबंधी नीति के अनुरूप होता है।

## 'अमेरिका के चुनाव में चीन का हस्तक्षेप था'

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चीन पर 2020 के राष्ट्रपति चुनाव में हस्तक्षेप करने का आरोप लगाया। उन्होंने अमेरिकी मतदान प्रणाली में कमियां होने का भी दावा किया है। गुरुवार रात राष्ट्र के नाम संबोधन में उन्होंने चुनावी नतीजों पर संदेह जताया। उन्होंने 2020 व 2018 के चुनाव से जुड़े गोपनीय दस्तावेज सार्वजनिक करने शुरू कर दिए हैं।

## अंडर-19 विश्व कप के हीरो मनजोत गिरफ्तार

**कार्रवाई**

**कोलंबो, एजेंसी।** श्रीलंका में शुक्रवार को भारत के पूर्व अंडर-19 क्रिकेटर मनजोत कालरा को गिरफ्तार कर लिया गया। कालरा लंका प्रीमियर लीग की टीम जाफना किंग्स के सह-मालिक हैं।

श्रीलंका की खेल भ्रष्टाचार रोधी जांच इकाई ने एक खिलाड़ी को रिश्वत देने की कोशिश के आरोप में गिरफ्तार किया। 27 वर्षीय कालरा को मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया और 31 जुलाई तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इस मामले में कालरा के सहयोगी युवराज पुष्पा को भी गिरफ्तार किया और हिरासत में भेज दिया। इस बीच, श्रीलंका क्रिकेट ने कहा कि इन गिरफ्तारियों का लंका प्रीमियर लीग के आयोजन पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

### श्रीलंकाई खिलाड़ियों ने की थी शिकायत

कालरा 2018 के आईसीसी अंडर-19 विश्व कप के फाइनल में मैच जिताने वाली शतकीय पारी खेलने पर चर्चा में आए थे। जांचकर्ताओं ने बताया, खिलाड़ी ने 10 दिन पहले संपर्क किए जाने के बाद अधिकारियों को सूचित किया था जिसके बाद शुक्रवार को यह गिरफ्तारी हुई।

## एंडी बर्नहम ब्रिटेन के नए प्रधानमंत्री होंगे

**घोषणा**



अगले सप्ताह पीएम पद की शपथ लेंगे

**लंदन, एजेंसी।** ब्रिटेन में शुक्रवार को सत्ताधारी दल लेबर पार्टी ने एंडी बर्नहम को अपना नया नेता चुन लिया। इसके साथ ही उनका प्रधानमंत्री बनने का रास्ता साफ हो गया। वह अगले सप्ताह पीएम पद की शपथ लेंगे।

मेकरफील्ड से सांसद बर्नहैम की नियुक्ति शुक्रवार को लेबर पार्टी के विशेष सम्मेलन में की गई। पार्टी में इस पद के लिए एंडी बर्नहैम इकलौते उम्मीदवार थे। लेबर पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति की प्रमुख और गृहमंत्री शबाना महमूद ने उनके नाम की घोषणा की। निवर्तमान प्रधानमंत्री कीर स्टारमर किंग चार्ल्स तृतीय को सोमवार को इस्तीफा सौंपेंगे। वहीं, बर्नहम ने कहा, मैं स्टारमर द्वारा रखी गई मजबूत नींव पर आगे बढ़ने के लिए तैयार हूं। बर्नहम पहली बार 2001 में सांसद बने थे और प्रधानमंत्री गॉर्डन ब्राउन की कैबिनेट में प्रमुख पदों पर रहे हैं।


उ०प्र० पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लि० विद्युत 765/400के0वी0 उपकेन्द्र परिकल्पना मण्डल 11 वॉ तल, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ। ई-निविदा आमंत्रण सूचना-ई-निविदा संख्या-ई०एस०डी०-238 के अन्तर्गत 03 नग 400 के0वी0, 125एम०वी०ए०आर० रियेक्टर की आपूर्ति हेतु' टेन्डर आई०डी० : GEM/2026/B/7785844 dt-14-07-2026, बिड पोर्टल : www.gem.gov.in, निविदा का प्रकार : खुली ई-निविदा धरोहर धनराशि रु0 42,73,000.00, मुख्य विवरण – निविदा जमा करने की प्रारंभिक तिथि : 16.07.2026, 12:00, निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 14.08.2026 12:00, तकनीकी भाग खुलने की तिथि: 14.08.2026 12:30, निविदा के अन्तर्गत Amendment/ Corrigendum इत्यादि हेतु निविदादाताओं से अनुरोध है कि GEM पोर्टल नियमित रूप से देखते रहें, ई-मेल: see400sdc@upptcl.org, मोबाइल नं०: 8004777305, पत्रांक : 226, दिनांक : 16.07.2026, "राष्ट्र के लिये बिजली बचाये"

**उत्तर प्रदेश पावर ट्रान्समिशन कॉरपोरेशन लिमिटेड**
अधीक्षण अभियन्ता विद्युत जानपद पारेषण मण्डल– मुरादाबाद
ई–निविदा सूचना 15/ECTC/MBD/2026-27
पत्रांक : 976 दिनांक : 17.07.2026

| निविदा सं० एवं कार्य का संक्षिप्त विवरण | |
|---|---|
| कार्य का नामः 220 के0वी0 उपकेन्द्र, चरला, मेरठ पर 132 के0वी0 सकौती (टी0एस0एस0/डी0एफ0सी0सी0आई0एल0) बे का जानपदीय निर्माण कार्य। | |
| ई–निविदा प्रपत्र शुल्क : रू0 590 | धरोहर राशि : रू0 10,600 |
| ई– निविदा की अन्तिम तिथिः 20 अगस्त 2026, 14:00 बजे | |

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध हैं। अग्रेतर समस्त सूचनाएं वेबसाइट पर ही प्रदर्शित की जाएंगी ।
राष्ट्रहित में बिजली बचाएं

**उत्तर प्रदेश पावर ट्रान्समिशन कॉरपोरेशन लिमिटेड**
अधीक्षण अभियन्ता विद्युत जानपद पारेषण मण्डल– मुरादाबाद
ई–निविदा सूचना 14/ECTC/MBD/2026-27
पत्रांक : 977 दिनांक : 17.07.2026

| निविदा सं० एवं कार्य का संक्षिप्त विवरण | |
|---|---|
| कार्य का नामः 220 के0वी0 उपकेन्द्र, रामपुर पर 132 के0वी0 बे का जानपदीय निर्माण कार्य (132 के0वी0 स्विचयार्ड विस्तारीकरण व अन्य सम्बन्धित जानपदीय कार्यो सहित)। | |
| ई–निविदा प्रपत्र शुल्क : रू0 1,770 | धरोहर राशि : रू0 55,400 |
| ई– निविदा की अन्तिम तिथिः 20 अगस्त 2026, 14:00 बजे | |

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध हैं। अग्रेतर समस्त सूचनाएं वेबसाइट पर ही प्रदर्शित की जाएंगी ।
राष्ट्रहित में बिजली बचाएं

भारत सरकार
संचार मंत्रालय
**भारतीय डाक विभाग**
कार्यालय प्रवर अधीक्षक डाकघर दिल्ली उत्तरी मण्डल, दिल्ली-110054

भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित स्थानों पर डाकघर/डिलीवरी सेंटर खोलने के लिए किराए पर स्थान हेतु सीलबंद निविदाएं प्रवर अधीक्षक डाकघर, दिल्ली उत्तरी मण्डल, सिविल लाईन्स, दिल्ली-110054 पर आमंत्रित की जा रही हैं। निविदाएँ इस कार्यालय में दिनांक 17.08.2026 को दोपहर 1:00 बजे तक प्राप्त की जाएँगी ताकि उन्हें उसी दिन खोला जा सके।

| क्रम सं. | डाकघर/डिलीवरी सेंटर का नाम | संयोजित स्थान |
|---|---|---|
| 1. | ग्रीन फील्ड डिलीवरी सेंटर, अलीपुर, दिल्ली -110036 | 2250 वर्ग फुट |

निविदा की सम्पूर्ण जानकारी अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय एवं दिल्ली उत्तरी मण्डल के सभी कार्यालयों पर उपलब्ध है।

प्रवर अधीक्षक डाकघर / Sr. Supdt. Of Post Offices
दिल्ली उत्तरी मण्डल / Delhi North Division
दिल्ली-110054 / Delhi-110054

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**
ई-टेंडर नोटिस नं. एनआईटी/14/26/28, तिथिः 14.07.2026

| क्र. सं. | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | टेंडर बंद/खुलने की तिथि एवं समय | मात्रा |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 03262712A | सेकेण्डरी स्प्रिंग (आउटर) | 03.08.2026 At 10:30 hrs | 127 नग |
| 2 | 02261865 | सेट ऑफ डम्पर्स फॉर डब्ल्युएजी-9 लोको (4 आएटम) | 30.07.2026 At 10:30 hrs | 34 सेट |
| 3 | 02261857 | बुल गियर 107 टीथ टू आरडीएसओ ड्राईंग नं. एसकेडीपी 3848 एल्ट.1. | 10.08.2026 At 10:30 hrs | 40 नग |
| 4 | 08261026 | इनबाइटेड मिनेरल ईंसुलेटिंग ऑएल | 04.08.2026 At 10:30 hrs | 53760 लीटर |
| 5 | 06260091A | ईलास्टिक रेल क्लिप (ईआरसी) एम के-व्ही विथ फ्लैट टॉए फॉर 60केजी यूआईसी/52केजी रेल सेक्शन ड्राईंगः (आरडीएसओ) आरडीएसओ_टी_5919_एल्ट. -2 स्पेशिः (आरडीएसओ) आईआरएस/टी-31-2025. | 04.08.2026 At 10:30 hrs | 1485700 नग |

रेलवे को किसी निविदा के लिए शुद्धिपत्र जारी करने का अधिकार है, शुद्धिपत्र और ई खरीद की जरूरी सूचना वेंडर www.ireps.gov.in पर देख सकते हैं।
सहायक सामग्री प्रबंधक-III
सीपीआर/10/296 द.पू. मध्य रेलवे, बिलासपुर

**उत्तर रेलवे**
शुद्धिपत्र
संदर्भः निविदा सूचना संख्या 21/2026–27 दिनांक 19.06.2026 क्र.सं. 03 निविदा संख्या 77269045RGC खुलने की तिथि 21.07.2026.
उपरोक्त के संदर्भ में, निविदा खोलने की तिथि 21.07.2026 से बढ़ाकर 21.08.2026 कर दी गई है। अन्य सभी नियम व शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी।
शुद्धिपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर प्रकाशित किया गया है।
नोटः यह उपरोक्त सदर्भित निविदा में पहला शुद्धिपत्र है।
दिनांक 16.07.2026
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2472/26

**PSPCL पंजाब स्टेट पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड**
(पंजी. कार्यालयः पीएसईबी हेड ऑफिस, दी मॉल, पटियाला - 147001)
कारपोरेट पहचान संख्याः U40109PB2010SGC033813
वेबसाइटः www.pspcl.in, मोबाइल नं.: 96461-55525
ई-निविदा पूछताछ सं.: 750/P-3/EMPW-13288 दिनांकः 14.07.2026
उप मुख्य अभियंता/मुख्यालय (प्रोक्यूरमेंट सेल-3) जीजीएसएसटीपी, रूपनगर द्वारा एमओईएफएंडसीसी दिशानिर्देशों के अनुसार सीमेंट, रेडी मिक्स कंक्रीट/एश आधारित उत्पाद आदि का निर्माण करने में संलग्न एकमुश्त उपभोक्ताओं को जीजीएसएसटीपी/रूपनगर से 1,00,000 एमटी (मीट्रिक टन) ड्राई फ्लाई एश की बिक्री के लिए डीएनआईटी हेतु ई-निविदा आईडी नं. 2026_POWER_171903_1 आमंत्रित की जाती हैं। विस्तृत नि.आ.सू. एवं निविदा विनिर्देशन के लिए कृपया दि. 17.07.2026 को सायं 05.00 बजे से वेबसाइट https://eproc.punjab.gov.in देखें।
नोटः शुद्धिपत्र एवं अनुशेष, अगर कोई होगा तो उसे https://eproc.punjab.gov.in पर ऑनलाइन प्रकाशित किया जाएगा।
RO No. 1079/12/2026/27/13391 आरटीपी- 71/26

**PSPCL पंजाब स्टेट पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड**
पंजी. कार्यालयः पीएसईबी हेड ऑफिस, दी मॉल पटियाला - 147001
कारपोरेट पहचान संख्याः U40109PB2010SGC033813
वेबसाइटः www.pspcl.in, (संपर्क नं.: 96461-01116)
निविदा पूछताछ सं.: 26/GCD/LDH/TS/PSPCL/2026 दिनांकः 18.07.2026
एएसई/ग्रिड कंस्ट्रक्शन, पीएयू गेट नं. 1 के सामने, पीएसपीसीएल लुधियाना द्वारा ग्रिड कंस्ट्रक्शन सर्किल, लुधियाना के अधीन ग्रिड कंस्ट्रक्शन डिवीजन, लुधियाना के तहत आंशिक टर्नकी प्रणाली में 20 एमवीए पीटीएफ संबंधित कार्यों के साथ 2 सं. अतिरिक्त पीटीएफ'स की आउटसोर्सिंग के लिए अल्प अवधि ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।
विस्तृत नि.आ.सू. एवं निविदा विनिर्देशन के लिए कृपया दि. 18.07.2026 को अप. 01.00 बजे से वेबसाइट http://eproc.punjab.gov.in देखें।
नोटः शुद्धिपत्र एवं अनुशेष, अगर कोई होगा तो उसे http://eproc.punjab.gov.in पर ऑनलाइन प्रकाशित किया जाएगा।
RO No. 1079/12/2026/27/13399 सी 736/26

**जीवीके पॉवर (गोइंदवाल साहिब) लिमिटेड**
पंजीकृत कार्यालयः प्लॉट नं. 10, पैगाह कॉलोनी, सरदार पटेल रोड, सिकन्दराबाद-500003 तेलंगाना, भारत CIN:U40109TG1997PLC028483
(गुरु अमर दास थर्मल पॉवर लिमिटेड, जीएटीपीएल की एक पूर्णतया स्वामित्वाधीन सहायक कंपनी)
(पंजाब स्टेट पॉवर कॉरपोरेशन लिमिटेड, पीएसपीसीएल की एक स्टेप डाउन पूर्णतया स्वामित्वाधीन सहायक कंपनी)
एचओडी- केमिस्ट्री, जीएटीपी, गोइंदवाल साहिब द्वारा निम्नलिखित की आपूर्ति के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैः
1 निविदा पूछताछ सं. 179/जीएटीपी/एएलयूएम/20018139 दिनांक 17.07.2026 जीवीकेपीजीएसएल, गोइंदवाल साहिब में नन-फेर्रिक एलम-कर्मिशियल ग्रेड की आपूर्ति।
विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना और निविदा विनिर्देशन के लिए, कृपया दि. 17.07.2026 को 17.00 बजे से https://eproc.punjab.gov.in देखें।
नोटः शुद्धिपत्र और अनुशेष, यदि कोई हो तो उसे https://eproc.punjab.gov.in पर ऑनलाइन प्रकाशित किया जाएगा।
RO No. 1079/12/2026/27/13392 जीएटीपी-72/26

**गाजियाबाद नगर निगम**
अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना
पत्रांकः 573 जलकल/2026–27 दिनांक– 16/07/26
गाजियाबाद नगर निगम, के जलकल विभाग द्वारा नगर निगम से स्वीकृत विभिन्न कार्यों की अल्पकालीन नवीन ई–निविदा/पुनः ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा उ०प्र० प्रदेश उत्तर प्रदेश की ई–प्रिक्योरमेन्ट की वेबसाईट http://etender.up.nic.in से प्राप्त किये जा सकते है। शासनादेश संख्या–3890/नौ–5–19–149सा/2019 दिनांक 20.09.2019 के क्रम में निविदादाता को निविदा शुल्क धनराशि एवं निर्धारित धरोहर धनराशि निविदा सूची में कार्य के सम्मुख अंकित निविदा शुल्क (Non Refundable) एवं धरोहर राशि (Refundable) वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर जमा करना अनिवार्य है। साईट पर दिनांक 20.07.2026 से दिनांक 09.08.2026 तक नवीन ई–निविदा आमंत्रित की जाती है, जिन्हे अपरान्हः 2.00 बजे तक अपलोड करना आवश्यक होगा, जिन्हे तद्दिनांक की सांय 4.00 बजे खोला जायेगा। ऐसी निविदादाता/फर्म जो नगर निगम, गाजियाबाद में पंजीकृत है अथवा नहीं है, के लिये शासनादेश संख्या– 3890/नौ–5–19–149सा/2019 दिनांक 20.09.2019 के आलोक में निविदादाता का चरित्र प्रमाण–पत्र, हैसियत प्रमाण–पत्र, समान कार्य का अनुभव प्रमाण–पत्र तथा जी०एस०टी० नम्बर वेबसाईट पर अपलोड करना आवश्यक होगा। विस्तृत निविदा सूचना एवं शर्ते वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

| नगर निगम की तकनीकि बिड हेतु | |
|---|---|
| नगर निगम की तकनीकि बिड हेतु नियत तिथि | 20.07.2026 से दिनांक 09.08.2026 तक नवीन ई–निविदा हेतु |

आमंत्रित निविदा की सर्व प्रथम तकनीकि बिड अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में निविदा समिति के समक्ष खोली जायेगी। तकनीकि बिड में अर्हता रखने वाले योग्य निविदादाताओं की द्वितीय बिड खोलने की सूचना पृथक से दी जायेगी। यदि निविदा तिथि को अवकाश होता है तो निविदा अगले कार्यदिवस में खोली जायेगी।
महाप्रबन्धक (जल)
गाजियाबाद नगर निगम

**PSPCL पंजाब स्टेट पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड**
(पंजी. कार्यालयः पीएसईबी हेड ऑफिस, दी मॉल, पटियाला - 147001)
कारपोरेट पहचान संख्याः U40109PB2010SGC033813
वेबसाइटः www.pspcl.in, मोबाइल नं.: 96461-55525
ई-निविदा पूछताछ सं.: 7838/P-3/EMP-13394 दिनांकः 16.07.2026
उप मुख्य अभियंता/मुख्यालय (प्रोक्यूरमेंट सेल-3) जीजीएसएसटीपी, रूपनगर द्वारा गैस डक्ट्स के लिए उपकरण 6एमएम कार्बन स्टील या स्पेशल स्टील सेल हार्ड/टीआईएससीआरएएल की खरीद के लिए ई-निविदा आईडी नं. 2026_POWER_172149_1 आमंत्रित की जाती है। विस्तृत नि.आ.सू. एवं निविदा विनिर्देशन के लिए कृपया दि. 17.07.2026 को सायं 05.00 बजे से वेबसाइट https://eproc.punjab.gov.in देखें।
नोटः शुद्धिपत्र एवं अनुशेष, अगर कोई होगा तो उसे https://eproc.punjab.gov.in पर ऑनलाइन प्रकाशित किया जाएगा।
RO No. 1079/12/2026/27/13403 आरटीपी- 73/26

**गाजियाबाद नगर निगम**
(I.S.O. 14001, 18001 एवं 19001 प्रमाणित संस्था)
पत्रांक 128/निर्माण/2026–27 दिनांकः 17.07.2026
ई–टेण्डर निविदा सूचना
गाजियाबाद नगर निगम द्वारा विभिन्न निर्माण कार्यो (निगम निधि एवं अन्य) हेतु ई–निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र उत्तर प्रदेश की ई–प्रिक्योरमेन्ट की वेबसाईट http://etender.up.nic.in से प्राप्त किया जा सकता है, जिन्हे https://etender.up.nic.in वेबसाईट से डाउनलोड कर अपलोड करना आवश्यक होगा। उक्त निविदा हेतु 03 प्रतिशत की धरोहर धनराशि एवं निविदा शुल्क (नॉन रिफन्डेबिल) वेबसाईट https://etender.up.nic.in पर जमा करना अनिवार्य होगा।
ऐसे निविदादाता/फर्म जो नगर निगम गाजियाबाद में पंजीकृत नही है, के लिए शासनादेश संख्या–3890/नौ–5–19–149सा/2019 दिनांक 20.09.2019 के आलोक में निविदादाता को चरित्र प्रमाण पत्र, हैसियत प्रमाण पत्र, समान कार्य का अनुभव प्रमाण पत्र तथा जी.एस.टी. नम्बर वेबसाईट पर आपलोड करना आवश्यक होगा।
विस्तृत निविदा सूचना/नियम व शर्ते http://etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।
मुख्य अभियन्ता, गाजियाबाद नगर निगम

**हिन्दुस्तान**
हिन्दुस्तान मीडिया वेंचर्स लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालयः बुद्ध मार्ग, पटना - 800001
फोनः +91 612 222 3434
कारपोरेट कार्यालयः पांचवां तल, लोटस टॉवर, ब्लॉक-ए, न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी, नई दिल्ली-110025
फोनः +91-11-66561234; ई-मेलः hmvlinvestor@livehindustan.com
वेबसाइटः www.hmvl.in; CIN: L21090BR1918PLC000013

**सूचना**
(कंपनी के इक्विटी शेयरधारकों के ध्यानार्थ)
विषयः अदत्त/बेदावेदार लाभांश और इक्विटी शेयरों का निवेशक शिक्षा और संरक्षण निधि (आई.ई.पी.एफ.) में अंतरण
सदस्यों के एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि कम्पनी अधिनियम, 2013 ("अधिनियम") की धारा 124(5) साथ में पठित, निवेशक शिक्षा और संरक्षण निधि प्राधिकरण (लेखा, संपरीक्षा, अंतरण और प्रतिदाय) नियमावली, 2016 ("आई.ई.पी.एफ. नियमों") के प्रावधानों के अनुसरण में, कम्पनी को आई.ई.पी.एफ. खाते में उन शेयरों को अंतरित करना है, जिनके लाभांश सात (7) या अधिक वर्षों की अवधि के लिए अदत्त या बेदावेदार पड़े हैं। इसके अलावा, अधिनियम की धारा 124(6) और आई.ई.पी.एफ. नियमों के अनुसार, कम्पनी को उन शेयरों को भी आई.ई.पी.एफ. खाते में अंतरित करना है, जिनके संबंध में लाभांश लगातार सात (7) वर्ष या उससे अधिक की अवधि तक अदत्त या बेदावेदार रहता है।
कम्पनी ने उन शेयरधारकों को उनके नवीनतम उपलब्ध पते पर, उचित कार्यवाही किए जाने के लिए, व्यक्तिगत रूप से सूचित किया है जिनके शेयर आई.ई.पी.एफ. नियमों के तहत आई.ई.पी.एफ. प्राधिकरण के डिमैट खाते को अंतरित किए जाने के काबिल हैं। उन शेयरधारकों की सम्पूर्ण सूची, कम्पनी की वेबसाइट यानी https://www.hmvl.in/ पर 'Investor relations' सेक्शन के अधीन रख दी गई है जिनके शेयर आई.ई.पी.एफ. में अंतरित किए जाने हैं।
वे शेयरधारक जिनके पास भौतिक रूप में शेयर पड़े हैं, और जिनके शेयर आई.ई.पी.एफ. प्राधिकरण को अंतरित किए जाने के काबिल हैं, कृपया ध्यान दें कि कम्पनी डिमैटिरियलाइजेशन हेतु और उसके बाद आई.ई.पी.एफ. नियमों के अनुसार आई.ई.पी.एफ. प्राधिकरण को शेयरों की अंतरण करके उनके द्वारा धारित मूल शेयर प्रमाणपत्र (पत्रों) के बदले में नए शेयर प्रमाणपत्र (पत्रों) जारी करेगी। ऐसे निर्गमन पर, मूल प्रमाणपत्र (पत्रों) जो उनके नाम में पंजीकृत हैं स्वतः रद्द माने जाएंगे और गैर-परक्राम्य समझ लिए जाएंगे। डीमैट रूप में रखे गए शेयरों के मामले में, कंपनी आई.ई.पी.एफ. प्राधिकरण को शेयरों के अंतरण के लिए कॉर्पोरेट कार्रवाई के माध्यम से संबंधित डिपॉजिटरी को सूचित करेगी। शेयरधारक इस पर भी ध्यान दें कि कम्पनी द्वारा उनके बेवसाइट यानी www.hmvl.in पर अपलोड किए गए विवरण आई.ई.पी.एफ. नियमों के अनुसरण में आई.ई.पी.एफ. प्राधिकरण को शेयरों के अंतरण के प्रयोजन हेतु कम्पनी द्वारा नए प्रमाणपत्र (पत्रों) को निर्गमन के संबंध में पर्याप्त सूचना समझी व मानी जाएगी।
संबंधित शेयरधारकों से अनुरोध किया/सलाह दी जाती है कि **21 अक्टूबर, 2026 को या उससे पहले** अदत्त/बेदावेदार लाभांश राशि(यों) का दावा करें, अन्यथा लाभांश और इक्विटी शेयरों को बिना किसी अतिरिक्त सूचना के आई.ई.पी.एफ. प्राधिकरण को अंतरित करने के लिए आगे की कार्यवाही करेगी। संबंधित शेयरधारक अभी भी वेबसाइट www.iepf.gov.in पर उपलब्ध ई-फॉर्म आई.ई.पी.एफ.-5 में ऑनलाइन आवेदन जमा करके और अधिनियम और आई.ई.पी.एफ. नियमों के तहत निर्धारित प्रक्रिया का पालन करके आई.ई.पी.एफ. प्राधिकरण से लाभांश और इक्विटी शेयरों का दावा कर सकते हैं।
कृपया ध्यान दें कि वित्तीय वर्ष 2017-2018 तक के अदत्त/बेदावेदार लाभांश और उससे संबंधित शेयर पहले ही आई.ई.पी.एफ. को अंतरित किए जा चुके हैं, और उनका कथित आई.ई.पी.एफ. नियमों के अधीन निर्धारित प्रक्रिया का पालन करने के बाद आई.ई.पी.एफ. प्राधिकरण से वापसी के लिए दावा किया जा सकता है।
उक्त के संबंध में किसी भी पूछताछ हेतु, शेयरधारक कृपया कम्पनी के पंजीयक तथा ट्रांसफर एजेंट से केफिन टेक्नोलॉजीज लि., यूनिटः हिन्दुस्तान मीडिया वेंचर्स लिमिटेड, रामकी सेलेनियम बिल्डिंग, टॉवर बी, प्लॉट नं. 31 व 32, फाइनैंशियल डिस्ट्रिक्ट, नानाक्रमगुडा, सेरिलिंगमपल्ली, हैदराबाद, रंगारेड्डी, तेलंगाना, भारत - 500032, टॉल फ्री नं.: 1800-309-4001, ई-मेलः einward.ris@kfintech.com, वेबसाइटः www.kfintech.com पर सम्पर्क करें।
कृते हिन्दुस्तान मीडिया वेंचर्स लिमिटेड
ह०/-
(निखिल सेठी)
कम्पनी सचिव
तिथिः 18 जुलाई, 2026
स्थानः नई दिल्ली

POSTAL REG. NO. DL(ND)-11/6057/2015-16-17 "Licensed to post without prepayment" LICENCE No. U(C)-116/2006-08

# पहली बार पहनाई जाएगी चैंपियनशिप अंगूठी

विश्व चैंपियन टीम के खिलाड़ियों को रविवार विजेता ट्रॉफी और स्वर्ण पदक के साथ ही पहली बार चैंपियनशिप रिंग (अंगूठी) भी तोहफे में दी जाएगी। फीफा ने शुक्रवार को इसका ऐलान किया। फीफा के अनुसार, यह रिंग अमेरिकी खेलों की मशहूर परंपरा खासकर एनएफएल के सुपर बाउल विजेताओं को चैंपियनशिप रिंग देने से प्रेरित है। यह पहली बार फुटबॉल विश्व कप का हिस्सा बनेगी।

### विशेष डिजाइन, अलग नंबर

अंगूठी के एक ओर फीफा विश्व कप की ट्रॉफी बनी होगी। दूसरी ओर विजेता टीम के अनुसार खास डिजाइन तैयार किया जाएगा। हर अंगूठी पर अलग नंबर होगा। उसे खिलाड़ी के हिसाब से तैयार किया जाएगा। उसके साथ असली होने का प्रमाण पत्र भी दिया जाएगा। फाइनल मैच खत्म होने के तुरंत बाद विजेता टीम के कप्तान और हेड कोच को अस्थायी अंगूठी दी जाएगी। इसके बाद पूरी विजेता टीम के लिए 30 अंगूठी तैयार की जाएंगी। हर अंगूठी को खिलाड़ियों के अनुसार कस्टमाइज किया जाएगा। बाद में आधिकारिक रूप से उन्हें सौंपा जाएगा।



### प्रशंसकों को भी दी जाएंगी

इस खास अंगूठी के कुल 2,026 पीस का लिमिटेड एडिशन बनाया जाएगा। इनमें से 30 अंगूठी चैंपियन टीम को दी जाएंगी। बाकी 1,996 रिंग दुनिया भर के फुटबॉल प्रशंसकों के लिए आधिकारिक लाइसेंस प्राप्त उत्पाद के रूप में बिक्री के लिए उपलब्ध होंगी।



### भव्य हाफ टाइम शो

न्यूयॉर्क के न्यू जर्सी स्टेडियम में होने वाले फाइनल में टूर्नामेंट के 96 साल के इतिहास में पहली बार 'सुपर बाउल' जैसा भव्य हाफ-टाइम शो होगा! पारंपरिक 15 मिनट के हाफ-टाइम ब्रेक को बढ़ाकर लगभग 30 मिनट का किया जाएगा। इसमें लगभग 11 मिनट के शो में मशहूर जस्टिन बीबर, मैडोना, शकीरा और बीटीएस जैसे स्टार प्रस्तुति देंगे। इसे कोल्डप्ले के क्रिस मार्टिन द्वारा तैयार किया गया है।

### ट्रंप फाइनल देखने आएंगे...पर अर्जेंटीनी राष्ट्रपति नहीं

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भी न्यू जर्सी के मेटलाइफ स्टेडियम में खिताबी मुकाबले में मौजूद रहेंगे। वह विजेता टीम को ट्रॉफी सौंपेंगे। मगर अर्जेंटीनी राष्ट्रपति जेवियर मिलेई जानबूझकर नहीं जाएंगे। इसका कारण है अंधविश्वास। उन्होंने खुद यह बताया। उन्होंने कहा, वह घर पर ही फाइनल देखेंगे। अर्जेंटीना के पिछले सातों मैच भी उन्होंने घर पर देखे थे। यहां तक की हर मैच में वह एक ही जैकेट पहनते हैं।

■ फ्रांस और इंग्लैंड की टीमें जीत के साथ चाहेंगी विदाई ■ डेसचैम्प्स का यह फ्रांसिसी टीम के साथ अंतिम मैच

# एमबापे-केन में तीसरे स्थान की जंग

**टक्कर**

**मियामी, एजेंसी।** मुकाबला भले ही तीसरे स्थान के लिए है पर फ्रांस के मुख्य कोच दिदिएर डेसचैम्प्स ने साफ कर दिया है कि उनकी टीम इसे हल्के में नहीं लेगी। किलियन एमबापे की अगुआई वाली टीम इंग्लैंड के खिलाफ जीत के साथ अपने कोच को विदा करने के लिए पूरी ताकत झोंक देगी। इस मुकाबले में निगाह एमबापे और हैरी केन पर रहेगी। दोनों कप्तानों ने टीम को यहां तक पहुंचाने में दमदार प्रदर्शन किया है।

दोनों कोच अपनी टीम में कई बदलाव कर सकते हैं ताकि अधिक खिलाड़ियों को मौका मिल सके। हालांकि फ्रांस को डिफेंडर विलियम सालिबा के चोटिल होने से बड़ा झटका लगा है। फ्रांस की टीम पूरे टूर्नामेंट में शानदार लय में दिखी। क्वार्टर फाइनल में उसने मजबूत मोरक्को को हराकर खिताब की प्रबल दावेदार होने का संकेत दिया था। लेकिन सेमीफाइनल में स्पेन ने उसे पूरी तरह दबाव में रखा। उसे कोई गोल नहीं करने दिया और लगातार तीसरी बार खिताबी मुकाबले में पहुंचने का सपना तोड़ दिया।

वहीं इंग्लैंड ने लगातार पांचवीं बार किसी बड़े टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। पर सेमीफाइनल की बाधा फिर उसके रास्ते में आ गई। यूरो 2024 के फाइनल में स्पेन से हारने के बाद इस बार अर्जेंटीना ने उसकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया।



**03** बार इससे पहले विश्व कप में दोनों टकराए हैं जिसमें से दो बार इंग्लैंड और एक बार फ्रांस जीता

**09** पिछले मुकाबलों में से इंग्लैंड ने सिर्फ एक जीता है जबकि फ्रांस ने छह जीते और दो ड्रॉ रहे

### एमबापे और मेसी में रेस

एमबापे की गोल्डन बूट के लिए अर्जेंटीना के लियोनेल मेसी के साथ रोमांचक जंग है। दोनों ने आठ-आठ गोल किए हैं। हालांकि मेसी ने चार गोल में मदद कर खुद को सबसे आगे रखा है। एमबापे ने तीन असिस्ट किए हैं। एमबापे अंतिम मुकाबले में और गोल दागकर लगातार दूसरी बार इस खिताब को जीतना चाहेंगे।

### हैरी और जूड का कमाल

इंग्लैंड के कप्तान हैरी केन और मिडफील्डर जूड बेलिंगहम शानदार फॉर्म में हैं। यह दोनों अब तक छह-छह गोल दाग चुके हैं। यह टूर्नामेंट के इतिहास में पहला मौका है जब एक संस्करण में किसी एक टीम के दो खिलाड़ियों ने छह प्लस गोल दागे। यह दोनों अपने गोल की संख्या बढ़ाना चाहेंगे।

### माइकल के पास पेले की बराबरी करने का मौका

फ्रांस के माइकल ओलीसे मौजूदा टूर्नामेंट में अब तक पांच गोल में मदद कर चुके हैं। अगर वह एक और गोल में मदद करने में सफल रहते हैं तो एक विश्व कप में पेले (1970) का छह असिस्ट का सर्वकालिक 56 साल पुराना रिकॉर्ड बराबर कर लेंगे। दो बार मदद करने पर उनसे आगे निकल जाएंगे।

### फ्रांस ने बनाए रखा दबदबा

- सात या अधिक गोल विश्व कप के दो अलग-अलग संस्करण में दागने वाले एमबापे दूसरे खिलाड़ी हैं
- फ्रांस ने पिछली 16 जीत में से 13 दो या उससे अधिक गोल के अंतर से दर्ज की हैं जो टीम के दबदबे को दर्शाती हैं

### आमने-सामने

कुल मैच : 32

| फ्रांस जीता | इंग्लैंड जीता | ड्रॉ |
|---|---|---|
| 10 | 17 | 5 |

"हमारे सामने तीसरे स्थान के लिए खेलने का मौका है। इसे हासिल करने के लिए हम अपनी पूरी ताकत लगाएंगे। हम वहां नहीं हैं, जहां हम पहुंचना चाहते थे। लेकिन हमें इसे स्वीकार करना होगा। हमारे पास इसके अलावा कोई दूसरा विकल्प नहीं है।"
-दिदिएर डिसचैम्प्स, कोच, फ्रांस

## पेले की जर्सी 47 करोड़ में नीलाम

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** ब्राजील के महान फुटबॉलर पेले की 1958 फीफा विश्व कप फाइनल में पहनी नंबर-10 जर्सी 49 लाख अमेरिकी डॉलर (करीब 47 करोड़ रुपये) में नीलाम हुई।

यह पेले से जुड़ी अब तक की सबसे महंगी खेल स्मृति-वस्तु बन गई है। तब 17 साल के पेले ने इसी जर्सी में स्वीडन के खिलाफ फाइनल में दो गोल दाग ब्राजील को 5-2 से जिताकर अपना पहला विश्व कप खिताब जीता था। यह फुटबॉल इतिहास की दूसरी सबसे महंगी नीलाम हुई जर्सी है। पहले स्थान पर माराडोना की 1986 विश्व कप में इंग्लैंड के खिलाफ पहनी जर्सी है, जो 2022 में 93 लाख डॉलर में बिकी थी।

## विंसिस विश्व कप फाइनल में रेफरी

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** अर्जेंटीना और स्पेन के बीच रविवार को होने वाले विश्व कप फाइनल के लिए स्लोवेनिया के 40 वर्षीय स्लावको विंसिस को मुख्य रेफरी नियुक्त किया गया है। उनके नाम की घोषणा होते ही वह भावुक होकर रो पड़े।

फीफा के अनुसार, टोमाज क्लांचनिक और आंद्राज कोवाचिच सहायक रेफरी, जबकि जॉर्डन के अधम मखादमेह चौथे अधिकारी होंगे। स्लावको मौजूदा विश्व कप में तीन मैचों में अंपायरिंग कर चुके हैं। फीफा के साझा वीडियो में उन्होंने इसे हर रेफरी का सपना बताते हुए गर्व का पल कहा। स्लावको को 2020 में एक पुलिस छापे के दौरान हिरासत में लिया था, पर बाद बिना आरोप के रिहा कर दिया गया था।

**खेल 30s**

## बैडमिंटन : सिंधु सेमीफाइनल में पहुंची



**तोक्यो।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधु करीब तीन साल में पहली बार सुपर 750 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंच गई। शुक्रवार को जापान ओपन के महिला एकल क्वार्टर फाइनल से पहले पूर्व विश्व चैंपियन नोजोमी ओकुहारा ने नाम वापिस ले लिया। 2019 विश्व चैंपियन सिंधु आखिरी बार 2023 डेनमार्क ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट के अंतिम चार में पहुंची थी। ओकुहारा को प्री क्वार्टर फाइनल में दक्षिण कोरिया की अन सि यंग के नाम वापिस लेने के बाद अंतिम आठ में प्रवेश मिला था। सिंधु का सामना अब तोक्यो ओलंपिक चैंपियन चेन युफेइ से होगा। उन्होंने 2019 विश्व चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में चेन को हराया था और खिताब भी हासिल किया था।

## कुश्ती : हंसिका ने बुडापेस्ट में रजत पदक जीता

**बुडापेस्ट।** अंडर-23 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता हंसिका लांबा ने 'पोल्याक इमरे सीनियर रैंकिंग टूर्नामेंट' में महिलाओं के 55 किग्रा वर्ग में रजत पदक जीता। हंसिका ने सेमीफाइनल में 10-7 से जीत हासिल की। लेकिन स्वर्ण पदक मुकाबले में वह यूक्रेन की नतालिया से 'प्वाइंट्स' (वीपीओ) के आधार पर 0-5 से हार गईं। भारत के फ्रीस्टाइल में विशाल कालीरमन ने 65 किग्रा वर्ग में प्ले-ऑफ में कजाखस्तान के ओसुमजान दास्तानबेक को 8-2 से हराया। वहीं रजत रुहल को 125 किग्रा हैवीवेट वर्ग में अमेरिका के मेसन मार्क पैरिस के मैच से हटने के कारण कांस्य मिला। भारत के अब पांच पदक हो गए हैं।

## न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज को छह विकेट से हराया

**प्रोविडेंस (गयाना)।** जेडन लेनोक्स की शानदार गेंदबाजी की बदौलत न्यूजीलैंड ने तीसरे वनडे में वेस्टइंडीज को छह विकेट से हराकर पांच मैचों की सीरीज में 2-1 की बढ़त बना ली। पहले वेस्टइंडीज 37.1 ओवर में 140 रन पर सिमट गई जिसमें कीसी कार्टी ने सर्वाधिक 48 रन बनाए। न्यूजीलैंड के लेनोक्स ने चार, मिशेल सैंटनर और माइकल ब्रेसवेल ने दो-दो विकेट लिए। जवाब में न्यूजीलैंड ने 39.3 ओवर में चार विकेट पर 141 रन बनाकर मैच जीता। टॉम लैथम 31 और डीन फॉक्सक्रॉफ्ट 22 रन पर नाबाद रहे। चौथा मैच रविवार को खेला जाएगा।

## पाक हरफनमौला नवाज डोपिंग में निलंबित



**दुबई।** पाकिस्तान के स्पिन गेंदबाजी ऑलराउंडर मोहम्मद नवाज पर डोप टेस्ट में विफल रहने के कारण तीन महीने का निलंबन लगाया गया है। हालांकि, नशीले पदार्थों के सेवन से जुड़े इलाज को पूरा करने पर यह सजा घटाकर एक महीने की कर दी जाएगी। निलंबन एक मई से प्रभावी माना जाएगा, क्योंकि उसी दिन से उन्होंने स्वैच्छिक अस्थायी निलंबन स्वीकार किया था। 32 वर्षीय नवाज का टी-20 विश्व कप के दौरान सात फरवरी को नीदरलैंड्स के खिलाफ मैच के बाद लिया गया डोप टेस्ट 'कार्बोक्सी टीएचसी' के लिए पॉजिटिव आया। आईसीसी ने कहा, नवाज ने अपराध स्वीकार कर लिया और बताया कि यह पदार्थ उन्होंने प्रतिस्पर्धा से इतर लिया था और खेल में प्रदर्शन से उसका कोई सरोकार नहीं है।

## वाशिंगटन सुंदर तीसरे वनडे मैच से बाहर हुए

**लंदन।** भारत के हरफनमौला खिलाड़ी वाशिंगटन सुंदर रविवार को लॉर्ड्स में इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले तीसरे और निर्णायक वनडे मैच से बाहर हो गए हैं। उनके पैर में गुरुवार को कार्डिफ में खेले गए दूसरे वनडे मैच के दौरान चोट लग गई थी, जिसके कारण वह अंतिम मुकाबले में नहीं खेल पाएंगे। ऐसे में सुंदर की गैरमौजूदगी में भारतीय टीम अंतिम ग्यारह में स्पिनर कुलदीप यादव को शामिल कर सकती है। सोफिया गार्डन्स में खेले गए दूसरे वनडे में सुंदर का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था और वह पांच गेंदों पर केवल दो रन बनाकर आउट हो गए थे। अंतिम मुकाबले के लिए भारतीय टीम बेहतर टीम संयोजन के साथ उतरना चाहेगी।

## जोआकिम फिर अंडर-17 महिला टीम के कोच

**बेंगलुरु।** स्वीडन के जोआकिम अलेक्जेंडरसन को एक बार फिर भारत की अंडर-17 महिला राष्ट्रीय फुटबॉल टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया। भारतीय टीम अक्तूबर में होने वाले एएफसी अंडर-17 महिला एशियाई कप 2027 क्वालीफायर की तैयारियों में जुट गई है। 24 खिलाड़ियों का दल बुधवार से बेंगलुरु में शुरू हुए ट्रेनिंग शिविर और चयन ट्रायल में शामिल हुआ। भारत को क्वालीफायर के ग्रुप-ई में मेजबान मलेशिया, सीरिया और इराक के साथ रखा गया है। यह प्रतियोगिता पांच से 11 अक्तूबर तक आयोजित होगी।

## आचार आयोग का असुंथा लाकड़ा को नोटिस

**नई दिल्ली।** खेल मंत्रालय द्वारा भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) को हॉकी इंडिया से जुड़े आरोपों की स्वतंत्र जांच समिति गठित करने के निर्देश के बावजूद हॉकी इंडिया के आचार आयोग ने पूर्व कप्तान असुंथा लाकड़ा को कारण बताओ नोटिस जारी कर 30 जुलाई तक जवाब मांगा है। यह नोटिस खिलाड़ी अलबेला रानी टोप्पो की शिकायतों के आधार पर भेजा गया। लाकड़ा ने इसे बदले की कार्रवाई बताते हुए कहा, जब आईओए को मामले की जांच के निर्देश दिए गए हैं तो अब ये नोटिस भेजने का मतलब मुझे परोक्ष रूप से धमकाना है। मैं अपना पक्ष आईओए द्वारा गठित समिति के सामने रखूंगी।

## फिरोजा ने गुकेश को हराकर उलटफेर किया

**चेन्नई।** फ्रांस के ग्रैंडमास्टर अलीरेजा फिरोजा ने मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश को 69 चाल तक चले रोमांचक मुकाबले में हराकर बड़ा उलटफेर किया। इस जीत के साथ उन्होंने चेन्नई ग्रैंड मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट के दूसरे दौर के बाद लगातार दूसरी जीत दर्ज करते हुए दो अंकों के साथ एकल बढ़त हासिल कर ली। भारत के अन्य खिलाड़ियों प्रणेश, अर्जुन एरिगेसी और निहाल सरीन ने अपने से अधिक रेटिंग वाले प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ ड्रॉ खेले। आठ खिलाड़ियों के डबल राउंड-रॉबिन प्रारूप वाले इस टूर्नामेंट की कुल पुरस्कार राशि 75 लाख रुपये है।

## फिडे एक्सीलेंस पुरस्कार की दौड़ में दिव्या, प्रज्ञान

**नई दिल्ली।** विश्व चैंपियन डी गुकेश, आर प्रज्ञानानंदा और अर्जुन एरिगेसी पहले फिडे एक्सीलेंस पुरस्कार में सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी के 10 नामांकित खिलाड़ियों में शामिल हैं, विश्व नंबर एक मैग्नस कार्लसन भी इस सूची में हैं। महिला वर्ग में विश्व कप विजेता दिव्या देशमुख, कोनेरू हम्पी और आर वैशाली हैं। गुकेश और दिव्या को 'बेस्ट ब्रेकथ्रू परफॉर्मेंस' श्रेणी में भी जगह मिली है। पुरस्कार सितंबर में उज्बेकिस्तान के समरकंद में शतरंज ओलंपियाड के दौरान दिए जाएंगे। अखिल भारतीय शतरंज महासंघ को 'सर्वश्रेष्ठ महासंघ' के लिए नामांकित किया गया है।

# कोहली-गंभीर दिन में 10 बार बात करते हैं : कोटक

**सफाई**

**कार्डिफ, एजेंसी।** भारतीय बल्लेबाजी कोच सितांशु कोटक ने मुख्य कोच गौतम गंभीर और स्टार बल्लेबाज विराट कोहली के बीच बातचीत नहीं होने की खबरों को 'कोरी अपवाह' करार देते हुए कहा कि अभ्यास सत्र के दौरान भले ही वे एक-दूसरे से दूर-दूर दिखाई दें, लेकिन वे दिन में 10 बार बात करते हैं।

ऐसी अटकलें हैं कि गंभीर व कोहली काफी समय से एक-दूसरे से बातचीत नहीं कर रहे हैं और बीसीसीआई को सलाह दी गई है कि इन दोनों को साथ बिठाकर उनके मतभेदों को सुलझाने के लिए मध्यस्थ की मदद ले सकते हैं।

बर्मिंघम और कार्डिफ में अभ्यास सत्रों के दौरान भी दोनों को आपस में बातचीत करते नहीं देखा गया। कोहली को अभ्यास सत्र के बाद कोटक से बात करते हुए देखा गया। भारत की दूसरे वनडे में चार विकेट से हार के बाद जब कोटक से पूछा गया कि क्या वह कोहली और गंभीर के बीच 'सेतु' का काम कर रहे हैं तो वह हंसने लगे। उन्होंने कहा, विराट कोहली और गौतम गंभीर दिन में कम से कम 10 बार एक-दूसरे से बात करते हैं। मुझे नहीं लगता कि उन्हें मुख्य कोच से संवाद करने के लिए किसी माध्यम की जरूरत है। कोटक ने कहा, आपने संवादहीनता की बात की है। मुझे नहीं पता कि आप ये बातें कहां से सुनते हैं लेकिन ये कोरी अफवाहें हैं।

### सुझाव नहीं मांगते



सितांशु कोटक ने कहा, जब विराट बल्लेबाजी करने मैदान पर उतरते हैं, तो बल्लेबाजी कोच के तौर पर मैंने यह महसूस किया है कि अगर वह सुझाव नहीं मांगते हैं या कोई ऐसी अहम बात नहीं है जिस पर ध्यान देना जरूरी हो तो उन्हें क्यों परेशान करना।

# क्रिकेट के सबसे मुक्कमल खिलाड़ी थे सोबर्स

**स्मृति शेष**

**ब्रिजटाउन (बारबाडोस), एजेंसी।** बल्लेबाजी में अद्भुत कला, गेंदबाजी में तेज व स्पिन दोनों पर समान अधिकार और मैदान के किसी भी कोने में लाजवाब फील्डिंग। क्रिकेट इतिहास में शायद ही कोई खिलाड़ी इन तीनों कसौटियों पर सर गारफील्ड (गैरी) सोबर्स की बराबरी कर पाया हो। इसी वजह से उन्हें खेल का सबसे मुकम्मल ऑलराउंडर माना जाता है।

वेस्टइंडीज के इस महान क्रिकेटर का शुक्रवार को 89 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। गैरी सोबर्स का जन्म दोनों हाथों में एक-एक अतिरिक्त उंगली (कुल 12 उंगलियों) के साथ हुआ था। बचपन में उन्होंने खुद ही कैटगट (पशु की आंत से बने धागे) और एक तेज चाकू की मदद से इन्हें काटकर अलग कर दिया था।

सोबर्स को विजडन अल्मनैक ने 20वीं सदी के पांच महानतम क्रिकेटरों में शामिल किया था। इस सूची में वह ऑस्ट्रेलिया के महान बल्लेबाज डॉन ब्रैडमैन के बाद दूसरे स्थान पर थे। खुद ब्रैडमैन ने 1988 में कहा था, मुझे यह कहने में रत्ती भर भी झिझक नहीं है कि सोबर्स मेरी देखी हुई दुनिया के सबसे महान ऑलराउंडर थे। 23 साल की उम्र में पाक के खिलाफ 365 रनों की नाबाद पारी खेलकर सोबर्स टेस्ट इतिहास के सबसे युवा तिहरे शतकवीर बने। यह रिकॉर्ड 36 साल तक कायम रहा था। यही नहीं उन्होंने 1973 में लॉर्ड्स में हैंगओवर में ही क्रीज पर उतरकर 150 रन की नाबाद पारी खेली दी। यह उनका 26वां और अंतिम शतक रहा था। जीवन के अंतिम वर्षों में उन्होंने कहा था, लोग मुझे जीनियस कहते हैं पर मेरा मानना है कि मैंने जो कुछ भी हासिल किया, उसके पीछे कड़ी मेहनत थी।

### विश्व युद्ध का दंश और 'तारकोल की गेंद' से क्रिकेट की शुरुआत

अलविदा: 1936-2026



यह तस्वीर 10 जून 2016 की है, जब सोबर्स लॉर्ड्स में घंटी बजाते हुए दर्शकों का अभिवादन कर रहे थे।

#### बचपन का संघर्ष

28 जुलाई, 1936 को बारबाडोस में जन्मे सोबर्स ने सिर्फ पांच साल की उम्र में अपने पिता को खो दिया था, जो मर्चेंट नेवी में थे और विश्व युद्ध के दौरान उनका जहाज डूब गया था। मां ने अकेले ही तंगी में छह बच्चों को पाला।

#### गली क्रिकेट

सोबर्स बचपन में बाड़ की लकड़ी का बल्ला और तारकोल (डामर) के पिघले टुकड़ों की गेंद बनाकर गलियों में क्रिकेट खेलते थे। जब धूप में डामर पिघल जाता, तो वह कपड़े में पत्थर लपेटकर खेलते थे।

#### 'नाइटहुड' (सर) की उपाधि

क्रिकेट में उनके योगदान के लिए 1975 में महारानी एलिजाबेथ द्वितीय ने 50 हजार दर्शकों की मौजूदगी में उन्हें 'नाइटहुड' (सर) की उपाधि दी। 1998 में उन्हें बारबाडोस का 'राष्ट्रीय नायक' घोषित किया गया था।

#### 16 की उम्र में पदार्पण

रेडियो पर क्रिकेट कमेंट्री सुनकर बड़े हुए सोबर्स ने महज 16 साल की उम्र में प्रथम श्रेणी क्रिकेट और 1954 में वेस्टइंडीज के लिए टेस्ट पदार्पण किया।

#### एक ओवर में छह छक्के

सोबर्स 1968 में प्रथम श्रेणी क्रिकेट के एक ओवर में छह छक्के जड़ने वाले पहले बल्लेबाज बने। उन्होंने प्रथम श्रेणी करियर में 28,314 रन बनाए व 11,043 विकेट चटकाए।

**विराम** | बीसीसीआई ने कहा, लॉर्ड्स में रविवार को इंग्लैंड के खिलाफ होने वाला तीसरा वनडे हिटमैन का अंतिम मैच नहीं है, वह भारतीय वनडे टीम के नियमित सदस्य हैं

# अटकलें क्लीन बोल्ड...वनडे क्रिकेट में नहीं थमेगा रोहित का बल्ला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** हिटमैन का बल्ला वनडे में चलता रहेगा। बीसीसीआई ने शुक्रवार को साफ कर दिया कि रविवार को इंग्लैंड के खिलाफ लॉर्ड्स पर तीसरा वनडे उनका आखिरी मैच नहीं है। इसके साथ ही उनके भविष्य को लेकर चल रही अटकलों पर विराम लग गया।

बीसीसीआई सचिव देवाजीत सैकिया ने कहा कि इस तरह की कोई चर्चा नहीं हो रही है कि लॉडर्स पर रविवार को रोहित आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच खेलेंगे। उनके भविष्य को लेकर मीडिया में काफी अटकलें लगाई जा रही है। मैं जोर देकर कहना चाहता हूं कि ऐसी कोई चर्चा नहीं हो रही है। रोहित भारतीय वनडे टीम के नियमित सदस्य हैं। जब तक टीम की योजनाओं का हिस्सा है, देश के लिए खेलते रहेंगे। दूसरे शब्दों में, लॉडर्स वनडे उनका आखिरी मैच नहीं है। ऐसा कहा जा रहा था कि ष्ट्रीय चयनकर्ता उन्हें बता चुके हैं कि वह 2027 में होने वाले वनडे विश्व कप के लिए टीम की योजनाओं का हिस्सा नहीं है। इससे इस संभावना को बल मिला है कि वह मैच के बाद संन्यास का ऐलान कर सकते हैं।

**20** हजार से अधिक रन रोहित ने 513 अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में बनाए हैं। यह भारत की ओर से चौथे सर्वाधिक हैं

**50** शतक उनके बल्ले से निकले हैं जिसमें सर्वाधिक 33 वनडे में जड़े हैं। उनसे अधिक सैकड़े भारत की ओर से सचिन (100) और कोहली (85) ने ही जड़े हैं

**27** सितंबर को खेलना है भारत को लॉर्ड्स के बाद अपना अगला वनडे जो घर पर वेस्टइंडीज के खिलाफ होगा



### आशंकाएं खत्म लेकिन सवाल अब भी बाकी

बीसीसीआई ने साफ कर दिया है कि लॉर्ड्स वनडे रोहित शर्मा का आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं होगा। इसके बावजूद उनके भविष्य को लेकर चर्चा यूं ही शुरू नहीं हुई। टेस्ट क्रिकेट से उनके अचानक संन्यास, कप्तानी में बदलाव और चयन को लेकर अलग-अलग तरह की खबरों ने इस बहस को हवा दी। कुछ मीडिया रिपोर्टों में यह भी दावा किया गया कि चयनकर्ता भविष्य को ध्यान में रखकर युवा खिलाड़ियों को ज्यादा अवसर देने के पक्ष में हैं। हालांकि इन दावों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। रोहित पहले ही कह चुके हैं कि उनका लक्ष्य 2027 वनडे विश्व कप तक खेलना है, जबकि बोर्ड ने भी फिलहाल उनके भविष्य पर किसी तरह की चर्चा से इनकार किया है। ऐसे में तत्काल तस्वीर साफ नजर आती है, लेकिन भविष्य में टीम संयोजन, प्रदर्शन और 2027 विश्व कप की तैयारियां चयनकर्ताओं के फैसलों को प्रभावित कर सकती हैं।

### 'नहीं कहूंगा रोहित संघर्ष कर रहे हैं'

**कार्डिफ।** भारतीय टीम के बल्लेबाजी कोच सितांशु कोटक ने गुरुवार को कहा, मैं यह नहीं कहूंगा कि रोहित संघर्ष कर रहे हैं। लेकिन शायद वह जिन शॉट को आमतौर पर ऊपर की ओर खेलते हैं। उन पर सहज महसूस नहीं कर रहे थे। ऐसा डबल बाउंस के कारण हो सकता है। उन्होंने रोहित की खराब प्रदर्शन के लिए हो रही आलोचना को खारिज करते हुए कहा है कि वह न तो दबाव में हैं और न ही खराब फॉर्म से गुजर रहे हैं।

# हॉकी विश्व कप : भरोसेमंद खिलाड़ियों पर भारत का दांव

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अगले महीने बेल्जियम और नीदरलैंड्स में 15 से 30 अगस्त तक होने वाले महिला हॉकी विश्व कप के लिए भारत ने भरोसेमंद खिलाड़ियों पर ही दांव लगाया है।

शुक्रवार को घोषित 20 सदस्यीय टीम में कोई बदलाव नहीं किया गया है। सितंबर-अक्तूबर में जापान के आइची-नागोया में होने वाले एशियाई खेलों के लिए चुनी टीम को बरकरार रखा गया है। कप्तानी सलीमा टेटे करेंगी। गोलकीपिंग का जिम्मा सविता और बिचू पर रहेगा। मुख्य कोच शोर्ड मारिन ने इसे अनुभवी और युवा खिलाड़ियों का संतुलित मिश्रण बताया है। विश्व कप में भारत को पूल डी में चीन, इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका के साथ रखा गया है। भारतीय टीम सभी लीग मैच नीदरलैंड्स के एमस्टेलवीन स्थित वैगनर हॉकी स्टेडियम में खेलेगी।

**टीम**

**गोलकीपर :** सविता, बिचू देवी खारीबाम। **डिफेंडर :** इशिका चौधरी, सुशीला चानू, लालथंतलुआंगी, ज्योति, शिल्पी डबास। **मिडफील्डर :** सलीमा टेटे (कप्तान), निक्की प्रधान, साक्षी राणा, सुनेलिता टोप्पो, नेहा, दीपिका सोरेंग। **फॉरवर्ड :** लालरेम्सियामी, रुतुजा दादासो पिसल, नवनीत कौर, दीपिका, इशिका, बलजीत कौर, ब्यूटी डुंगडुंग।

वायु सेवा शुल्क : मुम्बई एवं अहमदाबाद-₹ 10.00
प्रकाशक समुद्र भट्टाचार्य द्वारा हिन्दुस्तान मीडिया वेन्चर्स लिमिटेड के पक्ष में 18-20, कस्तूरबा गांधी मार्ग, नई दिल्ली-110001 से प्रकाशित एवं मुद्रक मनहर कपूर द्वारा एच टी मीडिया लिमिटेड, प्लॉट नं.-8, उद्योग विहार, ग्रेटर नोएडा, जिला : गौतमबुद्ध नगर (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित।
प्रधान सम्पादक : शशि शेखर प्रबंध संपादक : प्रताप सोमवंशी* दूरभाष : (011) 23361234, सम्पादकीय (011) 66561364, 66561263, प्रसार : (011) 66561111, विज्ञापन (011) 66561442, 66561189, फैक्स : (011) 66561451, 66561270 आर.एन.आई. नं. 509/57
*संपादक इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.पी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।

# बारिश में भी चुनिए खाना सेहतमंद

बारिश की पहली फुहार पड़ते ही गर्मा-गर्म चाय के साथ पकौड़े, समोसे और तीखी-चटपटी चाट की याद आना स्वाभाविक है। हालांकि, अधिकांश लोग इस बात से अनजान होते हैं कि बारिश के मौसम और इस तरह के भोजन का एक गहरा मनोवैज्ञानिक संबंध है। क्या है इस संबंध का राज, बता रही हैं स्मिता



मानसून प्रकृति की उस अलार्म घड़ी की तरह है, जो हर साल बिना चूके दस्तक देता है। जिस तरह से हमें नियत समय पर भूख लगती है, ठीक उसी तरह मानसून की पहली फुहार पड़ते ही हमें गर्मागर्म चाय के साथ पकौड़े, समोसे और तीखी-चटपटी चाट खाने की तलब भी होने लगती है। कभी सोचा है कि बारिश के मौसम में हमारे साथ ऐसा क्यों होता है?

### क्या कहते हैं अध्ययन

फ्रंटियर इन पब्लिक हेल्थ जर्नल में प्रकाशित शोध के अनुसार, मौसमी बदलाव खानपान की आदतों पर गहरा असर डालते हैं। तापमान में कमी हमें अक्सर ऐसे खाद्य पदार्थ चुनने के लिए प्रेरित करती है, जो हमें गर्माहट का अहसास दिलाए। मौसम, मूड और खानपान के बीच के इस संबंध का असर सबसे ज्यादा महिलाओं पर देखा जा सकता है। दरअसल, मानसून में तली-भुनी व नमकीन स्नैक्स खाने की इच्छा बायोलॉजिकल और भावनात्मक कारणों से होती है।



### क्रिस्पी गर्म स्नैक्स की तलब

प्राकृतिक रूप से बारिश का मौसम स्वादिष्ट खाने की इच्छा जगाता है। आपके मन में यह सवाल कई बार जरूर उठा होगा कि आखिर बारिश में ही ऐसे लज्जतदार स्नैक्स का स्वाद हमारी जीभ बार-बार क्यों लेना चाहती है? इस बाबत न्यूट्रिशनिस्ट डॉ. सीमा चतुर्वेदी बताती हैं बारिश में तली-भुनी चीजें खाने की तीव्र इच्छा के पीछे पूरी तरह जैविक कारण होते हैं। मानसून में धूप कम निकलने से शरीर में मूड खुश रखने वाले हार्मोन सेरोटोनिन का स्तर कम हो जाता है, जिसकी तुरंत भरपाई के लिए हमारा दिमाग वसा व कार्बोहाइड्रेट की मांग करता है। मौसम ठंडा होने पर शरीर अपने अंदरूनी तापमान को बनाए रखने के लिए कैलोरी से भरपूर खाद्य पदार्थों की ओर आकर्षित होता है।

### सेहतमंद विकल्प

- **भुना ताजा भुट्टा**: ताजे भुट्टे को चूल्हे पर पका लें। उस पर काला नमक, नीबू और काली मिर्च पाउडर लगाकर खाएं।
- **कॉर्न भेल**: खीरा, टमाटर, प्याज, गाजर, हरी मिर्च को बारीक काट लें। इसमें अंकुरित मूंग, काला नमक, काली मिर्च पाउडर, चाट मसाला और ढेर सारे उबले कॉर्न मिलाएं। बारिश के दिनों के लिए यह बेहतर नाश्ता है।
- **शकरकंद चाट** : उबले हुए शकरकंद को छीलकर छोटे-छोटे टुकड़ों में काट लें। अब इसमें चाट मसाला, काला नमक, भुने जीरे का पाउडर और दही मिलाएं और फिर खाएं।
- **पापड़ मिक्स सब्जी** : कुंदरू, परवल जैसी हरी सब्जियों को काट कर उन्हें हल्का भून लें। पुदीने की चटनी और भुने पापड़ को चूर कर इसमें मिला दें। बारिश के दिनों में यह मिक्स सब्जी भी एक सेहतमंद विकल्प हो सकता है।

### अपनी सेहत का भी रखें ध्यान

भारत में अधिकांश लोग दिन भर में 5,000 कदम बमुश्किल चलते हैं। ऐसे में एक बार स्नैक्स खाने से उनकी दिन भर की मेहनत बर्बाद हो सकती है। उदाहरण के लिए, यदि एक समोसा खाने से शरीर को लगभग 262 कैलोरी मिलती है, जिसे बर्न करने के लिए आपको एक घंटा टहलना होगा। यही नहीं, भारत में बारिश के मौसम के दौरान कंफर्ट फूड यानी मन को सुकून देने वाले खाने की खपत में 80% से ज्यादा बढ़ोतरी हो जाती है। नमकीन, आलू के चिप्स, भुने हुए मखाने जैसे पैक्ड क्रिस्पी स्नैक्स की बिक्री भी बढ़ जाती है। बारिश के मौसम में तला-भुना खाना आपकी सेहत न बिगाड़े, इसलिए खानपान को संतुलित करना होगा। साथ ही शारीरिक रूप से सक्रिय रहें।

### तीखा खाने की चाहत का विज्ञान

मानसून में हम मिर्च के तरह-तरह के पकौड़े और मसालेदार व्यंजन भी खूब खाना चाहते हैं। माइंड जर्नल में प्रकाशित शोध के अनुसार, मिर्च में कैप्साइसिन नाम का तत्व होता है। यह हमारे मुंह की नसों को यह सोचने पर मजबूर कर सकता है कि हमने तापमान के हिसाब से कुछ गर्म खाया है। दिमाग इस पर प्रतिक्रिया देता है और शरीर से पसीना निकलने लगता है। इससे खून में खुशी देने वाला डोपामाइन रिलीज होता है। केमिकल मैसेंजर की तरह काम करने वाला डोपामाइन तीखा खाने से होने वाली जलन को ज्यादा महसूस नहीं होने देता है। अदरक में मौजूद जिंजरोल तत्व भी वही काम करता है, जो मिर्च में कैप्साइसिन करता है। मिर्च और अदरक में पाए जाने वाले सक्रिय तीखे तत्व मानसून में शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली और पाचन तंत्र को भी लाभ पहुंचाते हैं। वैसे बारिश के दिनों में हमेशा तला हुआ खाने की बजाय सेहतमंद खाना खाएं। इससे शरीर को जरूरी ऊर्जा मिलती है, जिससे सेरोटोनिन व डोपामाइन जैसे हार्मोन का स्राव बेहतर होता है। ये हमारे मूड और नींद को नियंत्रित करते हैं।

परवरिश

# एआई के दौर में बच्चों को सोचना सिखाएं

एआई हर जगह है। हमारे बच्चों की जिंदगी में भी। इससे बच्चों की न सिर्फ एकाग्रता व रचनात्मकता प्रभावित हो रही है, बल्कि सवाल पूछने का उनका सहज गुण भी खत्म होता जा रहा है। एआई को बचपन पर हावी होने से कैसे बचाएं, बता रही हैं स्वाति गौड़

**बचपन** के मायने अब बदल गए हैं। पहले जहां बच्चे अपनी हर जिज्ञासा का समाधान बड़ों से सवाल पूछ कर किया करते थे, वहीं अब वे अपने हर सवाल को लेकर चैटजीपीटी और गूगल जेमिनी जैसे एआई टूल के पास जाते हैं। यूनिसेफ की एक रिपोर्ट के अनुसार, हर 10 में से 1 बच्चा एआई से उन चीजों पर सलाह लेता है, जो उसे परेशान करती हैं। दुनिया भर में करीब एक करोड़ से ज्यादा बच्चे पढ़ाई में एआई का इस्तेमाल करते हैं।

पर क्या आपको पता है कि एआई का ज्यादा इस्तेमाल बच्चों की एकाग्रता को नुकसान पहुंचा रहा है। उन्हें अपने हरेक सवाल का जवाब उसी समय चाहिए होता है और एआई इस काम में माहिर है। जब जवाब फौरन मिल जाता है तो संयम, जिज्ञासा व संघर्ष का महत्व भी कम हो जाता है। बेशक एआई एक अच्छा शिक्षक हो सकता है, मगर मानवीय समझ, गहराई से सोचने और असफल हो जाने पर दोबारा प्रयास करने के अनुभव की जगह नहीं ले सकता है। बच्चों में रचनात्मकता बढ़ाने के उन तरीकों को इस्तेमाल में लाना जरूरी है, जो वास्तव में फायदेमंद हैं। तभी उनके भीतर भावनात्मक समझ व अपनी कल्पनाशक्ति इस्तेमाल करने जैसे गुणों का विकास होगा। इसमें निम्न उपाय फायदेमंद साबित होंगे :



### जिज्ञासा को बढ़ावा दें

बच्चे अपने बड़ों को देखकर ही कुछ नया सीखते हैं। जब वह आपके भीतर कुछ नया जानने की जिज्ञासा देखेंगे, तो उनके भीतर भी कुछ नया सीखने को लेकर कौतूहल पैदा होगा। जैसे, यदि वह कोई सवाल पूछे तो सहजता से कहें कि आपको उसका उत्तर नहीं पता है। फिर बच्चे के साथ मिलकर उस सवाल के जवाब को खोजें। इससे बच्चों में स्कूली पढ़ाई के अलावा भी कुछ जानने की दिलचस्पी पैदा होती है।

### बोर होना बुरा नहीं

बच्चों के लिए बोर होना भी जरूरी है, क्योंकि ऊब महसूस होने पर ही उनमें रचनात्मकता जन्म लेती है। हर दिन कुछ समय बिना किसी स्क्रीन के रहने का नियम बनाएं। बच्चों को घर में मौजूद चीजों से कोई नया खेल या कुछ भी नया बनाने की चुनौती दें। उनका दिमाग सक्रिय रहेगा।

### अनुभवों से सीखने दें

बच्चों में रचनात्मकता का विकास कोशिशों, गलतियों और जोखिम लेने से होता है। इसलिए कुछ काम उन्हें अपने हिसाब से करने दें। जैसे, जब बच्चा अपनी कल्पनाशक्ति से कुछ नया बनाए तो सिर्फ शाबाशी देने के बजाय उससे पूछें कि उसे उस चीज को बनाने का विचार उसे कहां से मिला। ऐसा करने से बच्चा तारीफ के साथ सहज होकर अपनी गलतियों और खामियों को स्वीकार करना सीख पाएगा।

### सीमाएं निर्धारित करें

एआई से बच्चों को पूरी तरह दूर रखना तो संभव नहीं, लेकिन उसके इस्तेमाल की सीमा निर्धारित की जा सकती है। बच्चों को समझाएं कि एआई उनके दिमाग और रचनात्मकता की जगह नहीं ले सकता है। उन्हें डायरी लिखने के लिए प्रेरित करें। यदि ऐसा लगे कि बच्चा सारा काम ही एआई की मदद से कर रहा है, तो उसे दोबारा उस काम को करने के लिए कहें।

*(शिक्षाविद डॉ. नेहा तिवारी से बातचीत पर आधारित)*

# मसालेदार कुरकुरा स्वीट कॉर्न

बारिश के मौसम की बातें मकई के मीठे-मीठे दाने यानी स्वीट कॉर्न के बिना अधूरी हैं। स्वाद व सेहत दोनों के मामले में यह अव्वल है। इस मौसम में स्वीट कॉर्न से बनाएं कुछ कुरकुरे, चटपटे व्यंजन। रेसिपीज बता रही हैं शारदा श्री



रेसिपी

## क्रिस्पी कॉर्न-शिमला मिर्च चाट

कितने लोगों के लिए : 02
कुकिंग टाइम 30 मिनट

**सामग्री**
- **स्वीट कॉर्न** : 2 कप
- **मैदा** : 1 चम्मच
- **कॉर्नफ्लोर** : 1 चम्मच
- **चावल का आटा** : 1 चम्मच
- **काली मिर्च पाउडर** : 1 चम्मच
- **तेल** : आवश्यकतानुसार
- **बारीक कटी शिमला मिर्च** : 1/2 कप
- **बारीक कटा प्याज** : 1
- **बारीक कटी हरी मिर्च** : 2
- **मीठी चटनी** : 1 चम्मच
- **हरी चटनी** : 1 चम्मच
- **चाट मसाला** : 1 चम्मच
- **लाल मिर्च पाउडर** : 1/2 चम्मच
- **काला नमक** : चुटकी भर
- **नमक** : स्वादानुसार
- **नीबू का रस** : 2 चम्मच
- **बारीक कटी धनिया पत्ती** : गार्निशिंग के लिए

**विधि**
एक पैन में तेल गर्म करें और शिमला मिर्च को तेज आंच पर कुछ सेकेंड भून लें। फिर इसे एक प्लेट में निकाल लें। अब एक बड़े बर्तन में स्वीट कॉर्न, मैदा, कॉर्न फ्लोर, चावल का आटा, काली मिर्च पाउडर और नमक डालकर अच्छी तरह से मिलाएं। कड़ाही में तेल गर्म करें और स्वीट कॉर्न को गर्म तेल में थोड़ा फैलाकर डालें। फिर इसे सुनहरा होने तक भूनें। इसके बाद इसे टिश्यू पेपर पर निकाल लें, ताकि इससे अतिरिक्त तेल निकल जाए। एक बड़े बर्तन में शिमला मिर्च, प्याज, मीठी चटनी, हरी चटनी, लाल मिर्च पाउडर, चाट मसाला, काला नमक, नीबू का रस और नमक डालकर अच्छी तरह से मिलाएं। इसके बाद तले हुए कॉर्न को इसमें डालकर दोबारा मिलाएं। इसे धनिया पत्ती से गार्निश कर तुरंत ही सर्व करें।



## स्वीट कॉर्न भेल

कितने लोगों के लिए : 02
कुकिंग टाइम 40 मिनट

**सामग्री**
- **उबले हुए स्वीट कॉर्न** : 1 कप
- **कटा प्याज** : 1
- **उबला हुआ आलू** : 1
- **मीठी चटनी** : 2 चम्मच
- **चाट मसाला** : 1 चम्मच
- **बारीक कटी हरी मिर्च** : 2
- **बारीक कटी धनिया पत्ती** : 4 चम्मच
- **नमक** : स्वादानुसार
- **काली मिर्च पाउडर** : स्वादानुसार
- **सेव** : गार्निशिंग के लिए

**विधि**
उबले आलू का छिलका छीलकर उसे छोटे-छोटे टुकड़ों में काट लें। एक बड़े बर्तन में उबला स्वीट कॉर्न, प्याज, आलू, हरी मिर्च और धनिया पत्ती डालें। इस मिश्रण में सेव के अलावा अन्य सभी सामग्री को डालकर अच्छी तरह से मिलाएं। अब तैयार भेल को एक सर्विंग प्लेट में निकालें। फिर इसे सेव से गार्निश करके सर्व करें।



## स्वीट कॉर्न-ओट्स पकौड़ा

कितने लोगों के लिए : 04
कुकिंग टाइम 50 मिनट

**विधि**
पेस्ट बनाने के लिए-
- **स्वीट कॉर्न** : 2 कप
- **हरी मिर्च** : 2
- **अदरक** : 1 टुकड़ा
- **जीरा** : 1 चम्मच;

**अन्य सामग्री:**
- **बारीक कटा प्याज** : 1
- **बारीक कटी धनिया पत्ती** : 1/2 कप
- **इंस्टेंट ओट्स** : 1 कप
- **चावल का आटा** : 1 चम्मच
- **नमक** : स्वादानुसार
- **तेल** : आवश्यकतानुसार

**सामग्री**
ओट्स को ग्राइंडर में पीस लें। स्वीट कॉर्न, हरी मिर्च, अदरक, जीरा और चार चम्मच पानी को ग्राइंडर में डालकर दरदरा पीस लें। इस पेस्ट को एक बड़े बर्तन में डालें और उसमें तेल के अलावा बाकी अन्य सभी सामग्री डाल दें। सभी सामग्री को अच्छी तरह से मिलाएं। मिश्रण इतना गाढ़ा होना चाहिए कि उससे पकौड़े आसानी से बन जाएं। अगर मिश्रण पतला हो जाए, तो उसे गाढ़ा करने के लिए उसमें चावल का आटा या बेसन मिला दें। अब नीबू के आकार जितना मिश्रण लें। हथेलियों को पानी से गीला करें और मिश्रण को चपटा करें। सारे मिश्रण से ऐसे ही पकौड़े बनाएं और उसे 15 मिनट के लिए फ्रिज में रख दें। कड़ाही में तेल गर्म करें। जब उससे धुआं निकलने लगे तो आंच मध्यम करें और धीरे-धीरे पकौड़ों को गर्म तेल में डालें। सुनहरा होने तक दोनों ओर से पकाएं और मनपसंद चटनी के साथ गर्मा-गर्म सर्व करें।



# बादलों की कमी से बढ़ रही धरती की तपिश

**चिंताजनक**

**लंदन, एजेंसी।** आसमान में सफेद बादल तेजी से घट रहे हैं, जिससे जलवायु परिवर्तन और धरती के बढ़ते तापमान का खतरा बढ़ रहा है।

अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिक शोध पत्रिका एनवायर्नमेंटल रिसर्च लेटर में प्रकाशित एक हालिया अध्ययन के अनुसार, साल 1979 के बाद से पृथ्वी द्वारा अंतरिक्ष में वापस भेजी जाने वाली सूरज की रोशनी की मात्रा में लगातार कमी आई है। वैज्ञानिकों ने उपग्रह डाटा का विश्लेषण कर इस संबंध में जानकारी इकट्ठा की है।

हजारों सालों से सफेद बादल एक विशाल आईने की तरह काम कर रहे थे। ये सूरज की तेज किरणों और गर्मी को वापस अंतरिक्ष में परावर्तित कर देते थे, जिससे धरती का तापमान रहने लायक बना रहता था। लेकिन अब, हवा के बदलते बहाव के कारण दुनिया के सबसे ज्यादा रोशनी परावर्तित करने वाले बादल सिस्टम सिकुड़ रहे हैं।




## कार्यालय उपनिदेशक (निर्माण)
## राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद, उ.प्र.
### ए-3 दामोदर कालोनी, गढ़ रोड, मेरठ

पत्रांकः नि0ख0मेरठ/निविदा/2026-567 दिनांकः 17 जूलाई, 2026

**ई-निविदा सूचना**

निर्माण खण्ड मेरठ के क्षेत्रान्तर्गत जनपद, गाजियाबाद एवं बुलन्दशहर अन्तर्गत सम्पर्क मार्ग की निर्माण/मरम्मत का कार्य हेतु वित्तीय रूप से सुदृढ़ व पंजीकृत ठेकेदारों से ई-निविदा दिनांक 10.08.2026 अपरान्ह 5:00 बजे तक ऑनलाईन आमन्त्रित की जाती है। ऑनलाइन निविदा वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर दिनांक 18.07.2026 को प्रातः 10:00 बजे से दिनांक 10.08.2026 तक सांय 5:00 बजे तक डाउनलोड कर अपलोड की जा सकती है। निविदा की तकनीकी बिड दिनांक 11.08.2026 को पूर्वान्ह 11:00 बजे अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में खोली जायेगी। उक्त निर्धारित तिथि को सार्वजनिक अवकाश घोषित हो जाने की स्थिति में अगले कार्यदिवस में उक्त निर्धारित समय के अनुसार तकनीकी व वित्तीय बिड खोली जायेंगी। कार्य का विवरण निम्नानुसार है :-

| निविदा संख्या | कार्य का नाम | कार्य की लागत (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (जी0एस0टी0 सहित) (रू0 में) | धरोहर धनराशि (रू0 लाख में) | ठेकेदार की श्रेणी | निविदा की वैधता | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 805 | सम्पर्क मार्ग "गोविंदपुरी सारा मार्ग से कादराबाद नाले की पटरी पर गांवडी मार्ग तक का मरम्मत कार्य। 2026_RKUMP_1170218 | 20.56 | 3100.00 +556.00 3656.00 | 2.06 | 'द' | 90 दिन | चार माह |
| 806 | सम्पर्क मार्ग खेलिया रिवाडा मार्ग से ग्राम कल्याणपुर तक का मरम्मत कार्य। 2026_RKUMP_1170224 | 23.04 | 3500.00 +623.00 4123.00 | 2.31 | 'द' | 90 दिन | चार माह |

(1) निविदा के साथ नॉन रिफंडेबल निविदा मूल्य ऑनलाइन भारतीय स्टेट बैंक (IFSC Code SBIN0008696) के खाता संख्या 30394538423 मे जमा कराकर रसीद ई-निविदा के साथ अपलोड करना अनिवार्य होगा।
(2) धरोहर धनराशि की धनराशि ऑनलाइन भारतीय स्टेट बैंक (IFSC Code SBIN0008696) के खाता संख्या 30394538604 मे जमा कराकर रसीद ई-निविदा क साथ अपलोड करना अनिवार्य होगा।
(3) ई-निविदा स्वीकृति/अस्वीकृति करने का पूर्ण अधिकार उपनिदेशक (निर्माण), मण्डी परिषद मेरठ को होगा।
(4) परिषद पत्रांकःमु0अभि0-2/(1168/भाग-4/2005)/2022-1190 दिनांक 17.11.2022 द्वारा निविदओं की पारदर्शिता बनी रहे तथा और अधिक प्रतिस्पर्धात्मक दरें प्राप्त हो सके, हेतु मण्डी परिषद में पंजीकृत अन्य श्रेणी के ठेकेदार standard Bidding Documents (S.B.D) में Qualification of Bidders के section 4.6 में दी गई व्यवस्था के अनुसार निविदाओं में प्रतिभाग कर सकेंगे ।
(5) नियम व शर्ते कार्यालय अवधि में तथा वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर एवं उक्त निर्धारित अवधि में ऑनलाइन देखी/डाउनलोड की जा सकती है।

उपनिदेशक (निर्माण)



www.LiveHindustan.com | Livehindustan | Livehindustannews | Live_hindustan



# DailyEpaper.in
One Place. Endless Reading.

INDIA'S MOST TRUSTED
**DIGITAL READING PLATFORM**
Newspapers . Magazines . Editorials

**15K+** Happy Users in Paid Plan | **7 Million+** Readers on Websites | **100% Safe** Secure & Ad-Free

# CHOOSE YOUR PERFECT PLAN
All Newspapers. All Magazines. All Editorials. One Subscription.

## 1 ALL HINDI PASS
Perfect For
Hindi Readers, State Govt Aspirants & General Readers



INCLUDES
- 24+ All Hindi Newspapers
- Daily Editorial
- Full Edition - Single Edition (All Major Cities)
- Easy to Read & Download

**24+** HINDI NEWSPAPERS

| DURATION | PRICE | |
|---|---|---|
| 1 MONTH | ~~₹149~~ | ₹79 |
| 6 MONTHS | ~~₹499~~ | ₹279 |
| 1 YEAR | ~~₹799~~ | ₹419 |

CLICK HERE

## 2 ALL ENGLISH PASS
Perfect For
UPSC, SSC, Bank, MBA, Professionals & English Readers



INCLUDES
- 25+ All English Newspapers
- Daily Editorial
- Full Edition -Single Edition (All Major Cities)
- Easy to Read & Download

**25+** ENGLISH NEWSPAPERS

| DURATION | PRICE | |
|---|---|---|
| 1 MONTH | ~~₹169~~ | ₹89 |
| 6 MONTHS | ~~₹599~~ | ₹289 |
| 1 YEAR | ~~₹899~~ | ₹429 |

CLICK HERE

## 3 PREMIUM NEWSPAPER PASS
Perfect For
UPSC, IAS, Professionals & Editorial Readers



INCLUDES
- The Hindu
- The Indian Express
- Business Line
- The News Indian Express
- Daily Editorial

3-DAY TRIAL
₹19 ~~₹49~~

| DURATION | PRICE | |
|---|---|---|
| 1 MONTH | ~~₹129~~ | ₹69 |
| 6 MONTHS | ~~₹499~~ | ₹269 |
| 1 YEAR | ~~₹699~~ | ₹399 |

CLICK HERE

## ⭐ MOST POPULAR ⭐
## 4 ALL IN ONE PASS
Perfect For
UPSC, SSC, Banking, PCS, Judiciary, CUET, Researchers & Journalists



INCLUDES
- All Hindi Newspapers (24+)
- All English Newspapers (25+)
- Daily Editorial
- International Newspapers (Top Global Newspapers)
- Full Edition - Single Edition (All Major Cities)
- 2-Year Backup IN PDF (only in Yearly Plan)

3-DAY TRIAL
₹29 ~~₹69~~

| DURATION | PRICE | |
|---|---|---|
| 1 MONTH | ~~₹249~~ | ₹129 |
| 6 MONTHS | ~~₹899~~ | ₹499 |
| 1 YEAR | ~~₹1299~~ | ₹749 |

CLICK HERE

## 5 MAGAZINE PASS
Perfect For
Current Affairs, Knowledge, Business & Exam Preparation



INCLUDES
- 125+ Indian Magazines
- 150+ International Magazines
- Daily Update (New Magazines)
- Easy to Read & Download
- All Categories Covered

**125+** INDIAN MAGAZINES
150+ INTERNATIONAL MAGAZINES

| DURATION | PRICE | |
|---|---|---|
| 1 MONTH | ~~₹249~~ | ₹149 |
| 6 MONTHS | ~~₹1199~~ | ₹699 |
| 1 YEAR | ~~₹1799~~ | ₹999 |

CLICK HERE

SINGLE EDITIONS All Papers In One Place | DAILY UPDATES After 6 AM Everyday | EASY TO READ Mobile, Tablet & Desktop | DAILY EDITORIALS Excluded in Every Plan | SECURE & AD-FREE 100% Safe Experience | 24X7 SUPPORT Always Here To Help You



PERFECT FOR ASPIRANTS & PROFESSIONALS
UPSC/IAS | SSC | BANKING | PCS/STATE PCS | JUDICIARY | DEFENCE | RESEARCHERS | STUDENTS

LIMITED TIME OFFER!

Save More with 6 Months & 1 Year Plans!
More Duration, More Savings!

100% Safe Payments
Multiple Payment Options
UPI paytm PhonePe G Pay VISA RuPay

Trusted By Thousands | 7Million+ Reader on Website | Daily Updates | Unmatched Collection | One Subscription | Endless Benefits